www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



# देशबन्धु

*पत्र नहीं मित्र*



रायपुर, मंगलवार, 29 अगस्त 2023 | वर्ष – 65 | अंक –134 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन में पांच सौ करोड़ से अधिक का घोटाला : कांग्रेस — पृष्ठ 2

■ कोटा के कोचिंग छात्रों की आत्महत्याएं: ये युवा खून किस के हाथों पर है! — पृष्ठ 6

■ पश्चिमी लॉबी ने पाकिस्तान चुनाव में अपेक्षित देरी पर दी चेतावनी
■ अमेरिका की वाणिज्य मंत्री चार दिवसीय यात्रा पर चीन पहुंची — पृष्ठ 7

नीरज बने विश्व चैंपियन — पृष्ठ 8

**जी-20 शिखर सम्मेलन**

# ब्रिटेन-अमेरिका समेत बड़े देशों के खुफिया एजेंटों ने डेरा डाला

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली**, 28 अगस्त (देशबन्धु) ।दिल्ली में 9 से 10 सितंबर को होने वाले जी-20 सम्मेलन के लिए देश की सुरक्षा एजेंसियां से लेकर रॉ व आईबी तो चप्पे-चप्पे पर नजर रख ही रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष इसमें शिरकत करेंगे। इसलिए इन तमाम देशों की खुफिया एजेंसियों के सीक्रेट एजेंट भी दिल्ली आ चुके हैं। भारत की विदेशी खुफिया एजेंसी रॉ सभी खुफिया एजेंटो से तालमेल के लिए नोडल एजेंसी का काम रही है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार संभाल रहे कमान**

बताया जा रहा है कि नेशनल सिक्युरिटी एडवाइजर खुद जी-20 सुरक्षा व्यवस्था की पूरी कमान संभल रहें है। बता दें कि अगले महीने 8 से 10 सितंबर तक जी-20 समिट को देखते हुए दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था के इतने कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं कि 28 जनवरी और 15 अगस्?त को किए जाने वाले सुरक्षा इंतजाम भी फीके पड़ जाएं। जी-20 समिट में आने वाले राष्ट्राध्यक्षों की सुरक्षा के लिए उन देशों की सुरक्षा एजेंसियां भी भारत आने लगी है।

■ **गगन से धरा तक हर गतिविविध पर सीक्रेट एजेंटों की नजर**
■ **20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष सम्मेलन में शिरकत करेंगे**

जानकारी के मुताबिक आईबी और रॉ में एक खास डेस्क बनाया गया है जो अमेरिका की सीआईए, ब्रिटेन की एमआई- 6 और चीन की एमएसएस एजेंसियों के भारत में आए एजेंटों से सूचनाओं को आदान प्रदान व सुरक्षा के तालमेल के लिए नोडल एजेंसी का काम कर रही है। दिल्ली के जिन होटलों में जी-20 मेम्बर देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री रुकेंगे उन होटलों की सुरक्षा के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल तक आने जाने वाले सभी रास्तों की जानकारियां भी इन देशों की सुरक्षा एजेंसियों के साथ शेयर की जा रही है जिससे आपसी सहयोग के जरिये सुरक्षा के बेहतर इंतज़ाम किये जा सके।

**सुरक्षा बलों के साथ कई दौर की बैठक हुई**

सूत्रों के मुताबिक जी-20 सम्मेलन की सुरक्षा को लेकर आईबी दिल्ली पुलिस, नेशनल सिक्युरिटी गॉर्ड, अर्धसैनिक बलों के साथ साथ सेना के अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठक हो चुकी है। जबकि रॉ विदेश एजेंटों से तालमेल स्?थापित करने का काम कर रही है। बॉक्स भारतीय सेना भी जमीन से लेकर आसमान पर रखेगी नजर रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक सम्मेलन के दौरान एयरफोर्स और भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर लगातार दिल्ली के आसमान गश्त करेंगे । इन हेलिकॉप्टर में सेना और एनएसजी के कमांडो हर वक्त मौजूद रहेंगें। एनएसजी ड्रोन हमले के खतरे को देखते हुए कई जगहों पर एन्टी-ड्रोन सिस्टम लगा रही है, जिससे दुश्मन के किसी भी साजिश को नाकाम किया जा सके। साथ ही दिल्ली की हाई राइज बिल्डिंगों पर एनएसजी और सेना के स्नाइपर तैनात होंगे।

**कांग्रेस का संकल्प शिविर**

# बिना विधायक दिए भाटापारा को जिला कैसे दें : भूपेश

**केन्द्र सरकार पर तीखा प्रहार**

**भाटापारा**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा जिले की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जब यह कहा कि बिना विधायक दिए भाटापारा को जिला कैसे दें.. तो एक पल के लिए सन्नाटा पसर गया। उन्होंने यह कहा कि भाटापारा हमेशा से कांग्रेस का गढ़ रहा है, फिर भी हम क्यों हार रहे हैं ? चिंतन करें , खामियां दूर करें और आगत विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को विजय श्री दिलाएं। कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित संकल्प शिविर में शामिल होने आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सामने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश सरकार कीं उपलब्धियां गिनाई, साथ ही कुछ माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाने की अपील की। भाजपा पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का जिस तरह दुरुपयोग कर रही है, वह प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का प्रयास है ।

**जीत के लिए ईमानदार कोशिश**

संकल्प शिविर में आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रत्याशी ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢



## मेरे जन्मदिन पर ईडी के छापे के गिफ्ट का रिटर्न गिफ्ट देगी छत्तीसगढ़ की जनता

**तखतपुर**, 28 अगस्त (देशबा)।ईडी और आईटी के छापों से केंद्र सरकार छीसगढ़ में भय का माहौल बना रही है। मेरे जमदिन पर ही ईडी के छापे मारवाकर केंद्र सरकार ने जो गिफ्ट दिया है प्रदेश की जनता हमें छीसगढ़ में 75 सीटें जीताकर उहें रिर्टन गिफ्ट देगी। उक्त बातें कृषि उपज मडी प्रांगा में आयोजित संकल्प शिविर में मुख्यमांी भूपेश बोल ने कही।

कार्यक्रम की शुरूआत छीसगढ़ महतारी एवं महामा गांधी के छापाचिा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्यमांी भूपेश बोल ने कहा कि विधानसभा 2018 में यहां पर एसडीएम कार्यालय का ोराव बैलगाड़ी से किया था। भाजपा सरकार ने 15 वर्षों में प्रदेश की जनता को परेशान किया था। तखतपुर विधानसभा की 13 बेटियां नसबंदी काड में अपना जीवन खो दिया, आंख फोड़वा काड, गर्भाशय काड, राशन कार्ड ोटाला कर खूब कमीशनखोरी की गई। प्रदेश में भाजपा की सरकार ने किसानों को ठगा था और 3 सौ रूपए बोनस भी नही दिया था देश के प्रधानमांी वर्तमान में एयरपोर्ट को सजाकर बेच दिया अब पूरे देश में रेल्वे स्टेशन को सजाया जा रहा है इसे भी अडानी के हाथों बेच दिया जाएगा। केंद्र सरकार बड़े लोगों को रबड़ी बांट रही है और प्रदेश में हम गरीब लोगों के साथ याय योजना चलाकर लाभ पहुंचा रहे ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर

**सार संक्षेप**

### प्रधानमंत्री ने 51 हजार युवाओं को नियुक्त पत्र सौंपे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी 28 अगस्त को 8वें राष्ट्रीय रोजगार मेले के तहत 51 हजार 106 युवाओं को नियुक्त पत्र सौंपे। देश भर में 45 जगहों पर रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने सबको बधाई दी और कहा कि भारत बहुत जल्द टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होगा। मोदी ने कहा, देश के हर युवा का सपना है कि वो देश का प्रहरी बने। आप देश की सेवा के साथ-साथ यहां के नागरिकों की रक्षा भी करेंगे।

### पदोन्नति को भी नियुक्ति बताकर प्रचारित करते हैं मोदी: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वह सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटते हैं और फोटो खिंचवाकर इसे भी सरकारी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं। श्री खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचार पर भरोसा करते हैं। स्थिति यह है कि सरकारी कर्मचारियों को प्रमोशन पत्र बांटकर उसे भी नौकरी देने के रूप में प्रचारित करते हैं। उन्होंने कहा, सालाना दो करोड़ नौकरियाँ देने का वादा कर, मोदी जी हमारे युवाओं को इस तरह के ईएमआई के रूप में कुछ हज़ार भर्ती पत्र बाँट रहे हैं। आज भी बाँटेंगे। ताज़ा समाचारों से पता चला है कि इन सरकारी नौकरियों में उनके नाम भी हैं जिनको प्रोमोशन मिला है।

### राजस्थान में न्यूनतम मजदूरी में हुई बढ़ोतरी

**जयपुर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने श्रमिकों को आर्थिक सम्बल देने के लिए प्रत्येक वर्ग के लिए न्यूनतम मजदूरी की दरों में 26 रुपए प्रतिदिन की बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अब अकुशल श्रमिक को 259 रुपए के स्थान पर 285 रुपए प्रतिदिन, अर्द्धकुशल श्रमिक को 271 रुपए के स्थान पर 297 रुपए प्रतिदिन , कुशल श्रमिक को 283 रुपए के स्थान पर 309 रुपए प्रतिदिन तथा उच्च कुशल श्रमिक को 333 रुपए के स्थान पर 359 रुपए प्रतिदिन मजदूरी प्राप्त होगी।

### कश्मीर में ड्रग तस्करों की 2.1 करोड़ की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने चालू वर्ष के दौरान ड्रग तस्करों की करीब 2.1 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली। बारामूला पुलिस ने तीन आवासीय घर, करीब 90.02 लाख मूल्य के तीन निजी वाहन और लगभग 1.2 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की है।

# जयंत चौधरी ने की कांग्रेस की जमकर पैरोकारी, बताया ब्रांड

■ **रालोद नेता ने एनडीए में जाने की अटकलों को फिर किया खारिज**

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली**, 28 अगस्त (देशबन्धु) । रालोद (राष्ट्रीय लोकदल) प्रमुख जयंत चौधरी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया में कांग्रेस की भूमिका को लेकर जोरदार पैरोकारी की है। उन्होंने कहा, कांग्रेस एक बांड है और गठबंधन को आगे बढ़ाने में उसकी बड़ी भूमिका है। वहीं रालोद का एनडीए के साथ जाने की लगाई जा रही अटकलों को भी पूरी तरह से खारिज कर दिया। मुंबई में होने जा रही इंडिया की तीसरी महत्वपूर्ण बैठक से पहले जयंत ने कांग्रेस पार्टी को लेकर कहाकि इंडिया गठबंधन को आगे बढ़ाने में उसकी बड़ी भूमिका है। क्योंकि कांग्रेस एक पुरानी और बड़ी पहचान रखने वाली पार्टी है। देश में तमाम लोग लंबे समय से कांग्रेस के लिए वोट करते आ रहे हैं। इसलिए विपक्षी दलों के किसी भी गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। उन्होंने कहाकि कई राज्यों में क्षेत्रीय दल प्रभावी हैं, शायद उन्हें अधिक जगह दी जानी चाहिए। ताकि भाजपा का बेहतर मुकाबला किया जा सके। हालांकि देश के कई राज्य ऐसे हैं, जहां क्षेत्रीय पार्टियों का कोई संगठन, जीतने की संभावना या उम्मीदवार नहीं है, वहां कांग्रेस ही सबसे बेहतर विकल्प है।



**गठबंधन को आगे बढ़ाने में कांग्रेस की बड़ी भूमिका**

**घमंडिया बताने पर मोदी की आलोचना की**

जयंत ने 26 दलों के विपक्षी गठबंधन इंडिया को घमंडिया कहने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी नेता जिसके पास बहुमत है, वह अपने विपक्ष पर इस तरह हमला करता है तो यह उसके आत्मविश्वास की कमी को प्रकट करता है। लोकतंत्र में हमेशा ऐसे लोग होंगे जो आपका विरोध करते हैं, सवाल पूछते हैं, चुनाव लड़ते हैं, वे आपके कट्टर दुश्मन नहीं हैं कि आप उन्हें इस तरह का नाम दें।

# नीतीश का संयोजक बनने से इंकार

## बोले-मुझे कुछ नहीं बनना, हम लोग सबको एकजुट कर रहे

**पटना**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। विपक्षी दलों को एकजुट करने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एकबार फिर दोहराया कि उन्हें कुछ नहीं बनना। उन्होंने कहा कि हमलोग सबको एकजुट कर रहे हैं।

पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान आईएनडीआईए (इंडिया) गठबंधन में संयोजक बनाए जाने के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बराबर कह रहे हैं कि हमको कुछ नहीं बनना है। दूसरे लोगों को बनाया जाएगा। हमारी कोई इच्छा नहीं है। हम सबको एकजुट करना चाहते हैं । उन्होंने कहा, हमको कुछ व्यक्तिगत नहीं चाहिए। हम सबका हित चाहते हैं इसलिए कभी ये सब मत सोचिए कि हम व्यक्तिगत कुछ चाहते हैं। हमलोग तो सबको एकजुट कर रहे हैं । विपक्षी दलों की अगली बैठक मुंबई में होनी है। माना जा रहा है कि इस बैठक में संयोजक के नाम की घोषणा की जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा भारत को असली आजादी 1977 में जेपी आंदोलन के बाद मिलने के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन लोगों की किसी बात पर हम ध्यान ही नहीं देते हैं। देश को आजादी कब मिली है। ये सबको मालूम है। उन्होंने कहा कि जिनको आजादी के बारे में नहीं मालूम है, इसका मतलब वो कितना ई-लीगल है। उन सब का कोई वैल्यू नहीं है ।



■ **विपक्षी दलों की मुंबई में होनी अगली बैठक**
■ **संयोजक के नाम की हो सकती है घोषणा**

**लालू बोले थे, संयोजक को लेकर नहीं कोई विवाद**

पिछले दिनों गोपालगंज पहुंचे आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने साफ कर दिया था कि इंडिया का कन्वीनर ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

# दिसम्बर में हो सकते हैं लोकसभा चुनाव: ममता



**कोलकाता**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने सोमवार को कोलकाता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी अगर लोकसभा चुनाव दिसंबर में ही करा दे, तो हैरानी नहीं होगी। ममता बनर्जी से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी समय से पहले लोकसभा चुनाव की आशंका जता चुके हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस को निशाने पर लेते हुए कहा कि राज्यपाल संवैधानिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, मैं इस पद का सम्मान करती हूं, लेकिन उनकी असंवैधानिक गतिविधियों का समर्थन नहीं करती। ममता बनर्जी ने दावा किया कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए पहले ही सभी हेलीकॉप्टर बुक कर लिए हैं ताकि बाकी राजनीतिक दल प्रचार के लिए उनका इस्तेमाल नहीं कर सकें। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आगे कहा कि हमने बंगाल में माकपा के शासन को समाप्त किया, अब हम लोकसभा चुनाव में भजपा को हराएंगे। भाजपा ने पहले ही हमारे देश को समुदायों के बीच कटुता वाले देश में बदल दिया है। अगर वे सत्ता में वापसी करते हैं, तो इससे हमारा देश नफरत का देश बन जाएगा।

# मुख्यमंत्री बघेल ने राज्यपाल हरिचंदन को समय देने लिखा पत्र

**रायपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के निवेदन पर भेंट हेतु समय देने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्र में लिखा है कि 27 अगस्त 2023 को रायपुर में आयोजित ओबीसी महासम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ द्वारा मुझसे निवेदन किया गया है कि वे अपनी लंबित मांगों को लेकर आपसे भेंट करना चाहते हैं। तदनुसार कृपया छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रतिनिधि मंडल को भेंट हेतु समय आबंटित करने तथा सहानुभूति पूर्वक उनकी मांगों पर विचार करने का कष्ट करेंगे।

■ **छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के निवेदन पर भेंट के लिए समय देने का किया अनुरोध**

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा तथा छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ ने रविवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंटकर ओबीसी वर्ग को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं में समुचित लाभ दिलाने के संदर्भ में अपनी मांग रखी थी। जिसमें संघ ने यथा शीघ्र 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लागू करने की मांग प्रमुखता से रखी थी। इस मौके पर संघ ने मुख्यमंत्री बघेल से विभिन्न लंबित मांगों को लेकर राज्यपाल विश्वभूषण से समय दिलाने का अनुरोध भी किया था, जिसे देखते हुए संघ के निवेदन पर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को पत्र लिखा है।

## नूंह में 51 लोगों से हुई ब्रजमंडल यात्रा

**नूंह,** 28 अगस्त (एजेसियां)। हरियाणा के नूंह में विश्व हिंदू परिषद सर्वजातीय हिंदू महापंचायत और बजरंग दल के आह्वान पर हिंदू संगठनों की पैदल ब्रजमंडल यात्रा नहीं हो सकी। पुलिस नूंह बाइपास से 51 लोगों को पुलिस सिक्योरिटी में 3 गाड़ियों में लाई। उन्होंने पहले नलहरेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया। फिर गाड़ियों में उन्हें फिरोजपुर झिरका के रास्ते सिंगार स्थित राधाकृष्ण मंदिर पहुंचाया गया। वहां जलाभिषेक के बाद यात्रा का समापन हो गया। हिंदू संगठनों की यात्रा को सरकार और प्रशासन ने पहले ही अनुमति देने से इनकार कर दिया था। नूंह में बाहरी लोगों को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया गया। सोमवार को नूंह में कद्बत्र्यू जैसा माहौल रहा। यहां के बाजार, स्कूल-कॉलेज सब बंद रहे। धारा 144 लागू कर दी गई थी। इससे पहले नूंह यात्रा में हिस्सा लेने अयोध्या से आए संत जगद्गुरु परमहंस आचार्य महाराज को प्रशासन ने गुरुग्राम सोहना टोल प्लाजा पर रोक दिया।

# ऑनलाइन सट्टा एप की प्रदेश में कोई ब्रांच नहीं : मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में ऑनलाइन सट्टे के मामले में ई डी की कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इसकी कोई ब्रांच नहीं है, जो सट्टा खिलाने वाले हैं, वे जरूर यहां के हैं। उन्होंने बताया कि 30 मार्च 2022 को इस मामले में पहली एफआईआर दुर्ग में की गई थी, फिर रायपुर, बिलासपुर और सभी जगहों पर 72 मामले छत्तीसगढ़ पुलिस ने दर्ज कर 449 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी कार्रवाई अब तक कहीं नहीं हुई है लेकिन कार्रवाई करने वालों पर ही मामले में शामिल होने का आरोप लग रहा हैं। बिलासपुर जाने से पहले पुलिस परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पत्रकार से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि दिल्ली, गोवा और मुंबई में अलग-अलग जगहों में हुई हैं और अब तक 196 लैपटॉप 885 मोबाइल और बहुत सारे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जप्त किए गए ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

■ **72 मामलों में 449 आरोपियों की गिरफ्तारी, अगर हम शामिल होते तो क्या कार्रवाई होती?**

# 2 सितम्बर को लॉन्च होगा आदित्य-एल 1

**चेन्नई,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद अब सूर्य को करीब से जानने के लिए 2 सितम्बर को पूर्वाह्न 11.50 बजे देश की पहली अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला 'आदित्य-एल1' लॉन्च करेगा। इसरो ने कहा कि आदित्य-एल1 को भारतीय रॉकेट पीएसएलवी-एक्सएल द्वारा ले जाया जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र की गैलरी से प्रक्षेपण देखने के लिए आम लोगों को पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। प्रारंभ में, आदित्य-एल1 को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया जाएगा। बाद में धीरे-धीरे इसकी कक्षा का उन्नयन किया जाएगा, और अंततः पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकलकर सूर्य के करीब एल-1 प?वाइंट की ओर सफर शुरू करेगा। लॉन्च से एल1 तक की यात्रा में आदित्य-एल1 को लगभग ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

**विस चुनाव 2023** — छत्तीसगढ़ चुनाव के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगाई

# आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं को दी अहम जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेसियां)। छत्तीसगढ़ में राज्य की भूपेश बघेल सरकार को हराने और 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में हुई गलती को दोहराने से बचने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। भाजपा ने देश के कई राज्यों से अपने नेताओं की फौज को प्रदेश की सभी 90 विधान सभा सीटों पर पहले ही उतार रखा है लेकिन अब पार्टी ने धरातल से मिल रहे फीडबैक के आधार पर आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं को छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में तैनात कर दिया है।**

*वैसे तो भाजपा में आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं की भरमार है। आरएसएस से भाजपा में आने वाले कई नेता केंद्र में मंत्री हैं, कई राज्यों में मुख्यमंत्री और मंत्री है, सरकार से लेकर पार्टी संगठन में अहम पदों पर बैठे हैं। लेकिन, पार्टी संगठन में राष्ट्रीय संगठन महासचिव के पद पर नियुक्त नेता को भाजपा संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच की कड़ी माना जाता है।*

*वर्तमान में यह जिम्मेदारी बीएल संतोष निभा रहे हैं जो आरएसएस द्वारा बुलाई गई बैठक में भाजपा की तरफ से शामिल होकर भाजपा के कामकाज की रिपोर्ट सौंपते हैं। राज्य के स्तर पर प्रदेश संगठन महासचिव भी कुछ हद तक इसी तरह की भूमिका निभाते हैं।*

■ **देश के कई राज्यों से नेताओं की फौज को सभी 90 सीटों पर उतारा**

***दो प्रदेशों के संगठन महासचिवों को तैनात किया-*** *छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा आलाकमान की गंभीरता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पार्टी ने अपने दो प्रदेशों के संगठन महासचिवों को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग संभागों में तैनात कर दिया है। पार्टी आलाकमान ने झारखंड प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव कर्मवीर को छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग की जिम्मेदारी देकर इस क्षेत्र में आने वाले 7 जिलों की चुनावी कमान सौंप दी है। बस्तर संभाग में आने वाले 7 जिलों में छत्तीसगढ़ राज्य की 12 विधानसभा और 2 लोकसभा सीटें आती हैं। इसके साथ ही पार्टी ने पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा के संगठन महासचिव सतीश धोंड को बिलासपुर संभाग का दायित्व सौंपा है। बिलासपुर संभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 8 जिले आते हैं जिसमें 25 विधानसभा और 4 लोकसभा की सीटें आती हैं। इसके अलावा पार्टी ने बिहार भाजपा के कोषाध्यक्ष दिलीप जायसवाल को छत्तीसगढ़ के* ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

**राज और डीके की मनमौजी जोड़ी के साथ काम करना सुखद अनुभव रहा : गुलशन देवैया**

**मुंबई।** एक्टर गुलशन देवैया ने निर्देशक जोड़ी राज और डीके की जमकर तारीफ की, जिन्होंने उन्हें 'गन्स एंड गुलाब्स' में अपनी भूमिका को आकार देने में रचनात्मक प्रक्रिया चुनने की स्वतंत्रता दी। इसमें उनके किरदार के पहलुओं से लेकर डायलॉग्स की अदायगी तक शामिल थी। गुलशन ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय एहसास होता है, जब आपके निर्देशक आपकी कलात्मक प्रक्रिया पर इतना भरोसा करते हैं। राज और डीके के दृष्टिकोण ने मुझे रचनात्मक प्रक्रिया से मेरी भूमिका को आकार देने की अनुमति दी है, जिसमें अपीयरेंस, डायलॉग डिलीवरी और अन्य टूल्स का सबसे छोटी डिटेल्स शामिल है, जिसने मुझे रचनात्मक होने और इस भूमिका को आकार देने के लिए सशक्त बनाया है।

## 89 वर्ष की उम्र में आशा भोसले ने किया गाना रिकॉर्ड

**मुंबई,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। महान गायिका आशा भोंसले ने 89 वर्ष की उम्र में फिल्म 'हरि ओम' के लिए 'जिंदगी तू चुप है कहां' नामक गीत में अपनी आवाज का जादू बिखेरा। फिल्म में अंशुमान झा और रघुबीर यादव ने अभिनय किया है।

हरीश व्यास की फिल्म की शूटिंग वाराणसी में हुई है। यह फिल्म एक पिता (हरि) - बेटे (ओम) की कहानी है जो एक ड्रामा कॉमेडी के माध्यम से जेनरेशनल गैप को दिखाती है।



यह हरीश व्यास की तीन प्रेम कहानियों में से एक है। 'अंग्रेजी में कहते हैं' से शुरू होकर एलजीबीटीक्यू प्लस की प्रेम कहानी 'हम भी अकेले-तुम भी अकेले' से होकर और फिर 'हरि-ओम' एक पिता और पुत्र के बीच जेनरेशनल गैप पर समाप्त होती है।

अंशुमन ने कहा कि आशा जी से मिलना अद्भुत है। इतनी आभारी हूं कि उन्होंने 'जिंदगी तू छुपी है कहां' को अपने अनोखे अंदाज में गाया है। उन्हें लकड़बग्घा का ट्रेलर भी बहुत पसंद आया और उन्होंने मुझे बताया कि वह 1971 में ब्रूस ली से मिली थीं, जिसने इस मुलाकात को और भी खास बना दिया। मैंने उससे पूछा कि वह कैसा था और उन्होंने सब कुछ साझा किया।

व्यास ने कहा कि आशा ताई ने फिल्म की कुछ झलकियां देखीं, उन्हें यह पसंद आई और इसलिए मैंने अंशुमन को स्टूडियो में बुलाया, जो उनका आशीर्वाद लेना चाहते थे , जो अंग्रेजी में कहते हैं और हम भी अकेले, तुम भी अकेले के बाद लगातार तीसरी फिल्म के लिए अभिनेता के साथ सहयोग कर रहे हैं।

## अंतरिक्ष से सूर्य का अध्ययन

# आकाशगंगाओं में सितारों के बारे में पता लगाना



- ग्रहों के आसपास अंतरिक्ष में बदलती पर्यावरणीय स्थितियां
- सौरमंडल हवा के साथ-साथ कोरोनल मास इजेक्शन जैसी सौर घटनाओं से अंतरिक्ष की प्रकृति को प्रभावित

**चेन्नई,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) आने वाले दिनों में पीएलएसवी का उपयोग करके नियोजित आदित्य-एल1 उपग्रह के साथ सूर्य की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए अपने पहले सौर खोजपूर्ण मिशन की तैयारी कर रहा है। इसरो ने कहा कि सूर्य के अध्ययन का उद्देश्य विभिन्न अन्य आकाशगंगाओं के तारों के बारे में जानकारी प्राप्त करना है।

इसरो ने कहा कि सूर्य निकटतम तारा है और इसलिए अन्य सितारों की तुलना में अधिक विवरण के लिए इसका अधिक अध्ययन किया जा सकता है। इसरो ने कहा कि सूर्य का अध्ययन करके हम अपनी आकाशगंगा में तारों के बारे में बहुत कुछ जान सकते हैं साथ ही विभिन्न अन्य आकाशगंगाओं में सितारों के बारे में भी पता लगा सकते हैं।

इसरो ने कहा कि सूर्य एक बहुत ही गतिशील तारा है जो हम जो देखते हैं उससे कहीं अधिक फैला हुआ है। यह कई विस्फोटक घटनाएं दिखाता है और सौर मंडल में भारी मात्रा में ऊर्जा छोड़ता है। यदि ऐसी विस्फोटक सौर घटनाएं पृथ्वी की ओर निर्देशित होती हैं, तो यह पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष वातावरण में विभिन्न प्रकार की खलबली भी मचा सकता है।

इसरो न कहा कि विभिन्न अंतरिक्ष यान और संचार प्रणालियां ऐसी गड़बड़ी पैदा कर सकता हैं और इसलिए पहले से ही सुधारात्मक उपाय करने के लिए ऐसी घटनाओं के घटित होने से पहले प्रारंभिक चेतावनी महत्वपूर्ण है। इनके अलावा, यदि कोई अंतरिक्ष यात्री सीधे सूर्य के तेज के संपर्क में आता है, तो उसका जीवन खतरे में पड़ जाएगा। सूर्य पर विभिन्न तापीय और चुंबकीय घटनाएं अत्यधिक प्रकृति की हैं।

अंतरिक्ष से सूर्य का अध्ययन करने पर इसरो ने कहा कि सूर्य विभिन्न ऊर्जावान कणों और चुंबकीय क्षेत्र के साथ लगभग सभी तरंग द्वैर्य में विकिरण/प्रकाश उत्सर्जित करता है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी का वायुमंडल और उसका चुंबकीय क्षेत्र एक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करता है और कणों और क्षेत्रों सहित कई हानिकारक तरंग द्वैर्य विकिरणों को रोकता है। क्योंकि विभिन्न विकिरण पृथ्वी की सतह तक नहीं पहुंच पाते हैं, इसलिए पृथ्वी पर वैज्ञानिकों के उपकरण ऐसे विकिरण का पता नहीं लगा पाएंगे और इन विकिरणों पर आधारित सौर अध्ययन नहीं किए जा सकेंगे। इसरो ने कहा कि हालांकि, ऐसे अध्ययन पृथ्वी के वायुमंडल के बाहर यानी अंतरिक्ष से अवलोकन करके किए जा सकते हैं। इसी तरह, यह समझने के लिए कि सूर्य से सौर वायु के कण और चुंबकीय क्षेत्र अंतरग्रहीय अंतरिक्ष के माध्यम से कैसे विचरण करते हैं।

इसरो ने कहा कि सूर्य लगातार विकिरण, गर्मी और कणों के निरंतर प्रवाह और चुंबकीय क्षेत्र से पृथ्वी को प्रभावित करता है। सूर्य से कणों के निरंतर प्रवाह को सौर पवन के रूप में जाना जाता है और ये अधिकतर उच्च ऊर्जा वाले प्रोटॉन से बने होते हैं। सौर हवा ज्ञात सौर मंडल के लगभग सभी स्थानों को भर देती है। सौर वायु के साथ-साथ सौर चुंबकीय क्षेत्र भी सौर मंडल को भर देता है।

इसरो ने कहा कि कि सौरमंडल हवा के साथ-साथ कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) जैसी अन्य विस्फोटक/विस्फोट सौर घटनाएं अंतरिक्ष की प्रकृति को प्रभावित करती हैं। अंतरिक्ष मौसम को समझने पर इसरो ने कहा कि यह पृथ्वी और अन्य ग्रहों के आसपास अंतरिक्ष में बदलती पर्यावरणीय स्थितियों को संदर्भित करता है।

## महिला ने चार बच्चों को दिया जन्म

जयपुर, 28 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में एक महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया है, जिनमें दो लड़के और दो लड़कियां है। आयुष्मान अस्पताल की डॉ. शालिनी अग्रवाल ने बताया कि वजीरपुरा निवासी किरण कंवर (28) को रविवार रात 2 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई, जिसके बाद उसके परिजन अस्पताल लेकर आए। सुबह करीब छह बजे महिला का ऑपरेशन कर प्रसव कराया गया। अग्रवाल के मुताबिक, तीन नवजातों का वजन 1 किलो 350 ग्राम है, जबकि चौथे का वजन 1 किलो 650 ग्राम है।

उन्होंने कहा कि इन बच्चों को स्पेशल मॉनिटरिंग की जरूरत है। 1 किलो 350 ग्राम वजन वाले तीन बच्चों को सुरक्षा के लिए



जनाना अस्पताल रेफर किया गया है। चौथे को उसकी मां के साथ रखा गया है।

## फेसबुक ग्रुपों पर सैकड़ों फर्जी पोस्ट उजागर

**लंदन,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन से पता चला है कि स्थानीय फेसबुक समूहों के सदस्यों को सैकड़ों फर्जी पोस्ट का सामना करना पड़ा है। इनमें लापता बच्चों या खुले में घातक सांपों की झूठी खबरें भी शामिल हैं। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, यूके की तथ्य-जांच चैरिटी फुल फैक्ट ने दुनिया भर में सोशल मीडिया साइट के सामुदायिक समूहों पर 1,200 से अधिक झूठे पोस्ट की खोज की। शोधकर्ताओं के अनुसार, समुदायों में डर पैदा करने के इरादे से की गई ये भ्रामक पोस्टें उपयोगकर्ताओं को गलत जानकारी से भर सकती हैं, इससे वास्तविक अलर्ट और अपीलें प्रभावित हो सकती हैं। शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया कि इस सामग्री को फैलाने की प्रेरणा वित्तीय लाभ या




**फर्जी पोस्ट में लापता बच्चों या खुले में घातक सांपों की झूठी खबरें भी शामिल**

उत्पादों/सेवाओं का प्रचार हो सकती है। यह गलत सूचना ब्रिटेन में प्रचलित थी, लेकिन इसी तरह की पोस्ट अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में पाई गईं। इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने पाया कि साझा की गई अधिकांश सामग्री लापता बच्चों और पेंशनभोगियों के बारे में थी। जांच में कई पोस्ट का खुलासा हुआ, जिसमें दावा किया गया कि चाकू से लैस एक व्यक्ति कई शहरों में लोगों पर हमला कर रहा था।

फुल फैक्ट के संपादक स्टीव नोवोटनी ने कहा कि धोखा देने वालों ने स्पष्ट रूप से पहचान लिया है कि इन पोस्टों की व्यापक पहुंच हो सकती है और दुनिया भर में स्थानीय फेसबुक समूह अब झूठी सूचनाओं से अभिभूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि खतरों के बारे में वास्तविक चेतावनियां और मदद के लिए सख्त अपील करने वाले लोगों की वास्तविक पोस्ट, जैसे कि लापता प्रियजनों या लापता पालतू जानवरों की तलाश करने वालों को अब नजरअंदाज किए जाने का बहुत अधिक खतरा है। विशेषज्ञों के अनुसार, जो फेसबुक उपयोगकर्ता संपादित फर्जी पोस्ट में लिंक पर क्लिक करते हैं, उन्हें अक्सर किसी वैध कंपनी या संगठन की वास्तविक वेबसाइट पर ले जाया जाता है। मेटा के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया कि हमने ऑनलाइन गलत सूचना से निपटने के लिए फुल फैक्ट सहित 90 से अधिक स्वतंत्र तथ्य-जांच संगठनों के साथ साझेदारी करते हुए किसी भी प्लेटफ़ॉर्म का सबसे बड़ा वैश्विक तथ्य-जांच नेटवर्क बनाया है। हमारे प्लेटफ़ॉर्म पर धोखाधड़ी वाली गतिविधि की अनुमति नहीं है और हमने हमारे सामुदायिक मानकों का उल्लंघन करने के लिए हमारे ध्यान में लाए गए पोस्ट को हटा दिया है।

## अरमान मलिक ने गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ से की सगाई

**मुंबई,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। सिंगर-सॉन्गराइटर अरमान मलिक ने अब अपनी फैशन इन्फ्लुएंसर गर्लफ्रेंड आशना श्रॉफ से सगाई की। उन्होंने सोमवार को इसकी घोषणा की। कपल ने इस मोमेंट्स को अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया। दोनों ने इस खास पल की कई तस्वीरें शेयर की।



पहली इमेज में, सिंगर अपने घुटनों पर बैठकर आशना को अंगूठी पहनाते दिखाई दे रहे हैं। दूसरी तस्वीर में दोनों उस पल को संजोते और हंसते नजर आ रहे हैं। तीसरी तस्वीर में अरमान, आशना के माथे पर किस कर रहे हैं।

अरमान और आशना कई सालों से डेटिंग कर रहे थे। अब उन्होंने इसे ऑफिशियल कर दिया है। हालांकि, उन्होंने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि वे कब शादी करेंगे। अरमान को हिंदी, तेलुगु, अंग्रेजी, बंगाली, कन्नड़, मराठी, तमिल, गुजराती, पंजाबी, उर्दू और मलयालम सहित कई भाषाओं में उनकी सिंगिंग के लिए जाना जाता है। 2006 में, उन्होंने 'सारे गा मा पा लिटिल चैंप्स' में हिस्सा लिया लेकिन आठवें स्थान पर रहने के बाद बाहर हो गए। वह संगीतकार अमाल मलिक के भाई हैं।

उन्हें 'बुट्टा बोम्मा', 'बुद्धू सा मन', 'पहला प्यार', 'कंट्रोल', सब तेरा', 'बोल दो ना ज़रा' और 'स्लीपलेस नाइट्स' जैसे कई अन्य गानों के लिए जाना जाता है।

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के तहत शीर्ष रैंकिंग वाले शहरों में श्रीनगर शामिल

**श्रीनगर,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 के तहत भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शहरों में स्थान हासिल किया है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर 10 लाख से अधिक आबादी वाला शहर है। इस शहर ने देश भर में चौथी रैंक हासिल करके मील का पत्थर हासिल किया है। इससे पहले, मध्य प्रदेश का शहर इंदौर पहले, उत्तर प्रदेश का शहर आगरा दूसरे और महाराष्ट्र का ठाणे शहर तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश के भोपाल शहर ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2023 के तहत 5वीं रैंक हासिल की है।



स्वच्छ वायु सर्वेक्षण, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमईएफसीसी) द्वारा आयोजित किया गया था।

श्रीनगर शहर का मूल्यांकन राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए कदमों के आधार पर किया गया है।

श्रीनगर में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय कार्यान्वयन और निगरानी समिति के अध्यक्ष ऐजाज असद ने कहा कि जिला प्रशासन श्रीनगर शहर को एक बेहतर जगह बनाने के लिए सहयोगात्मक प्रयास जारी रखेगा। श्रीनगर जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक के सुधार और 2025 तक पीएम10 के स्तर को कम करने तथा कार्यान्वित करने के लिए एनसीएपी को लागू करके, अध्यक्ष ऐजाज़ असद की अध्यक्षता में जिला प्रशासन श्रीनगर द्वारा कई पहल की गई हैं।

उल्लेखनीय है कि एनसीएपी के तहत, मिशन लाइफ, बंजर भूमि का कायाकल्प, बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, फव्वारा निर्माण, सफाई और स्वीपिंग मशीनों की खरीद और आईईसी गतिविधियां श्रीनगर जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार के प्रमुख घटक हैं।

## कंटेस्टेंट होने से लेकर इंडियन आइडल को जज करने तक मेरा सफर कठिन लेकिन शानदार रहा : श्रेया घोषाल



**मुंबई,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी पार्श्वगायिका श्रेया घोषाल का कहना है कि एक रियलिटी शो की कंटेस्टेंट होने से लेकर अब इंडियन आइडल जैसे फैंस के पसंदीदा शो को जज करने तक, मेरा सफर कठिन लेकिन शानदार रहा है।सोनी एंटरटेनमेंट पर दिखाया जाने वाला सिंगिंग रियलिटी शो, इंडियन आइडल, एक नए सीज़न के लिए लौट रहा है जिसमें सिंगर श्रेया घोषाल जजों के पैनल में शामिल होंगी। श्रेया घोषाल ने इंडियन आइडल में जज के रूप में ली गई इस नई जिम्मेदारी को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि इंडियन आइडल की जोशीली दुनिया में फिर से प्रवेश करना एक सुखद घर वापसी जैसा लगता है। मैं इंडियन आइडल जूनियर की जज रह चुकी हूं, लेकिन शो के इस संस्करण के लिए मेरा उत्साह कुछ और ही है, क्योंकि मुझे को-जजेस के रूप में सानू दा और विशाल के साथ फिर से जुड़ने का सौभाग्य मिला। भारतीय प्रतिभा की अगली लहर को ढूंढना और उनका हुनर संवारना बड़े सम्मान की बात है और भारत के अगले सिंगिंग सेंसेशन बनने की दिशा में उनके सफर का हिस्सा बनना खुशी की बात है। श्रेया घोषाल ने कहा, इंडियन आइडल जैसे शो उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और संगीत जगत की कार्यप्रणाली का अनुभव करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करते हैं। मैं इस शो की बहुत बड़ी फैन रही हूं और मैं इंडियन आइडल के इस बहुप्रतीक्षित सीजन में जज के रूप में अपना सफर शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।

## कश्मीर पहुंची मिस वर्ल्ड कैरोलिना बिलावस्का

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। धरती पर अगर कोई स्वर्ग है तो वह कश्मीर है। और अगर कोई शख्स इस धरती पर आया है तो वह स्वर्ग की यात्रा किए बिना कैसे रह सकता है। इसी कथन से साक्षात् रूबरू होने को मिस वर्ल्ड कैरोलिना बिलावस्का आज एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एकदिवसीय यात्रा पर कश्मीर पहुंची हैं। वे अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान विश्व प्रसिद्ध डल झील में शिकारे पर सवार होकर कश्मीर की खूबसूरती को भी निहारेंगी। श्रीनगर हवाई अड्डे पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। कैरोलिना बिलावस्का के कश्मीर दौरे की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इनमें वे मिस वर्ल्ड इंडिया सिनी शेट्टी और मिस वर्ल्ड कैरेबियन एमी पेना के कश्मीरी व्यंजनों का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं।



पोलैंड की बिलावस्का ने भारत की ओर से मिस वर्ल्ड प्रतिनिधि सिनी शेट्टी समेत प्रतियोगिता के अन्य विजेताओं के साथ यहां एक पांच सितारा होटल में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ नाश्ते का आनंद लिया। बिलावस्का और शेट्टी के साथ दिन भर की यात्रा में अमेरिकी मिस वर्ल्ड प्रतिनिधि सैनी और मिस वर्ल्ड आर्गेनाइजेशन की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष जूलिया मार्ले भी शामिल हैं। रूबल नागी आर्ट फाउंडेशन की रूबल नागी और भारत में पीएमई मनोरंजन के अध्यक्ष जमील सईदी भी नाश्ते के दौरान मौजूद रहे। भारत में इस साल के अंत में आयोजित होने वाली मिस वर्ल्ड 2023 प्रतियोगिता यानि इसके 71वें संस्करण से पहले बिलावस्का की जम्मू कश्मीर यात्रा, किसी भी अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता के विजेता की पहली यात्रा है।

**कश्मीर की खूबसूरती को डल झील में शिकारे से निहारेंगी**

भारत ने छह बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है और लगभग तीन दशकों के बाद प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। आखिरी बार देश ने इस कार्यक्रम की मेजबानी साल 1996 में की थी। मुंबई की महिला सशक्तिकरण संगठन की अध्यक्ष रूबल नेगी के मुताबिक बिलावस्का मिस वर्ल्ड इंडिया सिनी शेट्टी और मिस वर्ल्ड कैरेबियन एमी पेना सहित अन्य प्रतियोगिता विजेताओं के साथ यहां पहुंची हैं। बता दें कि बिलावस्का की यह यात्रा इस साल के अंत में भारत में आयोजित होने वाली मिस वर्ल्ड 2023 प्रतियोगिता के 71वें संस्करण से पहले कर रही हैं। मिस वर्ल्ड जूलिया एरिक मार्ले के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बिलावस्का की यह जम्मू कश्मीर की प्री-इवेंट यात्रा लालित्य, कलात्मकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मौका देगी। इस यात्रा के दौरान, मिस वर्ल्ड और मिस वर्ल्ड अमेरिका श्री सैनी, मिस वर्ल्ड इंग्लैंड जेसिका गैगन और मिस एशिया प्रिसिलिया कार्ला सपुत्री यूल्स के साथ अन्य लोग प्रेस से मुलाकात करेंगे।

## गर्दन के एक्सरसाइज के लिए विद्युत जामवाल का मंत्र

### माथे पर बैलेंस किया 30 किलो का वजन

**मुंबई,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्शन स्टार विद्युत जामवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने दिखाया कि गर्दन की फिटनेस को कैसे बरकरार रखते हैं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की, जिसमें 'आईबी71' स्टार अपने माथे पर 30 किलो की केटलबेल और डंबल को बैलेंस करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

यही नहीं, वह जिम मैट पर लेटे हुए 82 किलो वजन वाले व्यक्ति को भी आसानी से बैलेंस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब विद्युत ने अपने फिटनेस ट्रिक्स से फैन्स को हैरान किया है। इससे



पहले, उन्हें बैलेंस कंट्रोल के लिए चार मंजिला इमारत की छत पर दौड़ते देखा गया था। वर्कफ्रंट की बात करें तो, विद्युत, जिन्होंने 'आईबी 71' से निर्माता के रूप में अपनी शुरुआत की, वर्तमान में 'क्रैक-जीतेगा तो जिएगा' की शूटिंग में बिजी हैं, जिसमें अर्जुन रामपाल भी हैं।

रायपुर, मंगलवार 29 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# बोतल में लौटता नहीं यह जिन्न...

हरियाणा के नूंह (मेवात) में सोमवार को जिस तरह से शोभायात्रा निकालने के मामले में हिन्दू संगठन और प्रशासन आमने-सामने हैं, उससे साबित हो गया है कि कट्टरता का जिन्न एक बार बाहर निकले तो उसे वापस बोतल में डालना बहुत मुश्किल होता है। हर साल यहां श्रावण मास के अंतिम सोमवार को होने वाली ब्रजमंडल यात्रा बहुत प्रसिद्ध है जिसमें देश भर से बड़ी तादाद में श्रद्धालु आते हैं। 31 जुलाई को यहां के नलहड़ मंदिर के पास निकली यात्रा के दौरान हुए पथराव व तत्पश्चात हुए साम्प्रदायिक दंगों के चलते इस बार प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी लेकिन हिन्दू संगठन इसे निकालने के लिए आमादा हैं जिन्होंने पहले ही चेता दिया था कि उन्हें किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। नूंह के साथ ही पूरे हरियाणा में इसे लेकर तनाव है। जुलाई की आग अभी पूरी तरह से शांत नहीं हुई है और यह नये तनाव का सबब बन गया है। सोमवार को यहां धारा 144 लगा दी गई है। मंगलवार तक इंटरनेट सेवाएं बन्द रखने का ऐलान कर दिया गया है ताकि अफवाहें न फैले।

प्रशासन की इस बात से नाराज़ हिन्दू संगठनों का न सिर्फ नूंह में बड़ा जमावड़ा है वरन सटे हुए गुरुग्राम जिले के उस हिस्से में भी दहशत फैल गई है जहां झुग्गी बस्तियां हैं और जिनमें ज्यादातर अल्पसंख्यक बसते हैं। यह वही इलाका है जहां पिछले वक्त आगजनी हुई थी और कुछ लोग मारे गये थे। सोमवार की सुबह यहां हिन्दू संगठनों द्वारा दीवारों पर लिखा पाया गया कि वे (अल्पसंख्यक) इस इलाके को खाली कर दें क्योंकि यहां से शोभा यात्रा निकलेगी। वैसे यहां के अनेक लोग पिछले दंगों के समय से ही बस्तियां छोड़कर अन्यत्र जा चुके हैं। पुलिस के आला अफसरों ने आश्वस्त तो किया है कि वे (झुग्गीवासी) न घबरायें परन्तु पिछली वारदात का खौफ़ इतना है कि लोगों का पुलिस व स्थानीय प्रशासन ही नहीं सरकार पर से भी भरोसा उठ चुका है। इन इलाकों में पिछले कुछ समय से तनाव और डर का माहौल है।

राज्य सरकार हिन्दू संगठनों के आगे बेबस दिख रही है। प्रशासन ने शोभा यात्रा न निकलने देने के लिये पूरे इलाके में पुलिस की तैनाती की है, तो वहीं हिन्दू संगठन इस आदेश को न मानने पर आमादा हैं। वैसे नलहड़ मंदिर में पूजा के लिये प्रतीकात्मक रूप से 11 लोगों को अनुमति तो दी गई है पर इसे हिन्दू संगठन नहीं मान रहे हैं। उधर इस पूरे परिदृश्य में किसान नेता राकेश टिकैत की भी एंट्री हो गई है जिन्होंने कहा है कि अगर शोभा यात्रा निकाली गई या प्रशासन ने उन्हें अनुमति दी तो जवाब में किसान लाखों ट्रैक्टरों के साथ विशाल रैली निकालेंगे और महापंचायत भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि जुलाई के अंत में हुए दंगों में किसान अल्पसंख्यकों के साथ थे। जाटों व मुस्लिमों की एकता से भारतीय जनता पार्टी के लोग और कट्टरवादी संगठन कमजोर पड़ गये थे।

पिछले कुछ समय से इस यात्रा के कारण मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर पसोपेश में हैं क्योंकि शोभा यात्रा को अनुमति न देने से हिन्दुओं की उन्हें चुनावों में नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। सरकार की पहले ही काफी भद्द भी पिट चुकी है। अगर शोभा यात्रा निकली और फिर से हिंसा हुई तो उसे सम्भाल पाना सरकार के लिये खासा मुश्किल होगा। नूंह जिला गुरुग्राम से लगा हुआ है जो देश का प्रमुख औद्योगिक केन्द्र है। यहां दुनिया के कई महत्वपूर्ण उद्योग-धंधों के मुख्यालय व कारखाने हैं। देश के जिन तीन शहरों की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है उनमें एक गुरुग्राम भी है जहां होने वाली हिंसा का असर कारोबार जगत और भारत की छवि पर पड़ेगा।

उम्मीद तो है कि हिन्दू संगठन देश के अमन-चैन को ध्यान में रखकर इस शोभा यात्रा को सीमित व प्रतीकात्मक रूप से निकालेंगे और इसे प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनायेंगे। प्रशासन को भी चाहिये कि वह अपने निर्देशों का पालन कड़ाई से करे। साथ ही यह भी आवश्यक है कि संविधान को लागू करने की जिम्मेदारी जिन पर है, वे अपने दायित्वों का पालन कर कानून व व्यवस्था का राज बनाए रखें। वैसे यह मामला इस बात का सटीक उदाहरण है कि कट्टरता को जब एक बार राज्य की ओर से बढ़ावा मिलता है तो उसे नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। अनेक संगठन या व्यक्ति संविधान से ऊपर हो जाते हैं। धार्मिक संगठनों के हौसले पिछले कुछ समय से जिस बुलन्दी पर हैं, वह संविधान के लिये चुनौती बन गया है। ऐसे संगठन व लोग यह मानते हैं कि कानून का पालन करना उनके लिये आवश्यक नहीं है। पिछले कुछ समय से ऐसे अनेक दृष्टांत सामने आये हैं जब सत्ता व समाज के शीर्ष पर बैठे लोगों की अपीलें भी काम नहीं आ रही हैं। एक बार तो स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दलितों के उत्पीड़न से व्यथित होकर कह चुके हैं- 'दलितों को मारने से अच्छा है कि उन्हें (पीएम को) मार दें।' ऐसे ही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी अपने लोगों को समझा चुके हैं कि 'मुस्लिम भी भाई ही हैं और इन्हें मारने वाले हिन्दू नहीं हो सकते।' जिस विचारधारा के लोग हिन्दू संगठनों को चला रहे हैं या उनके सदस्य हैं, उनमें से ज्यादातर भाजपा एवं संघ से जुड़े हैं। अपील करने वाले अपने-अपने संगठनों के शीर्ष पर हैं। जब उनका कहा बेअसर हो रहा है, तो हरियाणा के सीएम या प्रशासन की बिसात ही क्या है! नफरत और हिंसा का जिन्न वापस जाने के लिए बोतल से नहीं निकलता।

# कोटा के कोचिंग छात्रों की आत्महत्याएं: ये युवा खून किस के हाथों पर है!

कोटा में कोचिंग कर रहे दो छात्रों ने इसी रविवार को आत्महत्या कर ली। एलन कोचिंग के छात्र, महाराष्ट्र के आविष्कार संभागी ने एक टैस्ट के बाद, अपने कोचिंग इंस्टीट्यूट की ही छत से जाकर छलांग लगा दी और अपनी जान दे दी। वह कोटा में अपने नाना-नानी के साथ रहकर, कोचिंग कर रहा था। उसी रोज, बिहार के आदर्श ने होस्टल के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इन दो युवाओं की आत्महत्या के साथ, इसी साल देश में कोचिंग उद्योग के सबसे बड़े केंद्र कोटा में, छात्रों की आत्महत्याओं का आंकड़ा 23 पर पहुंच गया है। और यह समस्या किस तरह विकराल से विकराल होती जा रही है, इसका अंदाजा एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले साल कोटा में ही ऐसी आत्महत्याओं का आंकड़ा कुल 15 था। इस बार यह संख्या अब तक ही 23 तक पहुंच चुकी है, जबकि अभी अगस्त का महीना भी पूरा नहीं हुआ है और पूरा एक तिहाई साल आगे पड़ा हुआ है।

बेशक, इस विकराल रूप लेती समस्या के सामने अधिकारीगण जो भी हैं जो उन्हें सूझ रहा है, अपनी ओर से करने की कोशिश कर रहे हैं। एक ही दिन में दो छात्रों की आत्महत्या की खबर आने के बाद, कोटा के जिलाधिकारी ने एक एडवाइजरी जारी कर, कोटा के सभी कोचिंग इंस्टीट्यूटों से दो महीने तक नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी टैस्ट—एनईईटी) तथा आईआईटी-जी (जनरल एंट्रेंस टैस्ट) की कोचिंग कर रहे छात्रों के टैस्ट रोकने का आदेश दिया है। इससे पहले, 14 अगस्त को सामने आई एक और छात्र की आत्महत्या की घटना के बाद, जो कि अगस्त के महीने में ही ऐसी चौथी घटना थी, कोटा में कोचिंग छात्रों के होस्टलों के कमरों में छत से लटकने वाले पंखों में स्प्रिंग लगाने जैसे कदमों की शुरूआत की गई थी, जिससे छात्रों को आत्महत्या के इस अपेक्षाकृत आसानी से उपलब्ध साधन का सहारा लेने से रोका जा सके। इससे पहले से, ऐसी घटनाओं के बाद, हर बार इन छात्रों की काउंसिलिंग और यहां तक कि बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग के भी सुझाव दिए जाते रहे हैं, जिससे बच्चों पर किसी भी कीमत पर सफलता के दबाव और विफलता के डर को घटाया जा सके। बहरहाल, साफ है कि ये सभी उपाय/ सुझाव न सिर्फ बुरी तरह से विफल साबित हुए हैं बल्कि समस्या से दो-चार होने की किसी गंभीर कोशिश के बजाय, अगंभीर से लेकर हास्यास्पद ही साबित हुए हैं।

जाहिर है कि कोटा के कोचिंग छात्रों की या नीट, जी जैसी डाक्टरी, इंजीनियरिंग आदि की प्रतिष्ठित संस्थाओं में दाखिले की परीक्षाओं में सफलता के लिए अन्यत्र कोचिंग का सहारा लेने वाले किशोरों व युवाओं की, बढ़ती संख्या को आत्महत्या के अंधेरे रास्ते पर धकेलने वाले कारकों की, अपनी भी कुछ विशिष्टताएं हैं, जो इन कोचिंग संस्थाओं के छात्रों की स्थिति को और भी खतरनाक बना देती हैं। फिर भी एक बात जिसकी चर्चा बहुत कम ही होती है, यह है कि इसका सीधा संबंध डाक्टरी, इंजीनियरिंग आदि की प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश की परीक्षाओं को, सबके लिए समान स्तर सुनिश्चित करने के नाम पर, ज्यादा से ज्यादा एकीकृत किंतु वास्तव में केंद्रीयकृत किए जाने की राजकीय नीति से भी है। यह ऐसी राजकीय नीति है जिसे आमतौर पर उदारीकरण की नीतियों तथा खासतौर पर प्रोफेशनल शिक्षा के अंधाधुंध निजीकरण की नीतियों के जरूरी हिस्से के तौर पर, पिछले दो-तीन दशकों में तेजी से आगे बढ़ाया गया है। यह प्रवृत्ति न सिर्फ इस कोचिंग उद्योग के तेजी से फलने-फूलने के लिए रास्ता बना रही है, युवा आत्महत्याओं की बढ़ती महामारी को भी तेजी से देश भर में फैला रही है।

प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश की परीक्षाओं के बढ़ते केंद्रीयकरण और युवाओं की बढ़ती आत्महत्याओं के इस सीधे रिश्ते का सबसे प्रत्यक्ष सबूत, मेडिकल शिक्षा में दाखिले की नीट नामक परीक्षा है। नीट परीक्षा की शुरूआत से देश के कई हिस्सों में और खासतौर पर तमिलनाडु में इस परीक्षा को थोपे जाने के खिलाफ शीर्ष राजनीतिक स्तर तक से आवाजें उठती रही हैं।



राजेन्द्र शर्मा

**ये आत्महत्याएं नहीं हत्याएं हैं, जिनके लिए हमारी वर्तमान व्यवस्था जिम्मेदार है, जिसने युवाओं के लिए अवसरों को इस कदर सीमित कर दिया है, इस कदर मुश्किल तथा संयोगाश्रित बना दिया है कि एक-एक विफलता की आशंका, संवेदनशील किशोरों-युवाओं के लिए, जिंदगी और मौत का सवाल बन जाती है। याद रहे कि बढ़ते चौतरफा आर्थिक संकट के बीच, अवसरों का लगातार सिकुड़ना, पूरे समाज में ही इस रुग्णता को फैला रहा है और बढ़ा रहा है।**

और इसकी एक वजह यह भी है कि तमिलनाडु पर इस परीक्षा के थोपे जाने की शुरूआत ही, मेडिकल की पढ़ाई के लिए दाखिले के लिए उत्सुक, प्रतिभाशाली बच्चों-बच्चियों की आत्महत्याओं से हुई थी और हर साल यह परीक्षा तमिलनाडु में कुछ न कुछ जानें निगल ही लेती है। इसी साल, 15 अगस्त से ठीक पहले इस परीक्षा के नतीजों के साथ आई बहुत ही हृदयविदारक घटना में, दो बार की विफलता के बाद, जगदीश्वरन नामक किशोर ने ही अपनी जान नहीं दे दी, उसकी आत्महत्या से विचलित उसके पिता ने भी, उसकी आत्महत्या के चंद घंटों में ही अपनी जान दे दी। इस तरह, इस परीक्षा ने क्रूर काल बनकर पूरे के पूरे परिवार को ही खत्म कर दिया। इस घटना से विचलित, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने न सिर्फ जल्द ही नीट का ही अंत हो जाने की भविष्यवाणी की है बल्कि यह भी याद दिलाया है कि तमिलनाडु ने अब तक इस परीक्षा के ही हाथों, अपने 16 प्रतिभाशाली बच्चों को हमेशा के लिए खोया है।

बेशक, यह कहा जा सकता है कि इतने बड़े देश में, इतने सारे बच्चे प्रतिष्ठित शिक्षा धाराओं में प्रवेश चाहने वाले होंगे। लेकिन, सब को तो प्रवेश नहीं दिया जा सकता है। जिन्हें प्रवेश नहीं मिलता है, वे अगर आत्महत्या करने पर उतर आएं, तो इसमें प्रवेश परीक्षा की व्यवस्था क्या कर सकती है? सीमित मौकों के हिसाब से छंटनी जरूरी है। और पूरे देश के लिए समान प्रवेश परीक्षा ही न्यायपूर्ण तथा तार्किक तरीके से यानी कम प्रतिभावानों को अलग करने के जरिए, छंटाई का यह काम कर सकती है। बहरहाल, तमिलनाडु का उदाहरण बताता है कि प्रतिभावानों को छांटने की यह पूरी दलील ही कागजी और झूठी है।

यह एक जानी-मानी शिक्षाशास्त्रीय सच्चाई है कि कोई भी परीक्षा, सीमित हद तक ही प्रतिभा की जांच कर पाती है। और हमारे जैसे बहुत भारी विविधताओं वाले देश में तो ऐसी परीक्षाओं की उपयोगिता और भी सीमित है। यहां परीक्षा का दायरा जितना ज्यादा फैलता जाएगा, प्रतिभा या उपयुक्तता की जांच की उसकी क्षमता उतनी ही घटती जाएगी। अलग-अलग भाषाओं में पढ़ाई कराने वाले, एक हद तक अलग-अलग पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले राज्यों के लिए, एक अखिल भारतीय परीक्षा का विचार ही बहुत खोखला और वास्तव में नुकसानदेह है। याद रहे कि तमिलनाडु में नीट-विरोधी आंदोलन की शुरूआत, जिस छात्रा की आत्महत्या से हुई थी, वह राज्य में उस वर्ष से पहले तक चालू पात्रता चयन व्यवस्था के हिसाब से, मेडिकल कालेज में दाखिले की अपनी पात्रता पहले ही साबित कर चुकी थी। इसके बाद भी, जब नीट के आधार पर उसे अपात्र बना दिया गया, उसका दिल टूट गया और उसने अपनी जान दे दी। इसीलिए, जनतांत्रिक छात्र आंदोलन समेत, वास्तव में जनतंत्र की कद्र करने वाली तमाम ताकतें, नीट जैसी केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षाओं का विरोध करती आई हैं। लेकिन, दुर्भाग्य से एकरूपता को एकता का पर्याय मानने वाली देश की मौजूदा सरकार, ऐसी परीक्षाओं की सीमाओं को लेकर बार-बार चेताए जाने के बावजूद, ऐसी परीक्षाओं का दायरा बढ़ाती ही जा रही है। देश भर के लिए केंद्रीयकृत विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, इसी युवाघाती अभियान का एक और उदाहरण है। हां! केंद्रीयकृत विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा, नीट की जितनी जानलेवा शायद न साबित हो क्योंकि विश्वविद्यालय की शिक्षा में प्रवेश मिलने न मिलने से, नीट जैसी जानलेवा अपेक्षाएं नहीं लगी हुई हैं। लेकिन, इसीलिए इस परीक्षा ने अपने शुरूआती वर्षों में ही लाखों की संख्या में छात्रों को विश्वविद्यालयी पढ़ाई से दूर खदेड़ दिया है और यह पढ़ाई करने वालों के दायरे को, जो इस देश में पहले ही बहुत सीमित था, और भी सीमित करना शुरू कर दिया है।

बहरहाल, कोटा कोचिंग छात्रों और आम तौर पर कोचिंग छात्रों की आत्महत्याओं पर लौटें। ये छात्र कौन हैं? बेशक, कोचिंग की पढ़ाई और खासतौर पर कोटा जैसे केंद्रों में कोचिंग की पढ़ाई, काफी महंगी है। यह दूसरी बात है कि यह कोचिंग जिस डाक्टरी, इंजीनियरी आदि की पढ़ाई के लिए दाखिले की है, वह पढ़ाई भी अब देश में आय के अनुपात में काफी महंगी हो चुकी है। निजीकरण ने इन प्रोफेशनल कोर्सों की पढ़ाई को इतना महंगा बना दिया है कि साधारण मध्यवर्गीय परिवार तक, इस पढ़ाई का बोझ आसानी से नहीं उठा सकता है, फिर साधारण मेहनतकश परिवारों की तो बात ही क्या करना। पहले कोचिंग का खर्च और फिर दाखिला मिल जाए तो पढ़ाई का खर्च, दोनों को उठाना संपन्नतर परिवारों के लिए ही संभव है। हां! इस संबंध में दो अलग-अलग या दोनों एक साथ चलने वाले विकल्प भी देखने को मिलते हैं। पहला, दाखिले की सूरत में पढ़ाई के लिए कर्ज का बोझ बच्चे के ऊपर डाला जा सकता है, जो नाकामयाबी के डर को जानलेवा बना सकता है। दूसरे, साधारण परिवार, बच्चा अगर पढ़ाई में अच्छा नजर आता हो तो, उसके दाखिले को ही अपनी आर्थिक मुक्ति का इकलौता रास्ता मानकर, घर-जमीन या दूसरे सभी साधन बेचकर, बच्चे की महंगी पढ़ाई का बंदोबस्त कर सकता है। कोचिंग के मामले में तो खासतौर दूसरा ही विकल्प संभव है क्योंकि कोचिंग के लिए बैंक से शिक्षा ऋण नहीं मिल सकता है। दोनों ही सूरतों में परिवार की अपेक्षाओं का असह्य बोझ, किशोरों-युवाओं को विफलता की जरा सी फिसलन या आशंका भर से, आत्मघात की अंधेरी खाई में धकेल सकता है। हैरानी की बात नहीं है कि अपेक्षाकृत साधारण परिवारों से आने वाले बच्चे ही, कोई और रास्ता ही नहीं दिखाई देने के चलते, हताशा में आत्मघात की खाई में ज्यादा छलांग लगाते हैं।

ये आत्महत्याएं नहीं हत्याएं हैं, जिनके लिए हमारी वर्तमान व्यवस्था जिम्मेदार है, जिसने युवाओं के लिए अवसरों को इस कदर सीमित कर दिया है, इस कदर मुश्किल तथा संयोगाश्रित बना दिया है कि एक-एक विफलता की आशंका, संवेदनशील किशोरों-युवाओं के लिए, जिंदगी और मौत का सवाल बन जाती है। याद रहे कि बढ़ते चौतरफा आर्थिक संकट के बीच, अवसरों का लगातार सिकुड़ना, पूरे समाज में ही इस रुग्णता को फैला रहा है और बढ़ा रहा है। यह संयोग ही नहीं है कि एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2019 में देश भर में आत्महत्याओं की संख्या 1.3 लाख थी, जो 2020 में बढ़कर 1.5 लाख हो गई और 2021 में और बढ़कर 1.64 लाख हो गई यानी 2020-2021 के बीच ही, पूरे 7.1 फीसद बढ़ गई। फिर भी प्रतिभाशाली किशोरों-युवाओं की जान लेने वाला चेहरा, मौजूदा व्यवस्था का सबसे हिंसत, सबसे क्रूर चेहरा है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# नवीनतम चीन-भूटान सीमा वार्ता के नतीजे से भारत के लिए चिंता का विषय

■ गिरीश लिंगन्ना

हिमालय में, दो एशियाई महाशक्तियों, भारत और चीन के बीच रणनीतिक रूप से संवेदनशील भौगोलिक स्थिति में बसा है। वर्षों से दिल्ली अपनी भू-राजनीतिक मजबूरियों के कारण थिम्पू को सैन्य और आर्थिक सहायता के रूप में करोड़ों डॉलर की पेशकश करती रही है। भारत और भूटान दोनों को अभी भी चीन के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे भूमि सीमा विवाद को सुलझाना बाकी है, जो भूटान के उत्तर और पश्चिम में हिमालय के क्षेत्र पर सीमा समझौते पर पहुंचने के लिए दबाव डाल रहा है। संभावित समाधान के लिए भूटान के दीर्घकालिक सहयोगी, भारत की अंतर्निहित मंजूरी की भी आवश्यकता होगी।

21-24 अगस्त तक बीजिंग में भूटान और चीन के बीच आयोजित 13वीं विशेषज्ञ समूह बैठक (ईजीएम) के अंत में, जो सीमा वार्ता की प्रगति की निगरानी करती है, दोनों देशों ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि वे वार्ता की गति बढ़ाने पर सहमत हुए हैं, अपने लंबे समय से लंबित सीमा विवाद के समाधान के लिए 'तीन-चरणीय रोडमैप' बनाने के लिए एक साथ कदम उठायेंगे। चालू वर्ष में आयोजित यह तीसरी विशेषज्ञ समूह (ईजीएम) की बैठक थी।

संयुक्त विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने पिछली ईजीएम में हुए समझौते के आधार पर रोडमैप को लागू करने पर 'स्पष्ट, मैत्रीपूर्ण और रचनात्मक चर्चा' की थी। बयान में कहा गया, '13वीं ईजीएम के महत्वपूर्ण परिणामों में से एक चीन-भूटान सीमा के परिसीमन पर संयुक्त तकनीकी टीम की स्थापना है, जिसने ईजीएम के मौके पर अपनी पहली बैठक की।'

**दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे इस सीमा गतिरोध में विवाद की जड़ डोकलाम का रणनीतिक पठार है, जो तीन देशों-भारत, भूटान और चीन के ट्राइ-जंक्शन के करीब स्थित है। यदि बीजिंग इस विवादित पठार पर नियंत्रण हासिल करने में कामयाब हो जाता है, तो यह चीन को निर्बाध बल जुटाने की अनुमति देगा क्योंकि इससे भारत के साथ सशस्त्र संघर्ष छिड़ने की स्थिति में उसे भूमि मार्गों तक अधिक पहुंच मिल जायेगी।**

चीन और भूटान के बीच सीमा वार्ता 1984 से एक सतत प्रक्रिया रही है क्योंकि दोनों देश डोकलाम क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। भारत ने हमेशा से ही उसके रुख का समर्थन किया है। चीनी अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर नजर रखने वालों का कहना है कि चीन और भूटान 1996 के आसपास एक अंतिम समझौते पर पहुंचने के बहुत करीब आ गये थे, लेकिन भारत की रणनीतिक दखल के कारण वार्ता विफल हो गयी। 1984 के बाद से चीन और भूटान के बीच 24 दौर से अधिक सीमा वार्ता के अलावा 12 दौर की विशेषज्ञ स्तर की बैठकें हो चुकी हैं। मई 2023 में, 12वीं विशेषज्ञ समूह बैठक (ईजीएम) भूटान की राजधानी थिम्पू में आयोजित की गई थी, 11वीं ईजीएम वार्ता चीन की राजधानी और युनान प्रांत के सबसे बड़े शहर कुनमिंग में आयोजित होने के ठीक चार महीने बाद हुई थी।

जैसे ही थिम्पू दौर की चर्चा समाप्त हुई, भूटान और चीन दोनों ने कहा कि 'तीन-चरणीय रोडमैप' को लागू करने की दिशा में प्रगति हुई है जो उनके सीमा विवाद को सुलझाने में मदद करेगा। दो साल के लंबे अंतराल के बाद जनवरी 2023 में 11वीं ईजीएम के बाद अप्रैल 2021 में 10वीं ईजीएम हुई। इसे देखते हुए, यह महत्वपूर्ण लगता है कि मई 2023 में 12वें दौर के बाद, 13वां दौर केवल तीन महीनों के भीतर- और चीनी राजधानी में- वार्ता में और अधिक तेजी से विकास का संकेत दे रहा है।

इस विवाद की जड़ें भारत और चीन के बीच तीखी सीमा वार्ता में हैं। दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे इस सीमा गतिरोध में विवाद की जड़ डोकलाम का रणनीतिक पठार है, जो तीन देशों-भारत, भूटान और चीन के ट्राइ-जंक्शन के करीब स्थित है। यदि बीजिंग इस विवादित पठार पर नियंत्रण हासिल करने में कामयाब हो जाता है, तो यह चीन को निर्बाध बल जुटाने की अनुमति देगा क्योंकि इससे भारत के साथ सशस्त्र संघर्ष छिड़ने की स्थिति में उसे भूमि मार्गों तक अधिक पहुंच मिल जायेगी।

भारत की हिमालयी सीमाओं पर निर्भीक और बेधड़क चीनी घुसपैठ के कारण क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी सैन्य जमावड़े हुए और कभी-कभी झड़पें भी हुईं। 2017 में चीन-भारत सीमा पर झड़प, जिसे 'डोकलाम गतिरोध' कहा गया, भारत और चीन के बीच एक सैन्य झड़प थी। डोकलाम में सड़क बनाने की चीनी कोशिशों ने विवाद को भड़का दिया। 16 जून, 2017 को, चीनी सैनिकों ने बुलडोजर, क्रेन, उत्खननकर्ता, फोर्कलिफ्ट और डंप ट्रकों के साथ डोकलाम में पहले से मौजूद सड़क को दक्षिण तक विस्तारित करने का काम शुरू किया। 18 जून, 2017 को, भारत ने 'ऑपरेशनजुनिपर' के रूप में अपनी प्रतिक्रिया शुरू की, जब लगभग 270 सशस्त्र भारतीय सैनिकों ने अनुचित चीनी गतिविधि को रोकने के लिए केवल दो बुलडोजरों के साथ सिक्किम सीमा पार डोकलाम में हमला किया। हालांकि, 28 अगस्त को दोनों देशों ने सेना वापसी की घोषणा की।

भारत-चीन सीमा संकट सीमांकित त्रिकोणीय जंक्शन के पश्चिम में भारत के सिक्किम राज्य, उत्तर में चीन के कब्जे वाले तिब्बत की चुम्बी घाटी और पूर्व में भूटान की हा घाटी पर पहुंच गया है। इस त्रि-जंक्शन के सटीक स्थान को लेकर भारत और चीन के बीच लंबे समय से टकराव चल रहा है। भूटान-चीन सीमा प्रश्न का दशकों पुराने भारत-चीन सीमा संकट से सीधा संबंध है। दोनों देश एक सीमा साझा करते हैं जिसका पर्याप्त रूप से सीमांकन नहीं किया गया है, इसलिए इस क्षेत्र पर दोनों देशों के दावे एक-दूसरे के क्षेत्र तक होते हैं। भारत का अनुमान है कि यह 3,488 किलोमीटर लंबा होगा, जबकि चीन का कहना है कि यह 2,000 किलोमीटर है। वर्तमान यथास्थिति सीमा भारत के उत्तर में लद्दाख क्षेत्र में स्थित है और पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक जाती है - जो कि विवादित भी है क्योंकि चीनी इसे 'दक्षिणी तिब्बत' कहते हैं।

बीबीसी के अनुसार, चीन पश्चिमी भूटान में लगभग 269 वर्ग किमी और उत्तर-मध्य भूटान में 495 वर्ग किमी पर अपना दावा करता है। 2020 में, चीन का दुस्साहस पूर्वी भूटान में सकतेंग वन्यजीव अभयारण्य में 739 वर्ग किमी क्षेत्र तक फैल गया, और दावा किया कि यह मुख्यभूमि चीन का हिस्सा है, हालांकि अधिकांश आधिकारिक चीनी मानचित्रों में सकतेंग को भूटान का हिस्सा दिखाया गया है। यहां तक कि अरुणाचल प्रदेश सहित विशाल क्षेत्रों का दावा करने वाले चीन के सबसे महत्वाकांक्षी और विवादास्पद 2014 के नक्शे में, साकतेंग पार्क को भूटान का हिस्सा दर्शाया गया था।

डोकलाम पर थिम्पू के रुख का समर्थन करने के लिए दिल्ली के पास ठोस कारण हैं। यदि चीन के मंसूबे सफल होते हैं, तो भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण यह पठार बीजिंग को भारत के लिए सबसे संवेदनशील भौगोलिक बिंदुओं में से एक - सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे 'चिकन नेक' भी कहा जाता है - 22 किलोमीटर की संकीर्ण भूमि पर दिल्ली के मुकाबले फायदेमंद रहेगा। यह भूमि पुल मुख्य भूमि भारत को उत्तर-पूर्व में उसके 'सतबहनी' राज्यों से जोड़ता है।

उपग्रह चित्रों सहित महत्वपूर्ण डेटा से संकेत मिलता है कि चीन संप्रभु भूटानी क्षेत्र के अंदर बुनियादी ढांचे-यहां तक कि छोटे गांवों- के निर्माण में लगा हुआ है। बताया जाता है कि भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने मार्च 2023 में एक साक्षात्कार में बेल्जियम के दैनिक ला लिब्रे को बताया था, 'जैसा कि मीडिया में बताया गया है, भूटानी क्षेत्र में कोई घुसपैठ नहीं हुई है'। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि भूटान और चीन कुछ बैठकों में कुछ सीमाओं के सीमांकन में साझा आधार ढूंढ लेंगे।

इससे संकेत मिलता है कि शेरिंग संभवत: चीन के दबाव के आगे झुक रहे थे और सीमा मुद्दे को 'हल' करने के लिए क्षेत्र छोड़ने की तैयारी कर रहे थे, एक ऐसा कदम जिसने भारत के सुरक्षा प्रतिष्ठान में खतरे की घंटी बजा दी। 2012 के भारत-चीन समझौते में कहा गया है कि, भारत-चीन और किसी तीसरे देश के बीच साझा सीमाओं पर, सीमा का सीमांकन सभी संबंधित पक्षों की सहमति पर किया जायेगा। इसलिए, सीमा विवाद को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से तभी हल किया जा सकता है जब तीनों देश-भारत, भूटान और चीन- आम सहमति से किसी निर्णय पर पहुंचने में कामयाब होंगे।

## गुरवाणी विचार

### कहो कबीर गूंगे गुड़ खाया पूछे तो किया कहिये

सचा सौदा हरिनाम है, सच्चा वापरा राम।
गुरमति हरि नाम नजलिये अति माल अफारा राम।
अंतर बाहर भगती राते सचि नाम लिव लागी।
नदरि करे कोई सच पाये गुरु के शबद वीचारा।
नानक नाम रते तिन ही सुख पाया- साचै के वापारा।

इस शब्द में तीसरे नानक गुरु अमरदास जी मानवमन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि प्रभु के नाम की सच्ची खरीद ही प्रभु का साचा व्यापार है और यही सबसे उत्तम व्यापार है इसी के द्वारा हमें आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। गृहस्थ में रहकर गुर सीख ने अपनी और अपने परिवार की उपाजीविका चलाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार विहार करने हैं। तथा अपना और अपने परिवार का उदर पोषण करना है। परन्तु ये सब सही और ईमानदारी के साथ करना है और उसमें से दसबंध निकालकर जरूरतमंदों की दीनदुखियों की सेवा में लगाना है परन्तु माया कमाने के चक्कर में इतना गलतान नहीं हो जाना है कि अपने जनक को भी विसार दो-

दात पियारी विसरिया दातारा। माया है ही महा मोहिनी आदमी दस हजार कमाता है तो फिर लाख कमाने की तरफ दौड़ पड़ता है और इस तरह इस माया की अंधी दौड़ में ही फंसकर रह जाता है-

सहस्त्र कटे लख को उठि धावै।
तिरपत न आवै माया पाछै पावै।।

इसलिए हमें इस माया के मोह जाल में ही उलझ कर नहीं रह जाना है बल्कि कमाने के साथ साथ उस पभु परमात्मा को भी हमेशा याद रखना है जिसने हमें यह लाखों-करोड़ों की सुंदर काया दी है और उस पभु परमात्मा को भी हमेशा याद रखना है जिसने हमें यह लाखों-करोड़ों की सुंदर काया दी है और उस प्रभु परमात्मा को एकमात्र याद करने का तरीका है पभु सिमरन बंदगी हमें जहां पर प्रभु संकीर्तन होत हो जाना चाहिए प्रभु महिमा कथा, कीर्तन श्रवण करते रहना चाहिए प्रभु महिमा वाली पुस्तकें पढ़ते रहना चाहिए ताकि हमारा मन उसमें रम जाए और शनै:शनै: हम अपने मन मंदिर में पभु परमात्मा हर जीव के अंतर आत्मा में मौजूद है हमें प्रयास कर उसे खोजना है और उसकी प्राप्ति हो जाए तो फिर उसका बखान उसी तरह नहीं किया जा सकता जिस तरह एक गूंगा व्यक्ति मिठाई या गुड़ खा ले तो उसके स्वाद का बखान नहीं कर सकता-

कहो कबीर गूंगे गुड़ खाया
पूछे तो किया कहिये।।

इस तरह हमारा सही मायने में व्यापार प्रबु सिमरन कर उसकी प्राप्ति ही होना चाहिए। तभी हम प्रभु सिमरन कर उसकी प्राप्ति कर आनंदपूर्वक इस संसार में जीवनयापन कर सकेंगे और प्रभु के साचे दरबार में जाने पर जगह प्राप्त कर सकेंगे और यह तभी संभव है जब प्रभु परमात्मा की हम पर नजरें इनायत हो जाए।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### मनाने के साथ समझने होंगे रक्षा बंधन के मायने ?

भाई-बहन का रिश्ता दुनिया के सभी रिश्तों में सबसे ऊपर है। हो भी न क्यों? भाई-बहन दुनिया के सच्चे मित्र और एक-दूसरे के मार्गदर्शक होते हैं। जब बहन शादी करके ससुराल चली जाती है और भाई नौकरी के लिए घर छोड़कर किसी दूसरे शहर चला जाता है तब महसूस होता है कि भाई-बहन का ये सर्वोत्तम रिश्ता कितना अनमोल है। सरहद पर खड़ा एक सैनिक भाई अपनी बहन को कितना याद करता है और बहनों की ऐसे वक्त क्या दशा होती है? इसके लिए शब्द नहीं है। यह पर्व उस अनमोल प्रेम का, भावनाओं का बंधन है जो भाई को सिर्फ अपनी बहन की नहीं, बल्कि दुनिया की हर लड़की की रक्षा करने हेतु वचनबद्ध करता है।

रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते का त्योहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहनें भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं। राखी सामान्यत: बहनें भाई को ही बांधती हैं परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बंधियों (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बांधी जाती है। वास्तव में ये त्योहार से रक्षा के साथ जुड़ा हुआ है, जो किसी की भी रक्षा करने को प्रतिबद्ध करता है। अगर इस पवित्र दिन अपनी बहन के साथ दुनिया की हर लड़की की रक्षा का वचन लिया जाए तो सही मायनों में इस त्योहार का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। इस पावन त्योहार का अपना एक अलग स्वर्णिम इतिहास है, लेकिन बदलते समय के साथ बाकी रिश्तों की तरह इसमें भी बहुत से बदलाव आए हैं। जैसे-जैसे आधुनिकता हमारे मूल्यों और रिश्तों पर हावी होती जा रही है। संस्कृति में पतन के फलस्वरूप रिश्तों में मजबूती और प्रेम की जगह दिखावे ने ले ली है। आज के बदलते समय में इस त्योहार पर भी आधुनिकता हावी होने लगी है, तब से आज तक यह परंपरा तो चली आ रही है लेकिन कहीं न कहीं हम अपने मूल्यों को खोते जा रहे हैं। राखी का ये अनमोल रिश्ता महज कच्चे धागों की परंपरा भर नहीं है। लेन-देन की परंपरा में प्यार का कोई मूल्य भी नहीं है बल्कि जहां लेन-देन की परंपरा होती है वहां प्यार तो टिक ही नहीं सकता, अटूट रिश्ते कैसे बन पाएंगे। इतिहास में कृष्ण और द्रौपदी की कहानी प्रसिद्ध है, जिसमें युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण की उंगली घायल हो गई थी, श्रीकृष्ण की घायल उंगली को द्रौपदी ने अपनी साड़ी में से एक टुकड़ा बांध दिया था, और इस उपकार के बदले श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को किसी भी संकट में द्रौपदी की सहायता करने का वचन दिया था। रक्षा बंधन की कथाएं बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसी बहन का साया जब भी भाई को पुकारता था, तो दुनिया की हर ताकत से लड़ कर भी भाई उसे सुरक्षा देने दौड़ पड़ता था और उसकी राखी का मान रखता था।

कहते हैं, मेवाड़ की रानी कर्मावती को बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लड़ने में असमर्थ थी अत: उसने मुगल बादशाह हुमायूं को राखी भेज कर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज रखी और मेवाड़ पहुंच कर बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती व उसके राज्य की रक्षा की।

परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। आज एक बार फिर भातृत्व की सीमाओं को बहन फिर चुनौती दे रही है, क्योंकि उसके उम्र का हर पड़ाव असुरक्षित है, उसकी इज्जत एवं अस्मिता को बार-बार नोचा जा रहा है।

-प्रियंका सौरभ

# खेल जगत

## ग्लेन मैक्सवेल द.अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर

**डरबन ( दक्षिण अफ्रीका ),** 28 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज की शुरुआत से पहले कंगारू टीम को बड़ा झटका लगा है। टखने में चोट के चलते ग्लेन मैक्सवेल टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टी-20 मैचों की सीरीज का आगाज 30 अगस्त से होगा। इस बीच प्रशिक्षण सत्र के दौरान मैक्सवेल चोटिल हो गए और उन्हें सीरीज से बाहर होना पड़ा। मैक्सवेल के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में मैथ्यू वेड की एंट्री हुई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को उम्मीद है कि मैक्सवेल वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह फिट होकर टीम में वापसी करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने कहा कि मैक्सवेल के चोट के इतिहास को देखते हुए उनके साथ कोई जोखिम नहीं लिया जाएगा, जिसमें उनके पैर की गंभीर चोट भी शामिल है।



# नीरज बने विश्व चैंपियन




> मैं देर तक जागने के लिए भारत के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह पदक पूरे भारत के लिए है। मैं ओलंपिक चैंपियन हूं, अब विश्व चैंपियन हूं। विभिन्न क्षेत्रों में कड़ी मेहनत करते रहें। हमें दुनिया में नाम कमाना है : नीरज चौपड़, विश्व चैंपियन, भाला फेंक

**बुडापेस्ट,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 40 साल के इतिहास में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीत लिया है।

नेशनल एथलेटिक्स सेंटर में रविवार को हुए फाइनल में टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज ने 88.17 के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ विश्व चैंपियन का ताज अपने सिर सजाया। पाकिस्तान के अरशद नदीम 87.82 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि चेक गणराज्य के जाकुब वाडलेच ने 86.67 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर कांस्य पदक हासिल किया।

पहला थ्रो रद्द होने के बाद नीरज ने दूसरे ही प्रयास में जैवलिन को 88.17 मीटर की दूरी पर फेंक दिया। नीरज ने अपने अगले चार प्रयासों में क्रमशः 86.32, 84.64, 87.73 और 83.98 मीटर की दूरी तक भाला फैंका, लेकिन उनके दूसरे प्रयास के दम से भारत की झोली में स्वर्ण पदक आया।

नीरज विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं, जबकि पिछले साल उन्होंने यूजीन में आयोजित टूर्नामेंट में रजत पदक हासिल किया था। नीरज के अलावा अंजू बॉबी जॉर्ज (महिला लंबी कूद कांस्य, 2003) विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिये पदक जीतने वाली एकमात्र एथलीट हैं।

गौरतलब है कि नीरज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर का है, जो स्टॉकहॉम डायमंड लीग 2022 में दर्ज किया था। नीरज का रविवार रात का थ्रो उनके सर्वश्रेष्ठ पांच प्रयासों में न होने के बावजूद इतिहास के पन्नों में उनका नाम दर्ज करवाने के लिये काफी था।

नीरज ने इस जीत के बाद कहा, यह बहुत अच्छा था। ओलंपिक स्वर्ण के बाद मैं वास्तव में विश्व चैंपियनशिप जीतना चाहता था। मैं बस और आगे बढ़ना चाहता था। यह राष्ट्रीय टीम के लिए शानदार है लेकिन विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतना मेरा सपना था।

उन्होंने कहा, यह भारत के लिये एक शानदार चैंपियनशिप रही है और मुझे अपने देश के लिये एक और खिताब लाने पर गर्व है। मुझे नहीं लगता कि मैं यहां सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हूं। मैं आज रात और बेहतर प्रदर्शन करना चाहता था। मैं आज रात 90 मीटर का निशान पार करना चाहता था। मैं आज शाम यह सब एक साथ नहीं कर सका, शायद अगली बार। नीरज के हमवतन किशोर जेना (84.77 मीटर) ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। डीपी मनू 84.14 मीटर की थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे। विश्व चैंपियनशिप की भाला फेंक प्रतियोगिता में पहली बार तीन भारतीय शीर्ष आठ में रहे हैं।

नीरज अब भाला फेंक प्रतियोगिताओं में हर संभव बड़ा खिताब जीत चुके हैं। अपने ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण और डायमंड लीग खिताब के अलावा नीरज एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप (2017), एशियाई खेल (2018) और राष्ट्रमंडल खेल (2018) चैंपियन भी हैं। उन्होंने विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2016) में भी स्वर्ण जीता था।

# नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ पारुल ने कटाया पेरिस का टिकट




**बुडापेस्ट,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की पारुल चौधरी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के 3000 मीटर स्टीपलचेज़ फाइनल में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए 2024 पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया है।

पारुल रविवार को नेशनल एथलेटिक्स सेंटर में हुए फाइनल में 11वें स्थान पर रहीं, लेकिन उन्होंने नौ मिनट 15.31 सेकंड में दौड़ पूरी कर ललिता बाबर (नौ मिनट 19.76 सेकंड) का रियो ओलंपिक 2016 में बनाया गया सात साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये खिलाड़ियों को नौ मिनट 23 सेकंड में दौड़ पूरी करनी थी और अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर पारुल ने पेरिस का टिकट भी कटा लिया।

इससे पूर्व, पारुल क्वालीफिकेशन राउंड में अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ (9.29.51) से पांच सेकंड तेज दौड़ीं और इससे उन्हें पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई थी। हाल के वर्षों में, अमेरिकी कोच निक सिमंस द्वारा निर्धारित कोचिंग कार्यक्रम से उन्हें काफी फायदा हुआ है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में 5000 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और इस साल एशियाई चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में स्वर्ण पदक जीता था।

## 4×400 मीटर रिले में पांचवें स्थान पर रहा भारत

**बुडापेस्ट।** मोहम्मद अनस, अमोज जेकब, मोहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय टीम ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 की 4 गुना 400 मीटर रिले दौड़ में पांचवां स्थान हासिल किया है। क्वालीफिकेशन राउंड में एशियाई रिकॉर्ड स्थापित करने वाली भारतीय टीम रविवार को फाइनल में दो मिनट 59.92 सेकंड के समय में दौड़ पूरी कर पांचवें स्थान पर रही। अमेरिका ने दो मिनट 57.31 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि फ्रांस ने दो मिनट 58.45 सेकंड के समय के साथ चांदी हासिल की। ग्रेट ब्रिटेन (दो मिनट 58.71 सेकंड) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम चौथे स्थान पर रहने वाले जमैका (2:59.34) से कुछ सेकंड ही पीछे रही। उल्लेखनीय है कि भारत ने शनिवार को हुए क्वालीफिकेशन राउंड में दो मिनट 59.05 सेकंड के समय में दौड़ पूरी कर नया एशियाई रिकॉर्ड स्थापित किया था।

# नसीम को पाकिस्तान के लिए मैच जीतने चाहिए : वहाब

**लाहौर,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी वहाब रियाज ने क्रिकेट पाकिस्तान से बातचीत में नसीम शाह के प्रदर्शन पर अपनी बातें रखी। नसीम ने हाल ही में हंबनटोटा में दूसरे वनडे में फजलहक फारूकी के खिलाफ अफगानिस्तान पर एक विकेट से जीत में पाकिस्तान के लिए विजयी रन बनाए थे। इससे पहले भी उन्होंने इसी गेंदबाज के खिलाफ पिछले साल एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाने के लिए दो छक्के लगाए थे। क्रिकेट पाकिस्तान ने वहाब के हवाले से कहा, नसीम ने कई मैचों में अच्छी गेंदबाजी की है। मुझे लगता है कि उन्होंने अभी तक अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया है। उन्हें अपनी क्षमता को देखते हुए पाकिस्तान के लिए और मैच जीतने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी एशिया कप और वनडे विश्व कप की तैयारी में पाकिस्तान की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण होंगे। शाहीन शाह अफरीदी नई गेंद से खतरनाक हैं। बाद में हारिस रऊफ कमान संभालते हैं। वे डेथ ओवर्स में गेंदबाजी में विशेषज्ञ हैं। विश्व कप में अफरीदी के 10 ओवर काफी अहम होंगे। टीम को उनसे बीच-बीच में विकेट की जरूरत होगी। वहाब को लगता है कि पाकिस्तान इमाम-उल-हक, फखर जमान और कप्तान बाबर आजम के शीर्ष क्रम पर बहुत ज्यादा निर्भर है। वनडे मैचों में, पाकिस्तान अपने शीर्ष क्रम की तिकड़ी इमाम, फखर और बाबर पर बहुत अधिक निर्भर करता है। इसलिए पाकिस्तान अपने मध्यक्रम लाइनअप संबंधित मुद्दों से हमेशा जूझता रहता है। एशिया कप 30 अगस्त से 17 सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाएगा।

# मलेशिया को हराकर भारत ने विश्व कप में बनाई जगह




नई दिल्ली, 28 अगस्त (देशबन्धु)। कप्तान नवजोत कौर की शानदार हैट्रिक और मरियाना कुजूर, व ज्योति के दो दो तथा मोनिका दीपि टोपो व महिमा चौधरी के एक -एक गोल की बदौलत भारत ने मलयेशिया को सलाला (ओमान) में महिला एशियन कप हॉकी 5 क्वॉलिफायर के सेमीफाइनल में 9-5 से करारी देकर फाइनलमें स्थान बना अगले साल ओमान में होने वाले एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप, 2024 के लिए क्वॉलिफाई कर लिया।

भारत की महिला हॉकी टीम ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया लेकिन खेल के रुच के उलट जती मुहम्मद ने चौथे और पांचवें मिनट में मैदानी गोल मलयेशिया को 2-0 से आगे कर दिया। कप्तान नवजोत कौर ने सातवें और मरियाना कुजूर ने नौवें मिनट में बढ़िया मैदानी गोल कर भारत की महिला टीम को दो-दो की बराबरी दिला दी। डियान नजरी ने दसवें मिनट में गोल कर फिर मलयेशिया को 3-2 से आगे कर दिया लेकिन अगले ही क्षण नवजोत ने गोल कर भारत को तीन तीन की बराबरी दिलाई लेकिन दो मिनट बाद मरियाना कुजुर ने मैच का अपना दूसरा गोल कर अपनी टीम को 4-3 से आगे कर दिय। महिमा चौधरी ने पहला हाफ खत्म होने से मिनट भर पहले गोल कर भारत को 5-3 से आगे कर दिया।,

मलयेशिया की अजीज जाफरिया ने दूसरे हाफ के पहले मिनट मे गोल कर स्कोर 4-5 कर दिया। नवजोत कौर ने अगले ही मिनट मैच का अपना तीसरा गोल कर हैट्रिक पूरी की और ज्योति ने चार और मोनिका दीपि टोपो ने अगले ही मिनट गोल कर भारत की महिला टीम की बढ़त 8-5 कर दी। ज्योति ने मैच खत्म होने से चार मिनट पहले गोल कर भारत को 9-5 से आगे कर दिया और यह मैच का अंतिम गोल साबित हुआ।

**सुडोकू 6300 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 3 | 1 |
| 1 | 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 9 | 2 | 3 |
| 2 | 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 8 | 3 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |


**न्यायालय नायब तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. आरडी-202223440206900006/अ-06 वर्ष 2022-23
ग्राम गुजरा प.ह.नं. 20

एतद् द्वारा सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक डिगेश्वरी साहू प्रकाश चंद साहू, निवासी- छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर के दवारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम गुजरा, प.ह.नं.- 20, रा.नि.मं. पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 656/10 रकबा 1000 वर्गफीट भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में प्रकाशचंद साहू पिता स्व. ग्वाल राम साहू के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, जिनका देहांत दिनांक 07.04.2021 को हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर मूलक के विधिक वारिसान का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र यदसतावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 12.09.2023 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह इश्तहार आज दिनांक 23.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी

मुहर — नायब तहसीलदार, मंदिर हसौद

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, IDREES AHMED HYDERY S/O FAKHARUDDIN HYDERY resident of H.NO 43/1050, BEHIND PURANI BASTI THANA AMINPARA RAIPUR (C.G.) have changed my old name IDREES AHMED HYDERY S/O FAKHARUDDIN HYDERY so in future I should be recognized by my new name that is IDREES AHMED HAIDERI S/O FAKHARUDDIN HYDERY in all Government and other documents.

**IDREES AHMED HAIDERI**
H.NO 43/1050, BEHIND PURANI BASTI THANA AMINPARA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, M PARVEEN RATHORE W/O MOHAMMED FIROZ RATHORE resident of WARD NO. -41, SUBHASH NAGAR, NEW MASJID KE AGE, DURG (C.G.) 49001 have changed my old name M PARVEEN RATHORE W/O MOHAMMED FIROZ RATHORE so in future I should be recognized by my new name that is PARVEEN BANO W/O MOHAMMED FIROZ RATHORE in all Government and other documents.

**PARVEEN BANO**
WARD NO. -41, SUBHASH NAGAR, NEW MASJID KE AGE, DURG (C.G.) 49001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RASHMI RATHORE D/O AMAR SINGH resident of RAJENDRA NAGAR WARD NO. 4 BASTAR DISTT BASTAR (C.G.) have changed my old name RASHMI RATHORE D/O AMAR SINGH so in future I should be recognized by my new name that is RASHMI BHADORIYA W/O SANDEEP BHADORIYA in all Government and other documents.

**RASHMI BHADORIYA**
RAJENDRA NAGAR WARD NO. 4 BASTAR DISTT BASTAR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RADHAMAL S/O MELHUMAL MALGANI, resident of H.N. 494. BHOIPARA RAIPUR (C.G.) have changed my old name RADHAMAL S/O MELHUMAL MALGANI, so in future I should be recognized by my new name that is RADHA KISHAN MALGANI. S/O MELHUMAL MALGANI, in all Government and other documents.

**RADHA KISHAN MALGANI**
H.N. 494. BHOIPARA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHAMMAD JAVED S/O MOHAMMED JABIR resident of RAZA MANZIL GANDHI CHOWK CHOTAPARA RAIPUR (C.G.) have changed my old name MOHAMMAD JAVED S/O MOHAMMED JABIR so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMED JAVED RAZA S/O MOHAMMED JABIR in all Government and other documents.

**MOHAMMED JAVED RAZA**
RAZA MANZIL GANDHI CHOWK CHOTAPARA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ASHISH KUMAR ALIAS ASHISH AGRAWAL S/O SAGARMAL resident of H.NO 8, WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.) have changed my old name ASHISH KUMAR ALIAS ASHISH AGRAWAL S/O SAGARMAL so in future I should be recognized by my new name that is ASHISH KUMAR AGRAWAL S/O SAGARMAL in all Government and other documents.

**ASHISH KUMAR AGRAWAL**
H.NO 8, WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SEETA W/O ASHISH KUMAR AGRAWAL resident of H.NO 8, WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.) have changed my old name SEETA W/O ASHISH KUMAR AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SITA AGRAWAL W/O ASHISH KUMAR AGRAWAL in all Government and other documents.

**SITA AGRAWAL**
H.NO 8, WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.)

**रजिस्ट्री गुमी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य में एक मकान है जो मौजा मकान नंबर RPR 56500146 (खसरा नं.- 1082/15, रकबा-500) कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड, अश्विनी नगर, महादेव घाट रोड, महंत लक्ष्मीनारायण दास स्कूल के सामने, लाखेनगर, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित है यह कि उक्त मकान की रजिस्ट्री पेपर की मूल प्रति विगत एक वर्ष पूर्व हमारे उक्त निवास स्थान से कहीं पर गुम हो चुकी है उक्त रजिस्ट्री की द्वितीय प्रति की आवश्यकता पड़ रही है।
अतः उक्त सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सम्बंधित दस्तावेज के साथ सूचित करें। सो सूचना जाने।

पता-
**नीरद सोनकर,**
**जितेंद्र कुमार सोनकर**
पिता- श्री शंकर दयाल सोनकर
निवासी- पुरानी बस्ती, सोनकर पारा, लोहार चौक, रायपुर (छ.ग)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AKSHAYA KOMBOJ S/O VINOD KAMBOJ resident of LIG-I/1205, WARD NO.-14, DHANCHA BHAWAN, PRAGATI NAGAR KURUD JAMUL DISTT.-DURG (C.G.) 490024 have changed my old name AKSHAYA KOMBOJ S/O VINOD KAMBOJ so in future I should be recognized by my new name that is AKSHAY KAMBOJ S/O VINOD KAMBOJ in all Government and other documents.

**AKSHAY KAMBOJ**
LIG-I/1205, WARD NO.-14, DHANCHA BHAWAN, PRAGATI NAGAR KURUD JAMUL DISTT.-DURG (C.G.) 490024

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AJAZ AHMAD S/O MAKSOOD AHMED resident of HOUSE NO 141/1 WARD NO.8 TAJ MANJIL EIDGAAH ROAD FARID NAGAR SUPELA BHILAI DURG (C.G.) 490023 have changed my old name AJAZ AHMAD S/O MAKSOOD AHMED so in future I should be recognized by my new name that is AJAJ AHMAD S/O MAKSOOD AHMED in all Government and other documents.

**AJAJ AHMAD**
HOUSE NO 141/1 WARD NO.8 TAJ MANJIL EIDGAAH ROAD FARID NAGAR SUPELA BHILAI DURG (C.G.) 490023

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BHOLA SAVE GOND S/O PUNKAL SAW resident of QR NO-52 CAMP 2 TIWARI GALI BIHARI SHIV MANDIR BHILAI 1 SO DURG (C.G.) 490001 have changed my old name BHOLA SAVE GOND S/O PUNKAL SAW so in future I should be recognized by my new name that is BHOLA SAW GOND S/O PUNKAL SAW in all Government and other documents.

**BHOLA SAW GOND**
QR NO-52 CAMP 2 TIWARI GALI BIHARI SHIV MANDIR BHILAI 1 SO DURG (C.G.) 490001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, LOKESH KUMAR AGRAWAL S/O RADHA KISHAN AGRAWAL resident of BALDEV BAG WARD 14, H. NO. 193, RAJNANDGAON (C.G.) 491441 have changed my old name LOKESH KUMAR AGRAWAL S/O RADHA KISHAN AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is LOKESH AGRAWAL S/O RADHA KISHAN AGRAWAL in all Government and other documents.

**LOKESH AGRAWAL**
BALDEV BAG WARD 14, H. NO. 193, RAJNANDGAON (C.G.) 491441

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SARITA AGRAWAL W/O AJAY KUMAR AGRAWAL resident of H.NO 8, WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.) have changed my old name SARITA AGRAWAL W/O AJAY KUMAR AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SARITA DHANONDIYA W/O AJAY KUMAR AGRAWAL in all Government and other documents.

**SARITA DHANONDIYA**
H.NO 8, WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SAGARMAL S/O DHANSIRAM AGRAWAL resident of H.NO 8, WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.) have changed my old name SAGARMAL S/O DHANSIRAM AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SAGARMAL AGRAWAL S/O DHANSIRAM AGRAWAL in all Government and other documents.

**SAGARMAL AGRAWAL**
H.NO 8, WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, TANISH KUMAR AGRAWAL S/O ASHISH KUMAR AGRAWAL resident of H.NO 8, WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.) have changed my old name TANISH KUMAR AGRAWAL S/O ASHISH KUMAR AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is TANISH AGRAWAL S/O ASHISH KUMAR AGRAWAL in all Government and other documents.

**TANISH AGRAWAL**
H.NO 8, WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AJAY KUMAR ALIAS AJAY DHANONDIYA ALIAS AJAY AGRAWAL S/O SAGARMAL AGRAWAL resident of H.NO 8, WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.) have changed my old name AJAY KUMAR ALIAS AJAY DHANONDIYA ALIAS AJAY AGRAWAL S/O SAGARMAL AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is AJAY KUMAR AGRAWAL S/O SAGARMAL AGRAWAL in all Government and other documents.

**AJAY KUMAR AGRAWAL**
H.NO 8, WARD NO 15, INDUSTRIAL AREA KATGHORA DIST KORBA (C.G.)

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

नई दिल्ली, 28 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# पिछले 10 साल में रिलायंस ने 150 अरब डॉलर का किया निवेशः अंबानी

**■ रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 46वीं एजीएम में अपने संबोधन में यह बात कही**

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। रिलायंस ने पिछले 10 साल में कुल 150 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है जो देश में किसी भी अन्य कॉर्पोरेट घराने से अधिक है, और दुनिया भर के प्रमुख व्यवसायों के बराबर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 46वीं एजीएम में अपने संबोधन में यह बात कही। अंबानी ने कहा, 'पूरी विनम्रता के साथ मैं कहना चाहूंगा कि नया रिलायंस उभरते हुए नए भारत का अग्रदूत रहा है। बढ़ती महत्वाकांक्षा के साथ हमने असंभव से दिखने वाले लक्ष्य निर्धारित



किए और उन्हें हासिल किया।' उन्होंने कहा, इस नई रिलायंस का वर्णन करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि हम अब विशिष्ट क्षमताओं के साथ एक नए युग की प्रौद्योगिकी कंपनी बन गए हैं। आज हम प्रौद्योगिकी के शुद्ध उत्पादक, प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करने वाले के साथ ही प्रौद्योगिकी का लोकतांत्रिकरण

**'पूरी विनम्रता के साथ मैं कहना चाहूंगा कि नया रिलायंस उभरते हुए नए भारत का अग्रदूत रहा है। बढ़ती महत्वाकांक्षा के साथ हमने असंभव से दिखने वाले लक्ष्य निर्धारित किए और उन्हें हासिल किया:- मुकेश अंबानी**

करने वाले भी हैं।' अंबानी ने कहा, 'रिलायंस के बारे में जो सच है, वह अन्य भारतीय उद्यमों, अग्रणी कॉरपोरेट्स और स्टार्ट-अप्स के बारे में भी उतना ही सच है। मैं उनकी शानदार उपलब्धियों की बहुत प्रशंसा करता हूं। उन्होंने भी विकास, गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता और नवप्रवर्तन के प्रति जुनून के अपने शानदार प्रदर्शन से विश्व स्तर पर देश की प्रसिद्धि बढ़ाकर भारत को गौरवान्वित किया है।'

## 19 सितंबर को लॉन्च होगा जियो एयर फाइबर

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने सोमवार को ऐलान किया कि जियो एयर फाइबर को 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर लॉन्च किया जाएगा, जिससे कंपनी को भारतीय होम सेगमेंट में ग्राहक मूल्य और राजस्व वृद्धि का एक और अवसर मिलेगा। अंबानी ने आरआईएल की 46वीं एजीएम में कहा, 'जियो एयर फाइबर लास्ट-मील फाइबर की आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमारे पैन-इंडिया 5जी नेटवर्क और एडवांस वायरलेस टेक्नोलॉजी का उपयोग करता है।' उन्होंने कहा, 'ऑप्टिकल फाइबर के माध्यम से, हम वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 15,000 कनेक्शन को जोड़ सकते हैं। लेकिन जियो एयर फाइबर के साथ, हम प्रति दिन 150,000 कनेक्शन तक इस विस्तार को सुपरचार्ज कर सकते हैं, जो 10 गुना वृद्धि है, अगले तीन सालों में हम करीब 20 करोड़ घरों में इंटरनेट पहुंचाने की उम्मीद कर रहे हैं।' अंबानी ने कहा, 'फिक्स्ड-मोबाइल कन्वर्जेंस के जरिए, हम भारतीय परिवारों, विशेष रूप से प्रीमियम घरों, जहां घरेलू ब्रॉडबैंड का उपयोग सबसे तेजी से बढ़ रहा है, के बीच अधिक कनेक्टिविटी को बढ़ावा दे सकते हैं। यह अलग-अलग स्मार्ट होम समाधानों को व्यापक रूप से अपनाने की नींव भी रखता है।' अंबानी ने कहा कि जियो का ऑप्टिकल फाइबर इंफ्रास्ट्रक्चर पूरे भारत में 1.5 मिलियन किमी तक फैला हुआ है। उन्होंने कहा, 'ऑप्टिकल फाइबर के विस्तार में शामिल जटिलताओं और देरी के कारण लाखों संभावित ग्राहक होम ब्रॉडबैंड से वंचित रह जाते हैं, यहीं पर हमारी फिक्स्ड-वायरलेस ब्रॉडबैंड पेशकश जियो एयर फाइबर आती है।'

## रिलायंस बोर्डः नीता अंबानी बाहर, ईशा, आकाश और अनंत शामिल

मुंबई। देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल से श्रीमती नीता अंबानी ने इस्तीफा दे दिया जबकि अंबानी परिवार की अगली पीढ़ी ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी को इसमें शामिल कर लिया गया है। कंपनी की वार्षिक आम बैठक में निदेशक मंडल ने श्रीमती नीता अंबानी के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की वार्षिक आमसभा में कंपनी के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने यह जानकारी दी। श्री मुकेश अंबानी अगले पांच वर्षों तक अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बने रहेंगे। निदेशक मंडल में हुये इस बदलाव पर मुकेश अंबानी ने कहा, 'बोर्ड की बैठक में ईशा अंबानी, आकाश अंबानी और अनंत अंबानी को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल में शामिल करने की सिफारिश की गई। मैं गर्व से कह सकता हूं कि उन्होंने समर्पण, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत से यह उपलब्धियां हासिल की हैं। अन्य निदेशकों के साथ मिलकर, वे रिलायंस समूह को नेतृत्व देने और हमारे सभी व्यवसायों का मार्गदर्शन करने के लिए एक टीम के रूप में काम करेंगे।' श्रीमती नीता अंबानी अब रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल में नहीं रहेंगी लेकिन वह रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष बनी रहेंगी और इस भूमिका में वह बोर्ड में स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में सभी बैठकों में भाग लेंगी।

## रिलायंस रिटेल में एक हजार करोड़ का निवेशः ईशा अंबानी

मुंबई। देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की रिटेल कारोबार करने वाली इकाई रिलायंस रिटेल ने पिछले एक वर्ष एक हजार करोड़ रुपए का निवेश किया है और 3800 स्टोर शुरू किये गये हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज की आज यहां वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुये रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल कंपनी के स्टोरों में 78 करोड़ फुटफॉल रिकॉर्ड किया गया है। उन्होंने कहा कि रिलायंस रिटेल इस समय दुनिया का सबसे बड़ा रिटेल एंप्लॉयर है। इसकी पहुंच 30 फीसदी भारतीयों तक है। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी ने 5 लाख लैपटॉप बेचे हैं। वहीं अपैरेल की बात करें तो वित्त वर्ष 2023 के दौरान 54 करोड़ अपैरेल बेचे हैं।

## सेबी के आदेश के बाद ब्राइटकॉम ग्रुप के सीएमडी, सीएफओ ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। ब्राइटकॉम ग्रुप ने कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में कार्यरत सुरेश रेड्डी और मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के पद पर कार्यरत नारायण राजू के इस्तीफों की घोषणा की है। ये इस्तीफे सेबी के आदेश के बाद आए। प्रतिभूति एवं विनिमय बाजार नियामक सेबी ने कंपनी के सीएमडी और सीएफओ के निदेशकमंडल में रहने पर प्रतिबंध लगा दिया था। कंपनी ने कहा कि एक ट्रांज़िशन लीडरशिप टीम प्रस्तावित की गई है, जिसे नेतृत्व परिवर्तन प्रक्रिया की देखरेख की ज़िम्मेदारी दी गई है। बोर्ड ने आवश्यक कार्यों की सुचारू निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए एक सीईओ और एक सीएफओ की तलाश शुरू करने को भी मंजूरी दे दी।

आगामी नेतृत्व परिवर्तन के बारे में कंपनी के कर्मचारियों को तुरंत सूचित करने का निर्णय लिया गया। दैनिक कार्यों में न्यूनतम व्यवधान सुनिश्चित करने के लिए इस संक्रमण अवधि के दौरान पारदर्शी और स्पष्ट संचार बनाए रखा जाएगा। निदेशकमंडल ने नियामक अनुपालन की आवश्यकता को स्वीकार किया। इस संक्रमण अवधि के दौरान प्रासंगिक नियामक निकायों के साथ जुड़ने और सभी लागू नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

## बीपीसीएल की 1.5 लाख करोड़ के निवेश की योजना

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। तेल विपणन करने वाली देश की प्रमुख कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने क्षमता बढ़ाने, नेटवर्क का विस्तार करने और अपने हरित पोर्टफोलियो को बढ़ाने सहित अन्य कार्यों के लिए अगले पांच वर्षों में 1.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने की आज घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी ने नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन रोडमैप भी तैयार किया है जिसमें नवीकरणीय क्षमता की स्थापना शामिल है। कंपनी के अध्यक्ष जी कृष्णकुमार ने कंपनी की 70वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि बीपीसीएल ने अपने फोकस क्षेत्र का पुनर्मूल्यांकन और प्राथमिकता तय की है। इसने 'प्रोजेक्ट एस्पायर' पेश किया है जो 'नर्चरिंग द कोर' और 'फ्यूचर बिग बेट्स' के प्रमुख विषयों पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि 'नरचरिंग द कोर' के तीन मूलभूत स्तंभ हैं: रिफाइनिंग, मार्केटिंग और अपस्ट्रीम। 'फ्यूचर बिग बेट्स' पांच प्रमुख क्षेत्रों पर आधारित है: गैस, गैर-ईंधन खुदरा बिक्री, पेट्रोकेमिकल्स, हरित ऊर्जा व्यवसाय और डिजिटल वेंचर्स। रिफाइनिंग के तहत कंपनी ने बीना रिफाइनरी की क्षमता वर्तमान में 78लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) से बढ़ाकर 11 एमएमटीपीए करने की परियोजना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि अपने बुनियादी ढांचे के नेटवर्क का विस्तार करने के उद्देश्य से, बीपीसीएल लगभग 2,753 करोड़ रुपए के निवेश से पाइपलाइनों के साथ पीओएल और एलओबीएस प्रतिष्ठान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए वैश्विक प्रयास की आवश्यकता और 2070 तक नेट-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के देश के उद्देश्य स्कोप 1 और स्कोप 2 ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

श्री कृष्णकुमार ने कहा कि बीपीसीएल की योजना आने वाले पांच वर्षों में 7,000 ऊर्जा स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सुविधाएं प्रदान करने की है। कंपनी 2025 तक 1 गीगावाट (जीडब्ल्यू) और 2040 तक 10 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बनाने की इच्छा रखती है जिसमें जैविक और अकार्बनिक दोनों माध्यम शामिल होंगे। जैव ईंधन क्षेत्र में, इस वर्ष पेट्रोल में 10.6 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण हासिल करने के बाद, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मिश्रण को 12 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बनाई है और 2025 तक 20 प्रतिशत मिश्रण तक पहुंचने का प्रयास किया जायेगा।

# शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने के बाद विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, दूरसंचार, कैपिटल गुड्स और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में तेजी लौटी आई। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 110.09 अंक की तेजी लेकर 64,996.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 40.25 अंक चढ़कर 19,306.05 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.59 प्रतिशत चढ़कर 30,899.36 अंक और स्मॉलकैप 0.67 प्रतिशत उछलकर 36,298.44 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3907 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2066 में तेजी जबकि 1676 में गिरावट रही वहीं 165 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 32 कंपनियां हरे जबकि शेष 19 लाल निशान पर रही। बीएसई के 16 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.63, सीडी 0.53, वित्तीय सेवाएं 0.57, हेल्थकेयर 0.79, इंडस्ट्रियल्स 1.09, दूरसंचार 0.87, यूटिलिटीज 0.70, ऑटो 0.65, बैंकिंग 0.55, कैपिटल गुड्स 1.37, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.03, धातु 0.47, तेल एवं गैस 0.20, पावर 0.63, रियल्टी 0.95 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.07 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान




ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07, जर्मनी का डैक्स 0.39, जापान का निक्केई 1.73, हांगकांग का हैंगसेंग 0.97 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.13 प्रतिशत चढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 22 अंक बढ़कर 64,908.08 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होन से थोड़ी देर बाद 64,776.92 अंक के निचले स्तर पर आ गया। इसके बाद हुई लिवाली से यह लगातार बढ़ता हुआ दोपहर बाद 65,213.45 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 64,886.51 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 64,996.60 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 33 अंक उठकर 19,298.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,366.85 अंक के उच्चतम जबकि 19,249.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,265.80 अंक के मुकाबले 0.21 प्रतिशत चढ़कर 19,306.05 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की तेजी में रही 16 कंपनियों में से पावरग्रिड ने सबसे अधिक 2.50 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही एलटी 2.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.95, एचडीएफसी बैंक 1.01, सन फार्मा 0.89, मारुति 0.87, एक्सिस बैंक 0.68, टाटा स्टील 0.60, कोटक बैंक 0.58, इंडसइंड बैंक 0.58, एसबीआई 0.45, अल्ट्रासिमको 0.41, बजाज फाइनेंस 0.35, एनटीपीसी 0.28, आईसीआईसीआई बैंक 0.04 और एशियन पेंट के शेयर भी 0.02 प्रतिशत मजबूत रहे।

वहीं, रिलायंस 1.11, नेस्ले इंडिया 0.97, एचसीएल टेक 0.67, टाइटन 0.59, आईटीसी 0.56, टाटा मोटर्स 0.54, भारती एयरटेल 0.50, विप्रो 0.49, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.48, टेक महिंद्रा 0.42, इंफोसिस 0.33, बजाज फिनसर्व 0.30, जियो फाइनेंस 0.28, टीसीएस 0.17 और जेएसडब्ल्यूएस स्टील ने 0.01 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, दालें सस्ती

**नई दिल्ली**, 28 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव और स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि अधिकांश दालें सस्ती हो गई।



तेल-तिलहनः वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 45 रिंगिट की गिरावट के साथ 3815 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.21 सेंट उतरकर 63.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 220 रुपए और मूंगफली तेल 147 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि पाम ऑयल में 134 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## सार संक्षेप

### कोच्चिः बम की अफवाह के बाद रनवे से वापस लौटा विमान

कोच्चि। कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को विमान में बम रखे होने की कॉल मिलने के बाद बेंगलुरु जा रहे इंडिगो के एक विमान को रनवे से वापस बुला लिया गया। जब कॉल आई तो विमान रनवे पर टैक्सी कर रहा था। यात्रियों और सामान को उतारने के बाद गहन तलाशी के बाद बम की कॉल अफवाह निकली। इसके बाद दोपहर 1 बजे से विमान को अपने गंतव्य की ओर जाने की अनुमति दे दी गई। इस बीच, स्थानीय पुलिस ने घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

### 900 लोगों को नौकरी से निकालने वाले विशाल गर्ग की कंपनी के स्टॉक में भारी गिरावट

**सैन फ्रांसिस्को**। भारतीय मूल के सीईओ विशाल गर्ग द्वारा संचालित कंपनी बेटर डॉट कॉम ने पब्लिक मार्केट डेब्यू के बाद अपने स्टॉक में भारी गिरावट देखी। एक समय इसकी कीमत 7.7 बिलियन डॉलर थी। गर्ग की सॉफ्टबैंक समर्थित कंपनी के स्टॉक, जो 17.44 डॉलर पर कारोबार कर रहे थे, पिछले सप्ताह 94 प्रतिशत गिरकर 1.15 डॉलर पर आ गए। कंपनी ने 24 अगस्त को पब्लिक डेब्यू किया और स्टॉक पब्लिक इंवेस्टर्स के बीच बिल्कुल भी लोकप्रिय नहीं रहा। बेटर डॉट कॉम ने दो साल पहले 7.7 बिलियन डॉलर के वैल्यूएशन पर पब्लिक होने का प्लान बनाया था। अब, कंपनी का मार्केट कैप केवल 19.14 मिलियन डॉलर के आसपास मंडरा रहा है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार, बेटर डॉट कॉम को सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) की जांच और पिछले दो सालों में 7,000 कर्मचारियों की बर्खास्तगी के बाद राजस्व में कमी और नकदी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। एसईसी के साथ दायर एक जुलाई प्रॉस्पेक्टस में कंपनी ने लिखा था कि उसके मैनेजमेंट और अकाउंटिंग फर्म ने कंपनी की एक चालू संस्था के रूप में जारी रहने की क्षमता के बारे में संदेह व्यक्त किया था। जून में, गर्ग ने कथित तौर पर अपनी रियल एस्टेट टीम को हटा दिया और यूनिट बंद कर दी।

### कंपनियों के लचीलापन अपनाने से हाइब्रिड वर्क 29 प्रतिशत बढ़ाः रिपोर्ट

**नई दिल्ली**। अप्रैल-जून की अवधि में वैश्विक स्तर पर हाइब्रिड वर्क में 29 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि दर्ज की गई है, क्योंकि 'दूरस्थ काम' और 'घर से काम' के विकल्पों में गिरावट आई है। एक अग्रणी डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडेटा ने खुलासा किया है कि हाइब्रिड कामकाजी भूमिकाएं जो कर्मचारियों को कार्यालय और उनके घरों के बीच अपने काम के घंटों को संतुलित करने में सक्षम बनाती हैं, उसमें वृद्धि दर्ज की गई है। दूसरी तिमाही में यात्रा और पर्यटन, खुदरा और वित्तीय सेवाओं जैसे उद्योगों में हाइब्रिड वर्क से संबंधित नौकरी पोस्टिंग

## जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी: सीतारमण

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) ने वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है। योजना के 9 साल पूरे होने के अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा, 'पीएमजेडीवाई के नेतृत्व वाले 9 सालों के हस्तक्षेप और डिजिटल परिवर्तन ने भारत में वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है। यह जानकर खुशी हो रही है कि जन धन खाते खोलकर 50 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम में लाया गया है।' इनमें से लगभग 55.5 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि इसके अलावा, इन खातों में लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड बिना किसी शुल्क के जारी किए गए हैं, जो 2 लाख रुपये के दुर्घटना बीमा कवर का भी प्रावधान करता है।



सीतारमण ने कहा, 'हितधारकों, बैंकों, बीमा कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के सहयोगात्मक प्रयासों से, पीएमजेडीवाई देश में वित्तीय समावेशन के परिदृश्य को बदलने वाली एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है।' पीएमजेडीवाई खातों के तहत कुल जमा शेष राशि 2,03,505 करोड़ रुपए है। पीएमजेडीवाई खाते मार्च 2015 में 14.72 करोड़ से 3.4 गुना बढ़कर 16 अगस्त तक 50.09 करोड़ हो गए हैं।

## 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी शुरू, 20 कलाकार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**■ अभिनेता मनोज जोशी ने इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया**

**■ आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी के अध्यक्ष प्रो.वी.नागदास ने की**

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। ललित कला अकादमी द्वारा शुरू की गई 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी (एनईए) के शुभारंभ के साथ ही आज यहां देश भर के 20 कलाकारों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिनेता मनोज जोशी ने इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी के अध्यक्ष प्रो.वी.नागदास ने की। इस समारोह में मंगोलिया के राजदूत डी गनबोल्ड, इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन, इजरायल दूतावास की संस्कृति अटैचे सुश्री रेयूमा मंत्जुर, हंगरी सांस्कृतिक केंद्र दिल्ली के डायरेक्टर/काउंसलर संस्कृति सुश्री डॉ मारियन एर्डो, अल्जीरिया के राजदूत डॉ अली आचोई, स्पेन के राजदूत जोसे मारिया रिडाओ डोमिंगेज़ जैसी हस्तियां मौजूद थीKसभी बीस राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकारों को शॉल, प्रशस्ति प्रमाण पत्र और दो लाख रुपए से सम्मानित किया गया। सम्मानित कलाकारों में अभिप्सा प्रधान (दिल्ली), आकाश विश्वास (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह), अनामिका सिंह (उत्तरप्रदेश), अनस सुल्तान (उत्तर प्रदेश), आरती पालीवाल (दिल्ली), भाऊराव बोदाडे (मध्यप्रदेश), चुगुली कुमार साहू (ओडिशा), दीपक कुमार (हरियाणा), दीपक कुमार (उत्तर प्रदेश), जान्हवी खेमका (उत्तर प्रदेश), किरण अनिला शेरखाने (कर्नाटक), कुमार जिगीशु (दिल्ली), महेंद्र प्रताप दिनकर (दिल्ली), नागेश बालाजी गाडेकर (गुजरात), नरोत्तम दास (ओडिशा), पंकज कुमार सिंह (उत्तर प्रदेश), पवन कुमार (हरियाणा), प्रियौम तालुकदार(असम), समा कंथा रेड्डी (आंध्र प्रदेश) और सोमेन देबनाथ (त्रिपुरा) शामिल है।

इस अवसर पर श्री जोशी ने कहा- 'कला एक असीमित क्षेत्र है। मनुष्य की प्रत्येक अभिव्यक्ति कला है, जब यह हमारे शरीर और पहनावे के माध्यम से व्यक्त होता है तो यह अभिनय बन जाता है और जब यह अन्य सामग्रियों और माध्यमों से व्यक्त होता है तो यह दृश्य कला बन जाता है। दृश्य कला आज रचनात्मकता और सामग्रियों की विभिन्न धाराओं का मिलन बिंदु है। समकालीन कलाकार हमेशा नए माध्यमों और सामग्रियों के साथ प्रयोग करते रहते हैं। इस क्रम में आज का नवीनतम चलन एआई यानी आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस कि बदौलत तैयार कलारूपों को रखा जा रहा है। हमारे रोजमर्रा के जीवन से लेकर फिल्मों तक, विज्ञान से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक, मोटर वाहनों के निर्माण से लेकर जीवन शैली तक,आज इस एआई की उपस्थिति हमारे चारों तरफ है। लेकिन इन सबके बावजूद रचनात्मकता में मानव हृदय और हाथों की भागीदारी को कोई कम नहीं कर सका और न कर सकता है। मैं इस 63वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के सभी प्रतिभागियों और पुरस्कार विजेताओं की उनके योगदान के लिए सराहना करता हूं।'

प्रो नागदास ने कहा कि ललित कला अकादमी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वसुधैव कुटुंबकम के दर्शन को साकार करने की दिशा में काम करने वाली भविष्यवादी और प्रगतिशील संस्था है। श्री मोदी न केवल देश में बल्कि विश्व में शांति और सद्भाव प्राप्त करने में सांस्कृतिक कूटनीति के प्रभावों के महत्व को रेखांकित करते रहे हैं। कला नरम कूटनीति का एक सशक्त माध्यम है।

# अवैध मदिरा के धारण, परिवहन एवं विक्रय पर करें कठोर कार्यवाही: आबकारी आयुक्त

- दो दिन में 191 व्यक्ति गिरफ्तार, सोलह लाख की 2340 लीटर मदिरा जब्त
- अन्य प्रांत की 83 लीटर शराब की हुई जब्त
- आबकारी विभाग के 31 चेकपोस्टों पर अवैध मदिरा परिवहन की सघन निगरानी
- निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सख्त कार्रवाई शुरू

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। आबकारी आयुक्त जनक प्रसाद पाठक ने आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के मद्देनजर विशेष अभियान चलाकर विभागीय उड़नदस्तों और जिला अधिकारियों को अवैध मदिरा के धारण, परिवहन एवं विक्रय पर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आबकारी विभाग के 31 चेकपोस्टों पर अवैध मदिरा परिवहन की सघन निगरानी रखने को कहा गया है।

गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद आबकारी विभाग में तेजी से कार्यवाही का सिलसिला शुरू हो गया है। आबकारी आयुक्त के मार्गदर्शन में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के जांच चौकियों में सघन तलाशी अभियान और जांच की कार्यवाही की जा रही है। पिछले दो दिन 26 और 27 अगस्त को सघन कार्यवाही अभियान चलाकर अवैध रूप से मदिरा परिवहन व विक्रय करने वाले 191 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। इन प्रकरणों में 15 लाख 59 हजार 300 रूपए बाजार मूल्य की कुल 2340 लीटर मदिरा जब्त की गई। इस प्रकार 37230 किग्रा महुआ लाहन जब्त किया गया है, जिसका बाजार मूल्य 5 लाख 09 हजार 132 रूपए है। अभियान के दौरान 08 दोपहिया वाहन जब्त किया गया है, जिसका बाजार मूल्य रूपये 3 लाख 80 हजार रूपए है। अभियान के दौरान अन्य प्रांत की 83 लीटर मदिरा भी जब्त की गई हैं।

आबकारी विभाग के आयुक्त पाठक ने बताया कि राज्य के सीमावर्ती जिलों में स्थापित आबकारी विभाग के 31 चेकपोस्टों में अन्य राज्यों से अवैध शराब न आए इसलिए वाहनों की नियमित जांच-पड़ताल की जा रही है। उक्त दो दिनों में आबकारी विभाग के चेकपोस्टों में जांच दौरान 90 लीटर मदिरा जब्त किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर रोड चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है। आबकारी अमले द्वारा रेल्वे पुलिस तथा राज्य पुलिस के साथ मिलकर विभिन्न रेल्वे स्टेशनों, ट्रेनों, बस अड्डो, बसों पर भी जांच जारी है।

आबकारी आयुक्त ने बताया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत आबकारी विभाग द्वारा समस्त आसवनी, बाटलिंग यूनिट, ब्रुअरी तथा समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों में सतत जांच कर निगरानी रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त मदिरा के अवैध संग्रहण. परिवहन के संभावित स्थलों का चिन्हांकन कर सतत निगरानी रखी जा रही है। विभाग द्वारा टोल फ्री नम्बर 14405 का संचालन किया जा रहा है, जिस पर अवैध मदिरा से संबंधित/मदिरा दुकानों से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज करायी जा सकती है। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाता है।

### राम वन गमन पर्यटन परिपथ

# मुख्यमंत्री आज चम्पारण में निर्माण कार्यों के लोकार्पण एवं रामायण महोत्सव में होंगे शामिल



**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार 29 अगस्त को रायपुर जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल चम्पारण में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे और वहां आयोजित रामायण महोत्सव में शामिल होंगे।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गृह, जेल, लोक निर्माण, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम चंपेश्वर महादेव मंदिर परिसर में दोपहर 3 बजे होगा। इसी प्रकार रामायण महोत्सव शासकीय स्कूल ग्राम डगनिया चम्पारण में आयोजित होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विजेता मानस मंडली की प्रस्तुति, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, प्रभंजय चतुर्वेदी भिलाई का राम भजन एवं सुश्री शन्मुख प्रिया मुम्बई की प्रस्तुति होगी।

कार्यक्रम में रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे, परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत, आदिम जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम, लोकसभा सांसद सुनील सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में संसदीय सचिव चिंतामणी महाराज, विकास उपाध्याय, विधायक धनेन्द्र साहू, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री डॉ. महंत राम सुन्दर दास की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

# मोंगरापाली-रेवा के उपस्वास्थ्य केंद्र में लगा रहता है ताला

**बागबाहरा,** 28 अगस्त (देशबंधु)। जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत ओड़िशा जोंक नदी सीमा से लगे ग्राम पंचायत मोंगरापाली-रेवा के शासकीय उपस्वास्थ्य केंद्र में रोजाना ताला लगा रहता है। जिसका लाभ इस क्षेत्र के मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। इस क्षेत्र के मरीज ओड़िशा प्रदेश में जाकर अपना इलाज करा रहे हैं। जिसके कारण उन्हे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अस्पताल में दिन-रात ताला लगा रहता है। सरकारी अस्पताल में तालाबंदी के चलते ग्रामीण मरीज इलाज कराने इधर-उधर भटक रहे हैं। इस अस्पताल में पदस्थ स्टॉफ हमेशा गायब रहते हैं। यहाँ के लापरवाह स्टॉफ बिना काम किये शासन के हराम का पैसा खा रहे हैं। जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। यहाँ के अस्पताल में हमेशा तालाबंदी होने की सूचना बागबाहरा के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी एवं महासमुंद के जिला चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी को दिया जा चुका है। उसके बाद भी इस अस्पताल के गायब रहने वाले स्टॉफ के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके कारण मनमानी करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के हौसले बुलंद हैं।



- मरीजों को नहीं मिल रहा है इस सरकारी अस्पताल का लाभ
- क्षेत्र के मरीज ओड़िशा में जाकर करा रहे हैं इलाज

बागबाहरा ब्लॉक के अंतिम छोर में स्थित ओड़िशा जोंक नदी सीमा से लगे हुए ग्राम पंचायत मोंगरापाली-रेवा के शासकीय उपस्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत कुल 06 गांव आते हैं। जिसमे मोंगरापाली, रेवा, डोंगरीपाली, डोंगरगांव , चारभांठा, खुड़मुड़ी एवं केंवटा सराईपाली आते हैं। छ. ग. शासन ने इस गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थापना इसलिए की है, ताकि इस क्षेत्र के ग्रामीण मरीजों को अपना इलाज कराने दूरस्थ स्थानों में न जाना पड़े। लेकिन यहाँ के अस्पताल में तालाबंदी होने के कारण इस क्षेत्र के मरीजों को ओड़िशा प्रदेश में जाकर इलाज करवाना पड़ रहा है। जो एक गंभीर मामला है। शासन के स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लापरवाही एवं मनमानी के चलते ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। एक ओर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक शासन के ढेर सारे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पूरी तरह कटिबद्ध है, तो दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग के लापरवाह एवं मनमानी करने वाले स्टॉफ के कारण ग्रामीण मरीजों एवं आम जनता को इसका सही लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह क्षेत्र पूरी तरह विकास कार्यों से उपेक्षित है। बहरहाल मनमानी एवं उपेक्षा के चलते मोंगरापाली-रेवा के सरकारी अस्पताल में हमेशा ताला लगा रहता है। इस ओर किसी का भी ध्यान आकर्षित नहीं है। यह सरकारी अस्पताल लम्बे समय से भगवान भरोसे चल रहा है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मुंह छिपाये चुपचाप बैठे हुए हैं। न जाने इस अस्पताल का अधिकारी कब सुध लेंगे।

# बाइक से 40 किलो गांजे की तस्करी करते दो युवक गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**बागबाहरा,** 28 अगस्त (देशबंधु)। ओड़िशा की ओर से बाइक में गांजा लेकर आ रहे दो तस्करों को खल्लारी पुलिस ने एन एच 353 जोरातराई (रैताल) मोड़ के पास रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपियों के कब्जे से 40 किलो गांजा जब्त किया गया है। जिसका बाजार मूल्य लगभग 10 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने गांजा परिवहन में प्रयुक्त बाइक के साथ एक मोबाइल भी जब्त किया है। खल्लारी पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहाँ से दोनो को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में महासमुंद जिले में लगातार अवैध मादक पदार्थों, नशीली दवाइयों व अन्य आपराधिक गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। और उक्त क्रियाकलापों में संलिप्त व्यक्तियों पर सतत निगाह रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को विशेष हिदायत दी गई है। इसी दौरान अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही हेतु आकाश राव गिरिपुंजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती मंजूलता बाज के मार्गदर्शन में थाना खल्लारी के थाना प्रभारी इंद्रभूषण सिह को निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में सउनि सुशील शर्मा हमराह स्टाफ के अपराध पतासाजी एवं देहात भ्रमण पर रवाना हुआ था। जहां इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली की एक बिना नम्बर हीरो मोटरसाइकिल मे दो व्यक्ति बैठे हैं। जो अपनी मोटरसाइकिल में अवैध रूप से गांजा रख कर विक्रय के लिए उड़ीसा



- खल्लारी पुलिस ने की कार्रवाई

राज्य की ओर से आ रहे हैं। इसकी सूचना मिलते ही जोरातराई-रैताल मोड़ खल्लारी नेशनल हाईवे 353 रोड मे 02 व्यक्ति मोटरसाइकिल में आते दिखे। जिसे संदेह के आधार पर रोकने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम आरोपी समीर उर्फ सोहेल कुरैशी पिता इकबाल कुरैशी उम्र 21 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 6 महासमुंद थाना व जिला महासमुंद तथा पीछे में बैठे दूसरा व्यक्ति योगेश नारंग पिता फगुआ राम नारंग उम्र 34 वर्ष साकिन नादगांव (बेलसोड़ा) महासमुंद थाना व जिला महासमुंद के कब्जे से 5 किलो का 06 पैकेट तथा 2-2 किलो का 05 पैकेट कुल 11 पैकेट बड़ा छोटा खाकी व पीला रंग की झिल्ली में पैक किया हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। कुल 11 पैकेट वजनी 41.800 किलोग्राम कीमती 10,00000 रूपये व एक हीरो सोल्ड मोटर सायकिल स्प्लेनडर कीमती करीबन 50000 रूपये, दो टच स्क्रीन मोबाइल कीमती 6000 रूपये एक कीपैड मोबाइल कीमती 500 रुपये कुल जुमला कीमत 10,56,500 रूपये। जिसे विधिवत कार्यवाही कर समक्ष गवाहन जप्त किया गया। दोनों आरोपियों का कृत्य अपराध धारा 20(ख) ठ्ठस्रश्चह्य ड्डष्ह्ल का पाए जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना खल्लारी में अपराध क्रमांक 79/2023, धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट कायम कर कोर्ट में पेश किया गया। जहाँ से दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस मामले की संपूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं आकाश राव गिरिपुंजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी श्रीमती मंजुलता बाज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खल्लारी निरीक्षक इंद्रभूषण सिंह, सउनि सुशील शर्मा, प्रधान आरक्षक सुरेंद्र जगत ,आरक्षक महेंद्र यादव, गेंदधर साहू ,भेखराम नायक , हीरालाल अकोनिया का सराहनीय योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री ने कौही उद्वहन सिंचाई योजना का किया लोकार्पण

**भिलाई नगर,** 28 अगस्त (देशबंधु)। सावन माह के 8वॉं व अंतिम सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कौही के खारून नदी तट प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां पर स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने खारून नदी पर 7 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित कौही उद्वहन सिंचाई योजना का लोकार्पण किया। कौही उद्वहन सिंचाई योजना से ग्राम कौही, बोरेंदा, जरवाय, केसरा, खम्हरिया, डंगनिया, तरीघाट, सोनपुर और सिपकोना के 2 हजार 500 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने कौही के पहले दौरे के अवसर पर ही यहां के पुरानी उद्वहन सिंचाई योजना को अपडेट करने की घोषणा की थी। योजनांतर्गत इंटक वेल का



रेडियस जो पहले 6 मीटर था इसको 12 मीटर किया गया है। वहीं 150 एच.पी. के पांच वीटी पंप स्टॉल किए गए हैं। जिससे लिफ्ट ऐरीगेशन की क्षमता में कई गुणा वृद्धि हुई है। सम्पूर्ण नहर प्रणाली का लाइनिंग कार्य भी किया गया है। कौही उद्वहन सिंचाई योजना की क्षमता बढ़ने से इस क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को राहत पहुंची है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने क्षेत्र के बारह किसानों को खसरा बी-1, बी-2 वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रदेशवासियों पर भगवान भोलेनाथ की कृपा बनी रहे। उन्होंने सभी को सावन सोमवारी की बधाई दी। क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप सिंचाई सुविधा विस्तारित होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी वर्ग के विकास के लिए योजनाएं संचालित कर रही है। सांस्कृतिक गतिविधियों को पुनर्जीवित करने का काम कर रही है। सरकार की योजनाओं से प्रदेश को पहचान मिली है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लोगों की मांग पर मंदिर परिसर के सौन्दर्यीकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए सेवा का अवसर प्रदान करने लोगों का आह्वान किया। कार्यक्रम को जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री अशोक साहू ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# घरौंदा के 20 दिव्यांग बना रहे राखी 5 से 100 रुपए तक हैं मूल्य

**महासमुंद,** 28 अगस्त (देशबंधु)। रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में तरह.तरह की राखियां बेची जा रही है लेकिन कुछ ऐसी भी राखियां हैं जो लोगों के लिए खास बनी हुई हैं। दरअसल कम कीमत पर खूबसूरत दिखने वाली यह राखियां इसलिए खास है क्योंकि इन्हें समाज कल्याण विभाग महासमुंद की आशा मनु विकास केंद्र घरौंदा के दिव्यांग बना रहे हैं। महासमुंद के नयापारा स्थित घरौंदा केंद्र में लगभग 20 मानसिक दिव्यांगों के द्वारा आकर्षक राखियां बनाई जा रही हैं, जो कम कीमत की होने के साथ लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। 27 अगस्त से



बाजार में इन राखियों को स्टॉल लगाकर बेची जा रही है। अब तक यहां बच्चों के द्वारा 1500 से ज्यादा राखियां बनाई जा चुकी हैं। गौर करने वाली बात यह है इन राखियों की बाजार में काफी डिमांड भी देखी जा रही है 5 रुपए से लेकर 100 रुपए तक की राखियां लोगों की पहली पसंद बनी हुई है।मानसिक एवं शाररिक रूप से अशक्त बच्चों के लिए शेल्टर होम चला रहा है। इसमें करीब 20 दिव्यांग हैं। संस्थान इन दिव्यांगों को छोटी.छोटी ट्रेनिंग देकर उनका आत्मविश्वास बढ़ा रहा है। संस्था ने रक्षा बंधन के त्योहार में सामाजिक रिश्तों में और अधिक प्रगाड़ता लाने और दिव्यांगों में आत्मविश्वास जगाने के लिए अनूठा प्रयास कर रहे है। इस बार इस संस्थान के दिव्यांग राखियां बना रहे है। संस्थान द्वारा सिखाई गई छोटी एक्टिविटी राखी बनाने में काम आ रही है जैसे रंगों को पहचानना, गठान बांधना, धागा पिरोना। वहीं पूजन सामग्री, चुनियां, बाती आदि इनके द्वारा बनाया जा रहा है। घरौंदा की अधीक्षक श्रीमती उषा साहू का कहना है कि इस प्रयास से जो भी थोड़ी बहुत आमदनी होगी इससे इन दिव्यांगों का हौसला बढ़ेगा और इनको भी लगेगा कि हम भी कुछ कर दिखा सकते है।

# दिसम्बर तक बहने वाले छिनपुरवा में अब गर्मी में भी रहेगा भरपूर पानी

- मनरेगा से बनाए गए छिनपुरवा नरवा से जागी किसानों की उम्मीदें, स्टापडेम से बह रहा कलकल करते नीर

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ ही जांजगीर-चांपा जिले में नरवा प्रोजेक्ट के माध्यम से जल-संचय और जल-स्रोतों के संरक्षण-संवर्धन का कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के माध्यम से बखूबी किया जा रहा है। इन कार्यों से खेती-किसानी के कार्यों को मजबूती मिल रही है और किसानों को सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से किसानों की आजीविका सशक्त हो रही और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बन रही हैं। ऐसा ही कुछ जांजगीर-चांपा जिले के जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत भादा छिनपुरवा नरवा (नाला) के उपचार से किसानों को हुआ है, इस नाले पर स्टापडेम का निर्माण होने के बाद से ही धुरकोट से केवा नवापारा के किसानों को खरीफ के साथ अब रबी फसल के लिए भी पानी मिलने की आस जाग उठी है। पुराने नरवा को पुनर्जीवन मिल गया और गांव की खुशहाली और समृद्धि का रास्ता खुल गया।

जिला पंचायत द्वारा नरवा प्रोजेक्ट को लेकर जिले में कार्य किये जा रहे हैं। इन्हीं कार्यों में नवागढ़ विकासखंड मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत भादा है, जहां से होकर यह छिनपुरवा नाला बहता है। यह छिनपुरवा नाला ग्राम पंचायत के धुरकोट से प्रारंभ होकर पचेड़ा, कसौंदी, मौहाडीह, अकलतरी, गौद व भादा से होते हुए केवा (नवापारा) में हसदेव नदी में मिलता है, पहले इस नाले का पानी बारिश के बाद ही सूख जाता था, ऐसे में किसानों को दोहरी फसल लेने के बारे में सोचना मुश्किल था, साथ ही पशुपालकों के लिए भी पानी नहीं मिलता था, जिससे उनकी परेशानियां बढ़ी हुई थी। ग्रामीणों ने नाले को सुव्यवस्थित तरीके से उपचार करने के बारे में सोचा तब उन्हें मनरेगा से नाले के उपचार के बारे में जानकारी मिली। इसके बारे में रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक ने विस्तार से गांव वालों को जानकारी दी, तब फिर ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पास कराकर जनपद से जिला पंचायत भेजा गया, जिला पंचायत से प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के उपरांत इस नाले के ऊपर स्टापडेम का निर्माण और नरवा का उपचार महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से किया गया, इसके बनने के बाद बारिश में स्टापडेम से कलकल करता हुआ नाला बह रहा है। इस कार्य के लिए महात्मा गांधी नरेगा से 16.85 लाख रूपए की राशि से स्वीकृत



दी गई, जनपद पंचायत नवागढ़ के ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की मानीटरिंग में इस कार्य को पूर्ण कराया गया। इस नाले में तकरीबन 10 हजार क्यूबिक मीटर पानी संरक्षित हो रहा है। आसपास के क्षेत्र में यह नाला अब बेहतर पानी के स्त्रोत के रूप में जाना जा रहा है। इस नाले में बहते हुए पानी ने किसानों की जिंदगी को बदलने का काम किया है, बारिश के पानी का सही संरक्षण होने से किसानों को अब दोहरी फसल लेने की उम्मीद जाग उठी है। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कई कार्य किए गए हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र में हरियाली की चादर फैलने लगी है।

## रोजगार के साथ किसानों को लाभ

भादा ग्राम पंचायत के महात्मा गांधी नरेगा के जॉबकार्डधारी परिवारों को स्टापडेम निर्माण होने से गांव में ही रोजगार मिला। रोजगार सहायक राजपाल गाड़ा ने बताया कि स्टापडेम में 82 जॉबकार्डधारी परिवार के सदस्यों ने काम करते हुए 2 हजार 320 मानव दिवस सृजित किये। बाबूलाल पिता अच्छेराम, बरातू पिता समझराम, करन पिता रामलाल ने महात्मा गांधी नरेगा में काम भी किया और इनकी नरवा के पास जमीन भी है, जिससे इन्हें अपनी फसलों में पानी भी मिलने लगा है। नरवा पुनर्जीवन की इस परियोजना पर तकनीकी मार्गदर्शन दे रहे तकनीकी सहायक अब्दुल कामिल सिद्दीकी बताते हैं कि प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजना एनजीजीबी के तहत महात्मा गांधी नरेगा से नरवा प्रोजेक्ट कार्यक्रम फेस 1 के तहत स्टापडेम का निर्माण कार्य किया गया है। छिनपुरवा नाले में स्टापडेम बनने के बाद से जलस्तर में सुधार देखने को मिल रहा है, वहीं नरवा से लगी भूमि में नमी की मात्रा बनी रहने लगी है। इससे आसपास के किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

## रीपा के ग्रामीण उद्यमी को मिला रोजगार

नरवा प्रोजेक्ट से जहां एक ओर जल संरक्षण का कार्य किया गया, तो वहीं दूसरी ओर महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क ग्राम पंचायत पचेडा में कंस्ट्रकशन एण्ड एग्रो फेब्रिकेशन यूनिट से जुड़े युवा उद्यमियों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। स्टापडेम में लगाए जाने वाले लोहे के गेट को तैयार करने का काम पचेड़ा के फेब्रिकेशन यूनिट चलाने वाले युवाओं के द्वारा किया गया। इससे शासकीय योजनाओं में अभिसरण के कार्यों से ग्रामीणों को आगे बढ़ाया जा रहा है। स्टापडेम में बनाए गए लोहे के गेट से रीपा से जुड़े उद्यमियों को फायदा मिला है और उनकी आजीविका का साधन भी निर्मित हुआ।

**NECC**

| 29.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.53 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |

डिलीवरी 470 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

पत्नी - मैं बचूंगी नहीं, मर जाऊंगी...
पति - मैं भी मर जाऊंगा।
पत्नी- मैं तो बीमार हूं इसलिए मर जाऊंगी, तुम क्यों मर जाओगे?
पति - क्योंकि, मैं बर्दाश्त नहीं कर पाऊंगा!

## संपादकीय

### सामाजिक-आर्थिक स्थिति की यह तस्वीर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा काए गए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में राज्य में 15 लाख परिवार ऐसे मिले हैं, जिनके पास शौचालय की सुविधा नहीं है। यह हाल तब है जब स्वच्छ भारत मिशन की उपलब्धियों में राज्य को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस स्थिति पर प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया है और इन परिवारों के लिए सहायता की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में पिछली सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत खर्च किए गए 4000 करोड़ रूपए की राशि का दुरूपयोग होने की बात करते हुए केन्द्रीय एजेन्सी से जांच की मांग भी की है। केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन का लक्ष्य ही सभी घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर पूरी मानव आबादी को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ घोषित करना है। छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसे परिवारों का पता लगाने के लिए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराया है जो बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे हैं। इसी सर्वेक्षण में 15 लाख परिवार ऐसे मिले हैं, जिनके पास शौचालय की सुविधा नहीं है। इस सर्वेक्षण के पूरे आंकड़े ओर इन आंकड़ों के विश्लेषण के बाद राज्य सरकार इन परिवारों के लिए योजनाएं तैयार करेगी। वर्ष 2011 के बाद देश में जनगणना नहीं हुई। अब तक 2021 की जनगणना पूरी हो जानी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण यह संभव नहीं हो पाया। इस समय सरकार की जो योजनाएं चल रही है वे 12 साल पहले की जनगणना पर आधारित हैं। इन वर्षों में आर्थिक-सामाजिक स्थितियां काफी बदल चुकी हैं। राज्य सरकार ने अपने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में इसका आंकलन कराया है। सरकार की योजना उन परिवारों को भी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिनका 2011 की जनगणना पर आधारित गरीबों की सूची में नाम नहीं है। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास का मुद्दा एक बड़ी राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है। विपक्ष का राज्य सरकार पर आरोप है कि उसने केन्द्र द्वारा स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों के लिए राज्यांश की राशि नहीं दी जिसके कारण राज्य में हजारों आवासहीन परिवारों के लिए आवासों का निर्माण नहीं हो सका। इन आरोपों पर राज्य सरकार का कहना है कि आवास निर्माण की प्रगति छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्यों से अच्छी है और आवासों को पूरा करने का काम तेजी से चल रहा है। इन मुद्दों की चर्चा इसलिए भी इस समय महत्वपूर्ण हो गई है,क्योंकि राज्य में कुछ माह बाद ही चुनाव होने वाले हैं। आम जनता चुनावों में सहकारों का कामकाज परखती है और नतीजों के रूप में अपनी राय जाहिर करती है। वर्ष 2018 के चुनावों में देखा गया कि किस तरह जनता ने 15 वर्षों तक सत्ता में रही भाजपा को धूल चटा दी। 15 वर्षों बाद सत्ता संभालने वाली कांग्रेस की सरकार को काम करने का बड़ा मौका दिया। उसके 68 विधायक चुनकर आए थे। सरकार के कामकाज के आधार पर कांग्रेस आगामी चुनावों में एक और बड़ी जीत की उम्मीद लगाए बैठी है। उसने 75 पार का लक्ष्य रखा है। सरकार ने धरातल पर काम करने की कोशिश की है और उसकी विकास की परिकल्पनाओं में वह वर्ग प्राथमिकता में है जो सामाजिक-आर्थिक रूप में पिछड़ा हुआ है। उसका सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण इसी उद्देश्य से प्रेरित है।

# वन अधिकार पट्टे के लिए जंगल काट रहे ग्रामीण





**पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से जंगल हो रहे बर्बाद**

**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर वन मंडल के करपावंड परिक्षेत्र में वन अधिकार पट्टे के लोभ में ग्रामीण जंगलों का सफाया करने पर तुल गए हैं। रोजाना सैकड़ों की तादाद में पेड़ों को काटकर ग्रामीण वनभूमि पर कब्जा करते जा रहे हैं। शासन की योजना ने वनों के अस्तित्व पर खतरा पैदा कर दिया है। विभागीय अधिकारी और वन सुरक्षा समितियों से जुड़े लोग पेड़ों की अवैध कटाई रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

करपावंड फारेस्ट रेंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत वनकोमार और बोरीगांव के बीच स्थित जंगल के कक्ष क्रमांक 1128 और 1129 में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। ग्राम वन सुरक्षा समिति से जुड़े लोग और वन विभाग के अधिकारी जंगल के विनाश के इस खेल को खुला संरक्षण दे रहे हैं। जंगल के उक्त दोनों कक्ष तेजी से वृक्ष विहीन होते जा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि गांवों के एक दो व्यक्ति इस कृत्य को अंजाम दे रहे हैं, बल्कि पचासों ग्रामीण समूह बनाकर स्वार्थ के लिए पेड़ों की बलि चढ़ा रहे हैं। यह सब विभागीय अधिकारियों की नजरों के सामने और उनकी मौजूदगी में हो रहा है। इस संवाददाता के कैमरे में यह सच्चाई कैद हुई है। एक वन अधिकारी और दो फारेस्ट गार्ड के सामने ग्रामीण जंगल के पेड़ों को काटने के बाद जमीन को समतल करते साफ नजर आ रहे हैं। ये वनकर्मी ग्रामीणों के सामने बेबस से लग रहे हैं। इस संवाददाता के दोनों कक्ष के निरीक्षण के दौरान पता चला कि ग्रामीण वहां 5000 से भी अधिक पेड़ों की कटाई कर चुके हैं। लोग रोज सुबह टंगिया, कुदाल, फावड़े आदि लेकर वनकोमार एवं बोरीगांव के जंगल में पहुंच जाते हैं और पेड़ों की बेरहमी से कटाई शुरू कर देते हैं। लोग सामूहिक रूप से पेड़ों को काटने के बाद फावड़ों और कुदालों की मदद से जमीन को समतल बनाने में जुट जाते हैं। ग्रामीणों द्वारा काटे जा चुके तथा काटे जा रहे पेड़ों में सभी प्रजाति के छोटे ङ्क बड़े पेड़ शामिल हैं। दोनों कक्ष का अधिकतर भाग साफ किया जा चुका है।

प्लांटेशन उजाड़ कर शुरू कर दी खेती वन अधिकार पट्टा के लालच में पेड़ों की अवैध कटाई दिन दूना रात चौगुन बढ़ती जा रही है। आलम यह है कि ग्रामीणों ने वन विभाग के प्लांटेशन को भी उजाड़ कर उस जमीन पर खेती शुरू कर दी है। करपावंड वन परिक्षेत्र अंतर्गत वनकोमार बोरीगांव जंगल के कक्ष क्रमांक 1129 के बड़े भू भाग में वन विभाग द्वारा प्लांटेशन तैयार किया गया था, जहां सभी प्रजातियों के सैकड़ों पौधे रोपे गए थे। ग्रामीणों ने इन पौधों को तहस नहस कर डाला और प्लांटेशन वाली जमीन की जोताई कर वहां मक्का तथा उड़द की खेती कर ली है। इस काम को अंजाम दिए अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं। चर्चा है चुनाव करीब होने के कारण नेता भी जंगल की जमीन कब्जाने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

**योजना की हकीकत से अनजान हैं ग्रामीण**

क्या वन अधिकार पट्टा योजना से ग्रामीण अनजान हैं, शायद नहीं, क्योंकि दोनों गांवों के दर्जनों ग्रामीणों को भूपेश बघेल सरकार की वन अधिकार पट्टा योजना का लाभ पूर्व में मिल चुका है। योजना के तहत वन भूमि के ऐसे कब्जेदारों को पट्टे दिए जाते हैं, जो उक्त भूमि पर बीते कई साल से काबिज हैं। ऐसी भूमि पर बने आवासों, खेतों और देवगुड़ी ङ्क मातागुड़ी के लिए पट्टे जारी करने का प्रावधान है। दोनों गांवों में वनभूमि के पुराने कब्जेदारों को ही वन अधिकार पट्टे दिए गए हैं। इस सच्चाई से वाकिफ होते हुए भी ग्रामीण पेड़ों की कटाई कर जंगल की जमीन पर कब्जा करते जा रहे हैं। जनप्रतिनिधि और नेतागण वोट की राजनीति के चलते ग्रामीणों को नियम विरुद्ध कार्य करने के लिए ग्रामीणों को उकसा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का सीईओ जिला पंचायत ने किया निरीक्षण



**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। श्री सर्वे ने बकावण्ड विकासखंड के ग्राम पंचायत छोटे देवड़ा और बस्तर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बनियागांव का निरीक्षण के दौरान योजना के हितग्राही सहित ग्राम सरपंच व सचिव तथा रोजगार सहायक को 2 अक्टूबर तक पूर्ण करने कहा गया। सीईओ द्वारा उन ग्राम पंचायतों में जहां 100 से अधिक आवास स्वीकृत हैं उन उन्मुखीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा एपीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बस्तर पुलिस विशेष अभियान के तहत 115 स्थायी तथा गिरफ्तारी वारंट



**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। बेसिक पुलिसिंग अन्तर्गत शांति व्यवस्था हेतु लगातार कार्यवाही कर अपराध नियंत्रण की कार्यवाही में जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को स्थायी तथा गिरफ्तारी वारंट तामिल करने के लिए 21 से लेकर 28 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया गया। बस्तर जिला के अलग-अलग क्षेत्रों में कई वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटीयों पर कार्यवाही की गई। बस्तर जिला के ऐसे अपराधी जो अपराध कारित कर, लम्बे समय से फरार चल रहे थे जिस पर न्यायालय द्वारा स्थायी या गिरफ़्तारी वारंट जारी किया गया था। ऐसे फरार स्थायी या गिरफ़्तारी वारंटियों पर विशेष अभियान के तहत् धरपकड़ कार्यवाही किया गया है जिसके अन्तर्गत बस्तर जिला के जगदलपुर अनुविभाग से 70, केशलूर अनुविभाग से 6, लोहंडीगुड़ा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## मिथिला समाज के सदस्यों ने शहर में निकाली भव्य कांवड़ यात्रा



**सैकड़ों की संख्या में भक्तिमय गानों में थिरके कावड़िया**

**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। मिथिला समाज के द्वारा आज जगदलपुर शहर में भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मिथिला समाज के सदस्य शामिल हुए। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के आखिरी सोमवार को कावड़ यात्रा का आयोजन अनुपमा चौक स्थित हनुमान मंदिर से किया गया। शहर में निकली कांवड़ यात्रा का जगह जगह अनेकों समाज संगठन,राजनीतिक दलों द्वारा स्वागत किया गया। अनुपमा चौक से प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा संजय मार्केट से गुजरती हुई महादेव घाट पहुँची। महादेव घाट से जलभरकर कावड़ियों ने अनुपमा चौक स्थित झाड़ेश्वर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## अभाविप ने किया पुनर्मूल्यांकन परिणाम शीघ्र घोषित करने और पूरक परीक्षा शीघ्र कराने की मांग



**कुलपति को सौंपा ज्ञापन**

**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। अभाविप बस्तर ने बस्तर विश्वविद्यालय के कुलपति से मिलकर पुनर्मूल्यांकन की परिणाम एवं पूरक परीक्षा की अधिसूचना को लेकर चर्चा कर अतिशीघ्र परिणाम घोषित करने ज्ञापन सौंपा। अभाविप बस्तर जिला संयोजक वरुण साहनी ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वर्तमान में सभी विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, किंतु अभी तक पुनर्मूल्यांकन की परिणाम घोषित नही किया गया है, साथ ही पूरक परीक्षा के सम्बंध में कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है जिससे सभी विद्यार्थियों को तो परेशानी तो हो रही है किंतु अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को से सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का परिणाम नहीं आने की वजह से उनकी आगे की पढ़ाई अधर में लटकी हुई है ,जिसके कारण विद्यार्थियों का किसी भी संस्था में प्रवेश नही हो पा रही है इससे उनकी एक वर्ष का समय खराब होने की स्तिथि में है। अभाविप ने कुलपति महोदय से मिलकर मांग किया कि छात्रहित में निर्णय लेते हुए शीघ्र ही परिणाम घोषित कर पुरक परीक्षा का आयोजन किया जाये। इस पर कुलपति महोदय ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही परिणाम घोषित कर पूरक परीक्षा आयोजित करवाया जाएगा । इस दौरान जगदलपुर नगर मंत्री यश ध्रुव , सहमंत्री शैलेश ध्रुव , ईश्वर आचार्य , संजय मुखर्जी , अश्विन पिल्ले , कोमेश ध्रुव ,प्रशांत लाठिया , ऋषि बर्मन, यशराज कठौते एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रांत मंत्री बने कुणाल



**कहा- सभी हिंदू संगठनों को एकजुट होकर धर्मान्तरण के विरुद्ध काम करना जरूरी**

**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के युवा और सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) के संगठन महामंत्री कुणाल चालीसगांवकर को छत्तीसगढ़ बजरंग दल में प्रांत मंत्री बनाया गया है। ये नियुक्ति छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रांत संयोजक रतन यादव ने कल की है। दल के बस्तर संभाग की संभागस्तरीय विभागीय बैठक रविवार को कांकेर में हुई, जहां विभिन्न विषयों पर प्रांत संयोजक यादव की अध्यक्षता में चर्चा की गई। इसके साथ ही कुणाल की बतौर प्रांत मंत्री नियुक्ति की घोषणा की गई, जिसके बाद उन्हें तिलक लगाकर व माला पहनाकर उनका स्वागत भी किया गया। चर्चा में दल के नवनियुक्त प्रांत मंत्री कुणाल ने बताया कि हिंदू एक समुंदर है और हिंदुत्व का कार्य करने वाले हर एक संगठन रूपी नदियां इसी समुंदर में मिलती हैं। ऐसे में हिंदुत्व के लिए कार्य करने वाले हर संगठन को एकजुट होकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिना किसी लाभ और स्वार्थ के सभी संगठन एकजुट हों, यही छत्तीसगढ़ बजरंग दल का उद्देश्य है। उन्होंने धर्मांतरण सहित मतांतरण, लव जिहाद सहित अन्य कुरीतियों के खिलाफ सभी संगठनों से एकजुट होकर लड़ाई लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बजरंग दल में उन सभी हिंदू संगठनों के सदस्यों का स्वागत है, जो हिंदुत्व के लिए काम करते हैं वे भी बजरंग दल का हिस्सा बन सकते हैं।

## यंगस्टार व फुटबॉल अकादमी के बीच आज फाइनल मुकाबला



**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव की स्मृति में आयोजित महाराजा कप नाकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता के चतुर्थ दिवस में दो सेमीफाइनल खेला गया । आज का प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला आड़ावाल एफ सी व यंग स्टार क्लब के बीच खेला गया, जिसमें यंग स्टार क्लब 4-2 से विजयी रही जिसमें यंगस्टार की ओर से मोंटू ने दो गोल मारे। रोहन व आशीष खरे ने एक,एक गोल किये व आड़ावाल की ओर से जयराम ने एक गोल मारा व एक सेल्फ गोल हुआ । इस प्रकार यंगस्टार ने मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया एवं द्वितीय मुकाबला भेजपदार एफ सी व फुटबॉल एकेडमी के मध्य खेला गया जिसमें फुटबॉल अकादमी 3-0 से विजयी रही। अमित नाग,संदीप ध्रुव, सुमित नाग ने एक एक गोल मारा और इस प्रकार फुटबॉल अकादमी फाइनल में प्रवेश करी। कल का फाइनल मुकाबला यंगस्टार व फुटबॉल अकादमी के मध्य खेला जाएगा। फाइनल 3 बजे से प्रारंभ होगा। आज के मुख्य अतिथि के रूप में नवीन ठाकुर , छबिलेश्वर जोशी, अनिल लुंकड़, महिला मोर्चा महामंत्री कुसुम परिहार , मायारानी बरई , डाकेश्वरी पांडे , संगीता तोमर , दंतेश्वरराव, राकेश मंडल, तनिश जैन, सुभेंद्र भदौरिया, अंशु नाग, हेमंत राव, खिलेश पांडे, लखन सेना सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## बीमा कंपनी अदा करेगी 15 लाख रुपए और भरेगी 10 हजार का जुर्माना



**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा 28 अगस्त को एक प्रकरण टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को आवेदक को 15 लाख को अदा किए जाने उसे पर 7 प्रतिशत ब्याज और ?10 हज़ार का जुर्माना तथा वाद व्यय दिए जाने का आदेश पारित किया गया है। प्रकरण की तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार है आवेदक,विवेक नायक के बड़े भाई विशाल नायक के नाम पर एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल पंजीकृत थी। टाटा एआईजी द्वारा जारी की गई बीमा पॉलिसी में आवेदक नॉमिनी था। परिवादी के मृतक भाई द्वारा प्रीमियम अदाकर बीमा पॉलिसी प्राप्त की गई थी, जिसमें ऑनर ड्राइवर का 15 लाख रुपए का बीमा कवर था। आवेदक के भाई की उक्त मोटरसाइकिल दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसके द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष बीमा दावा प्रस्तुत किया गया था, जिसे बीमा कंपनी ने पालिसी को फर्जी बताते हुए निरस्त कर दिया था, जिसे क्षुब्ध होकर आवेदक के द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि बीमा पॉलिसी के जो दस्तावेज आवेदक को प्रदान किए गए थे उसमें बीमा पॉलिसी का फर्जी होना दर्शित नहीं होता है, और यदि ऐसा था तो बीमा कंपनी द्वारा इसकी जानकारी सामने आने पर आवेदक के विरुद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की जानी चाहिए थी। बीमा कंपनी बीमित राशि प्रदान करने से बचने के लिए इस प्रकार का अवलंबन ले रही है जो स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है। बीमा कंपनी को ?10 हज़ार के अर्थ दंड से भी दंडित किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुजाता जायसवाल और सदस्य आलोक कुमार दुबे द्वारा उक्ताशय का आदेश जारी किया गया है।

## चंपा बाग में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी व बुराड़ी के विधायक संजीव झा ने किया प्रेसवार्ता



- **अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान की 16 सितंबर को शहर में होगी सभा**
- **15 साल बीजेपी और 8 साल कांग्रेस को देने के बाद जनता की जरूरत है आम आदमी पार्टी : संजीव झा**

**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजीव झा का दो दिवसीय प्रवास बस्तर में है। प्रभारी संजीव झा के साथ प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी भी प्रवास पर है। इस दो दिवशीय प्रवास के दौरान प्रदेश प्रभारी संजीव झा और प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी बिजापुर के भैरमगढ़ के बदलाव यात्रा में शामिल हुए। दूसरे दिन स्थानीय एक रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान संजीव झा ने 16 सितंबर को अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान की बस्तर जगदलपुर में होने वाली सभा की घोषणा की और कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्यमंत्री दिल्ली यंहा के जनता से बात करने उनसे संवाद करने आ रहे है । 23 साल से छत्तीसगढ़ में बीजेपी और कांग्रेस सरकार काम नही कर पाई । आज छत्तीसगढ़ को आम आदमी पार्टी की जरूरत है। संजीव झा ने कहा कि 15 साल तक छत्तीसगढ़ ने बीजेपी को मौका दिया , अब 5 साल से कांग्रेस को अवसर दिया लेकिन कही कोई चीज बदलती नजर आ रही है इसलिए छत्तीसगढ़ को आम आदमी पार्टी की जरूरत है। संजीव झा ने कहा कि केजरीवाल जो कहते है अपनी गारंटी कार्ड में वो 5 सालों में पूरा करते है। पंजाब में हमारी सरकार है कांग्रेस के भूपेश बघेल ने कितने अस्पताल बनाये इन पांच सालों में । पंजाब में 1 साल में 1000 अस्पताल बन कर तैयार हो चुके है। घोषणा पत्र में कांग्रेस ने संविदा कर्मचारियों को पक्के करने का वादा किया था कितने को पक्के किया है । पंजाब में एक साल में 35000 कर्मियों को पक्का किया है और आगे प्रक्रिया जारी है। संजीव झा ने कहा कि सिर्फ घोषणा पत्र बंनाने में दोनों पार्टियां माहिर है लेकिन उसे पूरा कोई नही करता, इसलिए यंहा आम आदमी पार्टी की जरूरत है। श्री झा ने कहा कि जब आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ती है तो सिर्फ कार्यकर्ता चुनाव नही लड़ता है बल्कि जनता चुनाव लड़ती है और इसे मुहिम बना लेती है। अगर यह मुहिम यहाँ की जनता बना पाती है तो निश्चित ही छत्तीसगढ़ के परिणाम ऐतिहासिक होने वाले है।

संजीव झा ने अरविंद केजरीवाल के गारंटी पर चर्चा कि पत्रकारों को बताया कि महिला सम्मान राशि 1000 रुपये यंहा देंगे, फ्री बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधा देंगे,सभी परिवारों को मुफ्त 300 यूनिट बिजली फ्री देंगे। सभी संविदा कर्मियों को नियमित करते हुए सभी विभागों में 2 लाख भर्ती निकलेंगे और ठेकेदारी प्रथा को बन्द करेंगे। आगे झा ने बताया कि अभी केजरीवाल ने सिर्फ 9 गारंटी की घोषणा की है अभी किसान, आदिवासी,मजदूर व अन्य हेतु गहन पड़ताल जारी है, जल्द ही समय समय पर अन्य गारंटी की घोषणा की जाएगी इसलिए अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान की सभा जगदलपुर में 16 सितंबर को होने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मेहनत ने शिशु को दिया सुपोषण



- अथक प्रयास से बालक तहजीब को मिला नया जीवन
- माता-पिता की परेशानी हुई दूर

**दंतेवाड़ा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। किसी भी शिशु के जीवन के प्रारम्भिक वर्ष उसके शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण होते है, जहां उन्हें विशेष देखभाल एवं खान पान की दरकार होती है। यूं तो हर माता-पिता अपनी क्षमतानुसार अपने शिशु की समुचित देखभाल करते हैं, परन्तु चुनौती वहां आती है, जब शिशु का जन्म जटिल परिस्थिति में होने के कारण जन्म से ही कमजोर होता है और बच्चों में कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है।

14 जून 2021 को जन्में बालक तहजीब अहमद (माता-पिता श्रीमती वंदना, हासिम अहमद) भी अपने जन्म के दौरान अत्यंत कम वजन (1.600 ग्राम) के साथ पैदा हुआ था। माता वंदना की शारीरिक स्थित गर्भावस्था के दौरान सामान्य ही थी और उनके खान पान पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा था, परन्तु समस्या तब आई जब दुर्भाग्यवश घरेलू काम करते समय एक दिन वंदना घर पर ही गिर पड़ी, जिससे उसके पैरो में गहरी चोट आई थी। फलस्वरूप अपने होने वाले बच्चें के प्रति आशंकित वंदना इतनी भयभीत हो गई कि उसका प्रसव 8वें माह में ही ऑपरेशन से कराना पड़ा। ऐसी स्थिति में जब नन्हें शिशु तहजीब को 11 दिन तक एन आई सी यू में रखा गया और 12वें दिन पिता हासिम अहमद तहजीब को वजन कराने आंगनबाड़ी केन्द्र लाए तब बच्चे का वजन मात्र 1.700 ग्राम था। चूंकि स्थिति गंभीर थी और एक बड़ी चुनौती माता पिता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका के समक्ष आ गई थी।

इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि माता-पिता ने कंगारू मदर केयर के माध्यम से शिशु को गर्माहट देने की प्रक्रिया जारी रखी। माह जुलाई 2021 के वजन त्यौहार में बच्चे का वजन 1.920 मापा गया। बच्चा कुपोषित तो था परन्तु फिर भी आशा की किरण दिखाई दे रही थी। गहन देखभाल एवं माता के खानपान से बच्चे के वजन में बढ़ोत्तरी होने लगी। माह अगस्त में तहजीब का वजन 2.500 ग्राम हो गया एक बार फिर से 14 सितम्बर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बच्चे का वजन किया तो वजन बढ़कर 3.440 ग्राम हो आया अतंत: 5 अक्टूबर 2021 को शिशु तहजीब को पेन्टा 1 का टीका लग ही गया और तब तहजीब की उम्र 6 माह होने को आई तब माता पिता को मां के दूध के साथ ऊपरी आहार खिलाने की भी सलाह दी गई अब बच्चे का वजन 6.240 हो गया था। इस प्रकार तहजीब गंभीर कुपोषित से मध्यम कुपोषित श्रेणी में आ गया और बच्चे का पेन्टा 3 टीका से टीकाकरण का चक्र भी पूर्ण हो गया। माता पिता के हर्ष का तब ठिकाना नहीं था, जब समय के साथ फरवरी 2022 को तहजीब का वजन 7.660 ग्राम हुआ और कुल मिलाकर तहजीब वृद्धि चार्ट के अनुसार सामान्य श्रेणी में आ गया। आज तहजीब (2 वर्ष की आयु में वजन 12.600 ग्राम है) एक सामान्य जीवन जी रहा है।

# दंतेवाड़ा में जमकर भ्रष्टाचार, कार्रवाई करे ईडी : धीरेन्द्र

**दंतेवाड़ा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिला भाजपा महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार में शहर से लेकर गांव तक जंगल राज है। दंतेवाड़ा जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है। ईडी को दंतेवाड़ा में भी कार्रवाई कर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना चाहिए। पत्रकार वार्ता में श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने दंतेवाड़ा को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रख दिया है। ग्रामीण पेयजल के लिए तरस रहे हैं। स्कूल, आश्रमों की छत ढहने की कगार पर है।



- जिला भाजपा महामंत्री ने कांग्रेस सरकार को घेरा
- कटेकल्याण के गुड़से में खेत का पानी पी रहे ग्रामीण

श्री सिंह ने बताया कि क्रेडा ने जल जीवन मिशन के तहत कटेकल्याण के गुड़से में सोलर टंकी लगायी है, लेकिन महीनों से वह बंद है, इसलिए ग्रामीण खेत का पानी पीने मजबूर हैं। बैठक के सिलसिले में वे कटेकल्याण गए थे तो गुड़से सरपंच ने उन्हें इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यहां क्रेडा ने घटिया उपकरण लगाया है। कमीशनखोरी के चलते यह स्थिति बनी है। कांग्रेसी जन प्रतिनिधि भ्रष्टाचार में डूबे हैं, और इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। क्रेडा की लगाई स्ट्रीट लाईट भी गीदम-दंतेवाड़ा में खराब पड़ी है। जय स्तंभ चौक की हाई मास्ट लाईट महीनों से खराब है, लेकिन इसे सुधारा नहीं जा रहा है। तेलम में स्कूल की छत कभी भी ढह सकती है, इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। महामंत्री धीरेन्द्र ने पत्रवार्ता में यह भी खुलासा किया कि नगरीय क्षेत्र में बस स्टैंड स्थित पालिका की दुकानों का पट्टा जारी कर दिया गया है, जबकि ये दुकानें पालिका ने 30 वर्ष की लीज पर दुकानदारों को पहले ही आबंटित किया है। पट्टा देते समय पालिका से न कोई जानकारी ली गई और न ही एनओसी ली गई। सर्व आदिवासी समाज को उन दुकानों का पट्टा दे दिया गया है। पालिका में चूंकि भाजपा का कब्जा है, ऐसे में भाजपा और पालिका की छवि धूमिल करने एक साजिश के तहत कांग्रेस के दबाव में ऐसा कृत्य किया गया है, जो निंदनीय है। धीरेन्द्र ने आगे कहा कि जिले में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि यहां बाहर के ठेकेदारों को काम दिया जा रहा है और कांग्रेसी खुद उन्हें टेण्डर दिलवा रहे हैं। श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि जिले में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है, ऐसे में ईडी को यहां भी कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस सरकार ईडी का विरोध कर रही है। अगर भ्रष्टाचार नहीं होगा तो ईडी कार्रवाई नहीं करेगी। ईडी ने अब तक जितनी कार्रवाई की बकायदा उसके सबूत दिये हैं और न्यायालय में उसे पेश किया गया है।

# बड़े मोरठपाल में किया गया स्वीप कार्यक्रम



**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बड़े मोरठपाल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रंगोली, चित्रकला और वीवीपैट का प्रदर्शन कर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। संस्था की छात्राओं ने सक्रियता के साथ इन कार्यक्रमों में भाग लिया।

# कमिश्नर धावड़े ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। कमिश्नर श्याम धावड़े ने सोमवार को बस्तर जिले के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मूलभूत आवश्यक व्यवस्था सहित मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केंद्र शहर के एमएलबी 2 कन्या शाला के दो मतदान केंद्र, पंडरीपानी,पलवा, कुरेंगा, पोटानार, लोहंडीगुड़ा, लामड़ागुड़ा के मतदान केंद्र का जायजा लिया। कमिश्नर ने बूथ लेवल ऑफिसर से सीनियर सिटीजन-दिव्यांग मतदाताओं की स्थिति, मतदाता सूची की अद्यतन स्थिति,संसोधन कार्य,एप्प के माध्यम से सूची का सुधार कार्य, बीएलओ की पंजी का संज्ञान लिया। उन्होंने मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधाओं में पानी, बिजली, रेप, शौचालय की स्थिति का भी निरीक्षण किया। कमिश्नर ने रिटर्निंग ऑफिसर को मतदान केंद्रों में निर्वाचन कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए अच्छी टीम बनाने के लिए कहा। साथ ही डेम्प का सतत अध्ययन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर माधुरी सोम, एसडीएम तोकापाल भरत कौशिक सहित तोकापाल तहसीलदार, लोहण्डीगुड़ा नायब तहसीलदार और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# आत्मानंद स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान

## चित्रकला व रंगोली का प्रदर्शन कर मतदान का संदेश



**दंतेवाड़ा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी निर्वाचनों में शत प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में मतदाता जागरूक करने के लिए विगत दिवस स्वामी आत्मानंद शा.उ.मा.विद्यालय बचेली में स्वीप के तहत मनमोहक चित्रकला और रंगोली से मतदाताओं को प्रोत्साहित किया गया। इसके अंतर्गत मतदाताओं को ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट मशीन तथा मतदान केन्द्र में मतदान प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए कलेक्टोरेट के अलावा जिले के सभी पंचायतों में मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से ई.व्ही.एम. एवं वीवीपैट का प्रदर्शन भी किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### जिला खनिज संस्थान न्यास के विभिन्न संविदा पदों हेतु कौशल परीक्षा 29 को

**कोण्डागांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिला खनिज संस्थान न्यास कोण्डागांव में स्वीकृत विकास सहायक के 01, लेखापाल के 01 एवं सहायक ग्रेड-03 के 02 पदों की संविदा भर्ती हेतु जारी संशोधित विज्ञापन के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी एवं मूल निवासी उम्मीदवारों से 23 मई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदनों का जिला स्तरीय चयन समिति के जाँच उपरांत दावा आपत्ति के पश्चात पात्र-अपात्र आवेदनों की सूची प्रकाशित की गई। जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के अंकों के आधार पर विकास सहायक पद हेतु 10 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार, लेखापाल एवं सहायक ग्रेड़-03 के पद हेतु क्रमश: 05 एवं 10 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा के लिए डीएमएफ शाखा जिला कार्यालय कोण्डागांव में बुलाया गया है, जिसके लिये दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार 28 अगस्त को तथा दस्तावेज सत्यापन एवं कौशल परीक्षा 29 अगस्त को आयोजित की गयी है। इसके लिये अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से सूचना भी प्रेषित किया गया है।

### प्रशिक्षक के लिए दक्ष खिलाड़ियों से आवेदन 5 तक

**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जिला बस्तर के अन्तर्गत रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण सितम्बर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक आयोजित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण अन्तर्गत जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शालाओं में 90 दिवस अवधि तक आयोजित होगा। अत: उक्त प्रशिक्षण सेवाएं देने हेतु जुडो, कराटे ताईच्ाडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट विधाओं में दक्ष खिलाड़ी और प्रशिक्षक अपने उक्त संबंधित समस्त दस्तावेजों के साथ कलेक्टेÊट प्रागण में स्थित संयुक्त जिला कार्यालय भवन के द्वितीय तल कक्ष क्रमांक एस-43 में जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजीव गांधी शिक्षा मिशन कार्यालय जगदलपुर जिला बस्तर में कार्यालयीन समय व कार्य दिवस में 05 सितम्बर 2023 तक सहमती पत्र सहित आवेदन एवं प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

# मिनी राईस मिल के जरिए सोमारी ने बदली अपने परिवार की तकदीर

**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के बस्तर ब्लॉक अंतर्गत तारागांव निवासी सोमारी मौर्य ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सहायता से गांव में ही मिनी राईस मिल खोलकर अब आर्थिक रूप से सक्षम बनकर अपने परिवार की तकदीर बदल चुकी हैं। सोमारी बताती हैं कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद समूह के सदस्यों के साथ सामूहिक बैठक, चर्चा और आपसी बचत की दिशा में सीख मिली, वहीं आजीविका गतिविधियों के संचालन के लिए प्रेरित हुई। समूह से होने वाले लाभ के बारे में जानने-समझने का अवसर मिला और छोटी-छोटी ऋण लेकर समय पर चुका देना और अपनी आर्थिक गतिविधि को बढ़ाने में ध्यान दी। जिससे वह परिवार की छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए मदद देने लगी। इसके पश्चात वह बैंक लिंकेज की सहायता से गांव में ही मिनी राईस मिल स्थापित कर ग्रामीणों को धान मिलिंग की सुविधा उपलब्ध करवा रही हैं। सोमारी ने बताया कि समूह का जब बैंक लिंकेज हुआ तो अपने स्वयं के लिए अच्छा सा व्यवसाय शुरू करने का मन बनाया। वहीं इस बारे में स्व सहायता समूहों के क्लस्टर बैठक के दौरान अपने सोच को साझा कर इस बारे में सलाह भी ली। इस बैठक में गांव में संचालित दुकानों एवं विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के सम्बंध में पूछा गया और गांव तथा समीपवर्ती गांवों के ग्रामीणों की जरूरतों के मद्देनजर स्थानीय स्तर पर मिनी राईस मिल स्थापित करने का मार्गदर्शन मिला। सोमारी ने इस बारे में घर के सदस्यों को भी अवगत कराया तो वे भी इस सम्बंध में सहमत हो गये। अब सोमारी परिवार का सम्बल मिलने से स्वयं के लिए व्यवसाय स्थापित करने जुट गई। सोमारी ने इस दिशा में समूह के बैंक लिंकेज का 50 हजार रुपये ऋण लेकर व्यवसाय सम्बन्धी 3 दिवसीय प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। इसके पश्चात सोमारी ने अपने घर पर ही मिनी राईस मिल स्थापित कर किसानों और ग्रामीणों के धान का मिलिंग शुरू कर दिया। इससे ग्रामीणों को भी स्थानीय स्तर पर धान मिलिंग की सुविधा मिल रही है और समीप के गांवों के लोग भी सोमारी के मिनी राईस मिल के जरिये धान कुटाई से लाभान्वित हो रहे हैं। सोमारी अपनी इस मिनी राईस मिल का समुचित संचालन कर हर महीने 8 से 10 हजार रुपये आमदनी अर्जित कर रही हैं और अपने दो बेटे एवं एक बेटी की पढ़ाई पर ध्यान दे रही हैं। वहीं अपने पति के खेती-किसानी कार्य के लिए भी मदद प्रदान कर परिवार को खुशहाली की ओर अग्रसर कर चुकीं हैं।




बिहान योजना से मिनी राईस मिल खोलकर ग्रामीणों को दे रही हैं धान मिलिंग की सुविधा

# 29 सितम्बर तक होगा शिशु संरक्षण माह का आयोजन

**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में शिशु एवं मातृ स्वास्थ्य संवर्धन हेतु शिशु संरक्षण माह 29 अगस्त से 29 सितम्बर 2023 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को विलेज हेल्थ सेनीटेशन एण्ड न्युट्रीशन डे एवं अरबन हेल्थ सेनीटेशन एण्ड न्यूट्रीशन डे के माध्यम से एसएसएम की सेवाओं की प्रदायगी की जायेगी। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके चतुर्वेदी ने बताया कि जिले में शिशु संरक्षण माह के सुचारू आयोजन के लिए सभी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है जिसके तहत लक्षित बच्चों एवं माताओं को सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की प्रमुख भूमिका होगी। सीएमएचओ डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान लक्षित बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जायेगी। विटामिन ए सूक्ष्म पोषक तत्व है जिसकी कमी से रतौंधी होती है, जो कि केवल विटामिन ए से ठीक होता है एवं शरीर की वृद्धि एवं रोग प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाता है। 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को 6 माह के अन्तराल में कुल 9 डोज दिया जाना है। इसके साथ ही सभी गर्भवती माताओं एवं शिशुओं तिथि के अनुसार टीकाकरण किया जायेगा, साथ ही उन हितग्राही जो नियमित टीकाकरण से छुटे हुए हैं उन्हें कव्हर किया जायेगा। इस दौरान जन्म के 24 घण्टे के भीतर दी जाने वाली डोज वैक्सीन हेपेटाइटिस बी और पोलियो भी सुलभ करायी जाएगी। वहीं 6 माह से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को आयरन फोलिक एसिड सिरप की 20 मिलीग्राम की मात्रा सप्ताह में दो दिन दिया जाना है, जो कि बच्चों को एनीमिया होने से रोकता है, एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक विकलांगता से रोकती है। शिशु संरक्षण माह आयोजन के दौरान गर्भवती जांच एवं देखभाल सभी गर्भवती माताओं को इस दौरान एएनसी चेकअप की जाएगी एवं आवश्यकतानुसार उपचार एवं सलाह दी जावेगी। इसके साथ ही शिशु संरक्षण माह के दौरान गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को जांच कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराया जाएगा। इस हेतु सभी स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला एवं बाल विकास और स्कूल शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर पहल किया जा रहा है। उक्त शिशु संरक्षण माह के दौरान विटामिन ए की खुराक से 88 हजार 242 हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा 85 हजार 324 बच्चों को आयरन फोलिक एसिड सिरप से लाभांवित करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बस्तर पुलिस विशेष ...

अनुविभाग से 12, और भानपुरी अनुविभाग से 27 कुल 115 वारंटीयों को पता तलाश कर वारंट तामिल कर, संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### मिथिला समाज के ...

बाबा को जल अर्पित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कावड़ियों की टोली भक्तिमय गानों में थिरकते नजर आयी। इस दौरान मिथिला समाज के सदस्य मन्ती झा, रूपेश झा, विनय झा, विवेकानंद झा, आनंद झा,दीपक झा,राजेन्द्र सिंह,अरविंद सिंह,मनोज झा, दिलीप झा सहित समाज के अन्य सदस्य, महिला सहित बच्चे मौजूद थे।

### जगदलपुर के चंपा बाग में ...

जा रही है। यहां के जनता से बात करते यहाँ की लोगों की जरूरतों को पूरा करने उनसे संवाद करने उनका बस्तर आगमन हो रहा है। प्रेसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी,प्रदेश सचिव देवलाल नरेटी,प्रदेश प्रवक्ता तरुणा साबे,लोकसभा अध्यक्ष समीर खान,जिलाध्यक्ष नरेंद्र भवानी समेत सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नक्सल मोर्चे पर ही नहीं राज्य स्पर्धा में भी बड़ी कामयाबी



- रायफल शूटिंग में दंतेवाड़ा पुलिस को 10 मेडल
- डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर की अगुवाई में शामिल हुई थी टीम
- अलग-अलग वर्गो में हासिल किए पदक

**दंतेवाड़ा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। नक्सल क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे पुलिस अफसर व कर्मियों ने राज्य स्तरीय रायफल शूटिंग स्पर्धा में शानदार सफलता हासिल की है। प्रतिभागियों को विभिन्न वर्गो में कुल 10 पदक जीतने में कामयाबी मिली। विजेता पुलिस अफसर-कर्मियों को एसपी गौरव राय ने बधाई दी।

प्रदेश रायफल एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय रायफल शूटिंग प्रतियोगिता 12 से 23 अगस्त तक रायपुर में आयोजित की गई थी। इसमें दंतेवाड़ा पुलिस के प्रतिभागियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चन्द्राकर के नेतृत्व में रायपुर में गई टीम ने अलग-अलग कैटेगरी में कुल 10 मेडल जीते। प्रतिभागियों को अलग-अलग कैटेगरी में पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चन्द्राकर ने 50 मीटर 0.22 रायफल 3 पोजिशन में व्यक्तिगत रूप से ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। 10 मीटर एयर रायफल (टीम) में डीएसपी कृष्ण कुमार चन्द्राकर, आरक्षक राजू लाल मरकाम (डीआरजी), आरक्षक लीलाधर ध्रुव (डीआरजी) को सिल्वर मेडल। 50 मीटर 0.22 रायफल 3 पोजिशन (टीम) में डीएसपी कृष्ण कुमार चन्द्राकर, आरक्षक राजू लाल मरकाम (डीआरजी), आरक्षक लीलाधर ध्रुव (डीआरजी) को ब्रॉन्ज मेडल। 50 मीटर 0.22 रायफल प्रॉन पोजिशन (टीम) में डीएसपी कृष्ण कुमार चन्द्राकर, आरक्षक राजू लाल मरकाम (डीआरजी), आरक्षक लीलाधर ध्रुव (डीआरजी) को ब्रॉन्ज मेडल। इस प्रकार कुल 10 मेडल प्रात कर प्रतिभागियों द्वारा जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा का नाम रोशन किया गया है। ये अधिकारी/कर्मचारी डीआरजी दन्तेवाड़ा में पदस्थ होकर नक्सल क्षेत्र में अपनी सेवा देने के साथ इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा में भाग ले कर पूरे राज्य स्तर पर दन्तेवाड़ा पुलिस का नाम रोशन कर रहे हैं। इस शानदार प्रदर्शन के लिये पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा गौरव राय ने आज सभी को बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की। दंतेवाड़ा की टीम ने सफलता का श्रेय डीआईजी कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरव राय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन को देते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से ही दंतेवाड़ा की टीम मेडल हासिल कर पायी है।

# सिंधी विरासत लाडा महिला संगीत आयोजित



**जगदलपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। सिंधी पंचायत की महिला विंग समिति सुहिणी सोच द्वारा लाडा महिला संगीत कार्यक्रम सिंधु भवन में किया गया। सुहिणी सोच अध्यक्षा रजनी दंडवानी ने बताया सिंधी विरासत को बचाने व आगे बढ़ाने के लिए सिंधी समाज की महिलाओं ने पुराने सिंधी भजनों व गीतों को प्रस्तुत कर पुरानी सिंधी संस्कृति लाडा की याद दिलाई। सिन्धी समाज की सभी महिलाओं ने सिंधी गीतों पर नृत्य किया। बीते कार्यक्रम में सन्त कंवरराम के बेहतरीन नाट्य के दौरान एक खूबसूरत नृत्य किया गया रहा जिनमे रुचि दुल्हानी, भूमिका दुल्हानी को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। सुहिणी सोच सांस्कृतिक सचिव ने बताया कि सावन माह चल रहा। आने वाले भाई बहन का त्यौहार रक्षाबंधन के पूर्व हमारी टीम द्वारा लड़कियों के लिए राखी थाली सजाओ एवं लड़कों के लिए गिफ्ट सजाओ प्रतियोगिता 2 वर्गों में की गई। राखी थाली सजाओ प्रथम वर्ग में प्रथम भूमिका दुल्हानी , द्वितीय उन्नति रूपरेला, तृतीय लक्षिता आहूजा एवम धैर्या दुल्हानी ने स्थान बनाया। द्वितीय वर्ग में प्रथम नयन आसवानी, द्वितीय रोस कोटवानी , तृतीय पूर्वी मनवानी ने जीत अर्जित किया। लड़कों की प्रतियोगिता गिफ्ट सजाओ के प्रथम वर्ग में प्रथम स्थान विवान दुल्हानी, द्वितीय स्थान आरव नानकानी, एवम दूसरे वर्ग में प्रथम स्थान दिव्यांश पोटानी, द्वितीय स्थान चिराग पोटानी रहे, एवम सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार अतिथियों एवम समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया।

# कुश्ती में पुरुष व महिला दोनों वर्ग में कोंडागांव का रहा दबदबा

**कोण्डागांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। द्वितीय दिवस छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरुआत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा द्वारा टास कर किया गया। 18 से 40 वर्श आयु वर्ग कुश्ती में पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग में कोंडागांव का दबदबा रहा, वहीं बालिका संखली में फरसगांव एवं पुरुष वर्ग में केशकाल प्रथम रहा तथा प्रथम दिवस कुश्ती में कोंडागांव एवं द्वितीय दिवस रस्सी कूद एवं खो खो में माकड़ी ने जौहर दिखाया।

जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के द्वितीय दिवस में प्रेमप्रकाश शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोंडागांव ने बड़ेराजपुर एवं फरसगांव के मध्य खेले जाने वाले 40 से 60 आयु वर्ग के पुरुष वर्ग खो खो का टास कर शुभारंभ करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दोनों टीमों को खेल भावना से खेल खेलने हेतु प्रेरित किया। फरसगांव और माकड़ी के बीच हुए मैच में माकड़ी टीम विजेता रही। वहीं 18 से 40 आयु वर्ग पुरुष वर्ग में 51-60 किलो वर्ग में बालसिंह सलाम कोंडागांव प्रथम, मीनू कश्यप कोंडागांव द्वितीय, 61-70 किलो वर्ग में अभिषेक सोनवानी प्रथम एवं गोपाल बांदे कोंडागांव द्वितीय, राजेंद्र मरकाम कोंडागांव तृतीय, 71 से 80 किलो में एजाज हुसैन कोंडागांव प्रथम, भुवनेश्वर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग कुश्ती 0 से 50 वर्ग में लिसा वैद्य कोंडागांव प्रथम, रीना मांडवी कोंडागांव द्वितीय, 51 से 60 किलो में त्रिदर्शी मड़ामे कोंडागांव प्रथम, संगीता नेताम बड़े राजपूर द्वितीय, 61 से 71 किलोग्राम में रीना राजपूत कोंडागांव प्रथम, 71 से 80 किलो वर्ग में तुलसी रानी मांडवी कोंडागांव प्रथम प्राप्त किया। 18 से 40 आयु वर्ग में केशकाल विरुद्ध माकड़ी के मध्य पुरुष वर्ग फाइनल संखिली खेला गया, जिसमें केशकाल प्रथम स्थान प्राप्त किया। संयोजक गुसेश्वर नाग पीटीआई बुनागांव, पार्वती नेताम पीटीआई बड़ेराजपुर, निशा नेताम पीटीआई अरंडी एवं दुरूंगसाय नेताम तोरण्डी ने निर्णायक भूमिका निभाया। 100 मीटर दौड़ में बड़े राजपुर के वयजंती प्रथम, फरसगांव के देवंतीन द्वितीय, कोंडागांव की लक्ष्मीबति तृतीय, लंबी कूद में फरसगांव के भवन्तीन प्रथम, माकड़ी की अंजलि द्वितीय, बड़ेराजपूर की रेवती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। गेड़ी दौड़ में बड़े राजपुर की भवानी प्रथम, रस्सी कूद में फरसगांव की मेहंतीन प्रथम, फुगड़ी में बड़ेराजपूर प्रथम, माकड़ी द्वितीय, फरसगांव तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक खेलों कबड्डी में फरसगांव प्रथम, कोंडागांव द्वितीय एवं माकड़ी तृतीय और खो खो में कोंडागांव प्रथम, केशकाल द्वितीय एवं फरसगांव तीसरा स्थान प्राप्त किया प्राप्त किया। 18 से 40 आयु पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में कोंडागांव प्रथम, केशकाल द्वितीय, नगरीय निकाय कोंडागांव तृतीय स्थान, लंबी कूद में आसमन नेताम माकड़ी प्रथम, खिलेंद्र मांडवी कोंडागांव द्वितीय, सचिन विश्वकर्मा केशकाल तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंगडी गेम में रमेश मरकाम बड़ेराजपुर प्रथम, सुरेंद्र कुमार केशकाल द्वितीय एवं दिनेश फरसगांव तृतीय स्थान प्राप्त किया। गेडी दौड़ में रवि कुमार फरसगांव प्रथम, जोहनलाल बड़ेराजपुर द्वितीय एवं सोपसिंग मांडवी केशकाल तीसरा स्थान प्राप्त किया। रस्सी कूद में कोंडागांव प्रथम, माकड़ी द्वितीय, रस्सा कसी में कोंडागांव प्रथम, फरसगांव द्वितीय, बड़ेराजपूर तृतीय, फकडी में कोंडागांव प्रथम, नगरीय निकाय कोंडागांव द्वितीय एवं माकड़ी तृतीय, कबड्डी में माकड़ी प्रथम, फरसगांव द्वितीय एवं केशकाल तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा खो-खो में फरसगांव प्रथम, कोंडागांव द्वितीय एवं केशकाल तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त जानकारी पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जिला कोंडागांव ने दी।



**बालिका संखली में फरसगांव व पुरुष वर्ग में केशकाल प्रथम रहा**

# कुल चार ग्रामीणों की मौत के बाद जागा, जिला प्रशासन

**कोण्डागांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। गांव में हुई कुल चार ग्रामीणों की मौतों के बाद जिला प्रषासन जागा और नेलवाड़ में स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ सहित 12 सदस्यीय दल द्वारा शिविर लगाकर प्रत्येक व्यक्ति का स्वास्थ्य जांच करने के क्रम में 242 लोगों का रक्त जांच किया गया। 27 अगस्त को नेलवाड़ में अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर कुछ लोगों की मृत्यु के संबंध में जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ.आर.के.सिंह सहित 12 सदस्यीय दल तत्काल ग्राम तोड़म के नेलवाड़पारा, नयापारा एवं मारीपारा पहुंचा। जहां दल द्वारा शिविर लगाकर घर-घर जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें रविवार को 155 लोगों की स्वास्थ्य जांच की जिसमें एक मलेरिया धनात्मक मरीज की पहचान हुई थी। इसके अतिरिक्त 06 को उल्टी, 05 को पेट दर्द, 42 को सर्दी खासी होना पाया गया था। जिस पर तुरंत उपचार प्रारंभ किया गया एवं मैनी बाई तथा आसमन कोर्राम को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जहां दोनों मरीजों को उचित उपचार प्राप्त होने पर दोनों की स्थिति में सुधार आया है।

सोमवार को दल ने पुन: तोड़म के तीनों मोहल्लों में शिविर लगाया और गृह भेंट भी किया, जिसमें पाया गया कि अब गांव में किसी को भी उल्टी एवं दस्त की शिकायत नहीं है। इसके साथ ही ऐसे व्यक्ति जिनमें किसी भी बीमारी के लक्षण दिखायी दिए, उनके खून की जांच के साथ विस्तृत स्वास्थ्य जांच भी की गयी। जहां दल द्वारा 87 लोगों के रक्त की जांच की जिसमें केवल दो मलेरिया से पीड़ितों की पहचान की गयी। इसके अतिरिक्त 11 सर्दी, जुकाम, खांसी के मरीज पाये गये। सभी का उपचार किया गया। इस दल में सीएमएचओ सहित आरएचओ नरेन्द्र मरकाम, मधु धीवर, चम्पा कश्यप, प्रमिला मानिकपुरी, नौकेश पाण्डेय एवं अन्य कर्मचारी शामिल थे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि नेलवाड़ में प्रत्येक घरों तक पहुंचकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी है, जिसमें अब तक 03 मलेरिया धनात्मक मरीजों के अलावा 53 अन्य सामान्य सर्दी, खांसी के मरीज पाये गये हैं। जिन्हें आवश्यक दवाईयां प्रदान कर दी गयी है। बच्चों को उपचारात्मक रूप से दवाईयां भी प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त लोगों को पानी उबालकर उसे ठण्डा करने के बाद छानकर पीने के लिए जागरूक किया जा रहा है। गांव में लोगों को कोई समस्या न हो इसके लिए शिविर को लगातार संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। मोबाईल मेडिकल यूनिट को भी ग्राम में लगाया गया है, ताकि लोगों को त्वरित उपचार प्राप्त हो सके।



**नेलवाड़ में स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाकर प्रत्येक व्यक्ति का किया स्वास्थ्य जांच**

# मवेशियों को हटाते नजर आ रहे हैं मैसर्स बबरिक कंपनी के कर्मचारी



**चारामा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। एनएच-30 के मरम्मत के साथ साथ एन एच पर खड़े होने वाले आवारा मवेशियों को बर्बरीक कम्पनी अपने कर्मचारियों से हटवा कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए नजर आ रहे हैं चारामा ब्लाक के ग्राम कंडेल में सड़क पर घूमने वाले आवारा मवेशियों के लिए बाड़ बनाया गया है। ज्ञात हो कि चारामा नगर में पूर्व में एन.एच.30 में चौड़ीकरण किया गया है एन.एच सड़क की मरम्मत कार्य के साथ साथ कम्पनी के कर्मचारियों के द्वारा रोड पर खड़े आवारा मवेशियों को हटाने के साथ ही किनारे खाली पड़ी जगह पर मवेशियों को रखने हेतु बाड़ भी बनाते नजर आ रहे हैं। मैसर्स बर्बरीक कंपनी के श्री सिंग जी ने बताया कि चिटौद से लेकर माकडी तक एन.एच.30 में आवारा मवेशियों के खड़े होने या बैठने की वजह से सड़क में बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए मवेशियों को हटाया जा रहा है। उपरोक्त मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गाईड लाईन जारी किया है जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत व देख देख करने वाली कंपनी के द्वारा रोड पर खड़े पशुओं को हटाने की जिम्मेदारी का निर्वहन किया जा रहा है। हटाने के साथ साथ किनारे पर मवेशियों को अनुपयोगी मार्ग पर बाड़ बना कर सुरक्षित रख रहे हैं।

# कलेक्टर ने रेडियम बेल्ट बांधकर घुमंतु पशुओं के नियंत्रण के लिए अभियान का किया शुभारंभ

**कोण्डागांव,** 28 अगस्त (देस्बन्धु)। कलेक्टर द्वारा रेडियम बेल्ट बांधकर घुमंतु पशुओं के नियंत्रण हेतु अभियान का शुभारंभ किया गया और इस अभियान के तहत 28 अगस्त से 03 सितम्बर तक जिले में घुमंतु पशुओं के विरूद्ध सघन अभियान चलाया जाएगा।

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 28 अगस्त से 03 सितंबर 2023 तक घुमंतू पशुओं पर नियंत्रण हेतु प्रांत व्यापी सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसका शुभारंभ सोमवार को कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा सड़कों से हटाये गये घुमंतु पशुओं को रेडियम बेल्ट बांधकर किया गया। इस संबंध में प्रभारी पशु चिकित्सालय कोण्डागांव डॉ.नीता मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर एवं उप संचालक डॉ.शिशिरकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में पूरे जिले में घुमंतु पशुओं को राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य राजमार्गों को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए 07 दलों का गठन किया गया है। यह दल निरंतर सड़कों पर घुम रहे पशुओं को देख कर नगरीय प्रशासन एवं पुलिस विभाग की सहायता से हटाकर सड़कों सुरक्षित बनायेंगे। इस अभियान की शुरुआत जिला कार्यालय परिसर से की गयी। जहां कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा आवारा पशुओं में रेडियम बेल्ट बांधा गया। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार बेल्ट बांधते समय पशुओं की सुरक्षा का भी ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया। ज्ञात हो कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक 499 घुमंतु पशुओं को रेडियम बेल्ट लगाये गये हैं साथ ही 215 की टैगिंग की गयी है और 157 को गोठान में भेजा गया।

इस अवसर पर नगरपालिका सीएमओ भूपेन्द्र वाड़ेकर, पशुधन विकास विभाग के उप संचालक सहित डॉ.आरती, डॉ.ढ़ालेश्वरी, डॉ.दीपिका, डॉ.भूमिका, डॉ.मनीष, एवीएफओ दिनेश नेताम, माधुरी गौर एवं नगर पालिका से संतोष, कृष्ण पटेल एवं जिला पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी एवं शांति फाउंडेशन के यतिन्द्र सलाम उपस्थित रहे।




**3 तक घुमंतु पशुओं के विरूद्ध चलाया जाएगा सघन अभियान**

## काउंसलर चयन के लिए दावा आपत्ति 1 तक

**कोण्डागांव** 28 अगस्त (देषबन्धु)। कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण कोण्डागांव अंतर्गत काउंसलर के 02 पदों (अनुसूचित जनजाति) के चयन हेतु विज्ञापन जारी कर प्राप्त आवेदनों की नियम शर्तों के आधार पर शैक्षणिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज इत्यादि की कार्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं स्क्रूटनी किया गया। परीक्षण एवं स्क्रूटनी पश्चात पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार किया गया है। इस संबंध में आवेदक द्वारा दावा आपत्ति 01 सितंबर 2023 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा ई-मेल (कबेकउावदकंहवद/हउंपस.बवउ) के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पत्र मान्य नहीं होगा। सूचना एवं अधिक जानकारी हेतु पात्र-अपात्र अभ्यार्थियों की सूची जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज खुटडोबरा रोड डोंगरीपारा कोण्डागांव के सूचना बोर्ड में चस्पा कर दी गई है, एवं जिले के वेब साईट पद में अपलोड की कर दी गई है।

## प्राकृतिक आपदा से मृत्यु पर 4 लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव** 28 अगस्त (देषबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के एक प्रकरण में वारिसों को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। जिसके अनुसार तालाब के पानी में डुबने से मर्दापाल तहसील के ग्राम करनपुर निवासी फुलमा सोड़ी की मृत्यु पर माता नीलाबाई सोड़ी, पिता सुफल सोड़ी को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिसमें चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिये गये हैं।

# एडि. एसपी स्तरीय अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित

**कोण्डागांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। एडि. एसपी स्तरीय अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक आयोजित हुआ जिसमें कोण्डागांव जिला एवं नवरंगपुर जिला उडीसा पुलिस के अधिकारी सम्मिलित हुए, जहां आगामी विधान सभा 2023-2024 के चुनाव के दौरान समन्वय सहित अपराधों की रोकथाम, मादक पदार्थो की तस्करी, वारंट की तामिली तथा छ.ग. कोण्डागांव जिला एवं उडीसा नवरंगपुर जिला के सीमा क्षेत्र में चेक पोस्ट (नाका) एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया।

आगामी विधान सभा चुनाव 2023-24 के मद्देनजर आपसी सहयोग एवं समन्वय स्थापित करने हेतु जिला कोण्डागांव छ.ग. पुलिस एवं जिला नबरंगपुर ओड़ीषा पुलिस के मध्य 27 अगस्त 2023 को अंतर्राज्यीय समन्वय बैठक थाना अनंतपुर जिला कोण्डागांव में आयोजित किया गया। बैठक में दोनों राज्यों के मध्य आपसी परस्पर सहयोगात्मक पहलूओं मे चर्चा के साथ-साथ मादक पदार्थो जैसे अवैध शराब, गांजा, ड्रग्स आदि तस्करी को रोकने, चोरी तथा अंतर्राज्यीय स्थाई वारंट तामिल करने, अपराध रोकथाम में सहयोग करने जैसे अहम पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान अर्तराज्यीय चेकपोंस्टो एवं संभावित नया चेक पोस्टो में सुरक्षा के साथ-साथ हाल ही में छ.ग. में होने वाले विधान सभा चुनावों के मददेनजर देखते हुए चर्चा किया गया, जिससे छत्तीसगढ क्षेत्र मे 11 चेक पोस्ट तथा उडीसा क्षेत्र मे 11 चेक पोस्ट लगाने के संबंध में सहमति हुई। उपस्थित अधिकारियों द्वारा सूचना के आदान प्रदान हेतु एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया तथा इस व्हाट्स गुप में अन्य संबंधित अधिकारियों को जोडने के संबंध में चर्चा की गई।

इस बैठक में छ.ग.के जिला कोण्डागांव से एडि.एस.पी.दौलतराम पोर्ते, उडीसा के नवरंगपुर जिला से एडि.एस.पी. पी.के. पटनायक तथा निमितेष सिंह एस.डी.ओ.पी. कोण्डागांव, भूपतसिंह धनेश्री एस.डी.ओ.पी.केषकाल, लक्ष्मण पोटाई डी.एस.पी.कोण्डागांव, चन्द्रषेखर हता डी.एस.पी. (मुख्या) नबरंगपुर ओडिसा, सुश्री मधुषिक्ता मिश्रा एस.डी.ओ.पी. उमरकोट, रघुनाथ मांझी निरीक्षक थाना प्रभारी रायघर, सोमेन्द्र कुमार सेठ उपनिरीक्षक थाना उमरकोट, सोनसिंह सोरी निरीक्षक थाना प्रभारी माकड़ी, ललित यादव निरीक्षक थाना प्रभारी अनंतपुर, रविषंकर ध्रुव निरीक्षक थाना प्रभारी विश्रामपुरी, रामनंदन कोरोटी सहायक उपनिरीक्षक पुलिस चैकी बांसकोट छ.ग. उपस्थित थे। इस बैठक से दोनों राज्य के पुलिस के बीच आपसी तालमेल बढ़ेगा और अपराध नियंत्रण लगाने में तथा आगामी विधान सभा चुनाव षांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संचालन करने में मदद मिलेगी।



**आगामी विस 2023-24 के चुनाव पर समन्वय हेतु हुआ चर्चा**

# सावन के अंतिम सोमवार पर विशेष पूजा

## शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**दंतेवाड़ा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। सावन के अंतिम सोमवार पर आज दक्षिण बस्तर के शिवालयों में भारी भीड़ रही।

सावन सोमवार के साथ ही प्रदोष व्रत की वजह से भी महिलाओं ने बड़ी संख्या में शिवालयों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। इस बार सावन दो महीने का था और पूरे 8 सोमवार भगवान शिव की आराधना हुई। दंतेवाड़ा शहर के सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। कई जगह विशेष पूजा-अर्चना के साथ ही भंडारा में प्रसार का वितरण भी हुआ। दंतेवाड़ा शहर के साथ ही जिले के ऐतिहासिक बारसूर, समलूर, गुमरगुंडा, तुलार के प्राचीन मंदिरों में भी भक्त पहुंचे थे। लौह नगरी बचेली-किरन्दुल में भी सावन सोमवार पर भगवान महादेव की दिन भर आराधना हुई और मंदिरों में ओम नम: शिवाय गूंजता रहा।

# अन्य राज्य से लाए गए वाहनों का रजिस्ट्रेशन जरूरी

## आरटीओ में 15 तक लिए जाएंगे आवेदन

**दंतेवाड़ा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार विकसित वाहन पोर्टल राज्य में वाहन संबंधी समस्त कार्य संपादित किये जा रहे है। अत: अन्य राज्य से आने वाली वाहनों का पता परिवर्तन माध्यम से की सूचना दर्ज करते समय छत्तीसगढ़ राज्य हेतु नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह समनुदेशित करने के संबंधी प्रक्रिया को वाहन पोर्टल में अनिवार्य किया गया है। इसके तहत अन्य राज्य के वाहनों का पता परिवर्तन की सूचना दर्ज के साथ ही साथ छत्तीसगढ़ राज्य का नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह जारी हो रहा है। किन्तु राज्य में वाहन पोर्टल लागू होने के पूर्व अन्य राज्य से आने वाली वाहनों का केवल पता परिवर्तन की सूचना दर्ज किया गया है। ऐसे समस्त वाहन स्वामियों को निर्देशित किया जाता है कि अपने वाहनों का पूर्व में पता परिवर्तन की सूचना जिला परिवहन कार्यालय दन्तेवाड़ा में दर्ज कर लिए जाएं। इन वाहनों को केन्द्रीय मोटर यान नियम 1989 के नियम 54 तथा छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम, 1994 के नियम 55 अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य हेतु नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह समनुदेशित हेतु 15 सितम्बर 2023 तक कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य हेतु नवीन रजिस्ट्रीकरण चिन्ह समनुदेशित उक्त अवधि में आवेदन नहीं किये जाने पर वाहन तथा वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी, जिसके लिए वाहन मालिक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# इस बार भी सुनी रहेगी जेल में बंदियों की कलाई




- बहनों को मनाही, कोरोना और आईफ्लू का असर
- जेल प्रशासन ने जारी की गाईड लाईन
- डाक से मिली राखी बंदियों तक पहुंचेगी

**दंतेवाड़ा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षा बंधन का पावन पर्व भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है, लेकिन इस बार भाई-बहन के स्नेह के बीच आईफ्लू की दीवार खड़ी हो गयी है। यही नहीं कोरोना का भी हवाला देकर जिला जेल में बहनों को बंदी भाईयों से मिलने रोका जा रहा है। जेल विभाग की ओर से राज्य स्तर पर गाईड लाईन जारी कर दी गई है।

गाईड लाईन के मुताबिक जेल में रक्षा बंधन के सार्वजनिक आयोजन नहीं होंगे यानि प्रत्यक्ष रूप से बहने अपने बंदी भाईयों की कलाई पर राखियां नहीं सजा पायेंगी। आईफ्लू का प्रकोप पूरे प्रदेश में है और कोरोना का भी असर पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, इसलिए ऐसी व्यवस्था की गई है। साथ ही यह भी कहा गया है कि अगर डाक से बहने बंदी भाईयों के लिए राखियां भेंजेगी तो उन्हें जेल प्रशासन की ओर से बंदी भाईयों तक पहुंचा दी जाएगी, लेकिन डाक से मिठाई या दूसरी सामग्री भेजने पर पाबंदी होगी।

कोरोना काल की तरह इस बार भी रक्षा बंधन पर बंदी भाई अपनी बहनों से वीडियो काल के जरिये बातचीत कर पायेंगे। जेल प्रशासन ने इसके लिए बंदियों से उनके परिजनों के नंबर मांगे हैं। कोविड के दौरान भी इस तरह के इंतजाम किये गये थे। दंतेवाड़ा जिला जेल में इन दिनो लगभग 3 सौ बंदी हैं। रक्षा बंधन पर बहने अपने बंदी भाईयों के लिए राखियां लेकर आती थीं, लेकिन कोविड के चलते विगत कई वर्षो से इस पर रोक लगी है। कोविड तो प्रदेश में खत्म हो गया, लेकिन आईफ्लू का प्रकोप जारी है। कोविड गाईड लाईन का अभी भी कई-कई मौकों पर हो रहा है। इसका असर भाई-बहन के स्नेह के प्रतीक रक्षा बंधन पर्व पर भी देखने को मिल रहा है।

# वाल्मीकि महाविद्यालय में संस्कृत सप्ताह का आयोजन



**भानुप्रतापपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम,रायपुर एवं उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्राचीन व वैदिक भाषा संस्कृत के संरक्षण एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से किया गया। ज्ञातव्य है कि सफल मिशन चंद्रयान 3, इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ ने हाल ही में आंतरिक्ष विज्ञान के सिद्धांत में वेदों के महत्व का व्यापक उल्लेख किया है। उक्त कार्यक्रम संस्था प्रमुख व संरक्षक डॉ. रश्मि सिंह के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा सम्पन्न कराया गया। संस्कृत सप्ताह छात्र-छात्राओं द्वारा सबसे पहले संस्कृत वन्दना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत जिसके बाद एक एक करके हेमन्त वर्मा, युजेन्द्र साहु, दिव्यांश बाजपेयी, छात्र-छात्राओं द्वारा मंत्र, श्लोक, गीत, वंदना व संस्कृत में वाचन किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्यामनन्द डेहरिया, छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो, महिला प्रकोष्ठ के संयोजक नंदनी कश्यप, व स्पोर्ट्स एवं रेडक्रॉस प्रभारी सुषमा चालकी, स्नेहा रितेश नाग, मुकेश डहरवाल, टुपेश कोसमा एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**उल्टा पुल्टा**

बाप ने बेटे की तलाशी ली और कोट से सिगरेट और लड़कियों के नंबर निकले
बाप- बहुत मारा और पूछा कब से चल रहा है यह सब?
बेटा- पापा यह कोट तो आपका है।

**संपादकीय**

## भू-माफियाओं पर नकेल जरूरी

*आर्थिक-सामाजिक विकास के साथ शहरीकरण में भी तेजी आई है। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद शहरों के विस्तार के साथ कई कस्बे शहर हो गए। यह विकास की एक स्वाभाविक प्रकिया है पर इस प्रक्रिया में कुछ ऐसे लोग भी घुस आए हैं, जो नाजायज फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसका एक रूप भू-माफिया के रूप भी देखा जाता है। किसी की जमीन बेचने-खरीदने का एग्रीमेंट कर उस पर कब्जा कर लेने जैसी शिकायतें आम हो गई हैं। ऐसे मामले पुलिस में पहुंच रहे हैं, कुछ कार्रवाइयों भी हो रही है, लेकिन इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा सकें हैं। इससे भू-माफियाओं का हौसला बढ़ा है। शहरों के आसपास अवैध प्लाटिंग की बाढ़ आ गई है। ऐसे सैकड़ों मामले दर्ज भी हैं पर इन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे अवैध बसाहटों की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसी बसाहटों में गाढ़े पसीने की कमाई लगाकर लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कहीं जलभराव की समस्या है तो कहीं लोगों के आने-जाने के रास्ते बंद किए जा रहे हैं। किसी नई बसाहट को हटाना या दुरूस्त करना आसान नहीं होता। शासन-प्रशासन को ऐसी अवैध बसाहटों को रोकने का प्रयास करना चाहिए। सरकार ने रियल एस्टेट रेग्युलेटरी अथार्टी (रेरा) का गठन इसी उद्देय से किया था। किसी कालोनाइजर को अपना काम शुरू करने से पहले उसके ले-आउट साथ ही रेरा में पंजीयन आवश्यक है। छत्तीसगढ़ रेरा में जितने कालोनाइजर पंजीकृत नहीं हैं, उससे अधिक अपंजीकृत कालोनाइजरों की संख्या हो गई है। ऐसी कालोनियां में बिजली, पानी, सड़क तक की सुविधा नहीं है। लोगों को अपना घर चाहिए। वे कम कीमत के झांसे में आकर फंस जाते हैं। सभी शहरों में ऐसी बसाहटों की जांच करानी चाहिए और उन बसाहटों को नियमित करके आगे ऐसी बसाहटों को सख्ती से रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। ग्राम एवं नगर निवेश को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। उसके पास हर शहर का मास्टर प्लान होता है। वह यह देख सकता है कि कोई शहर किस तरह विकसित हो रहा है। मास्टर प्लान के मुताबिक किसी शहर के विकास की जो परिकल्पना की गई, उसकी वास्तविक स्थिति क्या है? बिलासपुर शहर की एक कालोनी के लोगों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। उनकी शिकायत है कि कालोनाइजर ने उनके निस्तार की सड़क बंद कर दी। नगर निगम प्रशासन सड़क खोलने के अपने आदेश का पालन नहीं करा पा रहा है। इसके पीछे भी जमीन के स्वामित्व की बात उठाई जा रही है। इस तरह के विवाद कइयों हैं। आगे चलकर ये विवाद झगड़े-फसाद का बड़ा कारण बन सकते हैं। बिलासपुर शहर जमीन विवाद में ही दिनदहाड़े गोलीकांड का गवाह बन चुका है। इससे भाड़े के हत्यारे पकड़े गए थे। उन्हीं दिनों मुख्यमंत्री का प्रवास हुआ था और इस गोलीकांड के कारणों तथा पुलिस की कार्रवाई पर बड़ी बैठक हुई थी। कलेक्टर-एसपी से कहा गया था कि जमीन संबंधी मामलों को वे देखें और ऐसे विवादों के संगीन अपराधों का रूप लेने से रोकें। इसके बाद भी न तो अवैध प्लाटिंग रूकी और न ही अवैध बसाहटों का सिलसिला रुका।*

# ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

## भाजपा, रमन सरकार में हुए घोटालों की जांच क्यों नहीं हो रही : सुशील



**रायपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में ईडी कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेसियों ने सोमवार को ईडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। विधायक कुलदीप जुनेजा, महापौर एजाज ढेबर, कांग्रेस नेता गिरीश दुबे, प्रमोद दुबे, पंकज शर्मा सहित अन्य ने कहा कि रमन सरकार में 36000 करोड़ का नान घोटाला, 6200 करोड़ का चिटफंड घोटाला हुआ और इसमें मनी लांड्रिंग हुई है। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्र लिखकर ईडी से जांच की मांग की थी, लेकिन अब तक कारवाई नहीं हुई।

प्रदेश में ईडी कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेसियों ने सोमवार को ईडी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और रमन सरकार में हुए घोटालों की जांच की मांग की। महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, सहकारिता बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने ढोल नंगाड़ों के साथ भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।इस दौरान कांग्रेसियों ने धरना दिया।भाजपा और ई डी के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया।घेराव के दौरान कई कांग्रेसियों ने ई डी कार्यालय में बलात घुसने का प्रयास भी किया। वहा मौजूद पुलिस के जवानों ने इन्हे रोका।

कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के खिलाफ भाजपा ने सेंट्रल एजेंसियों को उतारा है। सरकार के कामकाज और मुख्यमंत्री की लोकप्रियता से घबराई भाजपा दबाव बनाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश के निर्वाचित नेता, कारोबारी के बाद अब किसी भी स्तर के लोगों पर ईडी दबाव बना रही है, लेकिन भाजपा के कार्यकाल में हुए हजारों करोड़ के घोटालों की जांच नहीं की जा रही है। इसके विरोध में हम एकजुट होकर ईडी को ज्ञापन सौंपने आए हैं।इससे कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। आगामी चुनाव में कांग्रेस 75 पार के नारे के साथ चुनाव जीतकर आने वाली है।

**ईडी की साजिश समझ चुकी है जनता: ढेबर**

महापौर एजाज ढेबर ने कहा, ईडी कांग्रेसियों पर दबाव बनाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश के लोगों को बिना किसी तथ्य के बदनाम करने के उद्देश्य से काम किया जा रहा है। मुझे जांच के बहाने बदनाम किए।मेरे परिवार को बदनाम किए हैं।अब ईडी की साजिश लोगों तक उजागर हो चुकी है।किसी को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

**मुख्यमंत्री के सलाहकार व ओएसडी से हुई पूछताछ**

प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव एप से जुड़ी मनी लांड्रिंग के मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा और ओएसडी मनीष बंछोर से पूछताछ की। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रविधानों के तहत विनोद वर्मा और मनीष बंछोर का बयान दर्ज किया। ईडी ने 23 अगस्त को दोनों के घर पर कार्रवाई की थी, जिसके बाद सोमवार को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। जिस समय विनोद वर्मा और मनीष बंछोर से पूछताछ हो रही थी, उसी समय कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थिति ईडी कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे थे।

ईडी ने महादेव एप मामले में 52 लोगों को नोटिस देकर तलब किया है। इस मामले में ईडी ने एएसआइ चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, अनिल दम्मानी और सुनील दम्मानी को गिरफ्तारी किया है। चंद्रभूषण वर्मा के बयान के आधार पर ईडी आगे की कार्रवाई कर रही है।

# रायपुर दक्षिण से बृजमोहन, बाकी तीन सीटों पर पेंच

## राजेश मूणत का नाम राजधानी की दो सीटों से, अमर पारवानी को लेकर संशय



**रायपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर की चारों सीट के लिए भाजपा में विचार-मंथन हुआ है।जानकारी के अनुसार रायपुर दक्षिण से पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के नाम पर एक राय बनी है। लेकिन बाकी तीनों सीटों पर उलझन बरकरार है।

बताया जाता है की प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने पिछले दिनों चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी को बुलाया था। मुलाकात के दौरान श्री माथुर ने अमर पारवानी को उतर विधानसभा से चुनाव लडने के लिए कहा था।ताकि व्यापारी वर्ग के वोट भाजपा को मिले। लेकिन श्री पारवानी ने कहा चुनाव लडने में उनकी दिलचस्पी नहीं है। अन्य नेताओं के समझाने पर उन्होंने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है। सूत्रों की मानें तो दिल्ली के सर्वे में अमर पारवानी का नाम उत्तर सीट के लिए पहली पसंद बताई गई है। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और सहप्रभारी नितिन नबीन ने विधानसभा की चारों सीटों को लेकर पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह और प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव से चर्चा की। बताया गया कि रायपुर दक्षिण के लिए पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का नाम स्वाभाविक रूप से ऊपर था और उनके नाम पर सहमति बन चुकी है।

बताया गया कि रायपुर पश्चिम के लिए पूर्व मंत्री राजेश मूणत का नाम तो पर्यवेक्षकों ने ऊपर रखा था, लेकिन कुछ अन्य वजहों से उनका नाम रायपुर ग्रामीण से पैनल में रखा गया है। रायपुर पश्चिम से मीनल चौबे, मोतीलाल साहू, और आशु चन्द्रवंशी के नाम की भी चर्चा है। बताया गया कि रायपुर उत्तर से सिंधी समाज से प्रत्याशी देने पर गंभीरता से चर्चा हुई है। अमर परवानी के चुनाव नहीं लड़ने पर श्री चंद सुंदरानी और ललित जयसिंघ का नाम सामने आया है। रायपुर उत्तर के लिए भी पैनल से परे कई नामों पर विचार हुआ है। शद्दाणी दरबार के प्रमुख संत युधिष्ठिर लाल के पुत्र उदय शदाणी ने भी दावेदारी की है। पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी की स्वाभाविक दावेदारी है।

आरडीए के पूर्व अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, और केदार गुप्ता का नाम भी चर्चा में रहा है। दूसरी तरफ, रायपुर ग्रामीण के लिए भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष अमित साहू का नाम चर्चा में रहा है। इसके अलावा राजीव अग्रवाल, शांतनु साहू की मजबूत दावेदारी है। पूर्व मंत्री राजेश मूणत का नाम अचानक ग्रामीण से आने से समीकरण गड़बड़ा गया है।

## सेवानिवृत संजय पिल्ले जेल डीजी, छाबड़ा गुप्तवार्ता, अजय यादव बिलासपुर आईजी बने



**रायपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)।सेवा निवृत आईपीएस संजय पिल्लै जेल डीजी बनाए गए हैं। पुलिस मुख्यालय में ओएसडी के साथ अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली है।सचिव जेल विभाग डा वसवराजू एस ने इस आशय के आदेश जारी किया है। एक अन्य आदेश में अजय यादव बिलासपुर आईजी बनाए गए हैं। वहीं आनंद छाबड़ा को गुप्तवार्ता की जिम्मेदारी दी गई है।

## आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य डॉ. बृजेश पाण्डेय राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित



**■ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 5 सितंबर को करेंगी सम्मानित**

**रायपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल ब्रम्हपारा अम्बिकापुर के प्राचार्य डॉ. बृजेश पाण्डेय को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2023 के लिए चयनित होने पर बधाई दी है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्राचार्य डॉ. पाण्डेय को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित करेंगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने डॉ. पाण्डेय को बधाई देते हुए कहा है कि प्रदेश में बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की स्थापना की गई है। स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य डॉ. पाण्डेय का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए होने से अन्य स्कूलों के शिक्षकों और प्राचार्यों को प्रेरणा मिलेगी. स्कूल शिक्षा के लिए इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से सरगुजा जिले सहित प्रदेश के शिक्षा जगत में उत्साह का माहौल है।

राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित डॉ. बृजेश पाण्डेय ने विज्ञान के प्रति अभिरूचि जगाने के साथ बाल वैज्ञानिकों को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया। उनके दिशा-निर्देशन में कई बाल वैज्ञानिकों का मॉडल राष्ट्रीय स्तर में प्रदर्शित हो चुका है। डॉ. पाण्डेय वर्ष 2018 में राज्यपाल पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके है। प्राथमिक शिक्षा के बच्चों के लिए एक्टिविटी बुक के निर्धारण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सांसद सुनील सोनी के कार्यक्रम में युकां कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

## एफआईआर की मांग को लेकर धरने पर बैठे सांसद



**रायपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)।बीरगांव के एक कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में कुछ युवकों ने जमकर हंगामा किया. कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी अतिथि के रूप में शामिल हुए थे।हंगामा करने वाले यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं।जिन्होंने बीच कार्यक्रम हंगामा किया। इतना ही नहीं युवकों पर सांसद से गालीगलौच और बत्तमिजी करने का भी आरोप है। मामले में आरोपियों पर एफआईआर की मांग को सांसद सुनील सोनी धरने पर बैठ गए।

बीरगांव के शहीद नंदकुमार पटेल महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम में सांसद शामिल हुए थे।उनके भाषण के दौरान अचानक एनएसयूआई कार्यकर्ता अंदर आये और मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। वहां कई स्टूडेंट्स मौजूद थे। सांसद ने कार्यकर्ताओं को समझाइश दी और बाहर भेजा।

सांसद सुनील सोनी ने कहा कि मैनें अपने राजनैतिक जीवन में कभी न देखा, न सुना की कोई सांसद छात्र, छात्राओं को संबोधित कर रहा हो और युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता बच्चों के सामने गालीगलौच करें। लेकिन ये दृश्य आज मैनें देखा मुझे दुख है।

**वरिष्ठ कांग्रेस नेता के बेटे पर आरोप**

भाजपा ने इस मामले में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के बेटे को निशाने पर लिया है। उनका कहना है कि नेता के बेटे के इशारे पर ही यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचे और यहां हंगामा किया। कार्यक्रम में हंगामा बढ़ता देख पुलिस भी पहुंच गई।

**खमतराई थाने का घेराव**

सांसद के कार्यक्रम में किए गए प्रदर्शन और नारेबाजी के बाद आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने खमतराई थाने का घेराव कर दिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता खमतराई थाने के सामने प्रदर्शन कर रहे हैं।इस मामले में दर्ज करने की मांग की जा रही है।

## हार की निराशा से कांग्रेस में हड़कंप : नारायण चंदेल



**रायपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज अपना घर तो सम्हाल नहीं पा रहे हैं, भाजपा के आंगन में ताक-झाँक करके अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। श्री चंदेल ने भाजपा प्रत्याशियों की सूची को लेकर की गई बैज की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि दरअसल भाजपा की सूची जारी होते ही पूरी कांग्रेस को साँप सूंघ गया है और डरे-सहमे व हताश-निराश कांग्रेस के लोग अब दिल बहलाने के लिए ऐसे बयान देकर अपनी खिसियाहट छिपाने की हास्यास्पद कोशिश कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि जिस कांग्रेस में जिला अध्यक्षों तक की सूची दिल्ली से जारी करनी पड़ रही है, उस कांग्रेस की कामचोरी के आलम में कांग्रेस की जीत के दावे करके कांग्रेस अध्यक्ष मुंगेरीलाल की तरह हसीन सपने देख रहे हैं! 10, जनपथ की नई-नई कठपुतली बनकर बैज के दावे खोखले हैं क्योंकि सत्तासीन कांग्रेस चुनाव आते बहुत कमजोर नजर आ रही है। श्री चंदेल ने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद कांग्रेस का खेमा जिस प्रकार प्रलाप कर रहा है, उससे यह आईने की तरह साफ हो गया है कि भाजपा के 21 योद्धाओं की प्रथम पंक्ति को देखकर पूरी कांग्रेस सदमे में चली गई है और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पूरा ध्यान अब प्रार्थना और चंगाई सभाओं के बजाय भाजपा प्रत्याशियों पर केंद्रित हो गया है। श्री चंदेल ने कहा कि चुनाव नतीजों के बाद बैज को कहीं अपने विधायकों को दूरबीन लगाकर न ढूंढ़ना पड़ जाए। प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि गुटबाजी और अंतर्कलह से जूझती कांग्रेस में तो अभी पर्यवेक्षकों के सामने कांग्रेस के लोगों द्वारा ही बवाल मचाने का दौर चल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पहले उससे तो पार पा लें, कोरे दावे करके अपनी ऊर्जा क्यों खपा रहे हैं? श्री चंदेल ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज को इस बात का जरा भी इल्म नहीं है कि जनता कांग्रेस सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो गई है और बस अपने मताधिकार के प्रयोग की राह देख रही है ताकि प्रदेश की भ्रष्टाचार करने वाली, वादाखिलाफी करने वाली, युवाओं को साथ खुले तौर पर छल करने वाली, महिलाओं की सुरक्षा और उन्नति को पलीता लगाने वाली, गरीबों का हक मारने वाली कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंके।

# कॉलेजों-विवि में वोटर आईडी कैम्प लगाने एनएसयूआई की मांग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। एनएसयू आई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी पहुँचे निर्वाचन कार्यालय। उन्होंने संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार क्षीरसागर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। अमित शर्मा ने बताया कि प्रदेश में चुनावी वर्ष में निर्वाचन आयोग द्वारा वोटर आईडी शिविर का आयोजन किया जा रहा ताकि लोग जागरूक हो और प्रदेश में मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। लेकिन निर्वाचन आयोग प्रदेश के सबसे बड़े वोटर युवाओं तक पहुँच नही पा रहे है।

युवा व छात्र जो 18 वर्ष के हो चुके है वो कॉलेजो में पढ़ते है और भारत एक तेजी से बढ़ता हुआ युवाओ का देश है। जब तक युवा जागरूक नही होंगे तब तक वोटिंग का प्रतिशत भी नही बढ़ने वाला है। ऐसी इस्थिति में जब तक नए मतदाताओं के वोटर आईडी नही बन जाते तब तक मतदान प्रतिशत में वृद्धि कैसे संभव है?

अगर राज्य निर्वाचन आयोग प्रदेश के सभी कॉलेजों में वोटर आईडी कैम्प लगाते है तो पूरे प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक होंगे और अपने वोटर आईडी कॉर्ड बनायेगे ।जिससे पूरे प्रदेश में मतदान के प्रतिशत में वृद्धि होगी। निर्वाचन अधिकारी द्वारा इसे गंभीरता से लिया गया और जल्द ही पूरे प्रदेश के महाविद्यालय व विश्विद्यालय में मतदाता कैम्प लगाने का आदेश जारी करने की बात कही है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, हेमंत पॉल, निखिल वंजारी, प्रशांत गोस्वामी, सिद्धांत तिवारी, शेख इमरान केतन वर्मा, सुभाशु गेडकर, आदि छात्र उपस्थित थे।

# कांग्रेस के वादे से आहत होकर संविदाकर्मी ने दिया इस्तीफा, त्याग पत्र में छलका दर्द

**रायपुर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)।चुनाव के पहले कांग्रेस नीपने जन घोषणा पत्र में संविदा कर्मचारियो को नियमित करने का वायदा किया था।सरकार के पांच वर्ष होने जा रहे है।लेकिन जब तक वायदा पूरा नहीं किया गया। और फिर चुनाव आ गया है।उससे आहत एक संविदा कर्मचारी ने त्यागपत्र दिया है। जिसने कांग्रेस के 2018 के जनघोषणापत्र और प्रशासनिक तंत्र की कलई खोल कर रख दी है. 11 साल से रायपुर जिला पंचायत में मनरेगा में संविदा में नियुक्ति सहायक ग्रेड-3 संतोष कुमार देवांगन ने जिला पंचायत सीईओ के नाम से त्यागपत्र दे दिया है। 7 पेज के इस त्यागपत्र में कर्मचारी ने अपने द्वारा संपादित किए गए कार्य एवं प्रशासनिक तंत्र से आहत की स्थिति बयां करते हुए कांग्रेस सरकार के नियायमितिकरण नहीं किए जाने से नाराज होकर यह बड़ा कदम उठाया है।

प्रदेश में लगभग 45000 कर्मचारी संविदा में कार्यरत हैं। जो विगत वर्षों से लागतार अपनी मांगों और कांग्रेस के घोषणा पत्र के वादे को पूरा कराने आवेदन और प्रदर्शन किए, लेकिन इनका नियमितिकरण नहीं किया गया है।जिससे कर्मचारी में काफी निराशा और सरकार के खिलाफ आक्रोश दिखाई दे रहा है।

**काम के बोझ और प्रशासनिक तंत्र से आहत था कर्मचारी**

शासन के आदेश और निर्वाचन आयोग के आदेश का नहीं होता जिला स्तर पर पालन समय-समय पर शासन स्तर व राज्य कार्यालय से संविदा कर्मचारी से अन्य कार्य नहीं लिए जाने के निर्देश दिए जाते है, लेकिन त्यागपत्र में संतोष की स्थिति का स्पष्ट उल्लेख मिलता है कि 11 साल से मनरेगा में नियुक्ति के बावजूद उनसे शिक्षा शाखा, निर्वाचन, भण्डार शाखा, न्यायलीन कार्य जैसे महत्वपूर्ण कार्य लिए जा रहे थे. जिनका उन्हें अलग से कोई भुगतान भी नहीं होता था प्रशासन में यह सभी महत्वपूर्ण कार्य होते हैं। इसी प्रकार माह भर पूर्व गरियाबंद के रोजगार सहायकों ने मनरेगा के अलावा अन्य कार्य नहीं करने संबंधी भी जिला स्तर पर पत्राचार किया है।

**निर्वाचन में भी लगी ड्यूटी**

अभी 2 दिन पहले ही छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी जिले के कलेक्टर और एसपी की बैठक लेकर संविदा कर्मचारियों से निर्वाचन कार्य नहीं लेने कड़ाई से निर्देश दिए है, लेकिन जिलों में इसकी स्थिति उलट प्रतीत होती है।

संतोष ने अपने त्यागपत्र में स्पष्ट उल्लेख किया है कि, विधानसभा, लोकसभा , नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव में भी वो अपनी सेवाएं दिए हैं।

वर्तमान होने वाले विधानसभा में भी बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाए जाने की संभावनाएं से नकारा नहीं जा सकता।संतोष ने यह स्पष्ट किया है कि उनके द्वारा सारे कार्य गंभीरता, जिम्मेदारी, सक्रियता और सनिष्ठापूर्वक किए जाने के बावजूद 11सालों में किसी भी प्रकार का गैर वित्तीय सम्मान (प्रशस्ति पत्र) के लायक भी नहीं समझा गया, जिससे वे मानसिक रूप से आहत हुए हैं।

# राजधानी समेत प्रदेश में अब तक डेंगू के मिले 247 मरीज

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के 23 जिलों में डेंगू पैर पसार चुका है।इससे मौता का सिलसिला भी लगातार जारी है।प्रदेश में अब तक करीब 247 मरीजों की पहचान हो चुकी है. महामारी नियंत्रक डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि मामले को लेकर मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी से बात हुई है। जांच कर रिपोर्ट मंगाई गई है. मौत डेंगू से हुई या और कुछ कारण इसकी जानकारी रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। तो वहीं लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि टेस्ट कराएं, सरकारी हॉस्पिटल में निःशुल्क जांच की व्यवस्था है।

डेंगू के बढ़ते मरीजों को देखते हुए रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर ने स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष नागभूषण राव, आयुक्त मयंक चतुर्वेदी सहित नगर निगम मुख्यालय में नगर निगम के उपायुक्त स्वास्थ्य ए. के. हालदार, सभी जोन कमिश्नरों, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों, सहायक जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर 29 अगस्त से एक सप्ताह तक सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों को कव्हर करते हुए व्यापक स्तर पर मच्छर जनित रोग डेंगू के प्रति बचाव एवं जनजागरूकता लाने जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा बाबत विशेष अभियान चलाते हुए घर -घर जाकर विंडो कूलरों में भरा पानी तत्काल खाली करवाने और बुखार पीड़ितों की जानकारी प्राथमिकता से प्राप्त करने के निर्देश दिये हैं. सभी राजधानीवासियों को घरों में मनी प्लांट सहित पौधों में, टायरों में, टूटे हुए बर्तनों में घरों में एवं आसपास कहीं भी पानी का जमाव या ठहराव नहीं होने देने के लिए जागरूक बनाने सहित गुणवत्तायुक्त व्यापक एन्टी लार्वा ट्रीटमेंट के साथ फॉगिंग अभियान मच्छरों पर कारगर नियंत्रण के लिए व्यवस्थित तौर पर नागरिकों के बीच चलाने के निर्देश दिया है।





**महापौर ने अधिकारियों की ली बैठक, व्यापक इंतजाम के दिए निर्देश**

मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी रायपुर ने कहा कि रायपुर जिले में अभी तक डेंगू बुखार के कारण किसी मरीज की मौत नहीं हुई है।प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग जिले में डेंगू को लेकर सजग और सतर्क हैं।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में अभी तक बुखार के 265 मरीजों का एलाईजा टेस्ट डेंगू की पुष्टि के लिए कराया जा चुका है। जिसमें से केवल 8 मरीज ही डेंगू से संक्रमित मिले है।संक्रमितों का ईलाज विभिन्न अस्पतालों में तेजी से जारी है।

स्वास्थ्य विभाग के मिली जानकारी के अनुसार जिस भी इलाके में बुखार के अधिक संख्या में मरीजों की सूचना मिल रही है, वहां शिविर लगा कर डेंगू की जांच और उपचार किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग की जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक किसी भी मरीज का निधन डेंगू से नही हुआ है।डेंगू से मौत के कथित दो मरीजों को बुखार आने पर ईलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। दोनों ही मरीजों का डेंगू की पुष्टि के लिए एलाईजा टेस्ट नहीं हुआ था।एक मरीज नारायणा अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती हुए थे. मरीज के फेफड़ों में संक्रमण और बैक्टीरियल इंफेक्शन था. हालत गंभीर होने पर अस्पताल द्वारा उचित ईलाज किया जा रहा था।ईलाज के दौरान ही मरीज की मृत्यु हुई। वहीं कुशालपुर निवासी अन्य मरीज को भाठागांव के दीवान अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था।भर्ती कराने के चार दिन बाद ही मरीज के परिजन डॉक्टरों की सलाह बिना और डॉक्टरों को बताए बिना ही मरीज को अस्पताल से ले गए।इसके बाद परिजनों ने मृतक के बारे में कोई भी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देने से इंकार कर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी है कि दोनो ही मृतक मरीजों में डेंगू होने की पुष्टि नहीं हुई है।

# जनचौपाल में आवास दिलाने, अवैध कब्जा हटाने सहित अन्य समस्याओं के आए आवेदन

## कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जनचौपाल में नागरिकों ने आज प्रधानमंत्री आवास दिलाने, अवैध कब्जा हटाने, ईलाज के लिए सहायता सहित अन्य समस्याओं पर कलेक्टर को आवेदन दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने उनकी समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनचौपाल में 54 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बी.बी पंचभाई और एसडीएम देवेन्द्र पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिले के बीरगांव नगर निगम के इंदिरा गांधी वार्ड के निवासी संतोष यादव ने पट्टा दिलाने के लिए आवेदन करते हुए कहा कि उनका परिवार लंबे समय से निवासरत है परंतु अब तक पट्टा नहीं मिला है। जिसके अभाव में प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। अतः हमें नगर पालिक निगम से जल्द पट्टा दिलाने का कष्ट करें। साथ ही अभनपुर के ग्राम बिरोदा कि निवासी रामलाल साहु सहित अन्य ने कहा कि उनकी जमीन भारतमाला प्रोजेक्ट के दायरे में आ रही है। अतः अधिकृत जमीन का मुआवजा देने का कष्ट करें। इसी प्रकार राजधानी के युवाओं के समूह ने सेंट्रल लाइब्रेरी में महिला प्रसाधन ठीक कराने, रीडिंग रूम में एयरकंडीशन लगाने, पर्किंग में सुधार और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराने आग्रह किया। इस पर कलेक्टर डॉ. भुरे ने अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।



जनचौपाल में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के नागरिक जनों ने सीसी रोड़ की मरम्मत करने, आवारा कुत्तों की समस्या, अंबेडकर चौक में नाली की सफाई करवाने आवेदन दिया। गुढ़ियारी निवासी केराबाई बंजारे ने प्रधानमंत्री आवास दिलवाने का आग्रह किया। तिल्दा नेवरा के वार्ड-15 के निवासियों ने आवेदन देते हुए कहा कि उनके नजूल भूमि से संबंधित प्रकरण तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। लेकिन पटवारी और आरआई तिल्दा नेवरा में उपलब्ध नही होने के कारण प्रकरण का समाधान नही हो रहा है। अतः प्रकरण को रायपुर में स्थानांतरित किया जाए।

# अजा वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को व्यवसाय संचालित करने मिलेगा ऋण

## अंत्योदय स्वरोजगार योजना से युवा बनेंगे आत्मनिर्भर

**रायपुर,** 28 अगस्त। अब जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार लोन लेकर किराना, फैन्सी, जनरल स्टोर्स, कपड़ा, डेली निड्स, सब्जी, ठेले, खोमचे, फेरी वाले, टेलर, छोटे होटल, पान ठेला, मोची दुकान, मोटर सायकल मरम्मत जैसे- विभिन्न व्यवसाय संचालित कर सकते हैं। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग अंतर्गत बैंक प्रवर्तित अंत्योदय स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय कर उनकी आर्थिक स्थिति सुधार किए जाने के लिए सहयोग किया जा रहा है। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि अंत्योदय स्वरोजगार योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के ऐसे आवेदक जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष हो और आय 1 लाख पचास हजार रुपए से अधिक न हो साथ ही जिन्होंने पूर्व में शासकीय योजनान्तर्गत अनुदान का लाभ न लिया हो, वे आवेदन कर सकते है। योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम दस हजार रुपए का अनुदान देय है। परन्तु ऋण राशि की अधिकतम सीमा बंधनकारी नही है। पात्र आवेदक ऋण हेतु 15 सितम्बर तक आवेदन पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर कलेक्टर परिसर स्थित जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, कक्ष क्रमांक-34 में जमा कर सकते है।

# प्रदेश में कांग्रेसी गुंडों का आतंक, सांसद भी असुरक्षित : सुनील सोनी

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी बिरगांव के एक शैक्षणिक संस्थान में आजादी के अमृत काल के अवसर पर चंद्रयान की सफलता और मतदाता जागरूकता हेतु को लेकर एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जहां वे चंद्रयान 3 की सफलता के विषय में विस्तृत चर्चा करने और मतदाताओं को जागरूक करने छात्र छात्राओं के बीच पहुंचे थे उपस्थित छात्र छात्राओं के समक्ष सांसद महोदय जब चंद्रयान की सफलता का विस्तार से वर्णन कर रहे थे उसी समय कांग्रेस के युवा नेता एवं छात्र इकाई के नेता सांसद सुनील सोनी के सामने काले झण्डे लेकर पहुंच गए एवं अचानक ही उन्होंने उग्रता अख्तियार करते हुए सांसद के साथ अभद्रता एवं गाली गलौच करते हुए धक्का मुक्की का प्रयास तक करने लगे वहां उपस्थित सांसद के सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह सुनील सोनी को कांग्रेसियों के प्रहार से बचाया।

सांसद सुनील सोनी ने कहा कि हमने भी छात्र राजनीति एवं युवामोर्चा की राजनीति की है सैकड़ो बार कांग्रेस के नेताओ का विरोध भी किया मगर हमने हमेशा मर्यादा का ख्याल रखते हुए ही प्रदर्शन किया कभी ऐसी अभद्रता नही की किसी नेता के साथ मैने अपने राजनैतिक जीवन में ना कभी देखा ना कभी सुना की कोई राजनैतिक दल के कार्यकर्ता किसी सांसद के खिलाफ अचानक विरोध करते हुए पहुंचे हो वो भी तब जब सांसद राष्ट्रीय गौरव चंद्रयान जैसे मिशन की सफलता पर परिचर्चा करने छात्र , छात्राओं के बीच



**थाने में ग्रामीण विधायक पुत्र पंकज शर्मा की दादागिरी पर प्रशासन मौन : जयंती पटेल**

पहुंचे हो यदि विरोधी दल होने के नाते उनकी कोई जनसमस्या होती तो मुझसे मिलकर चर्चा करते ज्ञापन देते और प्रक्रिया के तहत अपना विरोध दर्ज करते परंतु युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता कॉलेज की बच्चियों के सामने ही गाली गलौच करने लगे जो बेहद दुखद और अव्यहारिक राजनीति का प्रमाण था प्रदेश कांग्रेस ने सत्ता में रहकर केवल और केवल अराजकता को ही बढ़ावा दिया है जिसका परिणाम आप सभी के सामने है ।

रायपुर शहर जिला भाजपा के अध्यक्ष जयंती पटेल ने कहा की प्रदेश में कांग्रेस सत्ता के बल पर गुंडागर्दी का खुला खेल खेल रही है इसका उदाहरण आज ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा के पुत्र पंजक शर्मा द्वारा की गई धमकी और गुंडागर्दी देखकर मिल जायेगा पहले तो कांग्रेसी कार्यकर्ता लोकसभा सांसद पर हमला करते हैं उनसे अभद्रता करते हैं और जब भाजपा पार्षद उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाने पहुंचते हैं तो पंकज शर्मा उन सभी गुण्डातत्वो के बचाव में थाने पहुंचकर जमकर शासन और सत्ता का दबाव दिखाते हैं और दादागिरी करते हैं । प्रदेश में कानून व्यवस्था कांग्रेस की कठपुतली बन चुकी है जहां कानून का राज होना चाहिए वहां अब गुण्डातत्वों का बोलबाला है हमें लोकसभा सांसद सुनील सोनी के साथ की गई अभद्रता , गाली गलौच और धक्का मुक्की के खिलाफ एफआईआरकरवाने में बेहद मशक्कत करनी पड़ी । हम कांग्रेसियों की अभद्रता के खिलाफ थाने में एफआईआरलिखाने पहुंचे थे जहां बेहद मशक्कत के बाद कांग्रेस के गुण्डा तत्वों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई ।इस घटना का वीडियो और थाने में पंकज शर्मा द्वारा की गई अभद्रता व गुंडागर्दी का वीडियो फुटेज तक उपलब्ध है ।

## सार-संक्षेप

### सैमसंग इन्नोवेशन कैम्पस के छात्रों ने कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग में सर्टिफिकेट्स और आईओटी में किया स्नातक

**रायपुर,** 28 अगस्त। सैमसंग इंडिया के प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम सैमसंग इन्नोवेशन कैम्पस ने भिलाई में 92 छात्रों के अपने पहले बैच के लिए कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग और आईओटी पाठ्यक्रमों को पूरा किया। यह कार्यक्रम भारत का मजबूत भागीदार बनने और सरकार के देश के युवाओं को सशक ?त बनाने और मिशन में सैमसंग के सहयोग करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश ?वविद्यालय, भिलाई में मार्गदर्शन और प्रशिक्षण हासिल करने वाले छात्रों ने 23-25 अगस्त, 2023 के बीच शासकीय पॉलिटेक्निक बेरला बोरिया, छत्तीसगढ़ में आयोजित हैकाथन में भाग लिया।

### अजा वर्ग के युवतियों को मिलेगा गारमेंट मेकिंग में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**रायपुर** 28 अगस्त। जिला प्रशासन के अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग की युवतियों के कौशल विकास के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर के अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र में गारमेंट मेकिंग ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए अनुसूचित जाति वर्ग की युवतियां जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो, न्यूनतम 8वीं कक्षा पास हो और जिनकी वार्षिक आय 1 लाख पचास हजार रुपए से अधिक न हो वे आवेदन कर सकती हैं। अंत्यवसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आवेदिका 15 सितम्बर 2023 तक आवेदन कर सकते हैं।

# कांग्रेस कार्यालय का बांटा हुआ प्रमाण पत्र खिलाड़ियों के लिए भविष्य में क्या उपयोगी सिद्ध होगा ? : कश्यप

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने खेल दिवस पर 29 अगस्त को खेल अलंकरण समारोह पिछले चार वर्षों से बंद कर खिलाड़ियों को कांग्रेस कार्यालय बुलाकर खेल प्रतिभा सम्मान का आयोजन कराकर खिलाड़ियों को गुमराह कर गुलामी का प्रमाण पत्र बाँटने का आरोप लगाया है। कश्यप ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस कार्यालय का बाँटा हुआ प्रमाण पत्र खिलाड़ियों को भविष्य में उपयोग में आयेगा कश्यप ने कहा कि भाजपा शासनकाल में प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों को प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष खेल अलंकरण समारोह रखा जाता था जिसमें खिलाड़ियों को प्रदान किए जाने वाला प्रमाण पत्र और प्रोतसाहन राशि खिलाड़ियों के भविष्य के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण होती थी। भाजपा प्रदेश महामंत्री कश्यप ने कहा कि प्रदेश की तानाशाह भूपेश सरकार खिलाड़ियों तथा शहीदों के नाम को अपमानित करने का कार्य कर रही हैं। आज पूरे प्रदेश के खिलाड़ी सड़क पर उतरकर प्रदेश सरकार के खिलाड़ी विरोधी नीति का विरोध कर रहे हैं। प्रदेश सरकार खेल के क्षेत्र में अब प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी अपमानित करने से बाज नहीं आ रही है। कश्यप ने अफसोस जताते हुए कहा कि भूपेश सरकार की खिलाड़ी विरोधी नीति के कारण और खेल अलंकरण समारोह में उत्कृष्ट खिलाड़ी की घोषणा नहीं होने के कारण प्रदेश के अनेक होनहार खिलाड़ी आज रायपुर रेलवे स्टेशन पर चना-मूंगफल्ली बेचने को मजबूर हो गए हैं। प्रदेश के समस्त खिलाड़ी कांग्रेस सरकार की ओछी राजनीति को समझ चुके हैं और अब अपने हक की लड़ाई लड़ने सड़क पर उतर चुके हैं। कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ राज्य में पिछले 4 वर्षों से भूपेश सरकार की खेल विरोधी नीति से आज प्रदेश के खिलाड़ियों में सरकार के खिलाफ़ आक्रोश है। भाजपा प्रदेश महामंत्री कश्यप ने पिछले



सप्ताह 200 से ज्यादा पदक विजेता खिलाड़ियों द्वारा खेल अलंकरण समारोह के आयोजन, उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषणा, उत्कृष्ट खिलाड़ी नियम में संशोधन, कोच की भर्ती, खेलो इंडिया के सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि समेत खेल से जुड़े अनेक मुद्दों को लेकर संचालक खेल विभाग को ज्ञापन सौंपे जाने, खेल मंत्री उमेश पटेल का निवास घेरे जाने और मुख्यमंत्री को पत्र लिखे जाने का हवाला देकर कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों की न्यायोचित मांगें पूर्ण नहीं किए जाने के विरोध में कल 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस पर तेलीबांधा तालाब (मरीन ड्राइव) से कलेक्ट्रेट परिसर तक भूपेश सरकार की खिलाड़ी विरोधी नीति के विरोध में खिलाड़ियों द्वारा काला दिवस मनाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने हक के लिए पूरे शासनकाल में हर वर्ग को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर किया है। कश्यप ने आगाह किया कि प्रदेश सरकार अब खिलाड़ियों से तो 'खेल' करना बंद करे और आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने कर्मों के परिणाम भुगतने के लिए तैयार हो जाए।

# ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाऊंडेशन ने 700 बच्चों को दिया जूतों का तोहफा

## देखकर छलक पड़े माताओं की आंखें

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा (तोहफा जूतों का ) कार्यक्रम के तहत बच्चो को स्कूली जूतों का वितरण किया गया । रविवार को यह आयोजन नुरुस्सुबाह हाल ब्रेनी स्टार, हॉलिस्टिक मॉन्टेसरी स्कूल, अंजुमन उर्दू गर्ल्स स्कूल, शास्त्री बाजार में किया गया।




कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चत्र 1 से दसवीं कक्षा के उन जरूरतमंद बच्चों को जूते मुहैया कराना था ,जो अब तक स्कूल के लिए जूते नहीं ले पाए है। ऐसे बच्चों को संस्था द्वारा ब्रांडेड नए जूते और मोजे बाटे गए। कार्यक्रम के आयोजक और ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन रायपुर संभाग के अध्यक्ष शाज़ी राशिद ने बताया कि , कार्यक्रम में कुल 550 बच्चों ने जूतों के लिए विभिन्न माध्यमों से आवेदन दिया था और पूर्व में किए गए आवेदन व स्पॉट आवेदन के बाद लगभग 650 से 700 बच्चों को नए जूते संस्था द्वारा बांटे गए। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष जनाब सिराज साहब ने बताया कि, कार्यक्रम के दौरान उस वक्त माहौल भावनात्मक हो गया जब कुछ माओं की आंखें बच्चों को नए जूते मोजे पहन देख भर आई। इन में से एक ऐसी मां भी थी जिनके दिव्यांग बच्चे ने पहली बार जूता पहना था, कार्यक्रम में बच्चे अपने माता पिता के साथ रायपुर के विभिन्न स्थानों से आए ।

## निधन

### प्रकाशचंद सोनी

**रायपुर,** 28 अगस्त। गुढ़ियारी निवासी प्रकाशचंद सोनी पौत्र स्व. जयदेव सोनी (कड़ेल) पुत्र स्व. मोहनलाल सोनी (कड़ेल) का 28 अगस्त सोमवार को स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 29 अगस्त दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे निवास जे-383, जनता कालोनी, कमेटी हाल, गुढ़ियारी, रायपुर से कोटा शमशान घाट में होगा।



### डॉ. मंगेश कुमार उपरीत

**रायपुर,** 28 अगस्त। डॉ. सुधीर उपरीत के पिता डॉ. मंगेश कुमार उपरीत का निधन 28 अगस्त को हो गया। उनकी शवयात्रा 29 अगस्त मंगलवार को निवास स्थान अवंति विहार से सुबह 10.30 बजे न्यू राजेन्द्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।



# केंद्र को लिखी गई चिट्ठी से प्रमाणित हुआ कि धान का पैसा मोदी सरकार देती है : चौधरी

**रायपुर,** 28 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनौती देते हुए कहा कि धान खरीदी पर वे जो झूठ की दुकान खोलकर बैठे हैं, उसकी सच्चाई यह है कि मोदी जी ने केंद्रीय पूल के चावल का कोटा इतना बढ़ा दिया है कि छत्तीसगढ़ के किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी संभव है। अब तक मुख्यमंत्री कह रहे थे कि सारी खरीदी वे ही करते हैं। अब राज्य के नुकसान की बात कर रहे हैं। सत्य यह है कि केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों की पूरी धान खरीदी के लिए कोटा बढ़ाया है। राज्य के बजट में तो धान खरीदी के लिए कोई विशेष व्यवस्था ही नहीं है। उन्होंने आंकड़े जारी करते हुए कहा कि हम भूपेश बघेल को गंगाजल भेजेंगे। वे मंदिर में खड़े होकर गंगाजल हाथ में लेकर कहें कि यह झूठ है।भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री चौधरी ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार जेब में हाथ डाले बिना अरबों खरबों की सौदेबाजी करने में माहिर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी के बारे में झूठ बोलने का सबसे बड़ा प्रमाण तो राज्य का बजट है। अगर राज्य अपनी योजना से धान खरीदेगी तो उसके बजट में पैसे का प्रावधान करना पड़ेगा। धान खरीदी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग करता है, 2022-23 के लिए इस विभाग का कुल बजट 5158 करोड़ रुपए है, ऐसे में धान खरीदने के 21 हजार 828 करोड़ रुपए कहां से आयेंगे ? यहां तक की तीन अनुपूरक बजट को मिलाकर भी इतनी बड़ी राशि नहीं होती।

श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नाम एक पत्र लिख कर 6000 करोड़ रुपए बकाया राशि देने की मांग की है। यह पैसा किस काम का बकाया है? इसका कोई उल्लेख चिट्ठी में नहीं है। प्रधानमंत्री को जब मुख्यमंत्री पत्र लिखे तो विषय स्पष्ट होना चाहिए, भूपेश बघेल जी के चार लाइन के पत्र में कुछ समझ नहीं आ रहा कि 6000 करोड़ रुपए प्रदेश को केंद्र से किस बात के लिए लेने है। ऐसा इसलिए है कि मुख्यमंत्री को विषय से कोई लेना देना नहीं है, उन्हें तो जनता को उलझाना है, मोदी जी की सरकार को बदनाम करना है, झूठे आरोप लगाना है। इस पत्र में कुछ नहीं लिखते हुए भी श्री बघेल ने अपने झूठ की पोल खोल दी है। कहते हैं न सत्यमेव जयते, ईश्वर सत्य के रूप में कैसे प्रकट होते हैं, इसका सुंदर उदाहरण मुख्यमंत्री की चिट्ठी है।

# सामाजिक बहिष्कार से हजारों परिवार पीड़ित, घोषणा पत्र में हो इसके कानून की बात : डॉ. दिनेश मिश्रा

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा कि छत्तीसगढ़ में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनावों में सामाजिक बहिष्कार जैसे मानवीय मुद्दे को चुनावी घोषणा-पत्र में शामिल किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए समिति की ओर से सभी राजनेताओं को पत्र लिखा जा रहा है। डॉ दिनेश मिश्र ने कहा सामाजिक बहिष्कार जैसी सामाजिक कुरीति से हजारों परिवार प्रभावित हैं तथा गाँवों में हुक्का-पानी बंद होने के कारण अमानवीय व्यवहार से जूझ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ से स्वप्नद्रष्टा डॉ खूबचंद बघेल सहित अनेक प्रमुख व्यक्तियों को भी सामाजिक बहिष्कार प्रभावित होने के मामले भी सामने हैं। और आज भी सामाजिक रीति-रिवाजों की आड़ लेकर सामाजिक बहिष्कार के मनमाने फरमान जारी करने की प्रथा अब बड़ी सामाजिक कुरीति के रूप में सामने आ गई है। उन्होंने जनजागरण अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों का दौरा करने के दौरान पाया कि सामाजिक बहिष्कार के हजारों मामले सामने आये हैं जिन्हें किसी न किसी कारणों से समाज से बहिष्कृत कर दिया गया है। पीड़ितजनों को विभिन्न कारणों से समाज से बहिष्कृत कर दिया गया है जिन्हें गाँव में दूध, राशन, मजदूर यहाँ तक कि बात करने तक पर जुर्माना करने की घोषणा कर दी गई है। बहिष्कृत व्यक्ति को शादी, मृत्यु, पर्व, त्यौहार, सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सार्वजनिक उपयोग के स्थल जैसे बाजार, तालाब, नदी के उपयोग से वंचित कर दिया जाता है। समिति सामाजिक बहिष्कार की सजाओं के विरोध में तथा उन्हें न्याय दिलाने एवं कानून बनाने के लिए अभियान चला रही है। डॉ. मिश्र ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कुछ समाजों में उनके तथाकथित ठेकेदारों ने सामाजिक बहिष्कार को खत्म करने के लिए बकायदा रेट लिस्ट तक तय कर दी है। यदि वह व्यक्ति किसी कार्यक्रम में शामिल होता है रू 15000/- जुर्माना, यदि बीपीएल कार्डधारी है तो 35000/- जुर्माना, यदि उसका परिवार साथ देता है 50000/- जुर्माना, यदि मध्यम परिवार का व्यक्ति है उसे पचास हजार से पचहत्तर हजार रूपये जुर्माना, यदि उच्च परिवार से व्यक्ति है तो उसे एक लाख से डेढ़ लाख रूपये तक जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। डॉ. मिश्र ने कहा उनके पास कुछ लोगों की रसीदें हैं जिनसे लाख रूपये तक जुर्माना वसूला गया है। उनके पास कुछ ऐसे भी मामले आये हैं जिनमें किसी सदस्य की मृत्यु होने पर दाह संस्कार में समाज के लोगों को शामिल करने के लिए दस हजार रूपये तक जुर्माना लिया गया है। जो अनुचित है।



डॉ. मिश्र कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में विभिन्न राजनैतिक पार्टियों को अपने घोषणा-पत्र में सामाजिक बहिष्कार जैसे अहम मुद्दे को शामिल किया जाना चाहिए तथा उसके निराकरण के लिए सक्षम कानून बनाने की घोषणा की जाती है तो हजारों निर्दोष व्यक्तियों को न केवल संबल मिलेगा बल्कि भविष्य में बहिष्कार की प्रताड़ना से बचाया जाना संभव होगा। समिति इस सम्बंध में पीड़ितों से सम्पर्क कर रही है तथा उनकी समस्याओं के निराकरण का प्रयास कर रही है,पर सक्षम कानून बनने से पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलेगा।

### इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला

# पेशी में नहीं आने वाले 10 आरोपियों की जमानत होगी रद्द

**नोटिस जारी, 12 साल से पेशी में नहीं आ रहे**

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा शासन काल में वर्ष 2006 में हुए 17 साल पुराने इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाला मामले के आरोपियों की लंबे समय से कोर्ट में पेश नहीं होने पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) भूपेश कुमार बसंत ने नोटिस जारी किया है। समझा जा रहा है कि कोर्ट ने जमानत पर रिहा दस आरोपियों की जमानत खारिज करने की पूरी तैयारी कर ली है। दरअसल छत्तीसगढ़ शासन के उप महाअधिवक्ता संदीप दुबे ने बैंक घोटाले से जुड़े आरोपियों द्वारा स्वास्थ्यगत कारण बताकर जमानत का लाभ लेने पर कोर्ट में आवेदन दिया है। उन्होंने आरोपियों की जमानत को निरस्त करने के साथ ही जिला मेडिकल बोर्ड से जांच रिपोर्ट पेश करने मांग की है। कोर्ट ने आरोपियों को इस संबंध में नोटिस जारी कर नियमित पेशी पर आने के निर्देश दिए है ताकि घोटाले की जांच-पड़ताल में रफ्तार आ सके।

संदीप कुमर दुबे ने बताया कि इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक घोटाले के एक प्रकरण में 15 से अधिक आरोपी बनाए गए है, इसमें से तीन आरोपी फरार और 12 आरोपी जमानत पर रिहा है। इस प्रकरण की सुनवाई के दौरान केवल दो आरोपी ही कोर्ट पेशी में उपस्थित होते हैं जबकि 10 अन्य आरोपी बीमारी का बहाना बनाकर सुनवाई में कभी नहीं आते है। पिछले 12 साल से यह सिलसिला चल रहा है।

बैंक घोटाले के आरोपितों को सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट द्वारा इस शर्त पर जमानत दी गई है कि वह कोर्ट में नियमित सुनवाई के दौरान उपस्थित रहेंगे। वहीं पुलिस को जांच में सहयोग करेंगे। न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष की दलील को गंभीरता से सुनने और अदालत की अवहेलना करने पर सभी आरोपियों को एक आखिरी मौका देते हुए नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में पूछा गया है कि कौन सी बीमारी है जिसके कारण वह सुनवाई में उपस्थित नहीं हो रहे है। इसे स्पष्ट करने के लिए मेडिकल बोर्ड के प्रमाण के साथ ही उपस्थित दर्ज कराएं।

इंदिरा प्रियदर्शनी बैंक मैनेजर उमेश सिन्हा, उपाध्यक्ष सुलोचना आडिल, किरण शर्मा, दुर्गा देवी, सविता शुक्ला, सरोजनी शर्मा, नीरज जैन, रीता तिवारी, संगीता शर्मा एवं अन्य शामिल हैं। इनमें से केवल उमेश सिन्हा और सुलोचना आडिल कोर्ट में उपस्थित होते हैं। वहीं अन्य आरोपियों की ओर से उनके अधिवक्ताओं द्वारा धारा 317 दप्रस के तहत आवेदन पेश किया जाता है। इसमें बीमार होने के कारण अपने पक्षकार को उपस्थित होने में असमर्थ बताया जाता है।

# तलवार, पिस्टल लहराने वाले 13 गिरफ्तार



**5 नाबालिग, जुलूस में की थी हथियारों की नुमाइश**

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर में नकली कट्टा, पिस्टल और तलवार लहराने वालों का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया है। मामले में 5 नाबालिगों समेत 13 को गिरफ्तार किया है। तीन दिन पहले रायपुर के ईदगाह भाठा से जुलूस निकाला गया था। जिसमें हथियार लहरा कर शक्ति प्रदर्शन की गई थी।

पुलिस ने गिरफ्तार युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की है। जिसमें शेख फैजल, मोहम्मद इलियास, सैय्यद ईरशाद, शेख अज्जू, शेख शाहरुख, शेख शहबाज, शेख सोहेल, शेख जुबैर और 5 नाबालिगों को पुलिस ने पकड़ा है। इनके पास से 8 तलवार, 3 चाकू और 2 पिस्टल नुमा लाइटर जब्त किया गया है युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। जुलूस ईदगाह भाठा से होते हुए लाखे नगर से आमापारा जाने वाली रोड पर निकला था। आसपास मौजूद कुछ युवकों ने हथियार लेकर नाचते लड़कों का वीडियो बनाकर इसे सोशल मीडिया में वायरल किया था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

### हबीब तनवीर जन्मशती

# दो दिवसीय रंग हबीब का आयोजन 1 सितंबर से



**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद द्वारा रज़ा फाउंडेशन के सहयोग से हबीब तनवीर की जन्मशती पर दो दिवसीय रंग हबीब का आयोजन 1 व 2 सितंबर को सिविल लाइन स्थित कन्वेंशन हॉल न्यू सर्किट हाउस में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। यह जानकारी कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद द्वारा विज्ञप्ति में दी गई है।

कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद के अध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि विख्यात नाटककार और रंग कला निर्देशक हबीब तनवीर की जन्मशती के अवसर पर दो दिवसीय रंग हबीब का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हबीब तनवीर के गीतों, हबीब तनवीर के विभिन्न पहलुओं पर 8 सत्रों में बाहर से आमंत्रित वक्तागण अपना वक्तव्य देंगे। 1 सितंबर को हबीब तनवीर के गीतों और रंगों की प्रस्तुति पूनम तिवारी द्वारा की जाएगी, इसके बाद ख्यातिलब्ध साहित्यकार श्री अशोक वाजपेयी का प्रस्तावना वक्तव्य होगा, रतन थियम बीज वक्तव्य देंगे। दूसरे सत्र में हबीब का देश पर आशीष त्रिपाठी, परवेज अहमद तथा आनंद हर्षुल का वक्तव्य होगा। तीसरे सत्र में उर्दू-हिन्दी-छत्तीसगढ़ी के हबीब पर महमूद फारुकी, राजेश गनौदवाले, राजकमल नायक, चौथे सत्र में नाटककार हबीब पर ऋषिकेश सुलभ, अनुप रंजन पांडेय, बसंत त्रिपाठी अपना वक्तव्य देंगे। पहले दिन के अंतिम सत्र में राणा प्रताप सेंगर कुछ बातें कुछ गीत पर नाट्य प्रस्तुति देंगे।

2 सितंबर को भारत की खोज वाय हबीब पर सतानंद मेनन, भारतरत्न भार्गव, सातवें सत्र में हबीब की कला पर देवेंद्र राज अंकुर, महावीर अग्रवाल, अंजनापूरी, परवेज अख्तर अपना वक्तव्य देंगे। हबीब का जीवन दर्शन पर उदयन वाजपेयी, ओम थानवी और आशीष पाठक के वक्तयों के साथ इसका समापन होगा।

# व्यवस्थापन के नाम पर गरीब दुकानदारों को थमाया 4 लाख का डिमांड नोट



**दुकानदार उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा से मिले**

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम ने खालसा स्कूल के सामने से हटाए गए 69 दुकानदारों को अवंति बाई लोधी चौक के पास क्रिस्टल ऑर्केड के सामने व्यवस्थापन के लिए 4 लाख जमा करने डिमांड नोट थमा दिया गया है। इसके अलावा नीचे पार्किंग एवं फर्स्ट फ्लोर पर दुकान देने का प्लान तैयार कर लिया गया है। इससे आधे से अधिक दुकानदार जो निम्न आय वर्ग वाले हैं उनके सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। राशि कम करने एवं ग्राउंड फ्लोर पर ही दुकान बनाकर देने की मांग को लेकर दुकानदार आज रायपुर उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा से मिले। जुनेजा ने तत्काल इस संबंध में नगर निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी से चर्चा की और दुकानदारों को जल्द समाधान निकल आने का आश्वासान दिया।

दिसंबर 2005 में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत पंडरी रोड पर खालसा स्कूल के सामने दुकानदारों को यह दुकानें आबंटित हुई थीं। उस दौरान दुकानदारों से मात्र 10 हजार की पंजीयन राशि ली गई थी और एक हज़ार के आसपास हर महीने किराया लिया जाता रहा था। 26 दिसंबर 2017 को दुकानदारों का बिना कोई समुचित व्यवस्थापन किए नगर निगम ने ऑक्सीजोन के निर्माण के नाम पर दुकानों को ढहा दिया था। उसके बाद से दुकानदार वयवस्थापन के लिए लगातार संघर्षरत् थे। उम्मीदें उस समय जगीं जब जून 2021 में महापौर एजाज़ ढेबर, विधायक कुलदीप जुनेजा एवं तत्कालीन निगम कमिश्नर सौरभ कुमार ने व्यवस्थापन हेतु क्रिस्टल ऑर्केड वाली इस जगह का चयन किया। चूंकि दुकानें प्राइम लोकेशन पर बनाई जानी हैं अत: तत्कालीन निगम कमिश्नर सौरभ कुमार ने शर्त रखी थी कि दुकानों के निर्माण के लिए दुकानदारों को लगभग दो लाख का अंशदान देना होगा। दुकानदार इस पर राजी भी हो गए थे। कुछ समय बाद सौरभ कुमार का तबादला हो गया। विधायक कुलदीप जुनेजा एवं वर्तमान निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी के अथक प्रयासों के बाद शासन की ओर से विगत जून माह में क्रिस्टल ऑर्केड की जमीन पर मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की दुकानों के निर्माण हेतु अनुमति मिली। दुकानदारों को एक बार फिर उस समय निराशा का सामना करना पड़ा जब जोन 3 दफ्तर से उन्हें डिमांड नोट मिला कि दुकानों का निर्माण होना है अत: 3 लाख 99 हजार 296 रुपये एक माह के भीतर निगम के खाते में जमा करें। इसके अलावा नीचे स्टील पार्किंग बनाकर फर्स्ट फ्लोर पर दुकान देने का प्लान तैयार कर लिया गया है। कुछ दुकानदार ऐसे हैं जो तोड़फोड़ की कार्यवाही के बाद से आज तक बेरोजगार हैं। वहीं कुछ दुकानदारों की आय काफी सीमित है। ऐसे में करीब 4 लाख की रकम निगम के खाते में जमा करना और फर्स्ट फ्लोर पर दुकान लेकर उसे चला पाना उनके लिए असंभव जैसा हो गया है।

दुकानदारों का प्रतिनिधि मंडल इस संबंध में जल्द ही महापौर एजाज़ ढेबर एवं निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी से भी मुलाकात कर ली जाने वाली राशि दो लाख तक करने तथा ग्राउंड फ्लोर पर ही दुकान बनाकर देने की मांग करने वाला है।

# शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव कराने पड़ोसी राज्यों के साथ हुई बैठक



**नक्सल विरोधी अभियानों एवं कानून-व्यवस्था पर विस्तृत विचार-विमर्श**

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से कराने के उद्देश्य से आज पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में सीमावर्ती राज्यों ओड़िशा, झारखण्ड, मध्यप्रदेश के साथ अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नक्सल विरोधी अभियानों एवं कानून-व्यवस्था संबंधी आपसी समन्वय एवं रणनीति तैयार करने हेतु विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में पुलिस महानिदेशक ओड़िशा सुनील कुमार बंसल, पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा एवं पुलिस महानिदेशक झारखण्ड अजय कुमार सिंह के अलावा केन्द्रीय एजेंसियों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों क्रमश: सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा बालाघाट जोन, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत बस्तर, राजनांदगांव, रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक शामिल हुए। इन पड़ोसी राज्यों से लगे छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक रेंज बिलासपुर एवं सरगुजा, बैठक में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

बैठक में जानकारी दी गई कि पूर्व में 25 जुलाई 2023 को हैदराबाद, तेलंगाना में सीमावर्ती राज्य, आंधप्रदेश, तेलंगाना एवं महाराष्ट्र, 19 अगस्त 2023 को इंदौर मध्यप्रदेश में सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं उत्तप्रदेश के साथ अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक हुई है। इसी प्रकार आज चुनाव के पूर्व छत्तीसगढ़ के सभी सीमावर्ती राज्यों के साथ पुलिस महानिदेशक स्तर की बैठक हो चुकी है। बैठक में बेहतर अन्तर्राज्यीय समन्वय हेतु भविष्य में रेंज, जिला, अनुविभाग एवं थाना स्तर पर समन्वय बैठकों के आयोजन का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से माओवादी परिदृश्य एवं चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने हेतु माओवादी रणनीति की समीक्षा की गई। सुरक्षा बलों की काउण्टर रणनीति पर चर्चा की गई। अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में माओवादियों के विरूद्ध संयुक्त कार्यवाही, माओवादियों के सप्लाई नेटवर्क को अवरूद्ध करने हेतु कार्यवाही, सीमावर्ती सुरक्षा विहीन क्षेत्रों में नवीन फारवर्ड कैम्पों की स्थापना एवं अन्तर्राज्यीय संयुक्त अभियानों के संचालन, सीमावर्ती थाना/कैम्पों के मध्य आपसी समन्वय पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में माओवादियों के क्रासिंग पाईन्ट एवं उनके सीमा पार मूव्हमेन्ट को रोकने हेतु कार्यवाही, माओवादी अग्र संगठनों एवं सहयोगियों की पहचान एवं विधिसम्मत कार्यवाही, चुनाव के दौरान अन्तर्राज्यीय सीमा पर स्थायी एवं मोबाईल चेकपोस्ट लगाने, चुनाव के दौरान माओवादी घटनाओं एवं मादक पदार्थो के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु योजना एवं क्रियान्वयन सहित चुनाव सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

# सावन का अंतिम सोमवार, शिवमय हुआ शहर, हजारों भक्त कांवर यात्रा में हुए शामिल



**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड के प्रियदर्शिनी नगर के दुर्गा मंदिर चौक में जोन क्रमांक 10 के अध्यक्ष एवं पार्षद आकाशदीप शर्मा एवं वार्डवासियों के द्वारा प्रियदर्शिनी नगर से महादेवघाट तक पावन सावन के महीने में भगवान शिवजी की विशाल कावड़ यात्रा एवं बारात निकाली गई। कावड़ यात्रा में सुशील सन्नी अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वे 4 किलोमीटर पैदल कावड़ लेकर चले और प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना किए।

श्री अग्रवाल ने कहा कि यह पावन महीना है। इस महीने में भगवान शिव की आराधना करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। महाकाल की भक्ति से सब दोष दूर हो जाते हैं।

इस अवसर पर सिविल लाइन वार्ड के पार्षद नीलम नीलकंठ जगत, श्री नीलकंठ, संतोष महिलांग, एडवोकेट राजकुमार कड़ोले, हीरू महोबे गोलू सागरवंशी, शंकरलाल सहित बड़ी संख्या में शहरवासी एवं वार्डवासी शामिल हुए।

# धान खरीदी में केंद्र का योगदान नहीं



**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। धान खरीदी कांग्रेस सरकार अपने दम पर करती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी में केंद्र सरकार का कोई भी योगदान नही है। छत्तीसगढ़ का हर किसान कसम खाकर दावा करेगा उनका धान कांग्रेस सरकार खरीदती है। झूठ फरेब भाजपा की फितरत, भाजपा कितना भी भ्रम फैला ले, प्रदेश ने 23.42 लाख से अधिक किसान जिन्होंने अपना 107 लाख मीट्रिक टन धान 2640 रूपये प्रति चिंटल में बेचा है वे भाजपा के बहकावे में नही आने वाले है। केन्द्र की भाजपा सरकार ने सहयोग के बजाय छत्तीसगढ़ के किसानों को धान की कीमत 2500 देने में अडंगा ही लगाया था। उसी के कारण कांग्रेस सरकार ने किसानों के लिये राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरू करके 9000 और 10,000 रू. प्रति एकड़ की इनपुट सब्सिडी देना शुरू किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी में केंद्र के योगदान के भाजपा के दावों की पोल इसी से खुल जाती है कि मोदी सरकार द्वारा गठित शांता कुमार समिति ने 2015 में कहा था कि केंद्र सरकार मात्र 6 प्रतिशत किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देती है। 2020 की एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ कि देश के मात्र 12 प्रतिशत किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने वर्ष 2018-19 तथा 2019-20 में 90 प्रतिशत किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा वर्ष 2021-22 में यह आंकड़ा 95 प्रतिशत तक पहुंच गया है। मोदी सरकार का धान खरीदी में कोई योगदान नहीं है। धान खरीदी का पूरा का पूरा पैसा राज्य सरकार के द्वारा वहन किया जाता है। राज्य सरकार मार्कफेड के माध्यम से विभिन्न बैंकों से कर्ज लेकर धान खरीदी करती है। किसानों को छत्तीसगढ़ में 2640 रूपये, देश ही नही दुनिया में सबसे ज्यादा कीमत भूपेश सरकार दे रही है। भारतीय जनता पार्टी नेता भ्रम फैलाने के लिये जबरिया वाहवाही लेने के लिये राजनीति कर रहे है।

# राखी पर 10 हज़ार करोड़ के व्यापार होने का अनुमान

**30 अगस्त को भद्रा के कारण 31 को रक्षा बंधन का त्यौहार मनाए : अमर पारवानी**

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। देश भर के व्यापारियों के शीर्ष संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रदेश भर के व्यापारियों को सलाह दी है की 30 अगस्त को सारे दिन भद्रा काल है जिसमें कोई भी मंगल कार्य निषेध है, इसलिए देश भर के व्यापारी 31 अगस्त को ही रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार मनाएँ। 31 अगस्त को यह त्यौहार मनाना पूर्ण रूप से शास्त्रष्सम्मत है। कैट ने इस तरह की एडवाइजरी आज देश के सभी व्यापारी संगठनों को भेजी है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया इस विषय पर कल कैट का एक प्रतिनिधिमंडल देश के सुप्रसिद्ध राम कथा वाचक अजय भाई एवं देश के विशिष्ट ज्योतिषाचार्य एवं वैदिक ज्ञान के प्रकांड विद्वान आचार्य दुर्गेश तारे से कल मिला। उनसे प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश सहित देश भर में 31 अगस्त को ही रक्षा बंधन मनाया जाना तय हुआ। दूसरी तरफ़ शास्त्रों एवं भद्रा काल का हवाला देते हुए कैट ने केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन से आग्रह किया है की वस्तुस्तिथि को देखते हुए 31 अगस्त को ही सरकारी अवकाश घोषित किया जाए। जिससे सभी लोग उत्साह एवं उल्लास के साथ भाई बहन के पवित्र रिश्ते के अनूठे त्यौहार रक्षा बंधन को मना सकें। सरकार द्वारा 31 अगस्त को रक्षाबंधन की छुट्टी यदि घोषित होती है तो बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी, बैंककर्मी सहित स्कूल एवं कॉलेज तथा प्राइवेट कंपनियों के लोग भी भद्रा काल की बजे शुभ समय में इस पर्व को मना सकेंगे।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया की इस वर्ष राखी पर लगभग 10 हज़ार करोड़ रुपये के व्यापार होने की उम्मीद है। पिछले वर्ष यह व्यापार लगभग 7 हज़ार करोड़ रुपये का था। वहीं वर्ष 2021 यह व्यापार 6 हज़ार करोड़ रुपये का था जबकि वर्ष 2020 में 5 हज़ार करोड़, वर्ष 2019 में 3500 करोड़ तथा वर्ष 2018 में 3 हज़ार करोड़ था।

उन्होंने बताया की इस वर्ष राखियों की एक विशेषता यह भी है कि इनमें देश के विभिन्न शहरों के मशहूर उत्पादों से विशेष प्रकार की राखियाँ भी बनाई गईं है जिनमें नागपुर में बनी खादी राखी, जयपुर में सांगानेरी कला राखी, पुणे में बीज राखी, मध्य प्रदेश के सतना में ऊनी राखी, आदिवासी वस्तुओं से बनी बांस की राखी, असम में चाय पत्ती राखी, कोलकाता में जूट राखी, मुंबई में रेशम राखी, केरल में खजूर राखी, कानपुर में मोती राखी, बिहार में मधुबनी और मैथिली कला राखी, पांडिचेरी में सॉफ्ट पत्थर की राखी, बैंगलोर में फूल राखी आदि शामिल हैं वहीं देश का गर्व प्रदर्शित करने वाली तिरंगा राखी, चंद्रयान राखी, जी 20 के स्लोगन वसुधैव कुटुंबकम की राखी, भारत माता की राखी आदि शामिल हैं।

देश के सभी राज्यों में व्यापारी भारतीय सामान को ही बेचेंगे क्योंकि उपभोक्ता भी अब भारतीय सामान की मांग कर रहे हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की ओर से 1 सितंबर से देश भर में चीनी सामान के बहिष्कार का अभियान चलाया जा रहा है जो 31 दिसंबर तक चलेगा।

# विधानसभा चुनाव को लेकर एक्शन मोड में आईजी



**थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर रेंज आईजी रतन लाल डांगी ने कंट्रोल रूम में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए और चुनाव आयोग के दिए गए निर्देशों के पालन कराने के लिए सभी थाना प्रभारियों, राजपत्रित अधिकारियों के साथ मिटिंग किया. जिसमें आईजी डांगी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष पारदर्शी चुनाव कराने में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण होती है. चुनावों में धन बल और भुजबल का उपयोग को रोकना है. धन बल को रोकने के लिए चेकिंग बढ़ानी है. जिसमें वाहन, होटल, रेल, बस, टैक्सी, ऑटो और संदेही स्थल के साथ-साथ हवाला कारोबारियों पर भी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं. गांजा और नारकोटिक्स सप्लायर, विक्रेताओं की सूची थानावार तैयार करने और उनपर नजर रखने को कहा गया है.

भुजबल को रोकने के लिए जिला बदर, एनएसए, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई (107/116,110,) बाउंड ओवर की कार्रवाई के साथ साथ गुण्डागर्दी करने वालों पर कार्रवाई के साथ नजर भी रखे. सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों की सूची भी तैयार करने पर ध्यान देने को कहा.

इसके साथ ही आईजी दांगी ने बलवा और मारपीट वाले मामलों में आरोपियों की सूची तैयार के साथ पूर्व के चुनावों के समय के आरोपियों पर नजर रखने को कहा. उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों की सूची तैयार कर ले जो चुनावों के दौरान अव्यवस्था फैला सकते हैं. ऐसी शिकायतों को भी दिखाने को कहा जो आपसी विवाद का कारण बन सकती है. शिकायतें आने पर तत्काला स्टॉफ को जांच करने भिजवा दे.

हत्या और हत्या का प्रयास जैसे गंभीर मामलों के फरार आरोपी, वारंटी की तलाश बढ़ाए. सोशल मीडिया पर ध्यान रखें, आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले, तलवार, हथियार लहराने वालों पर तत्काल कार्रवाई करें. मारपीट, लड़ाई-झगड़े का कारण शराब होता है. इसलिए अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करने को भी कहा है. फरार आरोपियों के वारंटों की तामिली बढ़ाने को भी कहा.

साथ ही हिदायत दिया कि ध्यान रहे थाना क्षेत्रों में वीआईपी कार्यक्रमों के दौरान कोई धटना न हो इसलिए सतर्कता बनाए रखें. जनप्रतिनिधियों के साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो. यातायत व्यवस्था चौक चौराहों पर दुरस्त करें. केवल चालानों पर ही ध्यान न दें बल्कि संबंधित की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखें. इसके साथ ही आगामी सप्ताह में होने वाली व्हीआईपी विजिट को ध्यान में रखकर मुस्तैदी से ड्यूटी करने कहा है. मिटिंग में रायपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, एडीशनल एएसपी, थाना प्रभारी उपस्थित रहे.

# ब्रह्मलोक आश्रम परसदा में रुद्राभिषेक का समापन



**रायपुर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज के दिशा निर्देश में परसदा स्थित ब्रह्मलोक आश्रम निर्मित हो रहे मानसरोवर आदि स्थल पर शिव शक्ति स्थल पर विगत 58 दिनों से निरंतर चल रहे महा रुद्राभिषेक का आज समापन हुआ। विश्व जागृति मिशन के सुनील सचदेवा एवं मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया इस अवसर परआज आखिरी सावन सोमवार को रुद्राभिषेक के यजमान जयशंकर अग्रवाल भिलाई रहे। उन्होंने सपरिवार रुद्राभिषेक सम्पन्न किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**उल्टा पुल्टा**

बाप ने बेटे की तलाशी ली और कोट से सिगरेट और लड़कियों के नंबर निकले

**बाप**- बहुत मारा और पूछा कब से चल रहा है यह सब?

**बेटा**- पापा यह कोट तो आपका है।

## संपादकीय

### भू-माफियाओं पर नकेल जरूरी

*आर्थिक-सामाजिक विकास के साथ शहरीकरण में भी तेजी आई है। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद शहरों के विस्तार के साथ कई कस्बे शहर हो गए। यह विकास की एक स्वाभाविक प्रकिया है पर इस प्रक्रिया में कुछ ऐसे लोग भी घुस आए हैं, जो नाजायज फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसका एक रूप भू-माफिया के रूप भी देखा जाता है। किसी की जमीन बेचने-खरीदने का एग्रीमेंट कर उस पर कब्जा कर लेने जैसी शिकायतें आम हो गई हैं। ऐसे मामले पुलिस में पहुंच रहे हैं, कुछ कार्रवाइयों भी हो रही है, लेकिन इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा सकें हैं। इससे भू-माफियाओं का हौसला बढ़ा है। शहरों के आसपास अवैध प्लाटिंग की बाढ़ आ गई है। ऐसे सैकड़ों मामले दर्ज भी हैं पर इन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे अवैध बसाहटों की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसी बसाहटों में गाढ़े पसीने की कमाई लगाकर लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कहीं जलभराव की समस्या है तो कहीं लोगों के आने-जाने के रास्ते बंद किए जा रहे हैं। किसी नई बसाहट को हटाना या दुरूस्त करना आसान नहीं होता। शासन-प्रशासन को ऐसी अवैध बसाहटों को रोकने का प्रयास करना चाहिए। सरकार ने रियल एस्टेट रेग्युलेटरी अथार्टी (रेरा) का गठन इसी उद्देय से किया था। किसी कालोनाइजर को अपना काम शुरू करने से पहले उसके ले-आउट साथ ही रेरा में पंजीयन आवश्यक है। छत्तीसगढ़ रेरा में जितने कालोनाइजर पंजीकृत नहीं हैं, उससे अधिक अपंजीकृत कालोनाइजरों की संख्या हो गई है। ऐसी कालोनियां में बिजली, पानी, सड़क तक की सुविधा नहीं है। लोगों को अपना घर चाहिए। वे कम कीमत के झांसे में आकर फंस जाते हैं। सभी शहरों में ऐसी बसाहटों की जांच करानी चाहिए और उन बसाहटों को नियमित करके आगे ऐसी बसाहटों को सख्ती से रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। ग्राम एवं नगर निवेश को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। उसके पास हर शहर का मास्टर प्लान होता है। वह यह देख सकता है कि कोई शहर किस तरह विकसित हो रहा है। मास्टर प्लान के मुताबिक किसी शहर के विकास की जो परिकल्पना की गई, उसकी वास्तविक स्थिति क्या है? बिलासपुर शहर की एक कालोनी के लोगों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। उनकी शिकायत है कि कालोनाइजर ने उनके निस्तार की सड़क बंद कर दी। नगर निगम प्रशासन सड़क खोलने के अपने आदेश का पालन नहीं करा पा रहा है। इसके पीछे भी जमीन के स्वामित्व की बात उठाई जा रही है। इस तरह के विवाद कइयों हैं। आगे चलकर ये विवाद झगड़े-फसाद का बड़ा कारण बन सकते हैं। बिलासपुर शहर जमीन विवाद में ही दिनदहाड़े गोलीकांड का गवाह बन चुका है। इससे भाड़े के हत्यारे पकड़े गए थे। उन्हीं दिनों मुख्यमंत्री का प्रवास हुआ था और इस गोलीकांड के कारणों तथा पुलिस की कार्रवाई पर बड़ी बैठक हुई थी। कलेक्टर-एसपी से कहा गया था कि जमीन संबंधी मामलों को वे देखें और ऐसे विवादों के संगीन अपराधों का रूप लेने से रोकें। इसके बाद भी न तो अवैध प्लांटिंग रूकी और न ही अवैध बसाहटों का सिलसिला रूका।*

# कांग्रेस टिकिट के लिये दावेदारों से घिरे रहे पर्यवेक्षक

## सर्वाधिक दावेदार वैशाली नगर में, पाटन, साजा से कोई नहीं

## दुर्ग-राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के दो विधानसभा सीटों में एंटी इनकम्बेन्सी : पर्यवेक्षक हनुमंतथैया



**दुर्ग**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिये दुर्ग लोकसभा क्षेत्र की सभी 9 विधानसभा सीटों के लिये आज सर्किट हाऊस में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य एवं राज्यसभा सांसद एल.हनुमंतथैया आज दुर्ग पहुंचे और सभी विधानसभा क्षेत्र के टिकिट के दावेदारों से रूबरू हुए। सभी दावेदारों से चर्चा के बाद एल.हनुमंतथैया ने बताया कि उन्होंने दो दिनों के भीतर दुर्ग व राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्रों की सभी 20 सीटों के दावेदारों से चर्चा की है। इनमें से दो क्षेत्रों में कांग्रेस विधायकों को लेकर एंटी इनकम्बेंसी नजर आ रही है। उन्होंने इन क्षेत्रों का नाम बताने से इंकार कर दिया। श्री हनुमंतथैया ने बताया कि यदि कोई बड़ी अड़चन नहीं आई तो 4 सितंबर को वे अपनी रिपोर्ट स्क्रीनिंग कमेटी को सौंप देगें। आज जिस विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक दावेदारी आई उनमें वैशाली नगर से 63 दावेदार सामने आये। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पाटन तथा शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे के क्षेत्र से उनके अलावा एक भी दावेदार सामने नहीं आया। आज स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य एल.हनुमंतथैया से मिलने के लिये दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सभी विधायक एवं मंत्री पहुंचे। पीएचई मंत्री रूद्रकुमार गुरू नहीं आये जो चर्चा का विषय रहा।

यह पहली बार देखा गया कि कांग्रेस के पर्यवेक्षक के आने की सूचना समाचार पत्रों व अन्य मीडिया माध्यमों की बजाय जिला कांग्रेस इकाई और ब्लाक इकाइयों को दी गई थी। इन इकाई के अध्यक्षोंने विभिन्न कांग्रेस प्रकोष्ठ व कमेटियों को इसकी सूचना दी। इसका असर यह रहा कि हमेशा की तरह इस बार शक्ति प्रदर्शन की स्थिति नहीं बनी। टिकिट के दावेदारों ने समर्थकों की भीड़ को लेकर अपनी दस्तक दी मगर नारेबाजी व शोरगुल बिल्कुल नहीं किया। पूरा कार्य शांति पूर्वक सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलता रहा। पर्यवेक्षक अपने एक सहायक के साथ सर्किट हाऊस के कक्ष क्रमांक 2 में बैठे और दावेदार अपने अपने समर्थकों के साथ मिलते रहे। विधायक दुर्ग शहर अरूण वोरा जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, व ब्लाक अध्यक्षों अलताफ अहमद, राजकुमार पाली, राजकुमार साहू, महीप सिंह अजय मिश्रा एवं अन्य समर्थकों के साथ बंद कमरे में मिले। इसके बाद पूर्व महापौर आर.एन.वर्मा, एनी पीटर, मदन जैन, निगम सभापति राजेश यादव, वरिष्ठ नेता राजेश धींगरा, ऋषभ जैन, दीपक दुबे, दुष्यंत देवांगन, आशीष तिवारी, संजय धनकर सहित अनेक लोगों ने भी बारी बारी से मुलाकात की और पर्यवेक्षक के समक्ष अपना अपना पक्ष रखा। पर्यवेक्षक ने दावेदारों से विभिन्न पक्षों के साथ ही क्षेत्र की जमीनी वास्तविकता की भी जानकारी ली।

सर्वाधिक कश्मकश वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र को लेकर देखी गई जहां वर्तमान में कांग्रेस का कोई विधायक नहीं है। यहां से पूर्व मंत्री बी.डी.कुरैशी, विजय साहू, नीता लोधी, तुलसी साहू, अतुल चंद साहू, संदीप निरंकारी, अरूण सिसोदिया, ध्वन राम साहू, सीजू एंथोनी, सहित लगभग 62 लोगों ने अपनी अपनी टीम के साथ जाकर पर्यवेक्षक से मुलाकात की व दावा पेश किया। भिलाई विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान विधायक देवेन्द्र यादव सहित मनीष तिवारी, मुकेश चंद्राकर सहित अनेक लोगो ने दावेदारी पेश की। ऐसे लोग भी थे जिन्होंने वैशाली नगर के अलावा भिलाई से भी दावेदारी पेश की। साजा विधानसभा क्षेत्र से किसी ने भी दावेदारी नहीं की। दुर्ग ग्रामीण से गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के अलावा प्रतिमा चंद्राकर, जयंत देशमुख, गया पटेल ने भी अपना दावा पेश किया। मंत्री ताम्रध्वज साहू के साथ ब्लाक अध्यक्ष नंद कुमार सेन एवं रिवेन्द्र यादव, जितेन्द्र साहू सहित अन्य कार्यकर्ता पहुंचे थे।

**वैशालीनगर : लावलश्कर के साथ विजय पहुंचे**

आज बगैर नारेबाजी के शक्ति प्रदर्शन का माहौल बनाते हुए वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से टिकिट का दावा करने के लिये विजय साहू, साहू समाज, ब्राम्हण समाज, सीनियर सिटीजन ग्रुप, कुर्मी समाज बौद्ध समाज सहित विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों को लेकर पहुंचे थे। अन्य दावेदारों के साथ भी अलग अलग खेमों में लोग पहुंचे थे।

अहिवारा विधानसभा क्षेत्र ओनी कुमार महिलांग, सुशील डहरिया, बेमेतरा से विधायक आशीष छाबड़ा, गणेश गौसेवक, बंटी पटेल भी पहुंचे थे। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक गुरूदयाल बंजारे भी अपने समर्थकों के साथ पहुंचे थे। लगभग शाम 5 बजे तक सर्किट हाऊस में भारी गहमागहमी रही।

### पर्यवेक्षक के दुर्ग प्रवास की सूचना दावेदारों को नहीं मिली

■ पर्यवेक्षक से की गई शिकायत

कांग्रेस की टिकिट के दावेदारों से रूबरू होने आज यहां सर्किट हाऊस में कांगरेस स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य पर्यवेक्षक एवं राज्यसभा सांसद एल.हनुमंतथैया पहुंचे मगर इसकी सार्वजनिक सूचना जारी न होने के कारण कई दावेदार पर्यवेक्षक श्री हनुमंतथैया से मुलाकात कर अपनी बात नहीं रख सके। सूचना पाकर जब दावेदार सर्किट हाऊस पहुंचे तो इन्होंने इसकी शिकायत पर्यवेक्षक से की। दुर्ग शहर से पहुंचे कांग्रेस टिकिट के दावेदारों का कहना था कि पर्यवेक्षक के आने की सूचना उन्हें न तो फोन पर दी गई और न ही समाचार पत्रों व अन्य माध्यमों से ही इस सूचना को सार्वजनिक किया गया। इससे बड़ी संख्या में लोग पर्यवेक्षक से मिलने व अपनी बात कहने से वंचित रह गये। बाद में जैसे उन्हें एक दूसरे से सूचना मिली तो सर्किट हाऊस पहुंचे। इस संबंध में जब श्री हनुमंतथैया से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अपने प्रवास की सूचना उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दे दी थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस व ब्लाक कांग्रेस कमेटी को सूचना दे थी। यह सूचना दावेदारों तक क्यों नहीं पहुंची इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

## अंतिम सोमवार कांवड़ियों ने किया रूद्राभिषेक

**गुरूर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावण मास का अंतिम सोमवार को गुरुर नगर में स्थित देऊर मंदिर में कांवड़ियों ने रुद्राभिषेक कर पूजा अर्चना की, 24 तारीख को देऊर मंदिर में पंचमुखी पशुपतिनाथ की प्रतिष्ठा किया गया जिसका आज पहला सोमवार था आज शिव भक्तों में भक्ति का भाव देखते हैं बन रहा था, पिछले 63 दिन से रुद्राभिषेक लगातार प्रारंभ है इसी खंड में अधिक मार्च का जो श्रवण था लक्ष्मी नारायण सहित ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



## जिले के 16 उपनिरीक्षकों का तबादला व तत्काल कार्यमुक्त

**दुर्ग**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के आदेश अनुसार पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा जिले के 16 उपनिरीक्षकों का तबादला आदेश जारी किया गया। जिसमें से 6 उपनिरीक्षकों का तबादला रायपुर दो का बालोद, दो का राजनांदगांव एवं शेष उपनिरीक्षक का तबादला प्रदेश के अन्य जिलों में हुआ है। सभी उपनिषकों को जिले से कार्यमुक्त कर दिया गया है।

भुपेन्द्र ओगरे थाना उतई से जिला बीजापुर, कमला यादव थाना वैशाली नगर से जिला बालोद, उमा ठाकुर थाना मोहन नगर से जिला बालोद, भुनेश्वर लाल यादव थाना दुर्ग जिला दुर्ग से जिला बेमेतरा, महेन्द्र जय सिंह थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग से जिला कबीरधाम, सतीश कुमार साहू थाना सुपेला जिला दुर्ग से जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, ज्योति राजपूत थाना सुपेला जिला दुर्ग से जिला रायपुर, रामेन्द्र कुमार यादव थाना छावनी जिला दुर्ग से जिला रायपुर, अनुज साय थाना पुलगांव जिला दुर्ग से जिला रायपुर, पूरे सिंह जुरी रक्षित केन्द्र जिला दुर्ग से जिला रायपुर, रैयनदास गेंडरे थाना भिलाई भट्ठी जिला दुर्ग से जिला रायपुर, मिनेश्वर बघेल रक्षित केन्द्र जिला दुर्ग से जिला रायपुर, ऐनु कुमार देवांगन थाना प्रभारी रानीतराई जिला दुर्ग से जिला रायगढ़, राधेश्याम जुरी थाना प्रभारी जामगांव आर जिला दुर्ग से जिला राजनांदगांव, लाभाराम ध्रुव थाना पुरानी भिलाई जिला दुर्ग से जिला राजनांदगांव, सरोज वर्मा (चवरे) थाना दुर्ग जिला दुर्ग से जिला गरियाबंद।

## त्रिलोकीनाथ ने लिया देहदान का संकल्प




**दुर्ग**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। मां अन्नपूर्णा ग्लास के संचालक विजय नगर निवासी त्रिलोकीनाथ ने अपने देहदान की घोषणा करते हुए नवदृष्टि फाउण्डेशन के सदस्यों को इस आशय का घोषणा पत्र सौंपा। फाउण्डेशन की ओर से नत्थू अग्रवाल, कुलवंत भाटिया, हरमन ढुलई, एवं रितेश जैन, ने देहदानी त्रिलोकी नाथ सिंह से उनकी वसीयत नामा प्राप्त किया। फाउण्डेशन के सदस्यों ने बताया कि श्री सिंह की माता कलावती देवी, पुत्र आकाश सिंह बदू सरिता सिंह ने अपनी सहमति भी श्री सिंह के देहदान के संकल्प के प्रति दे दी है।

## लीनेस चेयरपर्सन ने ब्लड डोनेट कर लोगों को किया प्रोत्साहित



**बेमेतरा**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। सरकारी हास्पिटल मे रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया और बताया गया कि रक्तदान कोन कोन को करना चाहिए डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन पर्सन लीनेस वर्षा गौतम और मल्टीपल चेयरपर्सन वर्षा गौतम खुद भी ब्लड डोनेट कर लौगौ को प्रोत्साहित करना ज़रूरत मत को ब्लड डोनेट कर देना हर जितना बन सके अपने तरफ़ हर संभव कोशिश करना इस अवसर पर लीनेस क्लब कि अध्यक्ष =लीनेस विनोद राघवजी भी उपस्थित थे और उन्होंने भी बताया ब्लड डोनेट करने से लौंग को कोई बिमारी नही होती।

## शिवनाथ में अधेड़ ने लगाई छलांग, शव निकाला गया

**दुर्ग**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। गत रात्रि दुर्ग राजनांदगांव मार्ग पर पुलगांव स्थित नये ओव्हर ब्रिज से शिवनाथ नदी में कूदकर राकेश ठाकुर (50) ने आत्महत्या कर ली। आज सुबह एसडीआरएफटी की टीम ने मौके पर पहुंचकर राकेश का शव निकाला। पुलगांव पुलिस ने पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलगांव थाना प्रभारी के अनुसार मृतक राकेश ठाकुर कसारीडीह में रहता था जहां उसकी फोटोग्राफी की दूकान है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है। शव निकालने में एसडीआरएफटी ने जिला सेनानी, अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह, टीम प्रभारी धनीराम यादव, सहायक प्रभारी ईश्वर खरे एवं अन्य लोगों की भूमिका रही।

## नंदनी-खुंदनी में केमिकल प्रदूषित पानी का रिसाव जल स्त्रोतों में होने के कारण ग्रामवासियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर

■ ग्राम थनौद में स्पीड ब्रेकर की मांग



**दुर्ग**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचें लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी लेते हुए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक पहल करने को कहा। आज जनदर्शन में 130 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम पंचायत नंदिनी खुंदिनी के सरपंच एवं ग्रामवासियों ने भूमिगत जल बोर पंपों पर विषाक्त केमिकल प्रदूषित पानी का रिसाव होने की शिकायत की। ग्रामवासियों ने बताया कि विष्णु केमिकल भिलाई ;चोपड़ा खदान में सैकड़ों टन पेंट बनाने का कार्य किया जा रहा है। पेंट बनाने से निकले वाले वेस्ट केमिकल, रॉ मटेरियल को एक गड्ढा बनाकर डाल दिया जाता है। उक्त रॉ मटेरियल व वेस्ट केमिकल घुलनशील होने के कारण भूमिगत जल से मिलकर जल स्त्रोतों के माध्यम से पूरे गांव के लोग उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव के अधिकतर बोर पंप जिसे पूरे गांव वाले उपयोग में लाते हैं उस पानी का स्वाद और रंग अलग ही होता है। केमिकल पानी का रिसाव पीने के पानी में होने के कारण ग्रामवासियों के स्वास्थ्य पर गहरा असर हो रहा है। शरीर में स्कीन से संबंधित गंभीर बीमारियों से ग्रामवासियों को जुझना पड़ रहा है। ग्रामवासियों द्वारा प्रदूषित पानी की जांच भिलाई इंस्टीट्यूट टेक्नॉलाजी के अभियांत्रिकी रसायन विभाग द्वारा किया गया था, जिसमें केमिकल की अधिक मात्रा का होना पाया गया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

पाटन निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जोड़ने एवं आवास प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची में था। लेकिन वर्तमान में जनपद पंचायत द्वारा बताया गया कि उनका नाम सूची से डिलीट हो गया है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

थनौद निवासियों ने स्पीड ब्रेकर निर्माण के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि आबादी क्षेत्र होने के कारण थनौद मुख्य मार्ग के पास दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। समीप में हाई स्कूल भी संचालित होती हैए जिसके कारण बच्चों का स्कूल आना जाना लगा रहता है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग को अवगत कराया गया, तो उनके द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया, लेकिन उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाईन के अनुसार स्पीड ब्रेकर नही लगाया जा सकता है। इस पर कलेक्टर ने ईई लोक निर्माण विभाग को निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने को कहा।

इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 25 पंचशील नगर में अवैध शेड निर्माण हटाने, सड़क बनाने, नल कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, पट्टा दिलाने, दीनदयाल कालोनी आवासीय परिसर जुनवानी भिलाई में मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध कराने, आंगनबाड़ी के सामने से ट्रांसफार्मर हटाने, भू मुआवजा, भूमि पर अवैध कब्जा इत्यादि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

## राजमहंत विजय बघेल ने पर्यवेक्षक से की नवागढ़ से टिकिट की मांग



**बेमेतरा**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य एवं सांसद डा.एल हनुमंथैया जी से सर्किट हाउस दुर्ग में राज महंत विजय बघेल डायरेक्टर अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम सौजन्य मुलाकात कर नवागढ़ विधानसभा में कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी बनाए जाने एवं कांग्रेस प्रत्याशी के ऐतिहासिक मतों से जिताने के लिए विस्तार से चर्चा किए।

इस अवसर पर ताराचंद भास्कर, उमेद भारती, भागवत साहू, रोशन दीवान, रोशन वर्मा, श्रीमती बेला सोनी सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## मारपीट में एक घायल, दो गिरफ्तार

**दुर्ग**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। गत रात्रि आपसी बातचीत को लेकर युवकों के दो गुट में इस कदर विवाद बढ़ा कि बात मारपीट तक पहुंच गई। इस मारपीट में विनोद सोनी निवासी बैगापारा (उम्र 36) डंडे व राड के प्रहार से सिर पर चोट आने के कारण घायल हो गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है।

दुर्ग कोतवाली पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों तिलक यादव एवं पप्पू यादव के विरूद्ध धारा 294, 506, 307, 323, 34 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को थाने में बैठाकर रखा गया है। कल 29 अगस्त को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

## जिला भाजपा करेगा आज नगर निगम का घेराव एवं जंगी प्रदर्शन

**दुर्ग**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिये जिला भाजपा दुर्ग द्वारा कल 29 अगस्त को सुबह नगर निगम दुर्ग का घेराव कर जंगी प्रदर्शन किया जायेगा। घेराव व प्रदर्शन का नेतृत्व जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा करेगें। जिला भाजपा द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि भाजपा के सभी प्रकोष्ठों एवं मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय में सुबह एकत्रित होगें। वहां से रैली के रूप में निकलकर नगर निगम कार्यालय पहुंचेगें। वहां पर घेराव एवं प्रदर्शन किया जायेगा।

## रंग बिरंगी राखियों की दुकान से सजा नगर पंचायत



**गुरूर**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन दो दिन बाद आने वाला है हर साल सावन माह की पूर्णिमा को यह त्यौहार बड़े धूमधाम से रक्षाबंधन मनाया जाता है इस वर्ष श्रावण मास अधिक दिवस होने पर 30 अगस्त को पूर्णिमा है तो उसी दिन बहनें अपने भाइयों को राखी बंधेगी।

## कांग्रेस सरकार से जनता त्रस्त, जमीनी स्तर पर नहीं हुआ कोई काम : निशा सिंह



- कार्यकर्ताओं से मिली बिहार की विधायक
- सेमीफाइनल का रण फतह करने भाजपा के प्रवासी विधायक कर रहे विधानसभा क्षेत्रों का दौरा
- आधा दर्जन ने किया भाजपा प्रवेश

**बेमेतरा**, 28 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा लगातार तैयारियों में जुटी है ।2024 के लोकसभा चुनाव के पहले यह 2023 के विधानसभा चुनाव एक सेमीफाइनल है इस चुनावी रण को फतह करने के लिए भाजपा के प्रवासी विधायक विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर प्रदेश कांग्रेस सरकार की कमियों स्थानीय विधायक के भ्रष्टाचार को उजागर करने कार्यकर्त्ताओ से सीधे चर्चा व केंद्र मोदी सरकार की योजनाओं को प्रचार प्रसार का काम कर रहे है ।इसी कड़ी में बेमेतरा विधानसभा की जिम्मेदारी बिहार प्रदेश के प्राणपुर विधानसभा के विधायक भाजपा महिला मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री निशा सिंह संभाली हुई है विधानसभा में चारो मंडल के दौरा करने के बाद अब शक्तिकेन्द्र में कार्यकर्ताओं से मिलने पहुँची इस कड़ी में 27 अगस्त को देवरबीजा शक्तिकेन्द्र की बैठक देवांगन भवन में हुई जहाँ लगभग आधा सैकड़ा लोगो ने केंद्र की मोदी सरकार की रीति नीति उनके गरीब कल्याण सुशासन कार्यो व भाजपा प्रदेश के संगठनात्मक कार्य से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल के नेर्तृत्व में लगभग आधा सैकड़ा लोगो ने भाजपा प्रवेश किया जिसमे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व ग्राम उपसरपंच व क्षेत्र में अपने सामाजिक कार्य से पकड़ रखने वाली मातृ शक्ति अलग अलग ग्राम के शामिल है ।

बैठक में प्रमुख रूप से बिहार प्राणपुर विधायक निशा सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र, पूर्व प्रदेशमंत्री संध्या परगनिहा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललिता साहू ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## बीएसपी प्रबंधन ने दी 5 कार्यपालक को विदाई



**भिलाईनगर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ 5 अधिकारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संयंत्र के इन अधिकारियों के लिए सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आज इस्पात भवन में आयोजन किया गया। निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित कार्यपालकों के विदाई समारोह में विशेष रूप से उपस्थित संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं प्रभारी कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन, श्रीमती निशा सोनी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनके सभी दस्तावेज एवं प्रमाणपत्र सौंपा गया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने समारोह को संबोधित करते हुये अधिकारियों के अपन अपने कार्यक्षेत्र में बेहतरीन कार्य हेतु विशिष्ट व उत्कृष्ट योगदान की सराहना की तथा इनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। सभी अधिकारियों ने विदाई समारोह में, अपन-अपने कार्यानुभावों के साथ भविष्य की कुछ व्यक्तिगत योजनाओं को साझा किया। अगस्त माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में महाप्रबंधक ब्लास्ट फर्नेस, एस श्रीवास्तव, महाप्रबंधक सी एंड आईटी, श्रीमती एस मुखर्जी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजला सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक पीपी एंड सी ए के जलान एवं कनिष्ठ प्रबंधक स्टोर्स पी कलियारी शामिल हैं।

## निगम में बन रहे औद्योगिक पार्क का आयुक्त ने किया निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के युवा बेरोजगारों को स्वावलंबी बनाने महात्मा गांधी शहरी इंडस्ट्रीयल पार्क का स्थापना करने जा रहा है। जहां युवक स्वयं का लघु उद्योग संचालित कर अन्य युवाओं को देगें रोजगार। राज्य शासन द्वारा शहरी क्षेत्र के युवाओं को नई उद्योगों का स्टार्टअप करने वाले युवाओं को अवसर देते हुए उन्हें स्वंय के रोजगार से जोड़ने अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क स्थापित करने की घोषणा प्रदेश के मुख्यमंत्री ने किया था। शासन की महत्वाकांक्षी योजना को जनता को समर्पित कर लाभ दिलाने उद्योग स्थापित कराने भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल ने वार्ड 06 प्रियदर्शनी परिसर में रिक्त स्थल चयन कर विधिवत निविदा प्रक्रिया को पूर्ण कर औधोगिक पार्क स्थापना का कार्य शीघ्रता से करा रहे है। नगर पालिक निगम आयुक्त रोहित व्यास ने प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम लगभग 2०5 एकड़ जमीन में वाहन शाखा के पीछे आकार ले रहे इंडस्ट्रीयल पार्क स्थल तक पहुंच मार्ग, नाली, बिजली, पानी जैसे आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के लिए किये जा रहे कार्यो का स्थल अवलोकन किये। निरीक्षण के दौरान उपस्थित विभागीय अधिकारियों से उद्यमियों के लिए सभी आवश्यक सुविधा मुहैया कराने तथा निर्माण कार्य की प्रगति का फीडबैक लेते हुए सभी कार्य को गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश देते हुए समय सीमा में पूर्ण करने कहा ताकि इसका लाभ क्षेत्र के युवाओं को शीघ्र मिले सके। निगम द्वारा बनाये जा रहे महात्मा गांधी शहरी इंडस्ट्रीयल पार्क में शिक्षित युवा बेरोजगारो को उनको स्वयं का रोजगार स्थापित करने भूमि आबंटित किया जायेगा। जहां मिलेट प्रोसिंग प्लांट, पापड़, उद्योग, दोना पत्तल उद्योग जैसे लघु उद्योग की स्थापना कर क्षेत्र के अन्य युवाओं को रोजगार देगें। निगम आयुक्त रोहित ब्यास व नीरज पाल द्वारा लगातार निगम भिलाई क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण कर उनकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रहे है। उन्होनें प्रत्येक विकास कार्य को समय पर गुणवत्ता का ध्यान में रखकर पुरा करने की बात कही है।

## समाज के लिए हर व्यक्ति को सोचना चाहिए : ताम्रध्वज



**भिलाईनगर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जो भी बोलो जो भी सोचो और जो भी करो वह समाज के हित में हो, तभी हमारा समाज विकास कि गति में होगा। उक्त बातें दुर्ग ग्रामीण के विधायक व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कही। उन्होंने इस्पात नगर रिसाली स्थित कर्मा भवन का लोकार्पण किया। उक्त भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने 25 लाख की घोषणा की थी। तहसील साहू संघ के बैनर में आयोजित लोकार्पण समारोह में मंत्री ने कहा कि सामाजिक संगठन चलाने के लिए सोच अच्छा होना चाहिए। सामाजिक पदाधिकारियों के अलावा प्रत्येक सदस्य को समाज के हित में सोचना चाहिए और कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हनोदा और उमरपोटी पंचायत शहर से लगा हुआ है। जाने से नही लगता कि कार्य प्रणाली पंचायत की है। उनकी इच्छा है वहा भी समाज हित में कार्य हो। उनका प्रयास हमेशा रहा है कि समाज हमेशा संगठित रहे। इस अवसर पर तहसील साहू समाज ने मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, समाज के जीवन साहू, सनीर साहू, डा सीमा साहू, शिशिर साहू, टिकम साहू, हरि द्वारका साहू, नवरत्न साहू, कबीर साहू, शैलेंद्र साह, भीखम साहू, एमके साहू, तोरण अटल साहू आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रतिभावान का सम्मान किया। लोकार्पण अवसर पर समाज के बच्चो और महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। तहसील साहू संघ ने प्रतिभावान सामाजिक सदस्य व बच्चो का सम्मान करते हुए उन्हे स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र दिया

## राज्य में भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत से आएगी : विधायक



**भिलाईनगर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में जो 36 वायदे किये थे उसमें एक भी वायदे को पूरा नहीं किया है। शराब बंदी, रोजगार जैसी कई बातें घोषणा पत्र में आज तक मात्र वायदे ही बन कर रह गई हैं। कांग्रेस ने किसानों का संम्पूर्ण कर्जा माफ करने कहा, उसे पूर्ण नहीं किया। उक्त बातें पत्रकारवार्ता में अहिवारा विधानसभा की भाजपा प्रभारी प्रवासी विधायक कविता देवी ने पत्रकारवार्ता के दौरान कही। बिहार कोढ़ा विधायक कविता देवी पिछले एक सप्ताह से छत्तीसगढ़ की अहिवारा विस के दौरे पर हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी के लिए कसम खाया गया। महिलाएं प्रताड़ित हैं व युवाओं के लिए 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ते की बात भी महज छलावा ही है। बेरोजगारी भत्ता के लिए ऐसी शर्तें रख दीं कि बेरोजगार इस लाभ से वंचित ही हैं। पुलिस कर्मियों को एक दिन की छुट्टी की घोषणा किये थे लेकिन आज दिनांक तक उसे लागू नहीं किया गया है। इसी तरह सरकारी कर्मचारियों के किये गये एक भी वायदे पूरे नहीं हुए। स्व सहायता समूह की बहनें जो रेडी टू इट चला रही थीं उसे भी छीन कर अपने चहेतों को दे दिया गया। प्रदेश में शराब घोटाला, कोयला घोटाला, रेत घोटाला, चावल घोटाला किया है। इनके घोटालों की गूंज पूरे देश में सुनाई देती है। कांग्रेस सरकार की ग्रामीण विकास की सारी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है सभी सड़कें गौठान बन चुकी। किसानों को काली मिट्टी और राखड़ को वर्मी कम्पोस्ट के नाम पर एकड़ के पीछे 900 रूपये का तीन पैकेट खरीदने के लिए बाध्य कर दिया गया है यदि किसान वर्मी कम्पोस्ट नहीं लेंगे तो उन्हें यूरिया डीएपी की सुविधाओं से वंचित कर किसानों को काली सूची में डाल दिया जाने का आरोप उन्होंन लगाया। उन्होंने कहा अहिवारा विधान सभा क्षेत्र में अराजकता का माहौल है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में जो विकास कार्य हुए थे. उन्हे अपना बता कर वाहवाही लुटी जा रही है। जल जीवन मिशन जो कि केन्द्र सरकार की योजना है. उसके माध्यम से स्वच्छ जल की व्यवस्था भी नहीं करा सके। डिस्ट्रिक मिनरल फंड अधिकांश राशि जो कि अहिवारा विधान सभा क्षेत्र से प्राप्त होने का आरोप उन्होनें लगाया। उस राशि से खनन क्षेत्र गांवों का विकास होना था परन्तु विधायक की निष्क्रियता के कारण क्षेत्र के सारे गांव विकास से वंचित हो गये। क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश हैए आने वाले विधान सभा चुनाव में अहिवारा विधान सभा क्षेत्र के चारों मण्डलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाने का संकल्प ले चुके हैं और पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत साथ सरकार बनाएगी और 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुन: भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और छत्तीसगढ़ का विकास डबल इंजन की सरकार से होगा। पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया, संयोजक अहिवारा विस रविशंकर सिंह, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, नपा अध्क्ष नटवर ताम्रकार, प्रेमलाल साहू, संजय सिंह, कीर्ति नायक मौजूद रहीं।

### ऑनलाइन झासे 6 लाख की ठगी

**भिलाईनगर।** जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी का इंजीनियर ऑनलाइन रुपए कमाने के लालच में फंसकर 6 लाख 80 हजार रुपए ऑनलाइन तरीका शिकार हो गया। रिपोर्ट पर से जामुल पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। अमित कुमार निवासी कैलाश नगर जे.के लक्ष्मी सिमेंट कंपनी अहिवारा में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। अमित कुमार को मोबाईल में मोबाईल धारक द्वारा माध्यम से प्रतिदिन 150-150 रूपये कमाने की मैसेज भेजकर प्रलोभन दिया। जिसके झांसे में आकर अमित कुमार ने दिये गये लिंक पर जाकर टेलीग्राम के माध्यम से टास्क को पूरा किया गया। जिस पर अमित कुमार को 150 का कैशबैक प्राप्त हुआ। अज्ञात मोबाईल धारक द्वारा अमित कुमार के बैंक के एकाउंट से जमा राशि में 16 अगस्त एवं 17 अगस्त को कुल रकम 6,80,000 रूपये का धोखाधड़ी किया गया है।

## महिला ब्राह्मण समाज का तीज मिलन



**भिलाईनगर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। शिव पार्वती विवाह के रोचक मंचन तथा छत्तीसगढ़, पंजाबी एवं फिल्मी गीत नृत्य की प्रस्तुति के साथ छत्तीसगढ़ सरयुपारणी महिला ब्राम्हण समाज ने अपना तीज मिलन समारोह मनाया। छत्तीसगढ़ महिला ब्राम्हण समाज का तीज मिलन कार्यक्रम धनोरा के एक निजी होटल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ ज्योत प्रज्वलित कर समााज की अध्यक्ष आरती दीवान के उद्बोधन के बाद कुमारी पलक दुबे द्वारा गणेश वंदन से किया गया। सोल्ह सिंगार में सजे समाज की महिलाओं में अर्चना चौबे, सरोज शर्मा, आरती दीवान, सरिता मिश्रा, रश्मि मिश्रा, रजनी दुबे, स्वीटी मिश्रा, अनिता चौबे, वर्षा शुक्ला, विनीता शर्मा, आकांक्षा शर्मा ने शिव पार्वती विवाह प्रसंग को बेहतर आकर्षक ढ़गं से प्रस्तुत किया तथा शिव ताण्डव एवं छत्तीसगढ़िया गीत सावन आगे र की नृत्य ने भी सब का मन मोह लिया। हंसता हुआ नुरानी चेहरा गीत पर शैल पाण्डेय, बबली त्रिपाठी, समूह नृत्य में मंजुषा शर्मा, सरला दुबे, नवीता शर्मा, सीमा, अपर्णा, शेफाली ने तथा पंजाबी नृत्य में रेणु तिवारी, राघवी तिवारी, नेहा तिवारी ने भी खुब ताली बटोरे। कार्यक्रम को वर्तमान घटनाक्रम से जोड़ते हुए चन्द्रयान-3 पर निलिमा तिवारी द्वारा तैयार प्रश्नोत्तरी बेहतर ज्ञानवर्धक रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने कमला तिवारी, वंदना शर्मा, सुनीता शर्मा, स्वाति तिवारी, सुनीता शर्मा, जयंति शर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में अखण्ड ब्राम्हण समाज रायपुर से भारती शर्मा, सरिता शर्मा, वीनू, प्रिति, दुर्ग ब्राम्हण समाज से अनिता पाण्डेय, अपर्णा, शीला चौबे, सीमा चौबे, तनु मिश्रा, आशा शुक्ला, सीमा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## प्रलेसं : लोकबाबू-परमेश्वर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बने



**भिलाईनगर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रलेसं भिलाई दुर्ग से साहित्यकारों लोकबाब, रवि श्रीवास्तव, परमेश्वर वैष्णव, विमल शंकर झा, मणिमय मुखर्जी, योगेंद्र शर्मा, गुलवीर सिंह भाटिया और शरद कोकास शामिल हुए। छग के पूर्व अध्यक्ष लोकबाबू, महासचिव परमेश्वर वैष्णव को प्रलेसं की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। पी लक्ष्मीनारायण राष्ट्रीय अध्यक्ष, विभूतिनारायण राय कार्यकारी अध्यक्ष, सुखदेव सिंह सिरसा महासचिव और राजेश्वर सक्सेना को संरक्षक मंडल सदस्य व छग प्रांतीय अध्यक्ष नथमल शर्मा को अध्यक्ष मंडल सदस्य बनाया गया है। वेदप्रकाश अग्रवाल, रफीक खान व उषा आठेल भी राष्ट्रीय सदस्य बनाए गए हैं। जबलपुर में हुए 18 वें सम्मेलन का उद्घाटन प्रसिद्ध चिंतक सईदा हमीद ने किया और विशिष्ट अतिथि क्यूबा के राजदूत अलेक्जेंद्रा और 92 वर्षीय कवि डां. मलय थे। अधिवेशन में देश व समाज को जागरुक करने वाले 6 वैचारिक सत्रों में वयोवृद्ध साहित्यकर डां. नरेश मेहता व राजेंद्र राजन सहित विभिन्न भाषाओं के लेखकों व विचारकों ने भागीदारी दी। सांस्कृतिक रैली व कार्टून तथा पोस्टर कविता प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। सम्मेलन में 23 राज्यों के 5 सौ से अधिक साहित्यकार व संस्कृतिकर्मियों ने भाग लिया। यह जानकारी प्रगति शील लेखक संघ के विमल शंकर झा ने दी है।

## व्याख्यान-काव्य पाठ का सम्मान समारोह आयोजित

**भिलाईनगर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। कला साहित्य और संस्कृति की संस्था बहुमत तथा सामाजिक संगठन श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन ने संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से भिलाई निवास में लोकसंस्कृति और हमारा जीवन विषयक व्याख्यान, कवियों के काव्य पाठ तथा कला के विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए स्त्री प्रतिभाओं के सम्मान किया गया। समारोह का शुभारंभ सेफी चेयरमैन नरेन्द्र बंछोर, संस्कृति कर्मी अशोक तिवारी एवं राहुल कुमार सिंह विनोद मिश्र, चतुर्भुज डा. अरुण कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। वक्तव्य विनोद मिश्र तथा स्वागत वक्तव्य अरुण श्रीवास्तव ने दिया। आयोजन के प्रथम सत्र में लोक संस्कृति और हमारा जीवन विषय पर व्याख्यान देते हुए पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक विषयों के गहन राहुल कुमार सिंह ने कहा कि लोक के बारे में मैं सोचने लगा तो लोक में संस्कृति और हमारा जीवन आने लगता है। लोक तो लोक होता है यह समझने की बात है। लोक शब्द दरसल दृष्टि से समेकित शब्द है। पुरुष और प्रकृति साक्ष्य दर्शन में कहा जाता है। लोक को परंपरा के प्रवाह के साथ याद आता है। ओनम पर्व का उदाहरण इस सभी तरह के लोक, जाति, पन्थ के लोग मानते हैं। अपने लोक से अपने लोग से मिलने का पर्व होता है। अ कोई चीज अभिलिखित हो जाती है तो वह लोक में दर्ज हो जाता है। सत्र का दूसरा व्याख्यान व्याख्याता अशोक तिवारी ने दिया। श्री तिवारी ने कहा कि भिलाई में हमने लोक संस्कृति पर एक बड़ा आयोजन किया था वर्ष 1995 मे उसमे भीड़ इतनी थी कि तब जाकर पता लगा कि लोक क्या होता है। दशहरा हर गांव में मनाया जाता है लेकिन हर गांव में थोड़ा अलग-अलग मनाया जाता है यही लोग संस्कृति है। लोक मिथक जल्द बना लेता तो। हमारी लोक अस्थाई ही लोक होती है लोक ग्रहणता ही लोक है। दूसरे सत्र में राज्य के प्रतिष्ठित कवियों नीरज मनजीत, देवेंद्र गोस्वामीए राजेश गनोदवाले, श्वेता उपाध्याय, एवं वसु गंधर्व ने अपनी चुनिंदा प्रतिनिधि कविताओं का पाठ किया। ये कविताएं समकालीन सामाजिक परिदृश्य, मनुष्य, जनजीवन, प्रेम, प्रकृति जैसे विषयों पर केंद्रित थी। आयोजन के तीसरे और अंतिम सत्र में कलाए संस्कृति और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए स्त्री प्रतिभाओं का सम्मान हुआ। इस सत्र में डा.सुनीता वर्मा, भावना पांडे एवं सीमा श्रीवास्तव के तीन सदस्यीय अध्यक्षीय मंडल ने स्त्री प्रतिभाओं को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। लोकगायन के क्षेत्र में श्रीमती रजनी रजक, रंगमंच के लिए श्रीमती अनिता उपाध्याय एवं श्रीमती सुचिता मुखर्जी, सिरामिक आर्ट के लिए श्रीमती विजया त्रिपाठी, पर्यावरण विज्ञान जागरण के लिए डा.अनिता सावंत, कमजोर वर्गों की चिकित्सकीय सेवा के लिए डा. अनिता चौहान का सम्मान किया गया।



प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत डा.अरुण कुमार श्रीवास्तव, डी.पी.देशमुख, जसवीर कौर एवं मुमताज ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.डी.एन.शर्मा एवं आभार प्रदर्शन जसवीर कौर ने किया। समारोह में रवि श्रीवास्तव, सोनाली चक्रवती, नासिर अहमद सिकंदर, प्रदीप भट्टाचार्य, अविनाश शर्मा, विष्णु पाठक, भावना पाण्डेय, राजेन्द्र सोनबोइर, प्रज्ञावतार साहू, विभाष उपाध्याय, निधि चंद्राकरए, मणिमय मुखर्जीए अनिता करडेकर ए बी पोलम्माए निर्मल शर्माए संजीव तिवारीए यश ओबेरॉयए शुचि भवीए डी पी देशमुखए जोए एंथोनीए संतोष झांझीए शाशी श्रीवास्तवए ए डॉक्टर अंजना श्रीवास्तवए डॉक्टर प्रभात श्रीवास्तव आदि अनेक प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## भारत मेरे साथ विषय पर चित्रकला स्पर्धा का आयोजन



**भिलाईनगर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। इसाफ स्माल फायनेन्स बैंक द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें महावीर जैन विद्यालय शिक्षक नगर के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कौशल को सामने लाने के लिए उत्सुकता से भाग लिया। राष्ट्रीय स्तर की इस पेंटिंग प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत मेरे साथ विषय पर पेंटिंग बनाने के लिए प्रेरित करना था। इस आयोजन में इसाफ़ बैंक द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इस प्रतियोगित में सभी वर्गों के चित्र, राष्ट्रीय स्तर पर चयन हेतु भेजे जाएंगे। इस प्रतियोगिता को दो कैटेगरी, जूनियर (कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थी) तथा सीनियर (कक्षा 6 से 10 तक के विद्याथी) में विभाजित किया गया था। कलरिफाई स्टोरीज़ विथ कलर्स 2023 सीज़न 2, 14 अगस्त से 15 सितम्बर 2023 तक संपन्न किया जाना है। स्कूल की ओर से प्राचार्या सुश्री प्रभा वर्मा, एच आर पारस जैन, प्रशांत जोशी, सुश्री प्रज्ञा जैन, सुश्री रश्मि श्रीवास्तव एवं इसाफ बैंक की ओर से ब्रांच मैनेजर सुश्री मोनिका देवांगन,असिस्टेन्ट मैनेजर सुश्री नूपुर ढोके एवं सौरभ पाटणकर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का योगदान रहा।

## आर्टकॉम के अभियान से आई जागरुकता : निशु



**भिलाईनगर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। समाज को जागरूक करने वाली संस्था संचालक निशु पाण्डेय ने बताया कि आर्टकॉम के अभियान हर आँगन एक पेड़ ने 5 वर्ष पहले मात्र 21 पौधों अपनी स्कुटी में लेकर आये थ। तब करमजीत सिंह, बलदेव सिंह, शारदा गुप्ता, नीलकमल सोनी, बॉबी देवोल, संतोष यादव, उज्वल तुसिब के सहयोग से हमने हर रविवार वृक्षारोपण करना शुरू किया कुछ ही सप्ताह में हमारे सहयोगियों की संख्या बड़ने लगी और आज संस्था के पचास से अधिक सक्रिय कार्य कर्ता है। साथ ही हमारे अभियान से प्रेरित होकर कई संस्थान वृक्षों के रोपण हेतु कार्य कर रही है। इसी कड़ी में आज वैशालीनगर विधानसभा के बाबा दीप सिंह नगर के परशुराम उद्यान में उपाध्याय ब्रदर्स अजय उपाध्याय, संजय उपाध्याय, राजू उपाध्याय के नेतृत्व में पौधों का रोपण किया गया इस समय बाबा दीप सिंह नगर के बुजुर्ग एवं युवा भीआर पी मिश्रा, मुरारी तिवारी, राकेश मिश्रा आर पी वासने, शुभम कदम, कान्हा पाठक जोरावर सिंह उपस्थित थे। अजय उपाध्याय ने कहा कि आज वैशालीनगर विधानसभा की स्थिति पहले से बेहतर है और आज का वैशालीनगर हरा भरा दिखने लगा है संस्था के मेहनती कार्य करता गुरनाम सिंह ने कहा कि इतने पौधों का रोपण करने के बाद भी उमस खत्म नहीं हो रही है जिसके कारण बच्चे बार बार बीमार हो रहे है। हर सदस्य के नाम पर एक पौधा परिवार जनों द्वारा लगाया जाना चाहिये जिससे हर आँगन एक पेड़ अभियान को तीव्रता मिलेगी। इस अवसर पर करमजीत सिंह, शारदा गुप्ता, डॉ रमेश श्रीवास्तव, संजय तिवारी, बंटी नाहर, मदन सेन, पारस जंघेल, गुरनाम सिंह, विजय गुप्ता, अमिताभ भट्टाचार्य , अरविंद पाण्डेय, श्रीनिवासन मिश्रा, लखविंदर सिंह, राकेश अग्रवाल, सुदेश, राजीव अग्रवाल, भास्कर तिवारी व संस्था संचालक निशु कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

## लगातार चौथी बार बने नरेन्द्र ओए के अध्यक्ष



**भिलाईनगर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष चुनाव में नागेन्द्र कुमार बंछोर ने लगातार चौथी बार अध्यक्ष पद विजयी प्राप्त की है। आज नामाकंन वापस लेने के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नरेन्द्र कुमार बंजारे अपना नाम वापस ले लिये जिसके कारण नरेन्द्र कुमार बंछोर निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। नारेन्द्र कुमार बंछोर लगातार चौथी बार आफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने का रिकार्ड कायम किया है। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चुनाव 8 सितंबर को होगा। आज सोमवार शाम तक नाम वापसी के बाद फाइनल लिस्ट चस्पा कर दी गई। अध्यक्ष पद पर नरेंद्र कुमार बंछोर व नरेंद्र कुमार बंजारे ने अपना अपना नामाकंन भरा है। वही महासचिव पद पर परविंदर सिंह के खिलाफ श्रीनिवास और कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्र के खिलाफ सत्य प्रकाश शर्मा ने नामांकन भरा है। नाम वापस लेता है या मैदान में डटे रहेंगे। इसका फैसला आज शाम तक हो जाएगा। दूसरी ओर ओए बीएसपी के वर्तमान सभी काउंसिल सदस्यों एवं पदाधिकारियों की एक सामान्य समारोह में सामूहिक फोटोग्राफी की गयी है।

## प्रतिभा को बढ़ाने पर साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन



**भिलाईनगर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज की एनसीसी इकाई द्वारा प्रभावी नेतृत्व प्रतिभा और कौशल को बढ़ाना विषय पर साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉ. जोशी वार्गीस एवं प्राचार्य डॉय एम.जी रोईमोन ने कार्यशाला मे उपस्थित सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रभारी प्राचार्य डॉ जेम्स मैथ्यू के नेतृत्व में एवं कैप्टन सुरेखा जवादे के मार्गदर्शन मे कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रथम दिवस रैंक वितरण एवं क्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानवता के लिए खतरा है पर कैडेटो के लिए प्रश्नोत्तरीष् प्रतियोगिता आयोजित की गई। तीसरे दिन श्रीमती उषा पटेल असिस्टेंट नर्सिंग सुपरीटेंडेंट, एस एस आई एम, जुनवानी द्वारा प्राथमिक चिकित्सा विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया कार्यशाला के चौथे दिन महिला सशक्तिकरण विषय पर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं पीपीटी प्रस्तुत किया गया। पांचवें दिन मनोविज्ञान विभाग की संकाय प्रमुख डॉ. देबजानी मुखर्जी द्वारा सकारात्मक दृष्टिकोण नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण तत्व विषय पर व्याख्यान सत्र लिया गया। कार्यशाला के छठे दिन राष्ट्रीय एकता पर सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रतियोगिता आयोजित की गइ, जिसमें कैडटो द्वारा गायन, नृत्य, कविता और अभिनय प्रस्तुत किए गए। साप्ताहिक कार्यशाला के अंतर्गत निर्णायकों में सहायक प्राध्यापक डॉ रिंसी अब्राहम, डॉ अपर्णा घोष, डॉ सुजाता कोहले, डॉ सुमिता सिंह, डॉ नीलम गांधी एवं समस्त कैडेट्स उपस्थित थे।

## सागर पब्लिक स्कूल बिलाईगढ़ में रक्षाबंधन प्रतियोगिता आज

**बिलाईगढ़** 28 अगस्त। सागर पब्लिक स्कूल बिलाईगढ़ में आज रक्षाबंधन के उपलक्ष में राखी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिससे छात्र-छात्राओं व कल स्कूल में रक्षाबंधन के उपलक्ष में राखी प्रतियोगिता रखा गया है।जिसमें कक्षा-1ली से 5 वीं तक के बच्चे केवल राखी बनाएंगे तथा 6 वीं से 12 वीं तक के बच्चे राखी बनाकर उसे फ्लैट या थाली में सजाना है।



# प्रदेश की आखिरी गांव चिल्फी में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल से आया बड़ा बदलाव : गुलाब डड़सेना

**कवर्धा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जंगलों के बीच में रहने वाले विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति और आदिवासी समाज सहित अन्य वर्गों के लिए मैकल पर्वतों के बीच अंग्रेजी में पढ़ाई करना एक सपना जैसा था, लेकिन इस सपने को छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने साकारा कर दिया है। कबीरधाम जिले में वनांचल सहित कस्बों में भी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का विस्तार हो रहा है। कबीरधाम जिले में इस योजना की नौ उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिन्दी विद्यालय संचालित हो रही है। इन स्कूलों में 5463 बच्चे अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा ले रहे। इससे एक मजबूत छत्तीसगढ़ तैयार हो रहा है। इस योजना ने रोजगार के नए द्वार भी खोले है। इस योजना से कबीरधाम जिले में शिक्षकीय कार्य सहित गैर शिक्षकीय कार्य में लगे 392 युवाओं को रोजगार के ठोस अवसर भी मिले है।

छत्तीसगढ़ की अंतिम सीमा पर मैकल पर्वत की पहाड़ियों उपर बसा है कबीरधाम जिले का एक छोटा सा गांव चिल्फी। चिल्फी को छोटा शिमला का कहा जाता है। यह चिल्फी गांव छत्तीसगढ़ का प्रवेश द्वार भी है। यही से लगभग दस किलोमीटर दूर धवाईपानी से छत्तीसगढ़ की सीमा रेखा है, जहां से छत्तीसगढ़ की शरहद शुरू होती है। मैकल पर्वत श्रृखलाओं के बीच देश की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा और आदिवासी समाज सदियों से निवासरत है। छत्तीसगढ़ सरकार की स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रदेश के आखिरी छोर तक पहुंच गई है। जंगलों के बीच रहने वाले आदिवासी-बैगा बच्चें भी अब इस योजना का लाभ लेकर फर्राटेदार अंग्रेजी में पढ़ाई कर रहे हैं। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय योजना से प्रदेश के अंतिम छोर इस चिल्फी गांव में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य स्थापना दिवस के दिन एक नवंबर 2020 को छत्तीसगढ़ की आने वाली अनेकों पीढियों को सुखद भविष्य के रूप में गढ़ने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना के तहत स्कूल खोलने की नीव रखीं। पहले जिला और विकासखण्ड मुख्यालयों में इस योजना के तहत उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए। इस योजना की एतिहासिक सफलता के बाद प्रदेश के कस्बों में भी खुलने की मुहिम मुख्यमंत्री श्री बघेल ने की। पहले शहरों और कस्बों में अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शासकीय तौर पर नहीं थी। इसलिए गांव-कस्बों की प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिल पाता था, लेकिन आज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उत्कृष्ट स्कूल खुलने से गांव-कस्बों के बच्चों के सपनों को उड़ान मिल रही हैं। छत्तीसगढ़ सरकार



की स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय योजना को ऐतिहासिक सफलता मिल रही है। इस योजना की वजह से छत्तीसगढ़ की आखिरी गांव चिल्फी में भी शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति और आदिवासी बच्चें भी अब फर्राटेदार अंग्रेजी में बात करते मिल जाएंगे।

जंगलों के बीच में रहने वाले विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति और आदिवासी समाज सहित अन्य वर्गों के लिए मैकल पर्वतों के बीच अंग्रेजी में पढ़ाई करना एक सपना जैसा था, लेकिन इस सपने को छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने साकारा कर दिया है। कबीरधाम जिले में वनांचल सहित कस्बों में भी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का विस्तार हो रहा है। शुरूआती कबीरधाम जिले में चार विद्यालय खोले गए थे। जिसमें जिल मुख्यालय कवर्धा, बोडला, पंडरिया, और सहसपुर लोहारा शामिल है। इस योजना की ऐतिहासिक सफलता मिलने के बाद इस योजना का विस्तारीकरण किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के प्रयासों से कबीरधाम जिले के वनांचल ग्राम चिल्फी, ग्राम पोडी और पिपरिया नगर पंचायत और कवर्धा शहर में हिन्दी सहित अंग्रेजी माध्यम के दो स्कूल संचालित हो रहे है। इस प्रकार कबीरधाम जिले में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के कुल नौ स्कूल संचालित हो रहे है। संचालित स्कूलो में 5463 बच्चों को नि:शुल्क अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा मिल रही है। इस योजना ने रोजगार के नए द्वार भी खोले है। इस योजना से कबीरधाम जिले में शिक्षकीय कार्य सहित गैर शिक्षकीय कार्य में लगे 392 युवाओं को रोजगार के ठोस अवसर भी मिले है।

**गरीब और प्रतिभावान बच्चे हो रहे लाभांवित**

छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल बन रहा है। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई अंग्रेजी स्कूलों की श्रृंखला से जिला मुख्यालयों और विकासखंड स्तर पर बड़ी संख्या में गरीब और कमजोर वर्ग के प्रतिभावान बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। बहुत ही कम समय में इन स्कूलों में लोकप्रियता हासिल कर ली है। राज्य सरकार द्वारा अंग्रेजी माध्यम के साथ-साथ हिन्दी माध्यम के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए जा रहे हैं। इन स्कूलों में विश्व स्तरीय सुविधाएं मौजूद हैं।

**महंगी फीस से गरीब एवं कमजोर परिवार को मिली राहत**

स्वामी आत्मानंद स्कूलों की लोकप्रियता का अंदाजा मुख्यमंत्री के भेंट-मुलाकात कार्यक्रमों के दौरान इन स्कूलों की मांग और इन स्कूलों में पढ़ने वाले फर्राटेदार अंग्रेजी से लगाया जा सकता है। इन स्कूलों के प्रारंभ होने से गरीब और कमजोर तबके के प्रतिभावान बच्चों के पालकों को निजी स्कूलों की महंगी फीस से काफी राहत मिली है। इन स्कूलों में नाममात्र की फीस पर अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा के साथ-साथ विश्व स्तरीय सुविधाएं एवं बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल रहा है।

## धारासीव संकुल में होगा गणित व विज्ञान प्रश्न मंच

**बिलाईगढ़**, 28 अगस्त (देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के संकुल केंद्र धारासीव में गणित एवं विज्ञान प्रश्न मंच का आयोजन किया जाएगा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में पदस्थ शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन द्वारा संकुल बैठक में संकुल स्तरीय गणित व विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता कराने का सुझाव दिया गया था जिस पर अमल करते हुए संकुल समन्वयक मनोज कश्यप द्वारा गतदिवस संकुल अंतर्गत मिडिल स्कूलों के गणित व विज्ञान पढ़ने वाले शिक्षकों की एक आवश्यक बैठक रखी गई ।उक्त बैठक में गणित व विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता कराने एवं प्रश्न के प्रारूप, उत्तर देने के तरीका आदि पर शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। संकुल स्तरीय गणित व विज्ञान प्रश्न मंच अक्टूबर के पहले सप्ताह आयोजित किया जाएगा।

## निधन

### प्रकाशचंद सोनी

**रायपुर**, 28 अगस्त। गुढ़ियारी



निवासी प्रकाशचंद सोनी पौत्र स्व. जयदेव सोनी (कड़ेल) पुत्र स्व. मोहनलाल सोनी (कड़ेल) का 28 अगस्त सोमवार को स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 29 अगस्त दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे निवास जे-383, जनता कालोनी, कमेटी हाल, गुढ़ियारी, रायपुर से कोटा शमशान घाट में होगा।

### डॉ. मंगेश कुमार उपरीत

**रायपुर,** 28 अगस्त। डॉ. सुधीर उपरीत के पिता डॉ. मंगेश कुमार उपरीत का निधन 28 अगस्त को हो गया। उनकी शवयात्रा 29 अगस्त मंगलवार को निवास स्थान अवंति विहार से सुबह 10.30 बजे न्यू राजेन्द्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।



## डॉ. बाबा साहब आंबेडकर के वंशज राजरत्न आंबेडकर से नलिनी ने की सौजन्य भेंट



**डोंगरगढ़**, 28 अगस्त। डा.बाबा साहब आंबेडकर जी की चौथी पीढ़ी में राजरत्न आंबेडकर जी से राजनांदगांव के गौरव पथ स्थित पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ स्तरीय इस भव्य आयोजित कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव नलिनी मेश्राम ने सौजन्य भेंट की ज्ञात रहे कि राजरत्न डा. बाबा साहब आंबेडकर के प्रपोत्र है जिन्होंने अपनी आंबेडकरी विचारधारा से लोकप्रियता हासिल की राजरत्न आंबेडकर दी बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष है उन्होंने 2015 में बुद्ध धम्म की दीक्षा आर्य नागार्जुन सुरई ससाई जी से ली बाबा साहब के प्रपोत्र को अपने बीच पाकर सामाजिक लोग गदगद हो गए और उनके संबोधन को बड़े गौर से एवम शांति से सुना ।

## बीएलओ डोर-टू-डोर जाकर मतदाताओं का सर्वे करें, कोई भी छूट न पाएं : कलेक्टर

**खैरागढ़,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। केसीजी जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने और कार्य मे गतिशीलता लाने के उद्देश्य से जिले के समस्त बीएलओ की दो पालियों में प्रशिक्षण सह बैठक ली। बैठक में विशेष दिशा निर्देश दिया गया कि किसी भी स्थिति में नागरिकों के नाम मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में छूट न पाये।



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के समस्त बीएलओ को बैठक में निर्देशित किया कि बीएलओ डोर-टू-डोर जाकर मतदाता का सर्वे करें, कोई भी नागरिक छूट न पाएं। जो नागरिक किसी कारणवश बूथ जाकर अपना आवेदन नहीं कर सकते हैं। तो उन्हें ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप एवं वोटर सर्विस पोर्टल की सुविधा प्रदान की गई है। बीएलओ द्वारा फॉर्म भरने के लिए मतदान केन्द्रों में बीएलओ एप का प्रयोग किया जा रहा है। जिले में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। इसका 2 अगस्त को प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही इसके विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का काम प्रारंभ हो गया है। एक अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण होने वालों युवाओं का सर्वे कर नाम जोड़ने के लिए दिए निर्देश दिए।

**4 अक्टूबर को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन**

इस दौरान उप-जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर कलेक्टर डी.एस. राजपूत, प्रकाश राजपूत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रेणुका रात्रे, तहसीलदार मोक्षदा देवांगन, डॉ. मक़सूद, लखन यादव सहित सभी बूथ के बीएलओ उपस्थित थे।

## ठगों का नया पैतरा, सस्ते दाम पर छड़ दिलाने पहुंच जाते है घर फिर पैसे लेकर हो जाते हैं फरार

**गुण्डरदेही**, 28 अगस्त। ग्रामीण क्षेत्र मे चल रहे मकान निर्माण कार्य मे ठग अब लोगो के घर तक पहुंचकर सस्ते दाम पर छड़ दिलवादूंगा कहकर हजारो रुपए की ठगी कर ले जा रहे है ऐसे ही एक ठग का मामला रविवार को रनचिरई थाना क्षेत्र के ग्राम अचौद मे आया है यहां रहने वाले किसान टेकराम साहू ने बताया कि उनका घर आवास योजना मे बन रहे अधूरे मकान को देखकर उनके घर मे ठग आया और उनको सस्ते दाम पर छड़ दिलवादूंगा कहकर झांसे मे ले लिया ग्रामीण टेकराम साहू को ठग ने छड़ की गाड़ी के पास चलो कहकर अपनी बाइक मे बैठाकर ले गया और पास के गांव फुण्डा मे ले जाकर छोड़ दिया उसके बाद ठग ने तुरंत टेकराम साहू के घर आकर उनके परिवार वालों से 16 हजार रुपए नगदी मांग कर फरार हो गया हालांकि पीड़ित व्यक्ति द्वारा थाने मे लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई है ऐसे ही घटना कुछ दिन पहले बोरगहन कलंगपुर व सकरौद मे हुआ है जहां सस्ते दाम पर छड़ दिलवा दूंगा कहकर ठग ने हजारो रुपए लूटकर ले जा चुका हैं ठग पहले तो लोगो को झांसे मे लेता है और अपना निवास स्थान आसपास गांव का बताता है ठग दिखने मे सांवला रंग का है ऊंचाई लगभग पांच फीट का है एवं बिना नंबर के बाइक मे चलता है इधर रनचिरई थाना प्रभारी यामन कुमार देवांगन ने बताया कि इस प्रकार की घटना की शिकायत मिली है जिसमे अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है मामले की जांच चल रही है बहुत जल्द आरोपी पकड़ा जाएगा उन्होंने ग्रामीणो से कहा कि ऐसे ठगो से सावधान रहे नाही उनके झांसे मे आए।

## बदमाशों को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने दी समझाइस : थाना प्रभारी सिंह



**दल्लीराजहरा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पुलिस अधीक्षक कर्ण कुमार उके के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने थाना क्षेत्र के गुंडा व निगरानीशुदा बदमाशों को तलब कर किसी तरह की आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की समझाइश दी। साथ ही निगरानीशुदा बदमाशों को शहर में शांति बनाए रखने समझाइश देते हुए कहा कि अपने आप में सुधार कर लो और एक अच्छे इंसान की तरह सामान्य जीवन यापन करो थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने यह भी कहा की अवैध कार्यों के गतिविधियों में लिप्त पाये जाने व शहर में अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही किया जायेगा। वहीं पुलिस शहर में पेट्रोलिंग कर चौक-चौराहों पर खड़े लोगों को समझाइश दे रही है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दे रही है साथ यातायात नियमों का पालन करने की लोगों को समझाइस दिया जा रहा है। याता यात नियमों का पालन नही करने वाले चालकों पर भी कार्यवाही किया जा रहा है।

## अवैध रूप से शराब विक्रय करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई



**डोंगरगढ़,** 28 अगस्त। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन में डोंगरगढ क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आपराधिक तत्वो के विरूध्द लगातार कार्यवाही किया जा रहा है ।इसी कडी में अवैध शराब विक्रय पर डोगरगढ़ पुलिस को कार्यवाही करने में सफलता मिली है। 27/08/2023 को डोगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला की ग्राम डूडेरा में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब विक्रय हेतु छीपाकर रखा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल मुखबीर के बताये स्थान पर आरोपी के घर से 600 पौवा (कुल 12पेटी) गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब जुमला मात्रा 108.000 बल्क लीटर शराब कीमती 72000 (बहत्तर हजार रू) का जप्त किया गया। जिस संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी हैदरअली पिता स्व.कमर अली उम्र 45 साल निवासी कश्मीरीपारा डोंगरगढ द्वारा वैधानिक प्रत्युत्तर प्रस्तुत नही किया गया। आरोपी का उक्त कृत्य आबकारी एक्ट की परिधि में आने पर आरोपी के विरूध्द थाना डोंगरगढ में अपराध क्रमांक 528/23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द किया गया मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया जंहा से जेल वारंट प्राप्त कर जेल भेजा गया।

## नवाज ने गांव की प्रथम इष्ट देवी मां शीतला मंदिर निर्माण की नींव रखी

**डोंगरगढ़,** 28 अगस्त। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज़ खान द्वारा ब्लॉक के ग्राम मानिकपुर में ग्रामीणों की लंबी मांग को पूरा करते हुए गांव की प्रथम ईस्ट देवी मां शीतला की भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की नींव रखी तथा ग्राम वासियों को मां शीतला की नवीन मंदिर निर्माण के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया साथ ही छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री के द्वारा हर क्षेत्र में विकास की गंगा बहाकर निरंतर विकास की नया आयाम गढ़ने एवं किसानों कि आय को दुगनी कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का काम जो किया है उसके लिए मान. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया साथ ही ग्राम के प्राथमिक शाला के बच्चों को शुद्ध पेयजल प्रदान करने हेतु ब्लू स्टार वाटर कूलर मशीन साला परिवार को भेंट किया गया भूमि पूजन कार्यक्रम में साथ में क्षेत्र के जुझारू जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रभा साहू डोंगरगढ़ जनपद के



उपाध्यक्ष भाई नरेंद्र वर्मा क्षेत्रीय जनपद सदस्य महेशसेन ,युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष भाई बलेश्वर नेताम , सरपंच मीना नेमीचंद साहू धनडोंगरी ,उप सरपंच महेश बागमरे पूर्व सरपंच भागचंद कंवर, नारायण साहू ,गेंदलाल साहू हेमलाल साहू अश्वनी पटेल, रूपलाल लाउटरे ,हेमदास वैष्णव जीवन कंवर रेखराम कंवर , पंच बालकिशन ,गोपेश कुमार कंवर पंच ,रूपराम, विष्णु सिन्हा ,चंचल साहू , तीजो बाई कंवर, हेम बाई कंवर सरस्वती कंवर ,शिक्षक चंद्रभान वर्मा ,एवं बड़ी संख्या में समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

## प्रादेशिकी का शेष...

### अंतिम सोमवार कांवड़ियों ने किया ...

भोलेनाथ की प्रार्थना करते हुए रुद्राभिषेक प्रारंभ है, आने वाले 31 अगस्त पूर्णिमा को पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन हवन करके श्रावण मास की विदाई की जाएगी मंदिर आचार्य सुरेश पांडे।

### कांग्रेस सरकार से ...

,मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल,यशवंत वर्मा,महामंत्री गौकरण साहू,डोमेंद्र राजपूत,पोषण वर्मा ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,वरिष्ठ नेता प्रीतम चन्देल,संजीव तिवारी,विनोद दुबे,हर्ष तिवारी,रीना साहू,ममता देवांगन सुनीता यादव शक्तिकेन्द्र के प्रभारी संयोजक,सहसंयोजक बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे ।भाजपा प्रवेश विशाल देशलहरे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बेरला,हीरालाल सोनी,रवि तुरकाने,डोमन वर्मा रामचरण वर्मा,ढेलु राम यादव,फेकू साहू,ठलेशर साहू,रामायण धुर्वे,उमेन्द्र पूरी गोस्वामी,तिरिथ राम ठण्डन,नीता साहू,कौशल्या साहू,रेखा कुर्रे,पूजा शर्मा,अनिता टावरी,किरण देवांगन,उत्तरा साहू,कुमारी विश्वकर्मा,चितरेखा साहू,रश्मि पाल,रजवंतीन गोयल,इन्दौरीतिन गोयल ,उदय साहू उपसरपंच सहित बिरौदा से 10 अन्य लोगो ने किया वही केशडबरी से योगेंद्र निषाद टिकेश्वर यादव के अलावा12 अन्य लोगो ने भाजपा प्रवेश किया इन सभी को विधायक निशा सिंह ने भाजपा गमछा पहनाकर पार्टी स्वागत अभिनंदन किया ।बैठक की प्रारंभ सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री की मन की बात से हुआ जहाँ सभी कार्यकर्ताओं ने श्रवण किया इनके बाद सभी कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव संबंधित चर्चा किया व सुझाव मांगा गया बैठक को संबोधित करते हुए निशा सिंह ने कहा हम लगातार विधानसभा के हर मण्डल कई ग्राम में जा रहे है के कार्यकताओ में उत्साह है वही जनता कांग्रेस से त्रस्त हो चुकी जमीनी स्तर में कोई काम नही है सबने आगामी चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाने को तैयार बैठे है ।बस हम सब प्रत्येक कार्यकर्ताओं यह चुनाव युद्ध के रूप में लड़ना है कांग्रेस ने एक भी वादा पूरा नही किया है हमे इस बात को घर घर तक ले जाना है बताना है भाजपा की सरकार बनेगी तो 16 लाख आवास जो केंद्र से स्वीकृत है उसमें हस्ताक्षर करके ही मुख्यमंत्री अपने आवास में जायेगा ।आयुष्मान कार्ड लागू हर जगह करेंगे धान खरीदी के मामले में हम कांग्रेस से 20 ही रहेंगे साथ ही साथ केंद्र की योजनाओं के लाभार्थी से संपर्क कर बताइए यह कार्य भाजपा ने किया कोरोना काल मे भारतवासी के साथ खड़ा रहा वह भाजपा सरकार कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज प्रत्येक लोगो को लगाने कार्य किया केंद्र सरकार ने हमे कमर कस लेना है अंतिम में इतना ही कहूंगी की यह आप लोगो के उत्साह ही बता रहा है कि कांग्रेस की विदाई तो अब तय है ।वही विधायक निशा सिंह सहित विधानसभा के प्रमुख नेता गण जनपद सदस्य केशर सोरी के यहाँ भोजन ग्रहण किया अंतिम में संपर्क से समर्थन अभियान के तहत सामाजिक ,राजनीतिक,धार्मिक वरिष्ठ कार्यकर्ता से मिलकर मोदी सरकार की नीतियों को बताकर उनके कार्य बताकर समर्थन मांगा जिसमे ग्राम में भुनेश्वर देवांगन, मुकेश देवांगन,हेमलाल देवांगन,अशोक देवांगन विष्णु देवांगन सहित अन्य लोगो के घर जाकर भेंट किया गया। इस अवसर पर विधानसभा ,मण्डल,शक्तिकेन्द्र के समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी जनप्रतिनिधिगण वरिष्ठ नेता सही सक्रिय कार्यकर्ता व मातृ शक्ति उपस्थित थे।

# जिला बदर अपराधी मो. मेराज नगर में घुम रहा खुलेआम

**दल्लीराजहरा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। अपराधों मे लिप्त रहने वाला अपराधी मोहम्मद मेराज पिता अब्दुल रहिम 25 वर्ष वार्ड क्र015 ड्रीलिंग कैंप थाना दल्लीराजहरा निवासी जिलाबदर होने के बाद भी खुलेआम नगर में घुम रहा है। ज्ञात हो की मो. मेराज के खिलाफ दल्लीराजहरा में कई अपराधिक मामलों में लिप्त होने को लेकर थाना राजहरा में इसके विरूद्ध दर्जनों से भी ज्यादा अपराध पंजिबद्ध होने पर प्रशासन के व्दारा इस अपराधी पर जिलाबदर की कार्यवाही की गई थी।

इसके बाबजूद यह व्यक्ति खुलेआम नगर में घुम कर नगर व जिले में अराजकता फैलाने का कार्य बेखूबी करता है। पुलिस व्दारा एक माह पूर्व भी इस जिलाबदर व्यक्ति मो. मेराज को इसके अपराधी भाई के साथ गिरफ्तार कर थाने लाया गया था,उसके बाबजूद इस जिलाबदर व्यक्ति के उपर पुलिस कार्यवाही करने के बजाया थाने से छोड़ दिया गया। वार्ड वासियों व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बताया की मंत्री व मंत्री के पति पर सोशल मिडिया में आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित कर गाली ग्लौज करना पत्रकारो मंत्री पति कांग्रेस भाजपा के प्रतिनिधियों को खुलेआम जान से मारने की धमकी देना गाली गुप्तार करना राजनीतिक दलो के खिलाफ प्रशासन के अधिकारियों विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के विरूद्ध अश्लील अशोभनीय व आपत्तिजनक टीप प्रसारित करना के साथ अपहरण मामले संलिप्त रहने वाला जिलाबदर व्यक्ति मो. मेराज निरंतर राजहरा व आस पास के क्षेत्र में खुले आम घुम कर शांति व्यवस्था को बाधित करने का प्रयास लगातार किया गया जा रहा है ।ऐसा नही की स्थानीय पुलिस विभाग के इस अपराधी की शहर में होने की जानकारी नही है। इस अपराधी को पुलिस गिरफ्तार कर भी छोड़ देती है जो समझ से परे है। सूत्रों से मिली जानकारीनुसार यह जिलाबदर अपराधी मो.मेराज अपने उपर हुए जिलाबदर कार्यवाही को खारिज करवाने पुलिस कमिश्नर व मंत्रालय में इसके उपर हुए जिलाबदर की कार्यवाही को खारिज करने की अर्जी लगाई है। नगर व वार्ड वासियों के साथ विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है जिलाबदर मो. मेराज के उपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे व दल्ली राजहरा थाना प्रभारी को इस जिलाबदर अपराधी को गिरफ्तार करने का निर्देश दे ।उन्होने यह भी कहा की अभी प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी चल रही है,ऐसे में जिलाबदर अपराधी का खुलेआम घुमना नगर व जिले में शांति व्यवस्था बाधित होने का अंदेशा बना हुआ है। ज्ञात हो की अपराधी मो.मेराज के व्दारा शहर व क्षेत्र का माहौल खराब करने को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र कुमार यादव ने राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रतिवेदन जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिस पर 22 मई 2023 से 21 मई 2024 तक एक वर्ष के लिए कलेक्टर महोदय के व्दारा अपराधों में लिप्त रहने वाले मों. मेराज को जिला बालोद दुर्ग धमतरी राजनांदगाव कांकेर जिले के समीपवर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर निकल जाने का आदेश दिया गया है। जिस दिन से मो. मेराज पर जिलाबदर की कार्यवाही प्रशासन व्दारा की गई है मो. मेराज शहर में अपने घर के आस पास देखा गया है,स्थानीय थाने में पत्रकारो पार्षदों सहित वार्ड15 के बुद्धिजीवि नगरीको व्दारा जानकारी देने के बाद भी इस अपराधी पर पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नही होना संदेह को जन्म देता है।



*जिलाबदर अपराधी शहर में घुमता पाया जाता है,तत्काल कार्यवाही होगी इस मामले में थाना प्रभारी को भी दिया गया निर्देश*

**डॉ जितेंद्र यादव**
पुलिस अधीक्षक जिला बालोद

# आम जनता बदलाव के मूड में, भाजपा की सरकार बनना तय: निशा सिंह

**बेमेतरा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ महिला मोर्चा के छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं बिहार के प्राणपुर विधानसभा क्षेत्र के महिला विधायक निशा सिंह ने बेमेतरा जिला प्रवास के दरम्यान बेमेतरा जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि जनता बदलाव के मूड में है और इस बार भाजपा की सरकार बनना तय है बीजेपी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक निशा सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि शराब बंदी को लेकर भूपेश सरकार की नियत ठीक नही है। कांग्रेस के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल झूठी घोषणाओं करके आम जनों को बरगलाने में लगे हैं। उन्होंने कहा शराब बंदी की कांग्रेस ने घोषणा की थी लेकिन अब मुद्दे से भटक गए हैं। उन्होंने राज्य सरकार के संविदा कर्मचारियों के संबंध में कहा कि बीजेपी की सरकार आएगी तो कर्मचारियों के लिए हित में काम करेगी उन्हें बताया कि कर्मचारियों के लिए बीजेपी के घोषणा पत्र में मांग को शामिल करने वाली है। एक हफ्ते तक बेमेतरा विधानसभा में प्रवास पर रहे विधायक निशा सिंह ने गांवो में गौठान के संबंध में कहा कि सरकार समितियां बनाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अध्यक्ष बनाकर कार्यकर्ताओं के लिए निजी आय का जरिया बन चुकी है। इसी तरह सहकारी समितियो में कांग्रेस के कार्यकर्ता अध्यक्ष बने हुए हैं। गौठान है पर सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण सड़कों पर गाय भटक रही है आए दिन सड़क दुर्घटना के कारण आम आदमी चोटिल हो रहे हैं। और सरकार इस ओर ध्यान ही नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के सभी 90 सीटों पर बीजेपी का लक्ष्य है और बहुमत से राज्य में सरकार बनाएगी। महंगाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि समय के हिसाब से महंगाई जरूर बढ़ गई है परिवार के बढ़ने से महंगाई बढ़ जाती है। धान खरीदी के मामले पर कहा कि बोनस की राशि सरकार कहां से लाकर दे रही है। यह किसान भी जानते हैं। प्रधानमंत्री आवास के संबंध में कहा कि केंद्र की योजनाओं को राज्य सरकार ने बंद कर दिया है इससे आम आदमी परेशान है। जनता बदलाव के मूड में है राज्य में भाजपा की सरकार आएगी उन्होंने बेमेतरा विधानसभा में भाजपा के कार्यकर्ताओं के विपक्ष की भूमिका का सराहना करते हुए कहा कि समय-समय पर राज्य सरकार के द्वारा आम जनों के विरोध में किया गए कार्यों का बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने जमकर विरोध किया इससे आम जनों का भरपूर जन समर्थन भी भारतीय जनता पार्टी को मिला है। एक हफ्ते के दौरे में बेमेतरा विधानसभा आए प्रवासी विधायक निशा सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं में कोई मतभेद नहीं है। और ना ही कोई गुटबाजी है सब एकजुट होकर पार्टी जिसको प्रत्याशी घोषित करेगी सभी लोग मन लगाकर काम करेंगे पत्रकार वार्ता में पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विजय सिन्हा, जिला भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष ललिता साहू, निशा चौबे, राजा पांडे एवम मोंटी साहू रोहित साहु आदि अनेक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



■ भाजपा स्थानीय मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी

# जगन्नाथपुर निवासी दानीराम देशमुख के घर खिला ब्रम्ह कमल

**बालोद,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जगन्नाथपुर के दानीराम देशमुख के घर में खिले ब्रह्म कमल। जो बीती रात को 10 से 11 बजे के बीच खिला। खिलते हुए ब्रह्म कमल को घर वालों ने दर्शन किया और खुद को सौभाग्यशाली माना। यह एक दुर्लभ फूल है जो साल में एक बार खिलता है। इसके खिलने का समय अगस्त से सितंबर या अधिकतम अक्टूबर के बीच होता है। इस फूल को खिलते देखना भी भाग्यशाली माना जाता है। वही इस फूल को लेकर कई तरह की मान्यताएं भी है। यह बेहद सुंदर होता है और इसे दिव्य फूल भी कहते हैं। इस फूल का वैज्ञानिक नाम सोसेरिया ओबोवेलाटा है। ब्रह्मकमल एस्टेरेसी कुल का पौधा है। डहलिया, गेंदा, गोभी, सूर्यमुखी, कुसुम और भृंगराज भी इसी कुल के अन्य मुख्य पौधे हैं। इस फूल को कई नामों से जाना जाता है जैसे हिमाचल में दूधाफूल, उत्तर.पश्चिमी भारत में बरगनडटोगेस और कश्मीर में गलगल। उत्तराखंड में इसे राज्य पुष्प भी कहते हैं। सुंदर होने के साथ.साथ यह फूल कई तरह की कठिन बीमारियों का इलाज करने के काम भी आता है। ब्रह्म कमल इसलिए खास है क्योंकि यह साल की एक रात को सिर्फरात में खिलता है। ब्रह्म कमल को पूरी तरह से खिलने में दो घंटे लग जाते हैं। इसमें यह 8 इंच तक खिल जाता है। यह सिर्फ कुछ घंटे तक ही खिला रहता है। इसे सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। ब्रह्म कमल फूल अगस्त के महीने में खिलता है। सितम्बर, अक्टूबर में इसमें फल बनने लगते हैं। इसका जीवन 5 या 6 महीने का होता है। ब्रह्म कमल मां नंदा का प्रिय पुष्प हैं इसलिए इसे नंदा अष्टमी में तोड़ा जाता है। ब्रह्मकमल साल में एक बार खिलता है जोकि सिर्फ रात के समय खिलता है। ब्रह्मकमल के कई औषधीय उपयोग भी हैं। जले कटे में, सर्दी.जुकाम, हड्डी के दर्द आदि में इसका उपयोग किया जाता है। इसे सुखाकर कैंसर रोग की दवा के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इससे निकलने वाले पानी को पीने से थकान मिट जाती है। पुरानी खांसी भी काबू हो जाती है। सीमा क्षेत्र में रहते वाले ग्रामीण गांव में रोग.व्याधि न हो इसके लिए पुष्प को घर के दरवाजों पर टांग देते हैं। बता दें कि तिब्बत में ब्रह्म कमल को दवाओं और आयुर्वेद से जुड़ी चीजें बनाने काम में लाया जाता है। इस फूल का बड़ा धार्मिक महत्व भी है। इस फूल को पवित्रता और शुभता का प्रतीक माना जाता है। ब्रह्मकमल का अर्थ ही है ब्रह्मा का कमल कहते हैं कि केवल भग्यशाली लोग ही इस फूल को खिलते हुए देख पाते हैं और जो ऐसा देख लेता है उसे सुख और संपत्ति मिलती है। यह फूल केदारनाथ और बद्रीनाथ के मंदिरों की मूर्तियों पर भी चढ़ाए जाते हैं। प्राचीन मान्यता के अनुसार ब्रह्म कमल को इसका नाम ब्रह्मदेव के नाम पर मिला है।



# जीवन के अंतिम क्षण तक क्षेत्र की बहनों की सेवा करता रहूंगा: योगेश तिवारी

**बेमेतरा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)।विधानसभा क्षेत्र की हजारों महिलाओं ने ग्राम नेवनारा में चंडी माता मंदिर पहुंचकर किसान नेता योगेश तिवारी को रक्षासूत्र बांधकर सुख-दुख में हमेशा साथ रहने संकल्प लिया। इस समारोह में विधानसभा क्षेत्र की करीब 10 हजार महिलाएं शामिल हुई। किसान नेता ने समारोह में आई सभी बहनों को रक्षा सूत्र बांधने के बाद उपहार भेंट किया। इस दौरान किसान नेता ने समारोह में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षाबंधन का यह पर्व भाई एवं बहन के लिए महत्वपूर्ण होता है। बहनों के द्वारा भाई के कलाई पर रक्षाबंधन बांधकर अपनी रक्षा की जिम्मेदारी अपने भाई को सौपते हुए जीवन भर रक्षा का वचन लेती है। यहां उपस्थित बहनों को यह वचन देता हूं कि एक भाई के रुप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा, इसके लिए आप सब आशीर्वाद दें। सभी बहनों को वचन देता हूं एक भाई के रूप में जो मेरा कर्तव्य है उसे पूरा करूंगा। बेमेतरा क्षेत्र के विकास में भी बहनों का भागीदारी रहे इसे सुनिश्चित करने के लिए आप लोगों के कंधे से कंधा मिलाकर जीवन भर चलने का वचन देता हूं।

**रक्षाबंधन पर्व मनाने आई बहने मेरे परिवार का हिस्सा**- इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि कुलदेवी चंडी माता मंदिर ग्राम नेवनारा में रक्षाबंधन का पर्व मनाने विधानसभा क्षेत्र की हजारों बहने इकट्ठा हुई हैं। बीते 8 साल से इन बहनों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाते आ रहा हूं। हर बार क्षेत्र की हजारों बहनों का आशीर्वाद मिलता है। सौभाग्यशाली हूं कि मैंने नेवनारा की पुण्य धरा में जन्म लिया है। जीवन के अंतिम सांस तक बेमेतरा के लोगों की सेवा करूंगा। रक्षाबंधन का पर्व मनाने आई बहने मेरे परिवार का हिस्सा है।



**आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समेत हजारों लोगों में शामिल**- कार्यक्रम में राखी कुर्रे, दरबारी साहू, सनत लहरे, कामता सिन्हा, लोकेश्वरी साहु, नंदकुमारी साहू, रेखा साहू, शिवबाई साहू, कौशिल्या साहू, कुमारी साहू त्रिवेणी साहू, किरण साहू, तीजन साहू, कुमार सिन्हा, अजय मिश्रा, पीयूष शर्मा, मनोज पटेल, सरोज पाल, जनार्दन साहू, डा मारकंडेय, राजू साहू, रतिराम साहू, दुर्जन, राजु साहू, नंदकुमार, यशवंत टंडन, केशलाल साहू, बल्लु साहू, चुम्मन यादव, जगन्नाथ साहू, प्रेमलाल साहू, तीरथ साहू, राधेलाल यादव, मनोज सिन्हा, टोपेंद सोनवानी, जीवन गायकवाड़, संजु बारले, लखन चक्रधारी, कौशिल्या निषाद, गायत्री यादव, अनीता साहू, धनंजय साहू, देवेंद्र दुबे, विक्की ओगरे, नरेंद्र साहू, सेवक यादव, शरद सिन्हा, बलराम सिन्हा, रतिराम साहू, देवेन्द्र जैन, मनोज तिवारी, कुलदीप गायकवाड़, चितरंजन मानिकपुरी, रजऊ साहू, रघुवीर साहू, हेमंत सिन्हा, श्यामसुंदर बंजारे, दिनेश सिंह राजपूत, कामदेव सिन्हा, गुमान डेहरे, विजय मुड़पार, पप्पू साहू, रोशन साहू, किशन पटेल, रेखा राजेंद्र घृतलहरे, दिलेश्वर सिन्हा तबलघोर, रमेश चेलक, नाथूराम साहू, बोधिराम साहू, मुकेश साहू, गन्नू साहू, गोपाल साहू, मनोज साहू, अशोक तिवारी, सन्तोष डेहरे, रमेश राजपूत, बलराज बंजारे, भारत कोशले, छबिराम साहू, राजेंद्र वर्मा फौजी, प्रभात गायकवाड़, अरुण साहू, राकेश वर्मा, जितेंद्र डहरिया, ओमकार वर्मा, सरोज पाल, लोकेश राजपूत, रामप्रसाद निषाद, योगेंद्र धीवर, नवराज निषाद, सेवक यादव, अजय यादव समेत हजारों ग्रामीण शामिल हुए।

# भिंभौरी वासियों ने विधायक आशीष छाबड़ा का आभार व्यक्त किया

**बेमेतरा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा भिभौरी में महाविद्यालय प्रारंभ किए जाने का आदेश जारी किए जाने से भिभौरी वासियों की खुशी का ठिकाना ना रहा ग्राम वासियों ने विधायक कार्यालय बेमेतरा में आकर विधायक आशीष छाबड़ा का आभार व्यक्त किया आभार व्यक्त करने वालों में भिभौरी ग्राम पंचायत की बड़ी संख्या में महिलाएं तथा बुजुर्ग के साथ युवा जन शामिल रहे ज्ञात होगी भिभौरी में महाविद्यालय प्रारंभ होने से वर्षों पुरानी मांग भिभौरी की पूरी होने जा रही है महाविद्यालय के अभाव में अब तक हजारों की संख्या में लोग शिक्षा से वंचित होते रहे हैं क्योंकि भिभौरी से बेरला की दूरी लगभग 30 किलोमीटर होती है जिस कारण से आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राएं अपने उच्च शिक्षा के अध्ययन के लिए बेरला अथवा अन्य शहर में अध्ययन नहीं कर पाते थे विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम वासियों की समस्याओं को देखते हुए लगातार मुख्यमंत्री के समक्ष इस विषय पर अपनी बात रखी विधायक आशीष छाबड़ा की बार-बार मांगों को सुनकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आखिरकार महाविद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा पूर्व में ही कर दी थी किंतु प्रशासनिक आदेश जारी नहीं हो पाने के कारण महाविद्यालय प्रारंभ करने की कार्रवाई नहीं की जा सकती थी किंतु अब राज्य शासन ने महाविद्यालय प्रारंभ किए जाने का प्रशासनिक पत्र भी जारी कर दिया है साथ ही साथ महाविद्यालय के लिए आवश्यक सेटअप 33 स्टाफ सहित प्राचार्य का पद भी राज्य सरकार ने स्वीकृत किया है महाविद्यालय प्रारंभ होने से आसपास के लगभग 25-30 ग्रामों में बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे ज्ञात होगी विधायक आशीष छाबड़ा अपने विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर विशेष रूप से शिक्षा स्वास्थ्य के लिए हमेशा से सजग रहे हैं जिसके कारण उनके 5 वर्ष के अल्प कार्यकाल में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में बहुमुखी विकास कार्य हुए हैं विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा स्वीकृत कराए गए महाविद्यालय का प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त पत्र प्राप्त होने पर भिभौरी सहित आसपास के ग्राम के लोगों ने भी विधायक आशीष छाबड़ा से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया जो उन्होंने अब तक पिछड़े हुए भिभौरी क्षेत्र के लिए मिल का पत्थर साबित होने वाले कार्यों की स्वीकृति प्रदान कराई है इससे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भिभौरी को तहसील का दर्जा भी दिलाया है जिससे क्षेत्र वासियों को अब सुविधा प्राप्त होने लगी हैं आभार व्यक्त करने वालों में. महेस्वरी खिवराज धीवर सरपंच, राजेन्द्र वर्मा, भुलऊ वर्मा, मोतीलाल साहू, कुंजलाल साहू, कमलेश वर्मा, टीकम वर्मा, उमेश साहू, सरोज साहू सहीत बडी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित।




# कांग्रेस सरकार खेतों में पानी नही, प्रदेश में भ्रष्टाचार चरमसीमा में पहुंचा दी: प्रणव यादव

■ छत्तीसगढ़ में किसान त्रस्त फिर भी कांग्रेस सरकार मस्त: देवलाल ठाकुर



**डौंण्डी/दल्लीराजहरा,** 28 (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ में किसान विरोधी कांग्रेस सरकार के विरोध में बिहार राज्य के मुंगेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रणव यादव के मार्गदर्शन में डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी देवलाल ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में भाजपाइयों ने अनुभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।प्रणव यादव ने कहा कि 2018 में डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डौंडी ब्लॉक में किसान भाइयों से उनके खेतों में खनिज मद से पानी देने का झूठा वादा कर डौंडीलोहारा व प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसान भाईयों के वादे को पूरा नहीं कर सकी।जिसके कारण लगभग 19 गांव के किसान भाई परेशान है, क्योंकि उन्हें विश्वास था कि उनके खेतों में पानी पहुंचेगी लेकिन कांग्रेस सरकार में पानी तो नहीं भ्रष्टाचार जरूर पहुंच गई आखिर कहां गया खनिज मद का करोड़ों रुपए। कांग्रेस सरकार को छत्तीसगढ़ से अगर कोई निकाल सकता है तो वह है किसान वर्ग के भाई जिसे यह भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार 5 सालों से ठगने का काम कर रही है। देवलाल ठाकुर ने कहा की छत्तीसगढ़ प्रदेश धान का कटोरा कहलाता है अर्थात् यह प्रदेश किसानो का प्रदेश है।यहा का मुख्य व्यवसाय खेती किसानी है,लेकिन झूठ की नीव पर 2018 से सत्ता में आई भ्रष्टाचारी सरकार ने किसानों के साथ छल कर उन्हें कटोरा पकड़ा दिया है। जिसे प्रदेश के किसान से लेकर सभी वर्ग अच्छे से इनकी करणी व कथनी को समझ भी रही है और देख भी रही है।वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ के लगभग सभी वर्ग व किसान प्रदेश के भूपेश सरकार से नाखुश हैं और अपने बर्बादी की ओर अग्रसर होने को मजबूर है। छत्तीसगढ़ में किसान आत्महत्या कर रहे हैं,और खेती किसानी छोड़कर नाराज होकर दूसरे काम को करने के लिए मजबूर हैं देवलाल ठाकुर ने आगे कहा की छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश सरकार को अपने शीर्ष नेतृत्व को खुश करने के लिए पैसा है,लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता के जनहित विकास कार्य के लिए पैसा नही है। इस दौरान डौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष झा,महामंत्री अजय चौहान,उपाध्यक्ष हिंसाराम साहू नगर पालिका दल्लीराजहरा उपाध्यक्ष संतोष देवांगन, रविंद्र कुमार निषाद, सशी सिंह पटेल, गजेंद्र गावड़े, दिग्विजय,संतराम पटेल,जागेश्वर,राम प्रसाद निषाद, कन्हेल्या लाला,राधे लाला धुर्वे,पतिराम रावटे,रोमन लाल,लिखन देवहरी,अनिल मिश्रा,अशोक तेमरिया, लखनलाल, टेकराम आंचल, पंचूराम, जसवंत, बड़कू आदि मौजूद रहे।

# उदयपुर के हायर सेकेंडरी स्कूल में हमर बेटी हमर मान अभिव्यक्ति कार्यक्रम का किया आयोजन

**खैरागढ़,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा के दिशा निर्देशन में एएसपी नेहा पाण्डे व एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 28 अगस्त को ग्राम उदयपुर के हायर सेकंडरी स्कूल में हमर बेटी हमर मान एवं अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 150 छात्राओं को छुईखदान महिला स्टाफ के द्वारा महिला से संबंधित अपराध, गुड टच बैड टच, पॉक्सो एक्ट, सायबर फ्रॉड, यातायात नियमों आदि के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिया दी गई। एवं अभिव्यक्ति एप के बारे में बताकर कठिन परिस्थितियों से सामना करने के टिप्स देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राए, स्कूल स्टाफ एवं थाना छुईखदान से प्र.आर. नंदकुमार चंद्रवंशी, महिला आर. झमित ठाकुर, दिलीप निषाद, विजय कैवर्त उपस्थित रहे।



■ 150 छात्राओ को दिया गया महिला से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी

# भूपेश सरकार की ग्रामीण आधारित योजनाओं से जनता आर्थिक रूप से हुई मजबूत: छाबड़ा

■ ग्राम सोरला को मिला 28 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात सहित नवीन कार्यों की स्वीकृती

**बेमेतरा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सोरला में ग्रामवासी लोकार्पण समारोह में मुख्यअतिथि मान. आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल। सर्वप्रथम नवीन पंचायत भवन निर्माण 14 लाख,सामुदायिक भवन निर्माण 05 लाख, कबीर कुटी निर्माण 2.50 लाख, सी.सी.रोड निर्माण 02 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण 4.40 लाख रुपए कार्यों का फीता काट लोकार्पण किए।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण इलाकों में विकास की प्रथम इकाई पंचायत होती है, इसमें संपूर्ण ग्राम पंचायत के ग्रामीण,पंचायत भवन में एक साथ बैठकर अपने गांव की समस्या व सार्वजनिक विकास की बात कर समस्या का हल निकालते हैं,मुझे पूरा विश्वास है कि अब नवीन पंचायत भवन में आप सब बैठकर जनता की एक-एक समस्या का समाधान करेंगे, भवन के अंदर बैठकर गांव के विकास की चर्चा होगी,इस भवन के माध्यम से सरकार की योजना का लाभ प्रत्येक ग्रामवासियों को मिलेगा,प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार 2018 में बनी. जिसके बाद से लगातार प्रदेश के विकास के लिए काम किया जा है.वास्तव में भूपेश बघेल के सरकार बनने के बाद आज हमारे पुरखों ने जो सपना देखा था छत्तीसगढ़ का वह पूरा हुआ है छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है. लेकिन हमारे अन्नदाता कर्ज में डूबे हुए थे. मजदूर लगातार पलायन कर रहे थे. छत्तीसगढ़ बनने के बाद भी किसान को ना मजदूरों को ना महिलाओं को ऐसा कोई काम मिला पा रहा था जिससे उनका जीवन में कोई परिवर्तन आएज्आप सभी को आपको याद होगा स्वन्नंदकुमार पटेल ने परिवर्तन यात्रा निकाली थी. वह परिवर्तन यात्रा सरकार के परिवर्तन की नहीं बल्कि लोगों के जीवन में परिवर्तन आए वह उसका उद्देश्य था. हमारे पूर्वज कहते थे छत्तीसगढ़ में खनिज संपदा की भरमार है. यहां पर शिक्षा, स्वास्थ्य, जंगल सबका लाभ लोगों को मिलना चाहिए। लेकिन 15 साल तक लोगों को लगा ही नहीं कि छत्तीसगढ़ में उनकी कोई हिस्सेदारी है. केवल चावल वाले बाबा मिला जिसने नान खदान धान सभी घोटाला किया हैज्मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार ने जो वादा किया जो कहा सो किया कि नीति कर जनता से किए हर वादे को पूरा किया है, किसान साथी कड़ी धूप में तपस्या कर,हर परिवार के थाली में अन्न मुहैया कराता है,ऐसे अन्नदाता किसान भाईयों के हितों का ध्यान रखना और उनका सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है, अन्नदाता किसान खुश होंगे तो समझिए भगवान खुश हैं, प्रदेश में धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए प्रति एकड़ 15 च्ंटिल से बढ़ाकर 20 च्ंटिल प्रति एकड़ किया गया है। अन्नदाता किसान संपन्न एवं खुशहाल रहें, इसके लिए शासन द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है, किसान, पशुपालक एवं मजदूरों की जेब में पैसा जा रहा है,समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि प्रति च्ंटिल 2500 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है,प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है,भाजपा शासन काल में पहले 55 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी होती थी और जब से प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनी है तब से प्रती वर्ष धान की खरीदी में बडोतरी हुई है साथ ही अब धान की खरीदी बढ़कर 107 लाख मिट्रिक टन हो गया है,किसान भाईयों के हितों का ध्यान रखना और उनका सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है सरकार ने सहकारी समिति के अंतर्गत किसानों की सुविधा के लिए किसान कुटीर भवन का निर्माण कराया गया है, ताकि यहां आने वाले किसान भाईयों को विश्राम, पेयजल आदि की सुविधा उपलब्ध हो सके,किसान भाई आसानी से अपनी उपज बेच सके,किसान हितैषी योजनाओं से किसानों में नये उत्साह का संचार हुआ है,खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है,इन पौने पांच साल में प्रदेश की जनता ने भूपेश बघेल सरकार को हर वर्ग के साथ न्याय करते देखा है,किसान, मजदूर, आदिवासी, युवा सभी के साथ कांग्रेस सरकार ने न्याय करने न्याय योजना चलाया है, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी कृषि मजदूर न्याय योजना के लोगो के जीवन स्तर में परिवर्तन ला रही है,महिला स्वावलंबन की ओर बढ़ रहा है,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कुशल नीति के कारण प्रदेश में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है,तीज-त्योहारों, छत्तीसगढ़िया संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम हमारी सरकार ने किया है, हम लगातार आम जनता से किए वायदों को पूरा कर रहे हैं,किसानों की कर्जमाफी, सिंचाई कर माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए किसानों की उपज का उचित मूल्य देने के वादे, हाफ बिजली बिल, लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी, लघु वनोपजों का मूल्य संवर्धन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के जरिए आर्थिक सहायता देने, गोधन न्याय योजना के जरिए गोवंश की रक्षा के साथ आय के नए साधन उपलब्ध कराने जैसे काम हमारी सरकार ने किए हैं, छत्तीसगढ़ में गौठानों को रुरल इंड्रस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है, इसके लिए रीपा योजना शुरू की गई है,राष्ट्पिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य की परिकल्पना को साकार करने का काम हमारी सरकार ने किया है, ग्रामीण महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास की मुस्कान, ग्रामीणों का हमारी योजनाओं के प्रति बढ़ता विश्वास हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है,

साथ ही ग्रामवासियो के मांग पर विधायक आशीष छाबड़ा ने सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य हेतु 03 लाख सहित सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य की घोषणा इस अवसर पर रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, नवाज खान उपाध्यक्ष, सरस्वती साहू सभापति,ममता संजू वर्मा अध्यक्ष सरपंच संघ,गीता रामसिंग वर्मा सरपंच, हरसेवक सिन्हा सरपंच सोरला,मिथलेस वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा,अजय सेन, नरेंद्र साहू सरपंच, चुरामन साहू,बीरेंद्र पाठक सरपंच, संतोष साहू सरपंच,हन्नू राम सदस्य जनपद बेरला,संतोष वर्मा सरपंच, रामाकांत साहू, रामसनेही परगनिया, बिरेंद्र बरछिया,भागीरथी साहू, बलराम साहू, बाराती साहू,धनेश राम साहू, गयाराम देवांगन, गोविन्द वैष्णव, फुलसिंग निषाद,समलिया मंडावी,बीरेंद्र साहू, मोतीलाल साहू, प्रभूराम साहू, नोकेश्वर साहू, हेमकुमार साहू सहीत बडी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित।



खैरागढ़ की राजनीति

# खैरागढ़ विधानसभा में कांग्रेस टिकट को लेकर संशय, भाजपा ने विक्रांत को सौंपी कमान

**राजनांदगांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। छतीसगढ़ प्रदेश में पूरे 90 विधानसभा में चुनाव होना है।खैरागढ़ विधानसभा में कांग्रेस पार्टी भूपेश बघेल की सरकार किसको टिकट देगी यह सोचने वाली बात है। पर भाजपा ने जिला पंचायत के उपाध्यक्ष और मुख्यमंत्री के भांजे विक्रांत को उम्मीदवार बना दिया है नगर पंचायत अध्यक्ष जनपद पंचायत खैरागढ़ अध्यक्ष का दायित्व संभालने वाले विक्रांत सिंह पर भाजपा ने जो उम्मीदवारी के लिए अवसर दिया है उसे यह प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं राजघराने की राजशाही ठाठ के माकूल ऐसा कोई चेहरा हो जो भले राजघराने से कहीं ना कहीं तालुका रखता हो पर सौम्य सरल और व्यवहार कुशल की तलाश थी और विक्रांत को जिम्मेदारी देकर भाजपा ने अपने मापदंडों के अनुरूप पाया।खैरागढ़ विधानसभा की बात करे तो अभी कांग्रेस पार्टी हाईकमान ने एक अपना आवेदन पत्र ब्लॉक अध्यक्ष व शहर अध्यक्ष को दिया था जिसमे 1 दर्जन से अधिक लोगों ने आवेदन पत्र भरकर जमा किए थे। लेकिन खैरागढ़ विधानसभा को एक महत्वपूर्ण सीट माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने अपना विधायक प्रत्याशी 15 दिन पहले खैरागढ़ निवासी विक्रांत सिंह को अपना प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा है। जिसके बाद से कांग्रेस पार्टी भी अपना प्रत्याशी घोषित करने के लिए ऐड़ी चोटी एक कर दिया है।





अभी वर्तमान में कांग्रेस पार्टी से गिरवर जघेल, यशोदा वर्मा, दसमत वर्मा, विजय वर्मा, उत्तम ठाकुर,कपिनाथ महोबिया सहित अन्य लोगो ने अपना आवेदन भरकर जमा किया है। अब कांग्रेस पार्टी अपना प्रत्याशी किसे घोषित कर्ता है। देखने वाली बात होगी। खैरागढ़ विधानसभा में गिरवर जघेल भी एक बार विधायक रहा है। खैरागढ़ विधानसभा के मतदाताओ ने भरोसा करके गिरवर को अपना विधायक बनाया था। लेकिन खैरागढ़ विधानसभा में जैसा विकास कार्य होना चाहिए था वैसा आज तक नही हुआ है। गिरवर जघेल ने भाजपा प्रत्याशी कोमल जघेल को हराकर चुनाव जीता था। अभी उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने भरोसा करके यशोदा वर्मा को अपना विधायक प्रत्याशी घोषित किया था। जिसमे यशोदा वर्मा की जीत तो हुई थी। लेकिन भाजपा ने अपना विधायक प्रत्याशी कोमल जघेल को मैदान में उतारा था। यशोदा वर्मा सिर्फ खैरागढ़ छुईखदान गंडई को जिला बनाने के लहर में चुनाव जीत गई अब कांग्रेस पार्टी फिर से पुराने चेहरे को अपना विधायक प्रत्याशी घोषित कर्ता है। की इस बार नए चेहरे को मौका देता है। खैरागढ़ विधानसभा में लोधी समाज की जनसंख्या अधिक होने के कारण अभी तक लोधी समाज को ही कांग्रेस व भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित कर्ता रहा है। भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं को लेकर कांग्रेस नेता विजय वर्मा भी क्षेत्र के दौरे पर रहते है। वही खैरागढ़ मंडी अध्यक्ष दसमत वर्मा की बात करे तो वे लगातार क्षेत्र के दौरे पर रहते है। अभी कुछ दिनों से उत्तम ठाकुर का नाम खैरागढ़ विधानसभा में चल रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी अब टिकट किसको देगी यह सोचने वाली बात है। खैरागढ़ विधानसभा के नवजवान मतदाताओ ने इस बार जो प्रत्याशी लोगो के हित में जो विकास कार्य करेगा व इस विधानसभा में कही भी उधोग धंधा, कारखाना खुलवाने में काम कर सके ऐसे उम्मीदवार को आम जनता व आसपास क्षेत्र के लोगो को रोजी रोजगार का अवसर प्राप्त होगा उसी के आधार पर इस बार खैरागढ़ विधानसभा के नवजवान मतदाता वोट करेंगे।

# संभागायुक्त कावरे ने किया छुईखदान तहसील का औचक निरीक्षण

**राजनांदगांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। संभागायुक्त दुर्ग संभाग महादेव कावरे द्वारा जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई अंतर्गत छुईखदान तहसील का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने सभी शाखाओं में कर्मचारियों के नाम पट्टिका आवश्यक रूप से रखने के निर्देश दिए।



संभागायुक्त ने निरीक्षण के दौरान न्यायालय में दांडिक प्रकरण ऑनलाइन में दर्ज नही पाए गए, जिस पर श्री कावरे ने दंडिक प्रकरण भी ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज करने के स्पष्ट निर्देश उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी सुश्री रेणुका रात्रे को दिए।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी में 66 प्रकरण लंबित पाए गए एवं न्यायालय तहसीलदार छुईखदान में 81 प्रकरण लंबित पाए गए जिनमें 02 वर्ष से अधिक लंबित 8 प्रकरण लंबित पाए गए इसी प्रकार नायब तहसीलदार छुईखदान में 88 प्रकरण लंबित पाए गए जिनमें दो वर्ष से अधिक 6 प्रकरण लंबित पाए गए। श्री कावरे ने दो वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों में प्रत्येक सप्ताह सुनवाई करते हुए त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश संबंधित पीठासीन अधिकारी श्रीमती मोक्षदा देवांगन तहसीलदार एवं श्री प्रदीप कुमार तिवारी नायब तहसीलदार को दिए गए।

पंजियो का करे नियमित अद्यतन

श्री कावरे ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में संधारित होने वाली अर्थदंड पंजी, आदेशिका पंजी, अभिलेख कोष्ठ पंजी का संधारण नही पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारी श्री बीरेंद्र कुमार धनकर, रीडर को एक सप्ताह के भीतर पंजी संधरित करने के निर्देश दिए गए एवं 379 निर्णीत प्रकरणो को अभिलेख कोष्ठ में जमा करने के निर्देश दिए गए। न्यायालय तहसीलदार में 251 निर्णित प्रकरण एवं नायब तहसीलदार न्यायालय में 132 निर्णित प्रकरण रिकॉर्ड रूम में जमा किए जाने हेतु लंबित है जिसे शीघ्र रिकॉर्ड रूम में रखे जाने के निर्देश दिए गए।

नायब नाजिर शाखा के निरीक्षण के दौरान सर्किल नोट बुक का संधारण नही पाया गया जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारी श्री सज्जन देशमुख, सहायक ग्रेड 02 की वेतनवृद्धि रोके जाने की कार्यवाही की गई एवं पंजी के शीघ्र संधारण के निर्देश दिए गए। कैश बुक के अवलोकन के दौरान कैश बुक एवं पासबुक में राशि का अंतर पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी को एक सप्ताह के भीतर राशि के मिलान के निर्देश दिए गए।

# मोतीपुर में डॉ. रमन के साथ मधुसूदन भी मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए

**राजनांदगांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को स्थानीय मोतीपुर क्षेत्र में राजनांदगांव विधायक, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करने आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर स्थानीय भाजपा नेता पूर्व सांसद राजनांदगॉव मधुसूदन यादव सहित भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, नेता प्रतिपक्ष किसुन यदु, भाजपा नेत्री डॉ. रेखा मेश्राम सहित भाजपा के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री द्वारा देश को संबोधित किये जाने के पश्चात् इस कार्यक्रम के 104वें संस्करण की सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने बताया कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्य रूप से मिशन चंद्रयान की सफलता को देशवासियों के साथ साझा करते हुए इसे नारी शक्ति प्रेरित विकास (वूमेन लेड डेव्हलपमेन्ट) का जीवंत उदाहरण बताया है और मिशन चंद्रयान को नये भारत का प्रतीक बताया है, जो हर हाल में जीतना चाहता है और जीतना जानता है। पीएम मोदी ने चीन देश में आयोजित वर्ल्ड युनिवर्सिटी गेम्स में भारत देश के अभूतपूर्व प्रदर्शन को रेखांकित किया, जिसमें हमारे खिलाड़ियो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण, 5 रजत एवं 10 कांस्य पदक सहित कुल 26 पदक जीतने में सफलता पायी। पीएम मोदी ने इसे देशवासियों का सर गर्व से ऊँचा करने वाला प्रदर्शन बताया और इस टीम के तीन विजेता खिलाड़ियों से फोनकॉल पर बातचीत कर उन्हें देशवासियों की तरफ से बधाई दी है। यहॉ विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में भारत देश विगत 60 वर्षो में कुल मिलाकर मात्र 18 पदक ही जीत पाया था लेकिन इस बार देश के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 26 पदक जीतने में सफलता हासिल की है, जो देश की खेल प्रतिभाओं के लिये प्रेरणादायक सिद्ध होगा। पीएम मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान की चर्चा करते हुए इसके द्वारा कायम किये गये सफलता के रिकार्ड को देशवासियों के सामूहिक प्रयास का नतीजा बताया। पीएम मोदी ने 29 अगस्त को तेलुगू भाषा दिवस एवं 31 अगस्त को विश्व संस्कृत दिवस की देशवासियों को बधाई देते हुए मातृभाषा को अपने देश की संस्कृति, संस्कार, परंपरा एवं चिर पुरातन वैभव से जुड़ने का सशक्त माध्यम बताया। प्रधानमंत्री जी ने देश के किसानों को डेयरी फार्मिंग में आधुनिक तकनीक एवं नवाचार के उपयोग से आय को बढ़ाने वाले देश के नवाचारी डेयरी फर्मस्, डेयरी व्यवसायीगण के सफलता की कहानी का उदाहरण देकर प्रेरित भी किया।



# जन्म से किडनी फेल नवजात की जान बचाई डॉक्टर सौरभ महोबे ने

■ शहर के पुराने नर्सिंग होम से रेफर कर लाया गया था मामला



**राजनांदगांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के डॉक्टर कुमुद महोबे मेमोरियल हॉस्पिटल बलदेव बाग में एक बार फिर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ महोबे ने जन्म से दोनों किडनी फेल बच्चे को जीवन दान देकर परिवार में खुशियां लौटाई हैं। डॉ. कुमुद महोबे मेमोरियल हॉस्पिटल में उक्त क्रिटिकल मामला शहर के ही एक पुराने नर्सिंग होम से रेफर कर भेजा गया था। डेढ़ माह के अथक प्रयास के बाद अंततः डॉक्टर ने बच्चे की जान बचाकर परिवार वालों को बड़ी राहत प्रदान की है। 27 अगस्त को अस्पताल से घर जाते समय परिजनों ने डॉक्टर महोबे का हृदय से आभार माना।

राजनांदगांव जिला मुख्यालय के बलदेव बाग में डॉ.कुमुद महोबे मेमोरियल हॉस्पिटल ने एक बार फिर चमत्कारिक इलाज कर महज सात माह में पैदा हुए में 900 ग्राम के बच्चे का जीवन बचाने में सफलता प्राप्त की है। अस्पताल के संचालक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ महोबे ने हमें बताया कि 6 जून को नगर के ही एक प्राइवेट नर्सिंग होम से गर्भवती महिला को गंभीर अवस्था में रेफर कर यहां भेजा गया था। जब प्रसूता, महोबे अस्पताल पहुंची तब उसका ब्लड प्रेशर हाई था। सोनोग्राफी रिपोर्ट के बाद पता चला कि बच्चा महज सात माह का है और प्रसूता उसे जन्म देने के अंतिम पड़ाव पर है। अंततः सारी जांच के बाद डॉक्टर सौरभ महोबे एवं डॉ.सुरभि महोबे द्वारा आपातकालीन ऑपरेशन कर बच्चे का जन्म कराया गया। मां की हालत ठीक ना होने से जन्म के समय बच्चा नहीं रो पाया था। उसे मां के गर्भनाल से खून भी नहीं मिल पा रहा था। गर्भ में गंदा पानी पी लेने से उसे इंफेक्शन भी हो चुका था।

डॉ महोबे ने जब जन्म के उपरांत संपूर्ण जांच की तब पता चला कि नवजात बच्चे की दोनो किडनियां काम नहीं कर रही हैं। बच्चे के फेफड़े का भी विकास नहीं हो पाया था न ही वह अपने बीपी को मेंटेन कर पा रहा था। डॉ. महोबे ने बताया कि बच्चों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही थी। कार्डियक फैलियर था। बोन मेरो सप्रेशन भी था। इतनी समस्याओं के बीच डॉ. महोबे ने परिजनों को सारी स्थितियों से अवगत कराया और फिर उनकी स्वीकृति मिलने पर बच्चे को लगातार डेढ़ माह तक वेंटिलेटर पर रखा गया। सतत निगरानी और लगातार समय पर दवाइयां देते रहने से बच्चे को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ। 27 अगस्त को संपूर्ण जांच के उपरांत जब डॉक्टर को भरोसा हो गया कि अब बच्चा किसी प्रकार से खतरे में नहीं है, तब उसे घर ले जाने की अनुमति दी गई।

## बच्चे के ऑर्गन काम नहीं कर रहे थे .. मां

विपरीत परिस्थितियों में बच्चे को जन्म देने वाली उसकी मां सीमा आंचला ने हमसे चर्चा करते हुए बताया कि जन्म के समय वास्तव में बच्चे के शरीर के अंग काम नहीं कर रहे थे। डॉक्टर सौरभ महोबे ने उचित सलाह देकर डेढ़ माह तक वेंटिलेटर में रखकर उसे नवजीवन प्रदान किया है। बच्चे की मां सहित परिजन डॉक्टर के कौशल को तहे दिल से सराहते हुए धन्यवाद देने से पीछे नहीं रहे हैं।

# नवाज के हाथो गायत्री मंदिर का लोकार्पण, हनुमान और नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का भूमिपूजन

**राजनांदगांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान सोमवार को खुज्जी के चांदो गांव पहुंचे। जहां उन्होंने गायत्री विद्यापीठ विश्व जागृति मिशन द्वारा श्री राम स्मृति उपवन गायत्री आश्रम का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने हनुमान मंदिर और नर्मदेश्वर महादेव के मंदिर का भूमिपूजन भी किया। नवाज ने इस दौरान कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार ने न केवल भागवन श्री राम को उचित स्थान देने का काम किया है, बल्कि राजनिती से परे हटकर पहली बार प्रदेश में रामगमन पथ और कौशल्या धाम का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के साथ ही धार्मिक मामलो में भी अपनी बराबरी की सहभागिता निभाती आ रही है।




खुज्जी विधानसभा के ग्राम पंचायत चांदो में निर्मित श्री राम स्मृति उपवन का लोकार्पण जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान के द्वारा किया गया। इसके साथ ही उपवन में निर्मित होने वाले मां गायत्री मंदिर, श्री हनुमान महाराज का मंदिर एवं श्री नर्मदेश्वर महादेव के मंदिर का भूमि पूजन भी किया गया। इस अवसर पर मौजूद योगेन्द्र गिरी महाराज हरिद्वार का आर्शीवाद लिया। कार्यक्रम के दौरान पर चांदो के मालगुजार दाऊ प्रतुल कुमार वैष्णव, सरपंच चूरामन नायक,चंद्रभान साहु, होरी लाल साहु,आदर्श वर्मा जोन प्रभारी गायत्री परिवार, ओम प्रकाश महाराज प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ, व्यवस्थापक गायत्री परिवार एवं ग्राम पंचायत चांदो सहित आसपास के समस्त ग्रामवासी एवं धर्मप्रेमी बंधु विशाल संख्या में उपस्थित थे।

## नवाज के हाथो पूजा-अर्चना

खुज्जी के ग्राम चांदो में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने पूजा-अर्चना भी की। भूमिपूजन को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्रोच्चार के बीच नवाज के हाथो ही मंदिर की नीव रखी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी शामिल हुए।

## छत्तीसगढ़ से राम का विशेष नाता

इस दौरान नवाज ने कहा कि भले ही दुसरे दल के लोग भगवान श्री राम के नाम पर राजनिती करते हो। लेकिन कांग्रेस ने कभी भी श्री राम का नाम राजनितिक फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं किया। प्रदेश की भूपेश सरकार ने सत्ता में आते ही छत्तीसगढ़ के भांचा राम और मां कौशल्या का धाम तैयार करने का काम किया है। जिन रास्तों से होकर श्री राम गुजरे थे, वहां पर रामगमन पथ बनाया गया है। आज पूरे देश के लोग इस रामगमन पथ की ओर आकर्षिक हो रहें है।

# मतदान जागरूकता 'स्वीप' सेमिनार पंडित किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय में आयोजित



**राजनांदगांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। पंडित किशोरी लाल शुक्ला विधि महाविद्यालय मे मतदान जागरूकता च्च्स्वीपज्ज सेमिनार विधि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर. डॉ.अलका चौहान के सफल निर्देशन मे आयोजित किया गया प्रथम वर्ष दृतीय और तृतीय वर्ष के विधि के छात्रों ने अपने मतदान जागरूकता के शिक्षाप्रद पोस्टर के माध्यम से आखिर लोकतंत्र मे स्वस्थ मतदान और निर्भीक मतदान क्यों जरूरी है और क्यों मतदान करने को लेकर लोगो द्वारा दिए जाने वाले प्रलोभनों से बचाना चाहिए ताकि स्वस्थ लोकतंत्र को सुचारू करने मे स्वस्थ भूमिका मतदान के रूप मे हर नागरिक अपनी भागीदारी भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने मे दे सके। मतदान नागरिक का अधिकार है जिसका उपयोग संभल कर कर सके कार्यक्रम विधि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.अलका चौहान, असिस्टेंट प्रोफेसर अतुल सोनी, प्रो चांदनी गुप्ता, आदित्य श्रीवास्तव, एन.एन कन्नौजे व लाइब्रेरियन ओजस्वनी चौहान और विधि महाविद्यालय के समस्त छात्र और स्टाफ मौजूद रहे।

# महाराष्ट्रीयन तेली समाज सामुदायिक भवन निर्माण के लिये महापौर ने किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं अन्य संस्थाओं के भवन के लिये राशि की स्वीकृति प्रदान किये है इसी कड़ी में महाराष्ट्रीयन तेली समाज को भवन निर्माण हेतु मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 20.00 लाख रूपये की स्वीकृति अनुसार महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने समाज के लोगों की उपस्थिति में लखोली बैगापारा में सामाजिक भवन निर्माण करने पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी,श्रीमती दुलारी बाई साहू व श्री गणेश पवार सहित समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष राजेश समरीत, उपाध्यक्ष संतोष समरीत,सचिव चंद्रशेखर बावनकर, कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण गायधनी, सहसचिव गजेंद्र लांबट,महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बुटले, युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश (पिंटू) समरीत विशेष रूप से उपस्थित थे।



कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज के वरिष्ट सदस्य कमल समरीत, मदन मानकर ,पोपटलाल हटवार,नरेंद्र बुरांडे,कचरी बाई गवते,कार्यकारिणी सदस्य अरुण अम्बिल्कर,रमा देशमुख,जवाहर हटवार,अशोक तराने, शैलेन्द्र महाकालकर,मनोज भिवगड़े, संतोष हटवार,खेमचंद समरीत,अनिल मानकर,अजय वाघमारे,चंद्रकांत गिरेपुन्जे, प्रेमचंद देशमुख,रितेश गवते,राजु देशमुख,ज्ञानचंद नायखोरे,बंटी भिवगड़े, धनन्जय साकुरे, सोनू लांजेवार,महेश साकुरे,तन्मय बुरांडे, आशीष बावनकर ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों ने भवन निर्माण के लिये पूजा अर्चना कर, श्रीफल फोड कर, गैती चलाकर भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन के अवसर पर महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा भवन निर्माण के लिये मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी से राशि की मांग किये थे, जिसपर उन्होंने 20.00 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान किये, जिसके क्रियान्वयन के लिये आज भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य जल्द पूर्ण किया जायेगा, ताकि समाज को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज में एकजूट होकर समाज के हर व्यक्ति की चिंता करनी चाहिये, समाज के गरीब लोगो की मदद होनी चाहिये तभी समाज की सार्थकता है। इस अवसर पर उप अभियंता सुश्री पिंकी खाती सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# अवैध शराब बिक्री करते एक आरोपी रंगे हाथ पकड़ाया

**राजनांदगांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अवैध शराब बिक्री की रोकथाम अभियान के तहत आज दिनांक 28.08.2023 को चौकी सुरगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भरेगांव में अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम ध्रुव के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा मौके पर जाकर रेड कार्यवाही कर आरोपी दशरथ चंद्राकर पिता स्व. चंपालाल चंद्राकर साहू उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम भरेगांव पुलिस चौकी सुरगी जिला राजनांदगांव को अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 3.600 बल्क लीटर कीमती 1600/रुपये एवं शराब बिक्री का नगदी रकम 250/ रुपए जप्त किया गया द्य



आरोपी द्वारा अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते पाए जाने पर आरोपी के विरूध्द पुलिस चौकी सुरगी में धारा 34(1) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है उक्त कार्यवाही में सउनि. हेमंत बोरकर एवं आरक्षक 1092 चंद्रकांत यादव एवं आरक्षक 409 चैतूराम धुर्वे की भूमिका सराहनीय रही।

# गुजराती कालोनी में लोहाणा महाजन समाज का बनेगा भवन, महापौर ने किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री द्वारा गुजराती लोहाणा महाजन समाज के पदाधिकारियों की मांग पर सामाजिक भवन निर्माण के लिये 15.00 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान किये थे, स्वीकृति अनुसार भवन निर्माण करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की गयी और आज सामाजिक भवन को मूर्त रूप देने कंचन बाग गुजराती कालोनी में भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त बाते महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने लोहाणा सामाजिक भवन निर्माण के लिये आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने सामाजिक भवनों के लिये भवन निर्माण हेतु करोडों रूपये की राशि स्वीकृत किये है, जिससे सभी सामाजिक भवनों के लिये भवन निर्माण किया जा रहा है। उनकी सोच हर समाज का अपना भवन हो और हर समाज उन्नति करे। उन्होंने कहा कि भवन बन जाने से समाज के विभिन्न आयोजन के अलावा विभिन्न गतिविधिया संचालित की जावेगी। समाज के लोग एकजुट होकर समाज हित में कार्य करे तभी समाज का महत्व है।



कंचनबाग गुजराती कालोनी में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में गुजराती लोहाणा महाजन समाज के सामुदायिक भवन निर्माण करने महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर शास्त्रीय ईश्वर चंद व्यास, लोककर्म विभाग के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रभारी सदस्य श्री संतोष पिल्ले, जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमीन हुड्डा सहित लोहाणा समाज के अध्यक्ष श्री दीपक बुद्धदेव, ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सुरेश कोटक, संरक्षक श्री हिम्मत भाई लाल व श्री प्रमोद सोनछत्रा, पूर्व अध्यक्ष श्री नाथा भाई रायचा,समाज के ज्ञाति रत्न श्री जगदीश भाई कोटक, महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमती नीता रायचा विशेष रूप से उपस्थित थे।

उल्टा पुल्टा

पत्नी - मैं बचूंगी नहीं, मर जाऊंगी...
पति - मैं भी मर जाऊंगा।
पत्नी- मैं तो बीमार हूं इसलिए मर जाऊंगी, तुम क्यों मर जाओगे?
पति - क्योंकि, मैं बर्दाश्त नहीं कर पाऊंगा!

संपादकीय

## सामाजिक-आर्थिक स्थिति की यह तस्वीर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा काए गए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में राज्य में 15 लाख परिवार ऐसे मिले हैं, जिनके पास शौचालय की सुविधा नहीं है। यह हाल तब है जब स्वच्छ भारत मिशन की उपलब्धियों में राज्य को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस स्थिति पर प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया है और इन परिवारों के लिए सहायता की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में पिछली सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत खर्च किए गए 4000 करोड़ रूपए की राशि का दुरूपयोग होने की बात करते हुए केन्द्रीय एजेन्सी से जांच की मांग भी की है। केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन का लक्ष्य ही सभी घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर पूरी मानव आबादी को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ घोषित करना है। छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसे परिवारों का पता लगाने के लिए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराया है जो बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे हैं। इसी सर्वेक्षण में 15 लाख परिवार ऐसे मिले हैं, जिनके पास शौचालय की सुविधा नहीं है। इस सर्वेक्षण के पूरे आंकड़े ओर इन आंकड़ों के विश्लेषण के बाद राज्य सरकार इन परिवारों के लिए योजनाएं तैयार करेगी। वर्ष 2011 के बाद देश में जनगणना नहीं हुई। अब तक 2021 की जनगणना पूरी हो जानी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण यह संभव नहीं हो पाया। इस समय सरकार की जो योजनाएं चल रही है वे 12 साल पहले की जनगणना पर आधारित हैं। इन वर्षों में आर्थिक-सामाजिक स्थितियां काफी बदल चुकी हैं। राज्य सरकार ने अपने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में इसका आंकलन कराया है। सरकार की योजना उन परिवारों को भी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिनका 2011 की जनगणना पर आधारित गरीबों की सूची में नाम नहीं है। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास का मुद्दा एक बड़ी राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है। विपक्ष का राज्य सरकार पर आरोप है कि उसने केन्द्र द्वारा स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों के लिए राज्यांश की राशि नहीं दी जिसके कारण राज्य में हजारों आवासहीन परिवारों के लिए आवासों का निर्माण नहीं हो सका। इन आरोपों पर राज्य सरकार का कहना है कि आवास निर्माण की प्रगति छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्यों से अच्छी है और आवासों को पूरा करने का काम तेजी से चल रहा है। इन मुद्दों की चर्चा इसलिए भी इस समय महत्वपूर्ण हो गई है,क्योंकि राज्य में कुछ माह बाद ही चुनाव होने वाले हैं। आम जनता चुनावों में सहकारों का कामकाज परखती है और नतीजों के रूप में अपनी राय जाहिर करती है। वर्ष 2018 के चुनावों में देखा गया कि किस तरह जनता ने 15 वर्षों तक सत्ता में रही भाजपा को धूल चटा दी। 15 वर्षों बाद सत्ता संभालने वाली कांग्रेस की सरकार को काम करने का बड़ा मौका दिया। उसके 68 विधायक चुनकर आए थे। सरकार के कामकाज के आधार पर कांग्रेस आगामी चुनावों में एक और बड़ी जीत की उम्मीद लगाए बैठी है। उसने 75 पार का लक्ष्य रखा है। सरकार ने धरातल पर काम करने की कोशिश की है और उसकी विकास की परिकल्पनाओं में वह वर्ग प्राथमिकता में है जो सामाजिक-आर्थिक रूप में पिछड़ा हुआ है। उसका सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण इसी उद्देश्य से प्रेरित है।

# कसडोल विधानसभा के लिए भाजपा से युवा नेता यशवर्धन वर्मा का नाम चर्चा में



भाजपा व कांग्रेस में टिकट की दौड़ जारी

**बलौदाबाजार,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दावेदार अपने अपने तरिके से दावेदारी पेश करने की जोर आजमाईस कर रहे है। इसी कडी में कसडोल विधानसभा से कांग्रेस के दर्जनों दावेदारों ने पार्टी के नियम अनुसार अपने दावेदारी ठोक दी है। जबकि भाजपा के दावेदारों के द्वारा संगठन के पदाधिकारियों से मेल मुलाकात बढा कर अपनी सक्रियता देखाने लगे है। यहां भाजपा व कांग्रेस में युवा दावेदारों की चर्चा जोरो पर है। कसडोल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा से जहां गौरीशंकर अग्रवाल का एक सशक्त नेतृत्व है। वहीं युवा नेता के रूप में भाजपा से नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा का नाम भी चर्चा में है। जिनका पारिवारिक पृष्ठभूमि जनसंघ से लेकर वर्तमान तक है।

इस वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में नये चेहरे की मांग पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों के द्वारा लगातार की जा रही है। जिसके चलते भाजपा ने अपने प्रथम सूची में नये एवं युवा लोगों को सामने लाया है। इसी के चलते कसडोल क्षेत्र के युवा वर्ग ने यशवर्धन वर्मा के नाम को सामने लाने का प्रयास किया है। चूंकी इनके पारिवारिक राजनीतिक पृष्ठ भूमि जनसंघ से लेकर भाजपा तक जुडा हुआ है। इनके दादा बृजलाल वर्मा जनसंघ के प्रणेंता व क्रेन्द्रीय मंत्री रहे है। वही दादा कुलदीपक वर्मा भी जनसंघ से लेकर भाजपा तक राजनीति में सक्रिय होकर कार्य करते हुए लगातार चार बार पलारी ग्राम पंचायत के सरपंच एवं दो बार नगर पंचायत अध्यक्ष तथा कृषि उपज मंडी बलौदाबाजार के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। पश्चात दादी घासीनबाई वर्मा नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष निर्वाचित हुई है। इस पारिवारिक पृष्ठ भूमि से भाजपा के राजनीति में सक्रिय हुए यशवर्धन मोनू वर्मा सुभाष सहकारी विपणन संस्था मर्यादित पलारी के अध्यक्ष निर्वाचित होकर अपना पहचान बनाया। जिसके चलते लगातार वे इस संस्था के तीन बार अध्यक्ष भी रहे। वर्तमान में वे नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष निर्वाचित होकर भाजपा के राजनीति में सक्रिय है। वे भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री के अलावा छ.ग. मनवा कुर्मी युवा समाज के केन्द्रीय उपाध्यक्ष एवं संरक्षक भी है। जो कि अपने दादा स्व. कुलदीपक वर्मा के स्मृति में समाजिक जनसेवा संगठन बनाकर जनसेवा के कार्य में भी सक्रिय है। ऐसे युवा नेता को अगर नेतृत्व परिवर्तन की स्थिति बनती है तो भाजपा के लिए एक सशक्त दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। इस क्रम में जिला पंचायत सदस्य नवीन मिश्रा के अलावा महिला वर्ग से सामने आने पर श्याम बाई साहू वहीं संगठन की दृष्टिकोण से डा. अजय राव, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, राजकुमार जायसवाल के नामों पर भी विचार किया जा सकता है। पर परिस्थिति क्या बनती है यह समय बतायेगा। हालाकि इस विधानसभा क्षेत्र के लिए भाजपा से अनेकों दिग्गज नेता टिकट के दौड़ में है।

कसडोल विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कांग्रेस के विधायक है। दर्जनों नये दिग्गज दावेदार भी है। अब देखना यह है कि क्या कांग्रेस >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# श्रीपथेश्वर नाथ महादेव का हुआ सहस्त्र जलाभिषेक



**राजिम,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 14 पत्थर्रा में आज रविवार को श्री पथेश्वर महादेव का सहस्त्र जलाभिषेक का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में वार्डवासी बड़ी तादाद में बाल्टी लेकर पहुंचे हुये।और तालाब से मंदिर तक लंबा कारवां बनाकर निरंतर 2 घंटे तक पंडित के मंत्र उपचार के बीच सहस्त्र जलाभिषेक हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत राजिम के सभापति श्रीमती पुष्पा गोस्वामी के तत्वाधान में संपन्न हुआ। इसके पूर्व पंडित मुकतेशवरानंद महाराज ने मंत्र उपचार के साथ गंगा पूजन यजमान भुवनेश्वरपुरीसंग श्रीमती अर्चना एवं भागवताचार्य पूज्य गीता गोस्वामी द्वारा संपन्न कराया। श्री राजीव लोचन भजन मंडली द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात सभी भक्तों को खिचड़ी एवं फल का वितरण किया गया। इस सहस्त्र जलधारा अभिषेक कार्यक्रम में नगर पंचायतअध्यक्ष श्रीमती रेखा सोनकर, भाजपा जिला महिला अध्यक्ष >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# रक्षाबंधन गुरुवार को मनाया जाना श्रेयकर : पंडित ब्रह्मदत्त शास्त्री



**नवापारा राजिम,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। इस बार सावन माह दो माह का हे , जिसमें शुरू के 15 दिनों के बाद एक महीना अधिक मास के रूप में मनाया गया और बाद के अंतिम जो 15दिन थे, उसमे पूर्णिमा तिथि और रक्षा बन्धन के पर्व को मनाए जाने को लेकर अत्यन्त संशय की स्थिति बन गई है, पंडितों के बीच मत मतांतर होने के कारण इस त्यौहार मनाने को लेकर भ्रम हो गया है ,त्यौहार30 को मनाए या 31 को, इस सम्बंध में विभिन्न शास्त्रों के विश्लेषण के बाद नगर के पण्डित ब्रह्मदत्त शास्त्री ने बताया कि पूर्णिमा तिथि के शुरू होते ही भद्रा लग जाने के कारण यह दुविधा उत्पन्न हुई है, हमारे 2 प्रमुख त्यौहार होली और राखी पर भद्रा के विषय में विचार किया जाता है, भद्रा को त्याग कर ही ये दोनों त्यौहार मनाए जाने के शास्त्रों में स्पष्ट निर्देश है,30 अगस्त बुधवार को प्रात: 10रू59 मिनट पर पूर्णिमा तिथि और भद्रा दोनों एक साथ लग रहे हैं भद्रा तो उस रात को 9 बजकर 03 मिनट पर समाप्त हो जायेगी किंतु पूर्णिमा दूसरे दिन गुरुवार को प्रात: 7 बजकर 03 पर समाप्त होगी अर्थात सूर्योदय पूर्णिमा तिथि पर ही होगा, गुरुवार को सूर्योदय 5 बजकर 51 >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भक्तिमय आयोजनों से शिवमय रहा सिरपुर



पहली बार निकली राजाधिराज श्री गंधेश्वर महाराज की पालकी

**महासमुंद,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। सावन के अंतिम सोमवार को लेकर जहां कांवरियों में खासा उत्साह था, वहीं दर्शनार्थी भी परिवार समेत शिव मंदिरों में खींचे चले आ रहे थे। यह नजारा रविवार और सोमवार को देखने को मिला। अंतिम सावन सोमवार के कारण नगर के आसपास दलदली कनेकेरा बम्हनी में सुबह से ही पूजन अर्चन करने शिव भक्त पहुंचते रहे। बम्हनी में 5 लीटर दूध से बम्हनेश्वर नाथ का दुग्धाभिषेक किया गया।अभिषेक में शामिल होने काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। वही सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव में प्रात: कालीन पूजा के बाद मंदिर का पट खोला गया। बोल बम के जय घोष के साथ कांवरियों ने जलाभिषेक शुरू किया जो अनवरत 10 बजे तक चलता रहा। इस दौरान करीब 7 हजार से अधिक कांवरिये जलाभिषेक किए। वहीं दर्शन करने पहुंचने वाले अधिकांश श्रद्धालु देर शाम तक मंदिर परिषद पहुंचते रहे। जिसके कारण मध्यान में होने वाली विशेष श्रावणी शाम 4 बजे शुरू हुई। रविवार को यहां विशेष आयोजन गंगा आरती और बाबा भोलेनाथ की पालकी यात्रा निकाली गई जिसके लिए काफी संख्या में आसपास के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पालकी में सवार होकर आमदी की गलियों में निकले भगवान भोलेनाथ



युवा नेता आनंद पावर ने पालकी यात्रा में पहुँचकर लिया भगवान शिव का आशीर्वाद

**धमतरी,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत आमदी में नगर की सुख समृद्धि के लिए भगवान के महाआरती परिवार द्वारा शिव पालकी यात्रा द्वारा निकली गई,जिसे भक्तों द्वारा नगर में भ्रमण करवाया गया,जिसमें युवा नेता आनंद पवार ने पहुँचकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया,उन्होने अपने साथियों के साथ मिलकर पालकी उठाई और काफी दूर तक भगवान शिव की पालकी लेकर चलते रहे,उन्होंने कहा कि यह भगवान शिव की कृपा और महिमा है कि वे जिस तरह भगवान महाकाल उज्जैन नगर में पालकी में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकलते हैं बिल्कुल उसी तरह हमारे नगर आमदी को भी उन्होंने अपनी कृपा का पात्र बनाया है,वे इस नगर के सभी लोगों को आशीर्वाद देने उन तक पालकी के माध्यम से पहुँचे है, मैं महाआरती परिवार को इस आयोजन की बधाई देता हूँ।

इस कार्यक्रम में भगवान शिव और पार्वती के रूप भी देखने मिला,जिसमें सबसे आकर्षक वह सर्प रहा जो भगवान शिव बने युवक के गले में था, वह सर्प इस तरह से अपनी उसके शरीर में चल रहा था जैसे बहुत दिनों से उसके साथ रहा हो, आसपास के लोगों के अनुसार इस सर्प को एक दिन पहले ही उस युवक ने ही पकड़ा था, पालकी यात्रा में यही सबसे अधिक चर्चा का विषय बना हुआ था।

इस कार्यक्रम में भक्त राज मंसाराम साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत माला साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज साहू, ज्योतिष विश्वास, मोतीलाल साहू, खोजुराम साहू, तोषण माला साहू, घनानंद साहू, डोमेश्वर साहू, पिंटू देवांगन, ऋषभ ठाकुर, कीर्ति बनपेला, अमित साहू, उमानंद कुंभकार, रामानंद कुंभकार, कमलेश पटेल, चितेन्द् साहू, पारसमणी साहू, उमेश साहू, तरुण साहू, जितेंद्र पटेल, दीनदयाल साहू, ईश्वर साहू, देवल साहू, सीताराम साहू, जागेश्वर साहू, हिमांशु साहू विकास साहू, परमेश्वर साहू, ज्योतिष विश्वास, गजेंद्र कुंभकार गजेंद्र साहू विकास कुमार साहू सोहिल साहू एवं समस्त महाकाल आरती परिवार शामिल थे।

## सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का हुआ रुद्राभिषेक



**बलौदाबाजार,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के दशहरा मैदान स्थित शनि मंदिर प्रांगण में आज श्रावण मास के अंतिम सोमवार को सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया गया। बिदित हो कि पुरूषोत्तम मास की वजह से इस बार दो मास का श्रावण मास में 8 सोमवार पड़ा जिसके कारण मंदिर प्रांगण में तथा आसपास के श्रद्धालुओं ने खूब लगन के साथ पार्थिव शिवलिंग के निर्माण में उत्साह के साथ भाग लिया और बहुत ही आसानी से लक्ष्य से कहि अधिक पार्थिव शिवलिंग का निर्माण हो सका।

मंदिर के पुजारी ने भी मंदिर समिति के सदस्यों के साथ मिलकर पार्थिव शिवलिंग को विशेष आकृति देने व सजावट में रूचि दिखाई। आज सोमवार को सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सबसे पहले गणेश जी का पूजन कर, नवग्रह, षोडष मातृका, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## सिद्धेश्वर धाम जारा मे भक्तों की रही भीड़



**संडीबंगला/बलौदाबाजार,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। सिद्धेश्वर धाम जारा मे आखिरी सावन सोमवार को शिवभक्त बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। जहां शिवालयों में महाआरती, रामयण, पंडवानी,रामधुनी सत्संग महाप्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया गया। भक्तो और कांवरियो ने सिद्धेश्वर धाम जारा मे चौक चौराहो गाली मुहल्ला गाँव का भ्रमण किया गया वहीं बोल बाम >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# संविधान की 8वीं अनुसूची में छत्तीसगढ़ भाषा दर्ज होने पर छत्तीसगढ़ी का मान बढ़ेगा




राजिम में छत्तीसगढ़ी भाषा पर हुई साहित्यिक संगोष्ठी विद्वानों ने रखे अपने विचार

**राजिम,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में रत्नांचल जिला साहित्य परिषद के तत्वाधान एक दिवसीय साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चौहान अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने15 अगस्त को घोषणा किया था कि अगले सत्र से छत्तीसगढ़ी में पांचवी कक्षा तक अलग विषय के रूप में पढ़ाई जाएगी वैसे ही इसे कक्षा दसवीं तक अनिवार्य इसी सत्र से ही करना था। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढी को अनिवार्य विषय बनाएं जाने की मांग के लिए हम सबको एकजुट होना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे रत्नांचल जिला साहित्य परिषद के अध्यक्ष शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने कहा कि परिषद के द्वारा सप्ताह के सातों दिन अलग-अलग विषय पर कवि कलम चलाते हैं। गरियाबंद जिले में कविता की लगातार अलग जाग रही है। जिसके माध्यम से देश-विदेश में परिषद के रचनाकारों की रचनाएं स्थान पा रही है। विशिष्ट अतिथि नूतन साहू ने अपनी कविता के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा को राजकाज की भाषा बनाने वकालत की।

**भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओ को मान्यता प्राप्त है : सन्तोष सोनकर**

छत्तीसगढ़ी भाषा पर अपनी बात रखते हुए संतोष सोनकर मंडल ने कहा कि भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में 22 भाषाएं मान्यता प्राप्त है पहले 14 भाषएं थी बाद में चार भाषा और सम्मिलित हुए और इस तरह से 18 हो गई। संशोधन करते हुए चार भाषा और जोड़े गए और अब 22 राजभाषा हो गए हैं। सन 2000 मे छत्तीसगढ़ राज्य >> शेष पृष्ठ 9 पर >



## सागर पब्लिक स्कूल बिलाईगढ़ में रक्षाबंधन प्रतियोगिता आज

**बिलाईगढ़** 28 अगस्त। सागर पब्लिक स्कूल बिलाईगढ़ में आज रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिससे छात्र-छात्राओं व कल स्कूल में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी प्रतियोगिता रखा गया है जिसमें कक्षा-1ली से 5 वीं तक के बच्चे केवल राखी बनाएंगे तथा 6 वीं से 12 वीं तक के बच्चे राखी बनाकर उसे फ्लैट या थाली में सजाना है।



# सिरपुर के महानदी तट पर गंगा आरती के साक्षी बने हजारों श्रद्धालु



**महासमुंद,** 28 अगस्त (देशबंधु)। सिरपुर के महानदी के तट पर आयोजित दिव्य गंगा आरती के हजारों श्रद्धालु साक्षी बने और मां चित्रोत्पला गंगा की दिव्य आरती में शामिल हुए। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर लगातार दूसरे साल आयोजित इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। इस वर्ष गंगा आरती मातृशक्ति को समर्पित था। माताएं दो परिवार और दो कुल को जोड़ती हैं इस भावना को लेकर मुख्य जजमान श्रीमती निर्मला विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने विधि विधान से मां गंगा की आरती की। आचार्य पं पंकज तिवारी ने अपने एकादश पुरोहितों के साथ पूजन कार्य संपन्न कराया। गणेश पूजन व अन्य देवी देवताओं की पूजन उपरांत मां गंगा की पूजा हुई व उन्हें श्रृंगार समेत चुनरी भेंट किया गया। दीप दान के साथ ही मां गंगा के जय घोष होते रहे। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने लगातार दीप जल में प्रवाहित करते रहे। जिससे ऐसा लग रहा था मानो आकाश के तारे महानदी पर टिमटिमा रहे हो। मां गंगा की आरती का क्रम शंखनाद से शुरू हुआ पश्चात स्तुति, जल आरती वस्त्र आरती, धूप आरती, शिव आरती के बाद मां गंगा की पांच पंडितों ने इक्कीस महादीप से आरती कर चंवर आरती से पूर्णता की। गंगा आरती में शामिल होने भाटापारा से एक अग्रवाल परिवार भी पहुंचा था जिन्होंने सवा लाख बाती से मां गंगा की आरती की। इस आयोजन में शामिल होने आसपास के ग्रामीणों के अलावा दूर दराज से भी श्रद्धालु परिवार के साथ सिरपुर पहुंचे थे। गंगा आरती को लेकर गंधेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी सिरपुर व बोलबम सेवा समिति द्वारा आवश्यक व्यवस्था की गई थी। श्री गंधेश्वरनाथ ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर, मंगलू ढीमर, नुकेश चंद्राकर, थनवार यादव, सुखीराम हिरवानी, शशि शर्मा, मोहन वर्मा, दीपक चंद्राकर, आरएस माली, शिवशंकर अग्रवाल, जयंत गोयल, बाबूलाल ध्रुव सहित राजेश नायक, बाबूलाल साहू, जागेश्वर चंद्राकर, मूलचंद लड्ढा, दिलीप जैन, भाऊ राम साहू, बसन्त पदमवार, प्रह्लाद यादव व्यवस्था में जुटे रहे। उल्लेखनीय की सिरपुर में महानदी तट पर गत वर्ष से गंगा आरती प्रारंभ की गई है। पिछले वर्ष संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने अपने चार पीढ़ियों के साथ आरती करने का सौभाग्य प्राप्त किया था। विनोद चंद्राकर फैंस क्लब के तत्वावधान में सिरपुर में आयोजित कार्यक्रम में भजन गायिका शहनाज अख्तर ने समां बांधा। कार्यक्रम के दौरान गायिका शहनाज अख्तर की गीतों ने जमकर ताली बटोरी और जगराता पर श्रद्धालु झूमते रहे।

# सावन के अंतिम सोमवार भूतेश्वरनाथ मंदिर में भव्य महाजलाभिषेक व दुग्धाभिषेक

**गरियाबंद,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। सावन की अंतिम सोमवार को गरियाबंद जिला मुख्यालय से तीन किमी दूर स्थित विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वरनाथ शिवलिंग में भगवान भोलेनाथ का भव्य और ऐतिहासिक महाजलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया गया। 80 फिट से ज्यादा ऊंचाई से शिवलिंग पर दूध और जल अर्पण किया गया। यह पहला अवसर था जब भगवान भोलेनाथ का ऐसा भव्य महाजलाभिषेक किया गया। इसके लिए विशेष रूप से क्रेन की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर हजारो की संख्या में यहां पहुंचे शिवभक्त और श्रध्दालु इस ऐतिहासिक महाजलाभिषेक और दुग्धाभिषेक के साक्षी बने। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमहाकाल सेना द्वारा उत्तम सोनी और ऐश्वर्य यदु के नेतृत्व में भूतेश्वरनाथ सेवा समिति और नगर के युवाओं व वरिष्ठजनों ने सहयोग किया गया था। इसके पहले मंत्रोपचार के साथ रुद्रतीरुद्राभिषेक और भगवान शिव की महाआरती की गई। शाम 5ः30 बजे से महाअनुष्ठान शुरू किया गया। कवर्धा, मुंगेली और राजिम से आए महाराजगणो द्वारा रुद्रतीरुद्राभिषेक कराया गया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु में भी काफी उत्साह देखने को मिला। सभी भक्तिमय माहौल में डूबे नजर आए।

इधर, सावन के अंतिम सोमवारी को जिले के सभी शिवालयों में दिनभर जलार्पण के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। प्रसिद्ध मंदिर कुलेश्वर महादेव और भूतेश्वर नाथ मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में भगवान शिव का विशेष जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना की गई है। महिला-पुरूष, बच्चे व बुजुर्ग सभी ने भगवान शिव की उपासना कर सुख समृद्धि का आर्शीवाद मांगा। यहां पूरे दिन भूतेश्वरनाथ मन्दिर में भक्तिमय माहोल देखने को मिला। दूर-दूराज से आए हजारों कावरियों और शिव भक्तों ने कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस साल का आखिरी सावन सोमवार होने के चलते भक्तों की भीड़ उम्मीद से कहीं ज्यादा रहीं। वही पूरे दिन जिले के सभी शिवालय में हर-हर महादेव व बम-बम भोले के नारे गूंजते रहें। सम्भवत अंतिम सोमवार को पांच हज़ार से कावरियो और श्रध्दालुओ ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर अपने मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की।

# छात्राओं ने बनाई आकर्षक राखियां



**पिथौरा,** 28 अगस्त। स्थानीय कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा राखी बनाओ का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के राखी बना कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसके लिये छात्राओं को चार ग्रुप ग्रीन, येलो, रेड, ब्लू में बांटा गया था। छात्राओं ने चांवल, दाल आदि पदार्थों से आकर्षक राखियां बनाई। विद्यालय में अध्यापनरत शिक्षिका सुकांति नायक, जितेश्वरी साहू ने बताया कि यहाँ के छात्राओं द्वारा हाथ से बनी राखियों को ही भाइयों की कलाई में बांधी जाती है। राखी बनाओं अंतर्गत पूजा सोरी, रेशमा चौहान, नैना मारकंडे, पूजा ठाकुर, कशिश नारंग, गायत्री पोर्ते, जागृति ठाकुर, खुशी ध्रुव आदि शामिल थे।

# आजादी की लड़ाई में छग के जनजातीय समाज का योगदान महत्वपूर्ण : शिवरतन शर्मा

**भाटापारा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक शिवरतन शर्मा ने आजादी की लड़ाई में छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद क्रांतिकारी शहीद देबरी धुर, शहीद गेंद सिंह, शहीद वीर गुंडाधुर, शहीद वीर ओझा सिरहा वीर सपूतों के सर्वोच्च बलिदान के कारण हम आजाद भारत में रह रहे हैं..उक्त बातें विधायक शर्मा ने भाटापारा जयस्तम्भ चौक में मावली महासभा सिंगारपुर के तत्वावधान में आयोजित विश्व आदिवासी परब (तिहार) कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कही।



विधायक शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर, प्राकृतिक संपदा और ऐतिहासिक विरासत को सहेजने में हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों द्वारा किया जा रहा कार्य अतुलनीय है। कार्यक्रम के दौरान समाज के सदस्यों द्वारा जिस आत्मीयता से भव्य स्वागत कर अपना आशीर्वाद एवं स्नेह मुझे प्रदान किया है उसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन एवं देश के विकास में आदिवासी समाज का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आदिवासी समाज के सम्मान और गौरव को बढ़ाने का काम किया है, महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का निर्वाचन इसी दिशा में ऐतिहासिक निर्णय है, कला, वेशभूषा एवं सांस्कृतिक विविधताओं को समेटे हुए आदिवासी भाई-बहन देश के गौरव है। उक्त कार्यक्रम में बंशीलाल नेताम, भागमती ध्रुव, टीकाराम ध्रुव, दौलत कुंजाम, टेकसिंह ध्रुव, कृपाराम ध्रुव, आर एन ध्रुव, राम ध्रुव, राम मरकाम, एल एस ध्रुव, सुंदर ध्रुव, मेम सिंह उइके सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे.

# सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ दमखम से पहुंचे दावेदार राधेश्याम शर्मा



**भाटापारा,** 28 अगस्त। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष व सदस्यों के संकल्प शिविर में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल व छग कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष श्री दीपक बैज व मुख्य वक्ता व खनिज निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री हितेन्द्र ठाकुर व कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद के नारों से अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाटापारा विधानसभा से टिकट के दावेदार राधेश्याम शर्मा (फग्गा भैया) ने जबरदस्त रैली निकालकर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया। रैली के रूप में ऐतिहासिक नारेबाजी के साथ नगर भ्रमण करते हुए राधेश्याम शर्मा कार्यक्रम स्थल कृषि उपज मण्डी पहुंचे। जहां विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में एकता के साथ कार्य करने की शपथ लिये।

## डाक खेल स्पर्धा आज क्रिकेट का ट्रायल मैच

**पिथौरा,** 28 अगस्त। छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल द्वारा डाक कर्मियों के खेलों के प्रति उनके रुझान और व्यक्तित्व को निखारने राष्ट्रीय खेल स्पर्धा 21 से 29 सितंबर तक आयोजित किया गया है इस कड़ी में डाक परिमंडल द्वारा विभिन्न खेलों का जिसमें बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मैच आज कराए गए अगली कड़ी में 29 अगस्त को महिला और पुरुष क्रिकेट मैच का ट्रायल होगा प्रतिवर्ष होने वाले डाक के लिए स्पर्धा में अधिकारी एवं कर्मचारी बढ़-कर कर हिस्सा लेते हैं।

## धारासीव संकुल में होगा गणित व विज्ञान प्रश्न मंच

**बिलाईगढ़,** 28 अगस्त (देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के संकुल केंद्र धारासीव में गणित एवं विज्ञान प्रश्न मंच का आयोजन किया जाएगा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में पदस्थ शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन द्वारा संकुल बैठक में संकुल स्तरीय गणित व विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता कराने का सुझाव दिया गया था जिस पर अमल करते हुए संकुल समन्वयक मनोज कश्यप द्वारा गतदिवस संकुल अंतर्गत मिडिल स्कूलों के गणित व विज्ञान पढ़ने वाले शिक्षकों की एक आवश्यक बैठक रखी गई। उक्त बैठक में गणित व विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता कराने एवं प्रश्न के प्रारूप, उत्तर देने के तरीका आदि पर शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। संकुल स्तरीय गणित व विज्ञान प्रश्न मंच अक्टूबर के पहले सप्ताह आयोजित किया जाएगा।

# कांग्रेस से पुष्पा साहू ने की दावेदारी



**फिंगेश्वर,** 28 अगस्त। विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है, कांग्रेस में भी टिकट के दावेदार राजधानी का चक्कर लगा रहे हैं, राजिम विधानसभा में अमितेश शुक्ल के अलावा कांग्रेस से जनपद पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू ने दावेदारी पेश कर दी है, श्रीमती साहू ने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रभारी शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर टिकट के लिए आवेदन दे दिया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने रोहित साहू को मैदान में उतार दिया है, जिसके चलते पुष्पा साहू की दावेदारी फिर हाल सशक्त मानी जा रही है, कांग्रेस के राजनीतिक हलकों में इनकी दावेदारी चर्चा में है, बताया तो यहां तक जा रहा है कि स्थानीय व्यक्ति को कांग्रेस इस बार आजमाने की सोच रही है, अगर कांग्रेस में ऐसा हो गया तो यह तय है कि पुष्पा साहू का नंबर टिकट के लिए लग सकता है। वैसे तो कांग्रेस पार्टी की ओर से लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाते हुए ब्लॉक लेवल पर दावेदारों के आवेदन मांगे गए पश्चात आवेदन जिला हेतु भेजे गए एवं जिला से प्रदेश स्तर पर आवेदनों को भेजने की प्रक्रिया बनाई गई थी जिसके चलते पहली बार लगभग 25, 30 दावेदारों ने राजिम विधानसभा चुनाव हेतु अपनी दावेदारी दी है उन में से प्रदेश में प्राथमिकता के तौर पर कितने नाम पहुंचते हैं इस पर सबका ध्यान लगा हुआ है बहरहाल कांग्रेस टिकट को लेकर संसय की स्थिति बनी हुई है। टिकट के लिए पुष्पा साहू ने पूरी ताकत झोंक दी है।

# श्रद्धांजलि देते हुए यादें मुकेश का आयोजन

**भाटापारा,** 28 अगस्त। भाटापारा के नगर भवन मे प्रथम फिल्म फेयर अवार्ड प्राप्त पार्श्व गायक स्व.मुकेश चंद माथुर जिन्हे मुकेश के नाम से गायन के क्षेत्र मे सुप्रख्यात प्रसिद्दि मिली जिनका जन्म 22 जुलाई 1923 को हुआ और मृत्यु 27 अगस्त 1976 को हुआ। जिन्होने अपने जीवन काल मे हिन्दी फिल्मो के लिए अमर होने वाले गीतो को अपनी आवाज दी। जिनको श्रद्धांजली स्वरूप भाटापारा के नगर भवन मे स्थानीय गायक कलाकारो के द्वारा ''यादे मुकेश'' एक शाम मुकेश के नगमो के नाम का कार्यक्रम आयोजित कर उनके गीतो की प्रस्तुति दी। उन्हे याद करते एवं उनके जीवन के कुछ अनछुए पहलुओ को लोगो के बीच परिचय कराया। जिसमे अतिथी के रूप मे भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष सुनिता गुप्ता, शहर थाना टीआई योगिता बाली खापर्डे, ग्रामीण थाना टीआई अमित पाटले, भाटापारा शहर की प्रथम महिला नोटरी ईरम खान, मोहन लाल व्याख्याता एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रशांत वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने आयोजको को बधाई देते हुए कहा कि पुराने गायको को श्रद्धांजलि स्वरूप कार्यक्रम आयोजित कर उनकी मिटती यादो को संभालने का काम एवम युवा पीढ़ी को उनके प्रेणादायक कार्यो का परिचय कराकर वर्तमान को मजबूत कर रहे है। एमबी म्युजिकल बैंड ग्रुप रायपुर के द्वारा लाइव प्रस्तुति करण रहा। इस कार्यक्रम का आयोजन समस्त भाटापारा संगीत प्रेमी के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कोमल शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम मे प्रमुख सहयोगी के रूप मे भोला कवरे, प्रकाश मिश्रा, मोहनलाल, शरद खरे, रवि कवरे, चंदन कवरे, राजा कवरे, लाखन ठाकुर, विरेंद्र मानसरोवर, सुरेश शर्मा, निशाजी, शिवांशी शर्मा, मनीषा श्रीवास्तव, मनोज खरे, ओमप्रकाश मौर्या एवं अन्य लोग रहे।



# एमबीबीएस में चयनित भूपेश साव का साहू समाज ने किया सम्मान

**पिथौरा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम बंसूला डीपा निवासी शिक्षक हिराधर साव और शिक्षिका श्रीमती दमयंती साव के सुपुत्र अंकित साव(भूपेश) ने नीट के यूजी सीजी रेंक मे 693 अंक नीट स्कोर 537 और 96.31प्रतिशत पार्क नीट के माध्यम से एमबीबीएस चयन होकर आगे के अध्ययन के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद मे हुआ है, शुरु से ही पढ़ाई मे मेधावी भूपेश ने नीट परीक्षा के प्रथम प्रयास मे बहुत कम अंतर से चुक जाने के पश्चात फिर से कड़ी मेहनत करते हुए दुसरे प्रयास मे केवल 20 वर्ष की आयु यह उपलब्धि प्राप्त की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने मम्मी, पापा, दादाजी, चाचा, गुरुजनो, मित्रो को दिया।



छ्ग प्रदेश युवा प्रकोष्ठ एवं बंसूला परीक्षेत्र साहू समाज के पदाधिकारिओं द्वारा शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साहू युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दुलिकेशन साहू ने कहा इन्होने नीट परीक्षा मे फ्री सीट शासकीय कोटे से चयनित होकर पूरे तेली समाज का गौरव बढ़ाया है। परशुराम साव ने कहा कि बंसूला परीक्षेत्र साहू तेली समाज द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करने की एक नई परम्परा की शुरुवात की गई है ताकी दूसरे छात्र- छात्रायें उनसे प्रेरणा ले सकें।

सम्मान समारोह को कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रेमचंद साव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर इस अवसर पर तहसील साहू समाज बसना के उपाध्यक्ष श्री परशुराम साव जी, कार्यकारी तहसील अध्यक्ष पिथौरा श्री हीराराम साहू, तहसील साहू संघ बसना कार्यकारी अध्यक्ष लोकनाथ साव कार्यकारी उपाध्यक्ष श्री शंकर लाल साव, तहसील साहू संघ के संरक्षक श्री प्रहल्लाद साव, संयुक्त सचिव प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ श्री कृष्णा साहू जी, परिक्षेत्र अध्यक्ष कौड़िया क्रमांक 03 श्री नंदकुमार साहू जी, कर्मा माता मंदिर निर्माण समिति के पूर्व सचिव श्री प्रेमचंद साव, कर्मचारी प्रकोष्ठ से देव् साव, सुभाष साव, कन्हैयालाल साव, चिकित्सा प्रकोष्ठ के डा.लोकेश साव, डा महेंद्र साव बंसूला परिक्षेत्र उपाध्यक्ष श्री रूपानंद साव, साहू समाज के युवा व्यवसायी श्री विवेक साव जी, लम्बोदर साव जी, विधि कानून प्रकोष्ठ से पुनीत राम साहू, प्रताप साव, रमेश साव, राजेंद्र साव, बरतराम साव, विकास साव, खीरसागर साव योगेश, रविंद्र साव, सहित चयनित अभ्यर्थियों के माता पिता एवं परिजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी तहसील मीडिया प्रभारी रूपानंद साव ने दी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कसडोल विधानसभा के...

पार्टी भी भारतीय जनता पार्टी की तरह नये चेहरो की सूची जारी करेगी या फिर वर्तमान विधायक ही प्रत्याशी होंगे। यह कांग्रेस पार्टी के लिए चिंतन का विषय है। हालाकि मुख्यमंत्री रविवार को कसडोल विधानसभा के पलारी मे आयोजित संकल्प शिविर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाते हुए कहा कि चाहे सुरेन्द्र शर्मा को टिकट मिले, चाहे राजकमल सिंघानिया को या यदु को टिकट मिले या जिस किसी को मिले कांग्रेस पार्टी के लिए काम करके प्रत्याशी को जीताना है। इन नामों का संकल्प शिविर में उल्लेख होना चर्चा का विषय भी रहा। हालाकि कांग्रेस से युवा नेतृत्व के रूप में गोपी साहू, रोहित साहू, विमल साहू आदि का नाम उभरने लगा है।

### श्रीपथेश्वर नाथ महादेव...

अंजू नायक, सुअंजना उपाध्याय, चोवारामसाहू, देवलाल, बेदराम, राजेन्द्र पाल, नीलकंठ, केशव, पूर्णिमा चंद्राकर, छाया राही, अनीता यादव, श्रीमती राजरानी गोस्वामी, खुशी साहू, मधु नतथानी, ममता यादव, मनीषा साहू, लक्ष्मी साहू, केवरा साहू, ललिता यादव, तीरिथ बाई, परमिला ध्रुव, शिवबती, ललित पाल, अंजू गोस्वामी, आकांक्षा गोस्वामी, लकक्की, अंजलि, इत्यादि शामिल हुए।

### रक्षाबंधन गुरुवार को मनाया...

मिनट पर हो रहा है अर्थात पूर्णिमा इस दिन एक घड़ी से भी 12 मिनट ज्यादा है, व्यवहार में सनातन वैष्णव समाज उदियात तिथि को मान्यता देता है, इस दृष्टि से 31 अगस्त गुरुवार को दिन भर राखी बांधी जा सकती है, और यह व्यावहारिक भी है, किंतु शास्त्रों के अनुसार रक्षा बंधन पर्व भद्रा समाप्त होते ही रात्रि 9 बजकर 4 मिनट से मनाया जाना चाहिए क्योंकि मुहूर्त प्रारम्भ में लिया जाता है, समापन पर नहीं। भद्रा पुच्छ काल में जो कि 30 अगस्त बुधवार शाम को 5 रू34 से 6रू33 तक है में राखी बांधी जा सकती है और यह जो समय है, वह गोधूली बेला को भी स्पर्श कर रहा है, जो कि पंचांग के सारे दोषों से मुक्त, शुद्ध और पवित्र माना गया है, शास्त्री जी ने कहा यह बेला उपयुक्त है अन्यथा दूसरे दिन सुबह से ही रक्षा बन्धन का पर्व मनाया जा सकता है और यह व्याहारिक भी है, पण्डित ब्रह्मदत्त शास्त्री ने कहा कि वर्णाश्रम व्यवस्था के अनुसार यह ब्राह्मणों का विशेष पर्व है और इसे गुरुवार को मनाया जाना ही श्रेयस्कर है।

### भक्तिमय आयोजनों से शिवमय...

ग्रामवासी पहुंचे थे श्रद्धालुओं के रेलमपेल के कारण मंदिर तक केवल पैदल ही जाया जा सकता था। रविवार को यहां भजन गायिका शहनाज अख्तरए बाबा गंधेश्वर नाथ की पालकी यात्राए साहू समाज भवन व यज्ञशाला में भजन संगीतए रामायण के आयोजन में श्रद्धालु झूमते नजर आए। शहनाज अख्तर के प्रत्येक भजनों पर लोग जय घोष के साथ झूमते रहे। वैसे रविवार का दिन सिरपुर वासियों के लिए खास रहा। सावन महीने में पहली बार राजाधिराज श्रीगंधेश्वर महाराज की पालकी यात्रा पूजन अभिषेक के बाद दोपहर में निकाली गई। इस दौरान मंदिर बंद था और गंधेश्वर नाथ सिरपुर भ्रमण पर निकले थे। बाजे गाजे के साथ उनकी पालकी राजाधिराज के तर्ज पर बस स्टैंड, पेट्रोल पंप, अंबेडकर चौक, सुरंग टीला, यज्ञ स्थल होते हुए महानदी तट पहुंची। जहां राजाधिराज का स्नान हुआ और वे पुन: गर्भगृह के लिए प्रस्थान किया। मंदिर पहुंचने पर मंदिर ट्रस्ट कमेटी के दाउलाल चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, मंगलू ढीमर, आरएस माली, दीपक चंद्राकर, दिलीप जैन, बोल बम समिति के बाबूलाल साहू ने राजाधिराज का मुख्य द्वार पर स्वागत अगवानी की। गर्भगृह के बाहर उन्हें विराजित किया गया जहां श्रद्धालुओं ने बाबा गंधेश्वर नाथ का दर्शन लाभ प्राप्त किया।

### सवा लाख पार्थिव शिवलिंग...

घृतमातृका, कलश पूजन कर प्रारम्भ किया गया। मंदिर में पूजन के साथ प्रसाद वितरण की भी विशेष व्यवस्था रखी गई थी। इस कार्यक्रम में मोहन साहू, माखन लाल वर्मा, अजय अग्रवाल, लखेस साहू, राजेन्द्र सोनी, आदि सदस्यों ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

### सिद्धेश्वर धाम जारा मे भक्तों...

के जयकारे के बीच आस पास से आए कावडियों का झांझ मादार के थाप के साथ गाँव के निवासियों ने स्वागत किया। शिवमंदिर में सुबह से शाम तक भक्तो का ताता लगा रहा।

### संविधान की 8वीं अनुसूची...

बना। सन् 2007 में प्रदेश सरकार द्वारा राजभाषा का दर्जा दिया गया तब से लेकर भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में दर्ज होने के लिए छत्तीसगढ़ी खड़ा हुआ है। यहां की करोड़ों जनता की भाषा छत्तीसगढ़ी में सबसे ज्यादा मिठास देखी जाती है। छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में राजभाषा के रूप में दर्जा मिलने के बाद न सिर्फ कवि एवं साहित्यकार बाल्कि पूरे प्रदेश का मान बढ़ेगा।

गरियाबंद के लेखक बी एल श्रीवास ने कहा कि सभी साहित्यकारों की रचना को एकत्रित करने के लिए उन्हें माई कोठी का नाम दिया गया। उसके बाद छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का मान दिलाने के लिए आंदोलन शुरू हुआ और इनका नाम बीजहा रखा गया।

कोपरा के वक्ता राधेश्याम सेन ने कहा कि सांस्कृतिक दृष्टि से हमारी अलग पहचान है इनका इतिहास बहुत पुराना है देश में अनेक भाषाएं हैं लेकिन छत्तीसगढ़ की भाषा छत्तीसगढ़ी है जिसका व्याकरण और साहित्य अत्यंत समृद्ध है। केंद्र सरकार इसे आठवीं अनुसूची में शामिल करें जिससे एनसीईआरटी की किताबें उपलब्ध होगी साहित्यकार कविगण को प्रोत्साहन मिलेगा ज्ञानपीठ जैसे पुरस्कारों की अंकित किए जाएंगे और भाषा का संवर्धन तथा प्रचार प्रसार होगा इसलिए हर वर्ग की लोग आगे है और इस दिशा में प्रचार प्रसार करें।

जतमईगढ़ गरियाबंद के लेखक भोजराम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए संपूर्ण योग्यता पूर्ण करता है यह प्रदेश की संपूर्ण क्षेत्र में बहुत आयत बोली जाती है। सबसे पहले हर छत्तीसगढ़ वासी को अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए और राजभाषा की काम को समझे तभी हमें सही आजादी मिलेगी राजभाषा के रूप में छत्तीसगढ़ी आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। प्रयाग साहित्य समिति के आठ टीकमचंद सेन ने कहा कि दो मराठी एक साथ मिल जाते हैं तो मराठी में बात करते हैं उड़िया जब मिलते हैं तो अपनी भाषा में बात करते हैं यदि जो छत्तीसगढ़िया मिलते हैं तो हिंदी में बात करते हैं इससे हमारी पहचान पर करारा चोट आती है। साहित्यकार राजेश साहू राज ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में साहित्यिक रचना करें और छत्तीसगढ़ी के वाचन पर गर्व हो। तभी इस दिशा में सकारात्मक परिणाम आएंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी कवि एवं साहित्यकारों को पेन एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप साहू कुंवरदादा ने किया। प्रमुख रूप से परिषद के महासचिव फणेंद्र मोदी, विजय सिन्हा बारूका, छंदकार संतोष साहू छुरा, भोले साहू इत्यादि की प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

# छात्र-छात्राओं को राखी बनाने प्रेरित किया गया



**बिलाईगढ़,** 28 अगस्त (देशबंधु)। समीपस्थ ग्राम बांसउरकुली के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बांसउरकुली में सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय में रक्षाबंधन के महत्व को समझने के लिए राखी बनाने हेतु प्रेरित किया गया। बच्चो ने सोयम अपने हाथो से बनाकर बताया गया। सभी सामाग्री विद्यालय के द्वारा उपब्ध कराया गया। जिसमे प्रथम स्थान कक्षा 8 वी से दीपमाला, द्वितीय स्थान कक्षा 6 वी से यूनिका, तृतीय स्थान कक्षा 8वी से चांदनी ने अपनी स्थान बनाया। उपस्थित सभी बच्चो को रक्षाबंधन में अपने हाथो से बना कर राखी पहनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम का संचालक राजेंद्र प्रसाद केवट के द्वारा किया गया, शिक्षक शाहिद रहमान खान, दिनेश कुमार साहू, भारत लाल वर्मा का विशेष योगदान रहे।

# बंगाल के भाजपा विधायक मुख्यमंत्री बघेल पर जमकर बरसे

**खरोरा,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। पश्चिम बंगाल के विधायक पवन सिंह ने धरसींवां विधानसभा के ग्राम मूरा के पंडित लखनलाल मिश्र सेवा परिसर में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम सुनी। इस दौरान पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्रा ने पारंपरिक कोसा शॉल और भाजपा का केसरिया पटका पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

बंगाल के इस युवा विधायक ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. लखनलाल मिश्र के पैतृक ग्राम जाकर उनकी शिलालेख पर पुष्प अर्पित कर आज़ादी में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए उससे प्रेरणा लेने की बात कही।

इस दौरान उन्होंने बताया कि बंगाल में हालात बहुत ख़राब है, सांप्रदायिकता की आग में आम आदमी झुलस रहा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में भी पक्षपात होता है और ग़ैर टीएमसी समर्थकों को केंद्र की योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाता।



**छग के सीएम भूपेश पर जमकर बरसे:** अपने प्रवास के दौरान भाटपारा, पश्चिम बंगाल के विधायक पवन सिंह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर बरसे। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली, वादाख़िलाफ़ी और भ्रष्टाचार पर प्रश्न उठाया। साथ कहा कि बंगाल की ममता सरकार की राह पर यहां की भूपेश बघेल सरकार चल रही है।

**संस्कार केंद्र पहुंचे, की सराहना:** इस दौरान पवन सिंह ने मुरा की भद्रकाली महामाई के दरबार में माथा टेका और मिश्र निवास में धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों और ग्रामीणों के साथ भोजन किया। जिसके बाद पं. लखनलाल मिश्र संस्कार केंद्र, सारागाँव का उन्होंने अवलोकन किया। उन्होंने संस्कार केंद्र को बच्चों में सनातनी संस्कार अंकुरित करने का प्रेरक कदम बताया।

ग़ौरतलब है कि पूर्व आईएएस गणेश शंकर मिश्रा द्वारा उनके गृह ग्राम मुरा और आस-पास के पाँच गाँवों में सरस्वती संस्कार केंद्र प्रारंभ किए गये हैं, जिसमें प्रतिदिन स्कूली बच्चे अपनी विद्यालयीन शिक्षा ग्रहण करने के बाद एक घंटे इस केंद्र में सनातनी संस्कारों की शिक्षा प्रशिक्षित आचार्यों द्वारा ग्रहण करते हैं।

इन केंद्रों का सकारात्मक प्रभाव बच्चों पर पड़ रहा है और संबंधित ग्रामों के अभिभावक इस पहल की सराहना करते नहीं थकते। उनका कहना है जो बच्चे पहले कहना नहीं माँगे थे, आज प्रात: प्रणाम करके ही घर से बाहर निकलते हैं। यह संस्कार केंद्र क्षेत्र में सामाजिक क्रांति का केंद्र बन चुके हैं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक देवजी पटेल, खरोड़ा मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, अंजय शुक्ला, अरविंद ठाकुर, अनिल सोनी, लखन धीवर, राजकुमार ठाकुर, ठाकुरराम वर्मा, मालती शांडिल्य, रेमन पाल, विद्याभूषण, मालती शांडिल्य, केवरबाई वर्मा, नंदपाल, ओमप्रकाश, रामलाल, पारस नायक, पुरशोत्तम साहू, जगदीश वर्मा तथा अन्य उपस्थित रहे।

# गोंड़ समाज अमेठी चक के तत्वाधान में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया

**पलारी,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 9अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया गया है इस तारतम्य में सर्व आदिवासी युवा प्रभाग एवं गोंड़ समाज अमेठी चक आश्रित ग्राम टेमरी खैरवारडीह कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम बूढ़ादेव की पूजा अर्चना के साथ प्रारम्भ हुई ततपश्चात विभिन्न गांवों से आये हुये नर्तक दलों द्वारा मंच पर सुवा, कर्मा,आदिवासी गानो एवं मादर की थाप पर नृत्य करते हुए बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी गई एवं आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छ. ग. सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव ने अपने उद्बोधन मे कहा कि किसी भी समाज का अत्तितअति महत्वपूर्ण होता है आदिवासी समाज की बात करे तो हमारा अतीत गौरव पूर्ण रहा है पर्वतो नदी, नालो, जंगलो की पूजा करने वाले आदिवासी लोग हमेशा प्रकृति पुजक रहे है ,हमारे आदिवासी समाज से ही भारतीय सभ्यता और संस्कृति की पहचान होती है,युवाओ को नशे पान से दूर रहने नशीहत दी है एवं बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक आगे आकर हम सबको शिक्षा प्राप्त करना है ,बेरोजगार युवाओं को अधिक से अधिक स्वरोजगार की दिशा में काम करने एवं स्वयं का व्यवसाय करने हेतु प्रेरित किया कोई भी व्यवसाय छोटा नही होता, इस अवसर पर प्रमुख रूप से कमलेश ध्रुव प्रान्त उपाध्यक्षा सर्व आदिवासी समाज, भूपेंद्र ध्रुववंशी जिला अध्यक्ष, गैदराम ध्रुव अध्यक्ष लवन राज ,भगवानसिंग ध्रुव संरक्षक, मनोहर ध्रुव चक अध्यक्ष, भानु ध्रुव जिला उपाध्यक्ष, मनोहर मण्डावी जिला उपाध्यक्ष, थानु ध्रुव सचिव ,कामेश मण्डावी अध्यक्ष युवा प्रभाग, दयाराम ध्रुव जिला कोषाध्यक्ष, आशा राम ध्रुव ,शिव सिँह नेताम कोषाध्यक्ष लवन राज, दिलेश ध्रुव, नोहर सिंह नेताम अध्यक्ष अमेठी चक, तानसेन चतुर्वेदी सरपंच टेमरी, मन्नु लाल ध्रुव, महासिंग ध्रुव टेमरी, युवा प्रभाग उमाशंकर ध्रूव नेहरू ध्रुव ब्लॉक अध्यक्ष युवा प्रभाग, प्रेम ध्रुव, भोजराज ध्रुव, सोनू ध्रुव ,बजरंग ध्रुव, अजय ध्रुव,लेखराम ध्रुव ,जितेन्द्र ध्रुव ,कृष्णा ध्रुव, सुरित ध्रुव ,राय पंच पुरन लाल, दूधनाथ राजकुमार ,तेजराम, खेलावन, प्रेमलाल ,बजाराम, जयकुमार ध्रुव ,हीराराम ध्रुव, उमाशंकर ध्रुव ,चरण ध्रुव, नारायण ध्रुव, नंदकिशोर ध्रुव राजकुमार ध्रुव ,प्रमुख रूप से उपस्थित रहे!



# जिले में मुख्यमंत्री हाट बाज़ार क्लिनिक के लिए 58 शेड का हुआ निर्माण

**गरियाबंद,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। दूरस्थ अंचल के लोगों को सुगमता से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध का लाभ पहुंचाने जिले में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना अंतर्गत 58 शेड का निर्माण किया गया है। जिसमे छुरा में विकासखण्ड 14, देवभोग और फिंगेश्वर में 10-10, गरियाबंद और मैनपुर विकासखण्ड में 12-12 हाट-बाजार क्लीनिक शेड का निर्माण किया गया है। शेड के बन जाने से लोगों को हाट बाजार में स्वास्थ्य जांच और इलाज के लिए निश्चित स्थान मिल गया है, जिससे ग्रामीणों को इलाज के लिए इधर-उधर जाना नहीं पड़ रहा है। साथ ही मेडिकल स्टॉफ को निश्चित स्थान पर मरीजों के इलाज में सहुलियत हो रही है। शेड में डॉक्टरों को बैठकर इलाज करने में आसानी हो रही है। साथ ही वर्षा, पानी, धूप से भी बचाव हो रहा है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना का उद्देश्य दूरस्थ अंचल के लोगों को बिना किसी परेशानी के स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। गत माह विभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर आकाश छिकारा ने मुख्यमंत्री हाट बाज़ार क्लिनिक योजना अंतर्गत बनने वाले जिले के सभी शेड को अगस्त माह तक पूरा करने के निर्देश दिए थे।



# सिहावा विधानसभा में आम जनता व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पहली प्राथमिकता उमेश देव

**मगरलोड,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। सिहावा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 में भाजपा से उम्मीदवार तय किया जा चुका है वहीं कांग्रेस में लगातार कई नेताओं का उच्च स्तर पर चर्चा चल रही है जिसमें सिहावा विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय निवासी पारिवारिक कांग्रेसी पृष्ठभूमि व वर्तमान में दूसरा बार जनपद सदस्य और नगरी जनपद पंचायत के कृषि सभापति उमेश देव किसी परिचय के साहब विधानसभा में मोहताज नहीं है वर्तमान स्थिति पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का मनोबल बना हुआ है जिसमें सिहावा विधानसभा क्षेत्र में लगातार नया चेहरा का मांग कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है सिहावा विधानसभा चुनाव 2023 के लिए अगर कांग्रेस से उम्मीदवार बनाने की बात हो तो कार्यकर्ताओं का पहली प्राथमिकता उमेश देव जैसे कर्मठ कांग्रेसियों का नाम सामने आया है सरल सहज उच्च शिक्षित मृदु भाषी जुझारू कर्मठ कांग्रेसी सरल व्यक्तित्व के धनी उमेश देव पर आम जानतओ की भी सहमति बनी हुई है कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं का भी सम्मान जरूरी है वर्तमान में उमेश देव की कर्मठता व सहजता व उनकी सक्रियता को देख कर आम जनताओ ने कांग्रेस की युवा व कर्मठ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस उम्मीदवार बनाने की मांग कर रहे हैं जिससे यह सीट कांग्रेस का बरकरार रहे ऐसे उमेश देव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उपमुख्यमंत्री बाबा टी एस सिंहदेव की करीबी माने जाते हैं।



**नया चेहरा जुझारू कर्मठ कांग्रेसी मृदुभाषी सरल सहज व्यक्तित्व के धनी है उमेश देव**

सिहावा विधानसभा क्षेत्र के कई लोक कल्याणकारी कार्यों को लाने व कराने में क्षेत्रीय कांग्रेस नेता उमेश देव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उमेश देव को जनमानस की सेवा करने व राजनीति की सीख पिता से मिला है लगातार जनहितैसी कार्य उसके क्षेत्र में कार्य उसके पिता के तीन चार बार सरपंच बनने के दौरान कराया गया वर्तमान में वह खुद नगरी जनपद में सभापति के बतौर जमीनी स्तर पर घूम कर आम जानतओ की समस्याओं को निराकरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान स्थिति पर जनमानस के नजरों में उमेश देव की क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस उम्मीदवार बनाने की मांग कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता भी कर रहे हैं।

वैसे संकल्प शिविर के दिन भी उमेश देव की बात मीडिया के साथ कई कांग्रेसी नेता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने रखी है विधानसभा को जिताना है तो उमेश देव पर विश्वास कर उस पर अपना सहमति कांग्रेस हाई कमान को देने की भी बात कही गई जिससे कि क्षेत्र की विकास की धारा के साथ एक सरल सहज मृदु भासी आम कार्यकर्ताओं में अपना जगह बनाने वाले को मौका मिले वैसे वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं जिसमें मगरलोड नगरी बेलरगांव सिंगपुर मारागांव मोहेरा खिसोरा सहित सुदूर वनांचल क्षेत्र के लोगों के भी चिर परिचित है उमेश देव। वर्तमान में सर्व आदिवासी समाज नगरी का दूसरा कार्यकाल बखूबी से उमेश देव निभा रहे हैं वर्तमान में जनपद नगरी में कृषि सभापति के बतौर सेवा कर रहे हैं वैसे अपना जनपद क्षेत्र 22 में 90त्न वोट लेकर लगातार दूसरा बार विजय उमेश देव रहा है क्या कांग्रेस नए चेहरे के रूप में उमेश देव को मौका देगा या किसी अन्य पर मुंहर लगाएगा यह उच्च नेताओं व हाई कमान की विवेक पर निर्भर करता है।

# कुरुद नगर सहित धमतरी जिला हुआ शिवभक्ति में शिवमय

**कुरुद,** 28 अगस्त (देशबन्धु)।बोल बम सेवा समिति के तत्वाधान मे आयोजित सावन महोत्सव के अंतिम सोमवार को सामूहिक रूद्राभिषेक कार्यक्रम एवं पार्थिव शिवलिंग विसर्जन शोभायात्रा नगर कुरूद में निकाला गया जहां पर भक्ति गीत गाते हुए भगवा ड्रेस में नजर आए लोग तथा बनारसी झांकी का आनंद उठाते डीजे के धुन में लोग नाचते झूमते हाथों में पीला झंडा लेकर शिव भक्ति मे सराबोर हुए। सावन महोत्सव कार्यक्रम के अंतिम दिन आठवें सोमवार 28 अगस्त को पुरानी मंडी परिसर कुरूद मे सुबह 10 बजे से शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो कुरूद नगर के प्रमुख चौक चौराहों से नगर भ्रमण करते हुए नगर के हृदय स्थल मां चंडी मंदिर के समीप जलेश्वर महादेव परिसर में पहुचने पर हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

बोल बम सेवा समिति के संरक्षक अजय चन्द्राकर जी के विशेष सहयोग से शिवभक्तों के द्वारा पार्थिव शिवलिंग मे सामूहिक रूद्राभिषेक कार्यक्रम त्र्यंबकेश्वर से पधारे पंडितों के द्वारा किया गया। प्रत्येक सोमवार को अभिषेक पुजन का कार्य किया जाता रहा है जिसका समापन कार्यक्रम अंतिम सोमवार को विभिन्न आयोजनों के साथ किया गया।



सावन का यह पुजा शिव भक्तों के लिए विशेष फलदायक माना गया है। इस महायज्ञ के विशेष पुजा एवं शिवमय विशाल शोभायात्रा-प्रसादी भंडारा में सम्मिलित होकर अपने परिवार के कल्याण के लिए, क्षेत्र के कल्याण के लिए उपस्थित भक्तगणों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कुरूद विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अजय चंद्राकर, भानू चंद्राकर ,कृष्णकांत साहू मालक राम साहू, रामस्वरूप साहू निरंजन सिंह,खिलेंद्र चंद्राकर, भोजराज चंद्राकर, रविचंद्राकार, ज्योति चंद्राकर, लक्ष्मी रेड्डी, भूमिका सिंन्हा भारत भूषण पंचायन, जागृति सिंन्हा, सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग ने 5 प्रकरणों में 280 लीटर अवैध शराब किया जप्त



**गरियाबंद,** 28 अगस्त (देशबन्धु)।आबकारी विभाग गरियाबंद ने अवैध शराब के मामले में छापामार कार्यवाही करते हुए 5 प्रकरणों में ओड़िसा प्रांत निर्मित कुल 280 लीटर शराब जप्त किया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी वृत्त देवभोग अंतर्गत ग्राम छैला, हल्दी मार्ग अमलीपदर अज्ञात आरोपी से 500 नग लाल जहाज छाप (प्रत्येक में 200-200 एम.एल) कुल 100 बल्क लीटर उडीसा प्रांत निर्मित हाथ भटटी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। इसी प्रकार ग्राम खुटगांव ओडिशा मार्ग में बुडीमुडा पहाड़ी के पास अज्ञात अरोपी से 150 नग लाल ट्रिपल घोडा छाप (प्रत्येक में 200 - 200 एम.एल) कुल 30 बल्क लीटर उडीसा प्रांत निर्मित हाथ भटटी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है।

उपरोक्त दो प्रकरणों में कुल 130 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किये गये है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पतासाजी किया गया पता नहीं चलने पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द धारा 34 (2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

आबकारी वृत्त गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंटोरा, पैरी नदी के किनारे विधिवत तालाशी जांच के दौरान पंटोरा जंगल से 150 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1100 कि.ग्रा. महुआ लाहन तथा 3 चढी भट्ठी बरामद हुई जिसे मौके पर लाहन का सैंपल लेकर नष्ट किया एवं मदिरा जप्त कर कब्जे में लिया गया। ग्राम कोपरा के रोहित सोनवानी से एक सफेद रंग की बोरी में भरी 16 नग मसाला पाव (180-180 एम.एल) देशी मदिरा कुल 2.880 बल्क लीटर एवं ग्राम धमनी के होमनारायण सोनवानी से एक सफेद रंग की बोरी में भरी 14 नग मसाला पाव (180-180 एम.एल) देशी मदिरा कुल 2.520 बल्क लीटर जप्त किया गया। इस प्रकार 5 प्रकरणों में कुल 280 बल्क लीटर मदिरा बरामद हुई। जिसे मौके पर जप्त किया गया।

# प्रगतिशील छग सतनामी समाज के स्थापना दिवस पर सतनाम संदेश यात्रा



**कसडोल विधानसभा में जगह-जगह हुआ स्वागत**

**पलारी,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। प्रगतिशील छग सतनामी समाज पंजीयन क्रमांक 3933/2012 के स्थापना दिवस 27अगस्त के अवसर पर सतनाम संदेश यात्रा आमापारा गुरु घासीदास प्लाजा से पुजा अर्चना कर निकाला गया। यात्रा बाराडेरा धाम,खपरीपुरी, भण्डारपुरी,तेलासीपुरी धाम होते हुए सण्डी पहुंचे ।सण्डी में सतनामी समाज के लोगों के साथ साथ महेंद्र साहू दक्षिण मंडल पलारी के नेतृत्व में स्वागत किया गया ।पलारी पहुंचने पर अम्बेडकर प्रतिमा स्थल के पास प्रदेश अध्यक्ष मोहन बंजारे एवं ब्लाक अध्यक्ष ललित घृतलहरे के नेतृत्व में आतिशबाज़ी के साथ स्वागत किया गया। प्रदेश कांग्रेस के सचिव विमल साहू, पत्रकार रज्जाक खान,के के साहू, कर्मचारी फ़ेडरेशन के अध्यक्ष डंडी देवेन्द्र साहू,के के साहू, सरपंच संघ के उपाध्यक्ष सुकदास बंजारे,बसंत जांगड़े, महेश बारले, महेश ढीढी,नीलकमल आजाद जनपद उपाध्यक्ष मनोज आडिल,जनपद सदस्य भागीरथी बघेल युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुखनंदन बघेल,श्यामू यादव सहित प्रमुख लोगों ने स्वागत किया। वही बस स्टैण्ड चौक पलारी में भाजपा मण्डल अध्यक्ष नन्द कुमार वर्मा के नेतृत्व में आतिश बाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। जहां दुर्गा महेश्वर ओमप्रकाश चंद्रवंशी पवन वर्मा चरण तेहरवस खोजराम कोसले दीपक वर्मा रमाशंकर बंजारे मनोज वर्मा योगी वर्मा सहित भाजपा मण्डल के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी प्रकार से बलौदा बाजार में शैलेश नितिन त्रिवेदी,लवन में विमल साहू, कसडोल में अमित जोगी, श्याम बाई साहू विक्रांत साहू, डॉ दिनेश लाल,मानस पाण्डे सहित समाज प्रमुखो ने स्वागत किया, गिरौदपुरी मड़वा में श्याम टण्डन सहित प्रमुख लोग उपस्थित होकर स्वागत किया। यात्रा के दौरान बलौदा बाजार जिला को संत-गुरू घासीदास जी के नामकरण करने सहित गिरौदपुरी धाम के समन्वित विकास कराने की मांग किया गया। यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष आर पी भतपहरी, विनोद भारती, अश्वनी बबलू त्रिवेन्द्र,एल एल कोशले यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे।

## महाविद्यालय में किया गया पौधरोपण

**सरायपाली,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु महाविद्यालय के स्टाफ द्वारा साफ सफाई करना, खरपतवार नष्ट करना एवं नए पौधारोपण का कार्य किया गया। महाविद्यालय में हरियाली को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक शनिवार को अभियान चलाया जाता है। महाविद्यालय का परिसर स्वच्छ एवं साफ स्वच्छ हो, इस दिशा में कार्य किया जाता है। महाविद्यालय को परिसर को व्यवस्थित एवं सुरक्षित रखने के लिए वन विभाग के द्वारा पौधा प्रदान किया गया है, जिससे कि महाविद्यालय के खुले जगह में पौधारोपण कर संरक्षण की दिशा में प्रयास किया जा रहा है । महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई, फुलझर नेचर क्लब एवं वसुधा इको क्लब के द्वारा पौधों के बचाव के प्रयास से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है। महाविद्यालय के पीतांबर बाघ,फिरोज साव, सुभाष बंछोर,ताराबाई, दुर्गाबाई आदि चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी के द्वारा कटहल,नीम,करंज, गुलमोहर, अमरुद, पीपल,बरगद और औषधि पौधों का रोपण कर अपना योगदान दिये।

# विधायक नन्द ने कावड़ यात्रियों का स्वागत किया

**सरायपाली,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। श्रावण माह के अंतिम सोमवार को शिव श्रद्धा कावड़ यात्रा भक्ति भाव और आस्था के साथ निकाली गई द्य अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक क़िस्मतलाल नंद ने जय स्तम्भ चौक का स्वागत किया भव्य कावड़ यात्रा में शामिल होकर उनका स्वागत किया गया पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि खुशहाली एवं अच्छी फसल उत्पादन की कामना की विधायक ने कावड़ उठाकर बोल बम जयकार लगाया गया।

कावड़ियो ने कावड़ में गंगाजल भरकर पैदल यात्रा करते हुए बड़ा तालाब शंकर मंदिर में जलाभिषेक किया. इस कावड़ यात्रा में बाजे गाजे, डी जे के साथचलित झाकियां, सांस्कृतिक प्रस्तुति देने स्थानीय कलाकारों से लेकर अन्य प्रदेश से आए कलाकारों की प्रस्तुति, छत्तीसगढ़ के कलाकारों की चलित रंगारंग प्रस्तुति और इन सब के बीच एक रंग के कपड़े पहने हजारों कावड़िया कांधे पर कावड़ उठाए, कई जगहों से जल लाकर जलाभिषेक किया गया इस भोलेबाबा की भक्ति और मस्ती में बाबा भोलेनाथ की जय जयकार करते हुए नाचते गाते पैदल चलते हुए बाबा भोले का जलाभिषेक करने बढ़े जा रहे थे. लंबी कावड़ यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवक, युवतियां, बुजुर्ग और बच्चों का जनसैलाब उमड़ पड़ा था. जगह-जगह कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत भी किया गया. जगह-जगह बने मंचो से कावड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई. अलग-अलग सामाजिक संगठनों द्वारा व्यापारियों द्वारा कावड़ियो के स्वागत में पानी से लेकर प्रसादी भंडारे तक की व्यवस्था की गई थी. आज झूमते नाचते हजारों भक्तो को देख कर मन भाव विभोर हो गया है।

